अन्तरिक्ष जन्म ज्ञान— बालक का जन्म भूमि पर हुआ है या ऊंचे स्थान पर हुआ है? मकान की पहली मंजिल भूमि और दूसरी तथा ऊपर की मंजिलों को अंतरिक्ष कहा जाता है। जन्म लग्न मिथुन, कन्या, धनु या मीन हों तो अन्तरिक्ष या ऊँचे स्थान पर जन्म समझना।

बालक का रोदन ज्ञान— जन्म समय मेष, मिथुन, सिंह, धनु लग्न हों तो बालक ने पैदा होते ही जल्दी रोना आरम्भ कर दिया ऐसा जानना। कन्या, तुला, कुम्भ लग्न हो तो बालक धीरे मन्द स्वर में रोया, अन्य लग्नों में बालक देर से रोया हो ऐसा जानना चाहिये। आप जानते हैं कि जन्म कुंडली में दो कुंडली बनती हैं, एक लग्न कुंडली दूसरी राशि कुंडली। इन में जो ज्यादा बलवान हो उसी का फल कहना चाहिये। लग्न बलवान हो तो लग्न के अनुसार और राशि बलवान हो तो राशि के अनुसार फल कहना चाहिये। लग्नेश लग्न को देखता हो लग्नेश स्वग्रही उच्च मित्र क्षेत्री हो, लग्न को शुभ ग्रह देखता हो तो लग्न बलवान होती है इसी प्रकार राशि भी बलवान होती है।

उपसूतिका ज्ञान—प्रसव के समय मुख्य डाक्टर या डाक्टरनी के अतिरिक्त कितनी नर्स या अन्य स्त्रियाँ उस समय उपस्थित थीं इसका ज्ञान करने के लिए यह देखना चाहिए कि लग्न में या लग्नेश के साथ और इनके यानी लग्न के व लग्नेश के दूसरे व १२वें स्थान में जितने ग्रह हों उतनी ही उप-सूतिकायें जाननी चाहिए। अथवा लग्न व चन्द्रमा के मध्य जितने ग्रह हों उतनी संख्या जानना चाहिए। लग्न से सप्तम स्थान तक अदृश्य और सप्तम से लग्न तक दृश्य होता है। अतएव सप्तम से लग्न तक जितने ग्रह हों उतनी उपसूतिकायें प्रसूतिका माता के पास और लग्न से सप्तम तक जितने ग्रह हों उतनी घर के बाहर होती हैं। अस्पताल में जिस कमरे में प्रसव हो उसे मुख्य घर समझना चाहिए। उस कमरे में प्रसव समय पर उपस्थित नर्सें आदि प्रथम कोटि में और जो बाहर आ जा रही हों वह दूसरी कोटि में समझनी चाहिए। गावों में जहां प्रसव घर हों वहां आस-पड़ोस की स्त्रियों की गिनती भी साथ ही की जाती है। उपसूतिकाओं के वर्ण, जाति, आयु का विचार ग्रहों के अनुसार ही करना। उच्च तथा वक्री ग्रहों की संख्या को ३ से गुणा करके तथा स्वराशि स्वनवांश स्वद्रेष्काण के ग्रहों को दुगना करके और नीच तथा अस्त ग्रहों की संख्या को आधा करके संख्या ज्ञात करनी होती है।

सिर पाद प्रसव ज्ञान—बच्चे का जन्म सिर से हुआ है या पैर से इसको जानने के लिये देखो कि यदि ३।५।६।७।८।११ राशियों में या इन राशियों के नवांश में जन्म हुआ है तो सिर से प्रसव जानना। यह शीर्षोदय राशियां हैं। इनके अतिरिक्त अन्य १।२।४।९।१०।१२ पृष्ठोदय राशियां हैं। इनमें या इनके नवांश में जन्म हो तो पैरों से प्रसव जानना। मीन राशि में या मीन के नवांश में जन्म हाथों से होता है। यानी पहले हाथ बाहर आते हैं। पैर पहले बाहर आयें तो पैरों से प्रसव और सिर पहले आये तो सिर से प्रसव कहा जाता है।

सूतिका गृह द्वार ज्ञान—सूतिका गृह या अस्पताल, नर्सिंग होम आदि के उस कमरे का जिसमें प्रसव हुआ हो द्वार किस दिशा की ओर है इसके ज्ञान के लिए देखो कि केन्द्र में स्थित ग्रह की दिशा कौन सी है। यदि केन्द्र में कई ग्रह हों तो सबसे बलवान ग्रह की दिशा के अनुसार और कोई ग्रह केन्द्र में नहीं हो तो लग्न की राशि की दिशा बताना चाहिए।

पुरुष शरीर में सूर्यादि ग्रहों का अधिकार—सिर व मुख प्रदेश में सूर्य का, छाती गले में चन्द्रमा का, पीठ, पेट में मंगल का, हाथ व पैरों में बुध का, कमर व जांघ में गुरु (वृहस्पति) का, जननेन्द्रिय व वृष्णों में शुक्र का, घुटने (जानु), पेट (ऊरु) में शनि का अधिकार होता है। जन्म समय, प्रश्न समय गोचर में जब-जब यह ग्रह अनिष्ट कारक होते हैं। तब-तब अपने अधिकार प्रदेश के अंगों को ही कष्ट पहुंचाते हैं।

मेषादि राशियों का अंग विभाग—मेष राशि का स्थान सिर में, वृष का मुख, मिथुन दोनों भुजायें, कर्क हृदय प्रदेश, सिंह उदर, कन्या कमर, तुला वस्ति (मूत्राशय), वृश्चिक जननेन्द्रियां, धनु दोनों जंघायें, मकर दोनों घुटने, कुम्भ दोनों पिंडलियां और मीन राशि से दोनों पैरों (पादों) का विचार किया जाता है। इसी प्रकार प्रथम भाव लग्न से सिर, दूसरे भाव से सुख, तीसरे से भुजा, चौथे से हृदय, पाँचवें से पेट, छठे से कमर, सातवें वे वस्ति, आठवें से गुह्येन्द्रियों, नवम से ऊरु, दशम से जानु, ग्यारहवें से जंघा और बारहवें भाव से पैरों का विचार करते हैं। उपरोक्त बारह राशियों अथवा बारह भावों में शुभ अशुभ ग्रहों की स्थिति दृष्टि आदि से तत्सम्बन्धी अंगों के स्वस्थ या पीड़ित रहने का विचार किया जाता है।

अथ प्रसूति लग्न विचार

मेष—सूतिका गृह—(वह स्थान जहाँ बच्चा पैदा होता है, अस्पताल, नर्सिंग होम, घर आदि)। इमारत पुरानी, मुख्य द्वार पूर्व दिशा की ओर, चारपाई, बैड, पलंग जिस पर प्रसविनी माता को लिटाया गया उसका सिर पूर्व दिशा की ओर, माता ने लाल रंग के वस्त्र पहने हुए थे, प्रसव से पहले मीठा भोजन किया था। प्रसव में कष्ट अधिक हुआ, जन्म भूमि पर हुआ (यदि इमारत में कई मंजिलें हों तो सबसे नीचे की मंजिल भूमि की सतह पर समझें) प्रसव के बाद बालक अधिक रोया। उपसूतिका १ या ३, बालक के मुख का रंग श्यामता पर, नेत्र भूरे, प्रकृति वात श्लेष्म, कद छोटा, शरीर मजबूत, वाणी चंचल, कष्ट वर्ष ४।११।१६।४४।५८, उपाय गौदान, तुलादान, मृत्युंजय जप आदि, आयु १०० वर्ष।

नोट—कष्ट वर्षों में शरीर कष्ट की आशंका होती है उपाय करने से कष्ट टल जाता है। चन्द्रमा पर बृहस्पति या शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आयु पूर्ण होती है। वैद्यक शास्त्र के अनुसार प्रकृति तीन प्रकार की होती है वात, पित्त, कफ। श्लेष्म कफ को ही कहते हैं।

वृष—माता का सिर दक्षिण में, सूतिक घर नया, द्वार दक्षिण में, माता ने सफेद वस्त्र पहने हुए हों और प्रसव से पहले सूखा साग आदि खाया हो, अधोमुख होकर पैरों से प्रसव, बालक ऊँचे स्वर से रोया, उपसूतिका ३ या ४, दीपक (या बत्ती लाइट) उत्तर में, बालक का रंग गोरा, स्वरूप सुन्दर, प्रकृति रक्त, पित्तकष्ट वर्ष १।२।८।३३।४४।६१, कष्ट निवारण के लिए उपाय अन्नदान, ब्राह्मण भोजन, मृत्युंजय जप आदि। उपरान्त आयु ९० वर्ष आजकल बच्चा पेट में उल्टा या टेढ़ा हो जाता है तो आपरेशन से प्रसव करते हैं। वह इसी श्रेणी में समझना चाहिए।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में, मकान नया, द्वार पश्चिम में, माता के कपड़े पीले रंग के, प्रसव से पहले नमकीन भोजन किया हो, माता के दाहिने अंग में कोई चिह्न, जन्म अन्तरिक्ष (छत पर) या ऊपर की मंजिलों में, सिर से प्रसव, रोना उच्च लम्बे स्वर में, उपसूतिका ३ या ५, स्तनों में दूध कम, देर से उतरे, बालक के नेत्र रोग युक्त, प्रकृति बलगमी, स्वभाव चंचल, अग्निमंद (हाजमा मन्दा), बुद्धि विलक्षण, प्रसव से पहले माता को कुछ ज्वर आदि हुआ हो। कष्ट वर्ष ४।१०।१४।३८।५८, उपाय शिवार्चन, मृत्युंजय जप होम आदि। उपरान्त आयु ८६ वर्ष।

कर्क—प्रसव के समय माता का सिर उत्तर में, मकान नया, मकान का या उस कमरे का जिस में प्रसव हुआ हो द्वार उत्तर में, माता ने पुराने सफेद या लाल रंग के वस्त्र पहने हुये हों, पिता क्लेश में परेशानी में हो, प्रसव कष्ट अधिक, माता ने मधुर, शीतल (मीठा ठंडा) भोजन किया हो, भूमि पर जन्म, पैर से प्रसव, रोदन शब्द दीर्घ, बालक जोर से रोया, उपसूतिका ४ या ५, बालक के वामांग में चिह्न, बालक का सिर मोटा, आखें चंचल, प्रकृति, वात, कफ, रंग गोरा, कद लम्बा, शरीर कोमल, कष्ट वर्ष ५।२५।४०।४८।६२ उपाय छायापात्र, तुलादान, मृतसंजीवनी मंत्र का जप। उपरान्त आयु १०० वर्ष।

सिंह—माता का सिर पूर्व में, मकान नया, द्वार पूर्व को, माता के वस्त्र लाल या चित्र-विचित्र

चंचल, क्रूर स्वभाव, प्रकृति कफ, पित्त। कष्ट कारक [illegible] आदित्य हृदय का पाठ, अपूपान्न दान (मीठे माल पूये आदि) उपरान्त आयु ८३ वर्ष।

कन्या— माता का सिर उत्तर, प्रसव स्थान घर के दक्षिण भाग में, पिता घर से बाहर गया हो, छत पर ऊँची जगह पर जन्म, बालक कम रोया, उपसूतिका ४ या ५, भुजा में साधारण भूषण, बालक का रंग गोरा, गले व जांघ में चिन्ह, कष्टकारक वर्ष ४।१६।२३।३६।५५, उपाय मुदगान्न दान, गोदान, मृत्युंजय जप, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

तुला— माता का सिर पश्चिम में, मकान कुछ नया, प्रसूतिका गृह पश्चिम भाग में, माता के बाल साधारण सफेद, प्रसव कष्ट ज्यादा, पिता क्लेश-परेशानी में, माता ने प्रसव से पहले कुछ काम कर ठंडा पानी पिया हो, घर में कुछ लड़ाई-झगड़ा हुआ हो, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज धीमी, उपसूतिका ३ या ५, वहां एक कन्या भी हो, दीपक हाथ में उठाया हो या लाइट बल्ब ऊंचा लटका हो, बालक का रंग जरदी पर, वदन में फोड़े-फुंसी, शरीर दुबला, कष्ट वर्ष ८।१५।३१।३५।६२।६४,, उपाय गोदान, तन्दुल दान, नवग्रह पूजन, होम से शान्ति तदुपरान्त आयु ८५ वर्ष।

वृश्चिक— माता का सिर दक्षिण या उत्तर में, मकान पुराना, द्वार उत्तर में, माता के बाल लाल या जला हुआ, प्रसव कष्ट अधिक, साधारण भोजन, माता कुछ क्रोध में, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज आधी दबी हुई, उपसूतिका ४ या ५, पिता क्लेश परेशानी में, बालक के केश लम्बे काले, पीठ पर चिन्ह, गले में पीड़ा, रंग गौर श्याम बीच का, प्रकृति रक्त-पित्त, कष्ट वर्ष ११।२८।३८।५२।६२ उपाय तुलादान, मृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

धनु— माता का सिर पूर्व दिशा की ओर, प्रसूति स्थान घर के दक्षिण भाग में, द्वार पूर्व में, मकान नया, माता के वस्त्र लाल या वसन्ती, माता ने पका हुआ भोजन करके जल पिया हो, जन्म ऊँचे स्थान पर या छत पर, रोने का स्वर काफी ऊँचा, उपसूतिका १ या ५, बालक का रंग गोरा, आकृति सुन्दर, नेत्र विशाल, सिर ऊँचा, हृदय पर चिन्ह, कष्ट वर्ष २।१०।१८।३१।३८।४२, उपाय कष्ट वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, तदुपरान्त आयु ८१ वर्ष।

मकर— माता का सिर दक्षिण में, मकान पुराना, दरवाजा उत्तर या दक्षिण की ओर, प्रसूति स्थान पश्चिम भाग में, वस्त्र मैले फटे पुराने, माता ने शाक-सब्जी के साथ भोजन कर के ठंडा पानी पिया हो, भूमि पर जन्म, कुछ देर बाद बालक धीरे स्वर से रोया, उपसूतिका १ या ५, बालक के केश घने, नाक मोटी, मस्तक ऊँचा, रंग श्याम, कष्ट वर्ष ५।१३।२७।३६।५७।६२।८७, उपाय रुद्राभिषेक, स्वर्ण दान, तैल, उड़द दान, छायापात्र दान, उपरान्त आयु ९५ वर्ष।

कुम्भ— माता का सिर पश्चिम में, मकान का अधिकांश भाग पुराना, प्रसूतिका घर दक्षिण-पश्चिम में, द्वार पूर्वोत्तर में, माता के वस्त्र कुछ काले मैले, पुराने, कम्बल ओढ़ा हो, मामूली कसैला चटपटा भोजन किया हो, पिता घर पर नहीं हो, भूमि पर जन्म, जन्म के काफी देर बाद बालक थोड़ा सा रोया, उपसूतिका ३ या ४, बालक के होठ मोटे; मस्तक लम्बा, प्रकृति गर्म, कद नाटा, नेत्र में रोग, कष्ट वर्ष २।२८।३३।४८।६४, उपाय तुला दान, महिषि दान, मृत्युंजय जप उपरान्त आयु ९० वर्ष।

मीन— माता का सिर उत्तर में, मकान का कुछ हिस्सा पुराना, प्रसूति गृह उत्तर में, द्वार दक्षिण को, माता के वस्त्र मैले वसन्ती रंग के, पिता घर पर, जन्म ऊँचे स्थान पर, बालक जन्म के बाद देर से रोया, माता ने प्रसव से पहले ठण्डा जल पिया हो, उपसूतिका पहले, पीछे ३ या ५, पलंग का [illegible] चपटी, आँख भूरी, सिर ऊँचा, बाल कपिल, प्रकृति बलगमी, कष्ट वर्ष १।८।१३।३६।४८, उपरान्त आयु ८३ वर्ष, उपाय मोदकान्न दान, गोदान, ग्रह शान्ति, मृत्युंजय जप।

प्रत्येक लग्न के— विषय में जो सूचनायें दी गई हैं वे प्राय: सामान्य रूप से ठीक मिलती हैं। परन्तु ग्रहों के अन्य योगों से उन में अन्तर भी आ सकता है। ग्रह योगों का जो प्रभाव पड़ता है उनके विषय में संक्षेप में इससे पहले विचार किया है उस पर भी ध्यान देना चाहिए। कभी-कभी ऐसा होता है कि जन्म समय के बारे में निश्चित रूप से ठीक सूचना नहीं मिलती और जो समय बताया होता है उस के आस-पास ही लग्न का आरम्भ या समाप्ति काल होता है तब उपरोक्त लक्षणों के आधार पर ही ठीक लग्न का निर्णय करना होता है। जिस लग्न के लक्षण, चिन्ह आदि अधिक मिलें वही लग्न ठीक समझनी चाहिए। इसको और स्पष्ट करने के लिए २-१ उदाहरण देकर समझाना ठीक होगा। मान लो किसी ने बताया कि १२ नवम्बर को रात के बारह बजे के आस-पास का जन्म है। लग्न सारणी में देखने पर ज्ञात हुआ कि १२ नवम्बर को १२ बजकर ३ मिनट तक कर्क लग्न है और उसके बाद सिंह लग्न है। अब आप कर्क और सिंह दोनों लग्नों के लक्षणों, चिन्हों का मिलान कीजिये और जिस लग्न की बातें ज्यादा मिलें वही लग्न निर्धारित कर दीजिए।

बालारिष्ट— जन्म लग्न में चन्द्रमा छठे, आठवें या बारहवें घर में हो और उस पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक के जीवन को संकट होता है। यदि इस प्रकार के चन्द्रमा को शुभ ग्रह देख रहे हों तो संकट टल जाता है। ६।८।१२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उन पर क्रूर ग्रहों या वक्री ग्रहों की दृष्टि हो, लग्न में कोई शुभ ग्रह न हो, लग्न को या लग्नेश को कोई शुभ ग्रह नहीं देखता हो तो बालक को अल्पायु योग होता है। जिस कुण्डली में पंचम स्थान में सूर्य, मंगल व शनि तीनों हों उस बालक को, उसकी माता को, उसके भाई को, तीनों को ही कष्ट प्रदान करते हैं। तीनों ग्रहों का इस प्रकार का योग भी बालक तथा माता दोनों को अपार कष्ट प्रदान करता है। लग्न में शनि, आठवां चन्द्रमा, तीसरा वृहस्पति— इस प्रकार से ग्रहों का योग हो तो वह भी बालक को महान कष्ट कारक होता है। अल्पायु योग माना जाता है। बारहवें स्थान में कोई भी ग्रह हो तो कष्ट ही देता है। परन्तु सूर्य, चन्द्र, शुक्र व राहु हों तो विशेष रूप से अरिष्टदायक होते हैं। लग्न के १२वें तथा दूसरे भाग में क्रूर ग्रह होने से अशुभ कर्तरी योग बनता है। अर्थात् लग्न दुष्ट ग्रहों के बीच में आ जाने से कष्ट दायक हो जाती है। लग्न में दूसरे भाव में, छठे, आठवें, बारहवें भाव में क्रूर ग्रहों का होना अरिष्ट बताता है।

अरिष्ट भंग योग— बुध, बृहस्पति, शुक्र इन शुभ ग्रहों से कोई भी एक, दो या तीनों १।४।७।१० केन्द्र स्थानों में हों या लग्न में गुरु स्वग्रही उच्च क्षेत्री बलवान होकर पड़ा हो या लग्नेश बलवान् होकर केन्द्र में हो, या शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो और लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और लग्न शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो। इन पांचों योगों में से कोई भी एक या अधिक योग हो तो वह उपरोक्त सभी अरिष्ट योगों, अल्पायु योगों को भंग कर देता है। समाप्त कर देता है।

माता-पिता को अरिष्ट योग— सूर्य से पिता का तथा चन्द्रमा से माता का विचार किया जाता है। सूर्य के साथ पाप ग्रह बैठे हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ गया हो या सूर्य पर पाप ग्रहों की दृष्टि हो, अथवा सूर्य से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रह हों और शुभ ग्रह न हों तो पिता को

कष्टदायक होते हैं। इसी प्रकार चन्द्रमा के साथ यह अरिष्ट योग माता को कष्टकारक होते हैं, जैसे—चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह चन्द्रमा से २।१२वें भाव में पाप ग्रह चन्द्रमा पर पाप ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रहों की स्थिति शुभ ग्रहों की अनुपस्थिति माता को कष्ट देने वाली होती है।

प्रसव दोष—चैत्र मास में कुतिया प्रसव करे, वैशाख में ऊंटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, आषाढ़ में गधी, श्रावण में घोड़ी, भाद्रपद में गाय, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हो तो प्रसूतिका को तथा उसके स्वामी को कष्टकारक होती है। सभी प्रकार के अरिष्ट योगों की शान्ति के लिये दान, जप, हवन, शान्ति पाठ, पुण्याहवाचन आदि अनुष्ठान करा देना चाहिए।

त्रिखल दोष—तीन पुत्रों के बाद कन्या अथवा तीन कन्याओं के बाद पुत्र हो तो त्रिखल दोष होता है। यह माता-पिता को कष्ट कारक, धन हानि कारक होता है। इसके लिए त्रिखल शान्ति अनुष्ठान करा देना चाहिए।

दन्तोत्पत्ति फल—बालक दांतों सहित जन्म ले तो माता-पिता को महा अरिष्ट दोष होता है। प्रथम दांत नीचे की पंक्ति में आना चाहिए. यदि ऊपर की पंक्ति में प्रथम दांत उत्पन्न हो तो मातुल पक्ष को भयदायक होता है। दांत ६ महीने से पहले आना ठीक नहीं होते। प्रथम मास में शरीर कष्ट द्वितीय में छोटे भाई को, तीसरे में बहन को, चौथे में बड़े भाई को, पांचवें में बड़े बन्धु जनों को कष्टकारक होते हैं। छठे में बहुत भाग्यशाली, ७वें में पिता को भाग्य वर्धक, ८वें में शरीर पुष्टिकारक, ९वें में धनवान, १०वें में सुखी, ११वें में महा सुखी, १२वें महाधनी बनाते हैं।

एक नक्षत्र जात फल—पिता-पुत्र, माता-पुत्र,. माता-कन्या, पिता-कन्या या दो भाई एक ही नक्षत्र में जन्में तो दोनों को ही महान् कष्ट दायक माने गये हैं। नक्षत्रों में, चरण में या राशि में भेद हो तो कुछ कम कष्टदायक होते हैं। अरिष्ट निवारण के लिए स्वर्ण दान, शान्ति पाठ, जप, हवन आदि कर्म अवश्य करा देना चाहिए।

गण्डमूल नक्षत्र चरण फल सारिणी

गण्डमूल नक्षत्र	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण
अश्विनी	पिता को कष्ट	सुख ऐश्वर्यवान	मंत्रित्व प्राप्ति	राज्य सम्मान
आश्लेषा	शांति से शुभ	धन हानि	मातृ हानि	पितृ हानि
मघा	माता को कष्ट	पिता को कष्ट	सुखी	धन-विद्या प्राप्ति
ज्येष्ठा	भाई को कष्ट	कनि. भाई को कष्ट	मातृ हानि	स्वयं को हानि,
मूल	पिता को हानि	माता को हानि	धन नाश	शांति से शुभ
रेवती	राज्य सम्मान	मंत्रित्व प्राप्ति	धन सुख	व्याधियां

उपरोक्त नक्षत्र गण्डमूल नक्षत्र होते हैं। इन में जन्मा बालक माता-पिता, अपने कुल या अपने शरीर को कष्टकारक होता है। इस के विपरीत यदि संकट समाप्त हो जाय तो अपार धन, वैभव, ऐश्वर्य, वाहनादि का स्वामी भी होता है। शास्त्रानुसार तो उचित यही समझा जाता है कि २७ दिन तक पिता को ऐसे बालक का मुख नहीं देखना चाहिए। मूल शान्ति कराने के बाद भी जाप, हवन, पूजा आदि करा कर २७ दिन बाद ही मुख देखे। परन्तु यह तभी उचित है जब बालक पिता को कष्टदायक हो या अभुक्त मूल में उत्पन्न हो। २७ दिन बाद वही नक्षत्र जब फिर आये तब पुरोहित द्वारा मूल शान्ति करा यथा सम्भव दानादि करके ही प्रसूति स्नान शुद्धि कराई जानी चाहिए। जन्म मास जन्म लग्न के अनुसार मूल का निवास कहां है तक उसका क्या फल होता है यह नीचे के चक्र में दिया है।

मूल निवास चक्र

चन्मामासानुसारेण	वैशा., ज्ये., मार्ग., फा.	चैत्र, श्राव., का., पौ.	आषा., आ.,माघ, भा.
जन्म लग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूल निवास स्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

प्रत्येक नक्षत्र लगभग ६० घटी का मान कर मूल नक्षत्र को एक वृक्ष की उपमा दी गई है और उसकी घटियों के अनुसार उसके मूल आदि विभाग किये गये हैं। बालक का जन्म जिस विभाग में हो उसी के अनुसार फल बताये गये हैं। जैसे प्रथम ७ घटी मूल (जड़), अगली ८ घटी स्तम्भ (तना), उसकी अगली १० त्वचा (छाल) आदि। मूल नक्षत्र में जन्म हो तो निम्न चक्र से फल देखें:

मूलजनन वृक्ष विभाग

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटग्र:
मूल नाशः	वंश नाशः	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मंत्री पदम्	मंत्री पदम्	विपुल लाभः	अल्प जीवी	फलम्

इसी प्रकार नक्षत्र को पुरुष मान कर उस की घटियों को पुरुष के अंगों में स्थापित करके तदनुसार फल प्रतिपादन किया जाता है। यथा प्रथम ५ घटी में जन्म हो तो मूर्ध्निफल-राजा राजसी ठाट-बाट उपरान्त ७ घटी मुख संज्ञा-फल पिता को कष्ट आदि-आदि बालक के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखें। मूल नक्षत्र में जन्मे बालक के लिये।

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घटग्र:
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

मूल नक्षत्र में बालिका के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखना चाहिये।

अथ कन्याजन्मनि मूल चक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
४	६	५	५	५	८	९	४	४	१०	घटग्र:
पशु नाश	धन नाश	धन लाभ	कुटिला	धन लाभ	दयावः	कामिनी	मातृ नाश	भ्रातृ नाश	वैधव्यं	फलम्

अथ आश्लेषा चक्रम्

अथ आश्लेषा चक्रम्

शिरसि	मुखे	नेत्रे	ग्रीवायां	स्कंधे	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुदे	पादे	स्थान
५	७	२	४	४	८	१०	६	७	७	घट्य:
पुत्रादि	पितृ नाश	मातृ नाश	स्त्री लाभ	गुरु भक्त	बली	आत्म हानि	भ्रम:	तपस्वी	धन हानि	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल वृक्ष के अंगों की घटियों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

अथ आश्लेषा पुरुष वृक्ष चक्रम्

फले	पुष्पे	दले	शाखायां	त्वचायां	लतायां	स्कन्धे
१०	५	९	७	१३	१२	४
धनम्	धनम्	राजभयम्	हानि:	मातृ हानि:	पितृ हानि:	अल्पायु:

अभुक्त मूल विचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन, अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करें। कहते हैं संत तुलसीदास जी का जन्म इसी प्रकार के अभुक्त मूल में हुआ था।

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी में जन्मे बालक पर भी अरिष्ट दोष होता है उसका निर्णय निम्न तालिका के अनुसार करना चाहिए:

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

१	२	३	४	५	६	विभाग:
शुभम्	पितृ नाश	मातृ नाश	मातुल नाश	कुल हानि:	धन हानि:	फलम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटा कर चतुर्दशी की घटियां युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली कुहू जनन फल

सिनीवाली — अमावस्या की अन्तिम पांच घटियों में जन्म हो तो सिनीवाली जनन समझा जाता है। जन्म के बाद अमावस्या की ५ या उससे कम घटियां रह गई हों। अर्थात् चन्द्रमा की केवल कुछ कलायें ही दृश्य मान हों तब सिनीवाली जनन होता है। इसका निर्णय सूक्ष्म गणित द्वारा चन्द्रमा की गति अनुसार करना चाहिए। यह अंतिम घटियां ४ और ५ के बीच होती हैं। इनमें जन्म होने से घर में बालक-बालिका या पशु, गाय, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूत हो तो धन हानि, अपयश आदि का भय होता है।

कुहू जनन फल — अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा की कलायें समाप्त या बिल्कुल नष्ट हो जायं तब अन्तिम घटी के भी अन्तिम पलों में जन्म हो तो कुहू जनन होता है। उस समय बालक या पशु जन्म हो तो अति अरिष्ट कारक होता है। इसका शास्त्रोक्त विधि से शान्ति अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट दोष

व्यतीपात योग में जन्म हो तो अंग हानि, वैधृति योग में जन्म हो तो पिता से वियोग, परिध योग में जन्म हो तो स्वयं को मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। मृत्यु योग, दग्ध योग, भद्रा, संक्रांति के दिन, सूर्य चन्द्रग्रहण समय में शूल योग, व्यघात योग, अतिगण्ड योग, वज्र योग, तिथि क्षय, क्रान्ति साम्य (महापात योग), विश्वघस्त्र पक्ष में क्षय मास में जन्मे बालकों को कुयोग में जन्मा समझा जाता है। इनकी आयु तथा आरोग्य के लिए शास्त्रोक्त विधि-विधान से ग्रह शान्ति करा देना चाहिए। जिस प्रकार २७ नक्षत्र होते हैं उसी प्रकार २७ योग होते हैं। व्यतिपात, वैधृति, परिघ, व्याघात, अतिगण्ड, शूल, वज्र इन २७ में से कुछ अशुभ योग हैं। तिथि के अधि भाग को करण कहते हैं। विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। तिथि, नक्षत्र, वार आदि के संयोगों से कुछ योग बनते हैं। जिनकी सूचना पंचांगों में दी होती है। मृत्यु योग, दग्ध योग आदि ऐसे ही कुयोग हैं इनकी शान्ति कराना आवश्यक होता है।

स्त्री दासी गौ आदि पशु यमल जन्म फलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितामिह। सुतौ च सुत कन्ये वा कन्या एव तथा पुन:॥
एक लिंगो विनाशाय द्वि लिंगो मध्यमौ स्मृतौ। पित्रोर्विघ्नकरौ ज्ञेयो तत्र शान्तिर्विधीयते॥

तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिए अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं। जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिए। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल वियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो राजमहल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुए, मूर्तियां बने हुए सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलावल पर विचार करके फल कथन करना चाहिए।

बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोथ।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च कुमारकम्॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषता।	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।	मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे हांहां हीं हीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वतः स्थानाद्रुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा	रक्तचंदन, रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग सांप की कांचली	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चुर्ण एक सेर	भात, १ सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	नीम के पत्ते पुरुष और बिल्ली के बाल	सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	गोघृत।	ॐ भगवती हीं हीं हुं हुं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहण-२ अस्त्र ठः ठः चामुण्डे चण्डिके ठः ठः स्वाहा
षष्ठ दिन मास वर्ष में घट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-२ रोना, मोह मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखना	कूठ, गुगल,	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप	रक्तचंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, आफरा, घृणा।	चन्दन, पुष्प, ५ दीपक, सफेद रंग की झण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखना।	गोशृंग, लहसुन	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली निम्ब	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद, झण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सांय व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई	ॐनमो भगवते रावणाय, चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल, २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ सतिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हुं

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं.	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
अश्विनी (दस्रौ)	वातज्वर, गात्रपीड़ा, निद्रा भय, बुद्धिभ्रम	९	१, २, ३,४ ९,१०, ११, २०	ॐ अश्विनातेजसाचक्षु: प्राणंनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रयम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नम:॥	५ सहस्र	खण्ड यव घृत	गुडौदन तिल	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, क्षीर, मोदक, गुड़, नैवेद्य।	सुवर्ण घृत कुम्भ
भरणी (यम:)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर अनेक रोग, आलस्य	११	०,८०,४०,११	ॐ यमायत्वाङ्गिरस्यतै पितृमते स्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्म: पित्रे॥ ॐ यमाय नम:॥	१० सहस्र	घृत मधु तिलाक्षत	कृषरान्न (खिचड़ी)	अगस्त मूलम्	अगर गंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत, गुग्गुल, धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गो, महिषी घृत शर्करा, छायापात्र
कृत्तिका (अग्नि:)	नेत्र पीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरुशूल	९	९,११,१६,२८	ॐ अग्निमूर्धादिव: ककुत्पति: पृथिव्या अयम्। अपा रेता सिजिन्वति॥ ॐ अग्नये नम:॥	१० सहस्र	तिलयव घृत	पायस घृत मोदक	कापसि मूलम्	श्वेतचन्दन गंध, जुहीपुष्प, घृतदीप, घृत, गुग्गुल, धूप, तिलमाषान्न, वडाधीका, नैवेद्य।	स्वर्ण, गोदान
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिर पीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७,९,१८,३०	ॐब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमत: सुरूचोवेनआव: सुवेध्न्या उपमाअस्यविष्ठा: सतश्चयोनिमसतश्चविधव:॥ ॐ ब्रह्मणेनम:॥	५ सहस्र	तिलाज्य घृत यव	मध्वाज्यक्षो साख्यन्नक्षी	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्ण गौ दान, ५ कया भोजन
मृगशीर्ष (चन्द्र:)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	३	९,५,७,१०	ॐ इमन्देवा असपत्न सुवध्वं महतेक्षे त्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोस्माक ब्राह्मणाना राजा॥ ॐ चन्द्रमसे नम:॥	१० सहस्र	दधि पायस	दधिशर्करा शाल्यन्न	जयन्ती मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायस, अपूपमध्वोदन नैवेद्य।	दधि, तन्दुल सवत्सा गोदान
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	०,१८,०,०	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नम: बाहुभ्यामुतते नम: ॥ ॐ रुद्राय नम:॥	१० सहस्र	घृत मधु	दध्योदन मध्वाज्य	सर्चदना अक्षत्थमूलम्	श्वेत चन्दन गंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्याम वृषभ दान श्याम वस्त्र
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिर पीड़ा, कटि पीड़ा	७	७,१४,२,२१	ॐअदितिद्योरदितिरन्तरिक्षमदिति माता स पिता स पुत्र: विश्वे देवा अदिति: पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥ ॐअदिताय: नम:॥	१० सहस्र	घृत तन्दुल	साज्य पीत तन्दुल	अर्क मूलम्	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प, अष्ट गंध धूप, घृत दीप, घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५ कन्या भोजन
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	७	७,७,१०,२१	ॐबृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छ्वत्र सक्रतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐबृहस्पतये नम:॥	१० सहस्र	घृत पायस	समण्डक मोदक	तुषार मूलम्	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, पायस, शर्करा, नैवेद्य।	सूवर्ण गौ, पीत वस्त्र
आश्लेषा (सर्प:)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसम कष्ट	मृ.तु.	०,०,४१,०	ॐनमोस्तु सर्प्भ्यो ये के च पृथिवीमनु ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्य: सर्पेभ्योनम:॥ ॐसर्पेभ्यो नम:॥	१० सहस्र	शर्करा घृत	हवि दध्योदन	पटोल मूलम्	कुंकुम, अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत मिष्ठान्न, नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र
मघा (पितर:)	शिर पीड़ा, अर्द्धमात्र पीड़ा	२०	१५,७,१७,२०	ॐ पितृभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधानम: पितामहेभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधा नम:। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्य: स्वधा नम: अक्षन्नपित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितर: पितर: शुन्धध्वम्॥ ॐ पितरभ्ये नम:॥	१० सहस्र	तिल घृत तन्दुल	सतिलाज्य दुग्धान	भंगराज मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, क्षीर, नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, उड़द
पू.फा. (भग:)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	०,१५,०,३०	ॐभगप्रणेतर्भगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्न: भगये प्रणोजनयगोभिरश्वैर्भयप्रनृभिनृवैन: स्याम॥ ॐभगाय नम:॥	१० सहस्र	कङ्गनी तिलघृत	घृतौदन पायस	कटकारी मूलम	श्वेत चन्दन गंध, मालती पुष्प, घृत विल्व, धूप, घृत दीप, अपुपोदन मोदक, नैवेद्य।	पित्तल, यव उड़द स्वर्ण गौ दान
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिर पीड़ा, अतिकष्ट	७	७,१४,७,६०	ॐदेवावध्वर्यूश्चागतरथेनसूर्यत्वचा मध्वाय समंजाये तं प्रत्नकथा यं वेनश्चित्रं देवानाम्॥ ॐ अर्यम्णे नम:॥	१० सहस्र	तिल घृत	घृत शर्करा शाल्यन्न	पटोल मूलम्	कर्पूर, केसर, गंध, अर्क पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत पायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, सुवर्ण, रजत, अन्न, गौदान
हस्त (सविता)	उरुशूल, आकरा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	१५	१५,१७,१५,०	ॐ विभ्राडबृहत्पिबतु सौम्य मध्यायुर्दधयज्ञपता व विहुतमम् वातजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजा: पुपोषपुरुधा विराजति॥ ॐसवित्रे नम:॥	५ सहस्र	दधि घृत	मिष्ठान्न पायस	जाति मूलम्	रक्त चन्दन, केसर गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	स्वर्ण, पयस्विनी गौ दान
चित्रा (विश्व.)	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११,९,९,१६	ॐ त्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदा-छन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदध:॥ ॐ विश्वकर्मणे नम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य घृत तन्दुल	विचित्रान्न घृत	मखव मूलम्	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, विचित्रान्न मोदक, नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र

नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
स्वाती (वायु:)	नाना कष्ट, ज्वर पीड़ा	मृ.तु.	६०,१७,३०,०	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणी रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वाम सोम पीतये॥ ॐ वायये नम:॥	१० सहस्र	तिल,यव घृत	घृत पायस	जाति मूलम्	चन्दन गन्ध (दमनक पुष्प) अगर, गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तवेणु पकवान्न
विशाखा: (इन्द्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५,०,४,१३	ॐ इन्द्राग्नी आगंत सुतं गीर्मिर्नमो वरेण्यंमू। अस्यं पातं धियेषिता॥ ॐ इन्द्राग्निभ्यां नम:॥	१० सहस्र	आज्य पायस	सहवि चित्रान्न	गुञ्जा मूलम्	चन्दन, केसरगन्ध, कमल पुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृत दीप, धृपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृषभछायापात्रदान
अनुराधा (मित्र:)	शिरपीड़ा, तीव्र ज्वर		६०,१२,३६,३०	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृत सपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशंसत्॥ ॐ मित्रायनम:॥	१० सहस्र	यव-घृत	मध्वाज्य गुड उड़द	सुपुष्प मूलम्	केसरगन्ध, कमल पुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
ज्येष्ठा (इन्द्र:)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	१९,९,६,४	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र छ हवे हवे सुहवथ्शूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहुतमिन्द्रथ्स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्र:॥ ॐ इन्द्राय नम:॥	५ सहस्र	तिल, घृत तण्डुल	दध्योदन सुपुष्प	अपामार्ग मूलम	श्वेतचन्दनगंध, चम्पकादि पुष्प, कपूर धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्ण तिल, नील वस्त्रदान
मूल (राक्षस:)	मुख तथा उदर रोग, सन्निपात	७	०,९,१५,६	ॐ मातेव पुत्र पृथ्वी पुरीष्यमणि स्वेयोनाव भारुषा। तां विश्वेदेवर्त्रृतुभि: संवदान: प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निर्ऋतये नम:॥	५ सहस्र	कन्दमूल घृत	सहवि उड़द	मन्दार मूलम्	कृष्ण अगरुगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप कृष्णगरु धूप, माषामिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र, वस्त्र, कुमारी पूजा
पू.षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कंपन, महाकष्ट	मृ.तु.	०,१५,२४,१०	ॐ अपाधमप किल्विषमपकृत्यामपोरप:। अपाम्मार्ग-त्वमस्मदंनदु:स्वप्न्यथ्सुव॥ ॐ अदभ्यो नम:॥	५ सहस्र	तिल, घृत तण्डुल	घृतपायस मिष्ठानहवि	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपापायसान्न नैवेद्य।	स्वर्ण वस्त्र, तिल, तण्डुल, जलकुम्भ गौदान
उ.षा. (विश्वे-देवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	३०	३०,२४,२९,१६	ॐविश्वेदेवा: श्रृणुतेमथ्हव मे ये अन्तरिक्षे य उपध्यविष्ठम्। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वर्हिपि मादयध्वम्॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्योनम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न, स्वर्णदान
श्रवण (विष्णु:)	सर्वांगपीड़ा, त्रिदोषभय, अतिसार	११	६०,२४,६,९	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो: श्नप्त्रेस्थो विष्णो: स्थूरत्सि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा॥ ॐ विष्णेव नम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य यव	तिलाज्य सहविपायस	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृतदीप, षड्रश शाल्यन्न नैवेद्य।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
धनिष्ठा (वसव:)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	१५	१५,२,२७,२१	ॐ वसो: पवित्रमसि शतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसो: पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामक्षुध:॥ ॐ वसुभ्यो नम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य पायस	पायस मोदक पूप-तिलपिष्ठ	भृङ्गराज मूलम्	श्वेतचंदन गन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण, गौ
शतभिषा (वरुण:)	वात-ज्वर, सन्निपात, कष्ट	११	०,४५,३,३६	ॐवरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदन मासीद॥ ॐवरुणाय नम:॥	१० सहस्र	आज्य दध्योदन	घृत चित्रान्न	कमल मूलम्	केसर अगर गंध, कमलपुष्प, कर्पूर-चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न, घट, अश्व, छायापात्र
पू.भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीरपीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	०,१२,५१,१७	ॐउतनोऽहिर्बुध्न्य श्रृणोत्वजं एकपात्पृथिवी समुद्र:। विश्वेदेवाऽऋता-वृधोहुवानास्तुता मंत्रा: कविशस्ता अघन्तु॥ ॐ अजैकपदे नम:॥	१० सहस्र	क्षीराज्य शर्करा	दध्योदन पायस	भृङ्गराज मूलम्	केसर चन्दन गंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतौषधि, मिश्रित धूप, घृतदीपक, दधिपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, अन्न, श्वेतवस्त्र, छायापात्रदान
उ.भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल, वात-ज्वर	७	१०,२०,७,१५	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामालि छ सी निन नवर्तयाम्यायुऽषेन्नाद्या प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य यव	तिल घृत भुदग् माष	अश्वत्थ मूलम्	चन्दन-कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, तिल कृष्ण वस्त्रदान
रेवती (पूषा.)	वात, पित्तमय-ज्वर, उरुशूल, चित्तभ्रम		१८,१०,९,२०	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इह स्मसि॥ ॐ पूष्णे नम:॥	५ सहस्र	तिलाज्य तण्डुल	सहवि दध्यन्न	अश्वत्थ मूलम्	रक्तचंदनगंध, मंदार पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रक्तवस्त्र, पैतलपात्र [illegible]

विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा-विधि) में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोंये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उसको अरुचि हो जावे तो कहते हैं)। अंगशोथ (शरीर में सूजन, संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हड़फूटन (हड्डियों में दर्द से अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखे मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आँखे मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड़फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी बिहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोध, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), आफरा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमाञ्च (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिलाकर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पंचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक, सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोवान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहाँ रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली (गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते हैं), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है — समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज का कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतु बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नींबू के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोशृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मंत्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मंत्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ की हाथ में लेकर २१ बार मंत्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, उसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं— वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निंद्राभय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निंद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आँखे फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे— तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरुशूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), आफरा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिस रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिए परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में— श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोचन (दही में गुड़ मिलाकर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पुये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते है।) सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदान (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), धृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नेवैद्य), घृत बिल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य— गाय, भैंस का घी

होता है। अपूपोदन मोदक (अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा, बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिसमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-अलग रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूटू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), फूलों की जातियों नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है। यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नेवैद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग प्रसाद नेवैद्य), कृष्ण, अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नेवैद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नेवैद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नेवैद्य। षड्रस शाल्यान्न नैवेद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कडुवा सब प्रकार के स्वादों ये युक्त षटरस होता है), श्वेतार्क (सफेद आक), शतोषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तेलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे, रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पकवान्न, जलकुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानद् (छत्तरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

बलिदृव्य (बलिदान के लिये पदार्थ), गुड़ोदन (गुड़ का ओदन दही में गुड़ या शक्कर और पानी मिलाकर बनता है), शाल्यन्न क्षीर (चावल की खीर), पीत तन्दुल (पीले चावल), तिल पिष्ठ (तिल की पिट्ठी), मुद्ग (मूंग), माष (उड़द), विचित्रन्न (अनेक प्रकार के अन्न)।

होमद्रव्य (हवन करने के लिये पदार्थ), खण्ड यव (टूटे जौ), मधु (शहद), कंगनी (एक अन्न है जो चिड़यों को चुगाया जाता है), कन्दमूल (ऐसे फल जो जड़ों से पैदा होते हैं। जैसे—जिमीकन्द, शकरकन्द, गाजर, मूली आदि)। पायस (खीर), तन्दुल (चावल), यव (जौ)।

करेधारणम् (हवन करते साथ हाथ में पहनने के लिए पदार्थ), अपामार्ग मूलम् (ओगा का तना), (अलझीझाड़ का तना), अगस्त एक वृक्ष होता है, कापसि कपास को कहते हैं। अश्वत्थ (पीपल की जड़), अर्क मूलम् (आक का तना), जयन्ती, तुषार, पटील, भृंगराज, कण्टकारि यह सब जड़ी बूटियों के नाम हैं। गुञ्जा—सफेद या लाल गोगची लक्ष्मणा को कहते हैं। सुपुष्प—किसी सुन्दर पुष्प, वृक्ष की जड़, भृंगराज प्रसिद्ध जड़ी है जिसको तेलों में डाला जाता है। कण्टकारी कटेरी होती है। इनकी जानकारी वैद्यों से मिल सकती है।

वेदोक्त मंत्रों का उच्चारण ठीक होना चाहिए, विशेष कर ॐ का उच्चारण किसी ज्ञाता से सीख लेना चाहिये।

अन्य शुभाशुभ योग

(१) मंगल-शनि दोनों त्रिकोण (१, ५, ९) में हों और चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो जन्मा बालक माता से बिछड़ जाता है। चन्द्रमा पर गुरु की दृष्टि हो तो बालक सुखी व दीर्घायु होता है और माता से पुनर्मिलन भी हो जाता है। लोक लाज के भय से कुछ मातायें बच्चों को त्याग देती हैं। कुछ का दुष्टों द्वारा अपहरण हो जाता है। यदि स्वराशि या उच्च गुरु की चन्द्रमा पर दृष्टि हो तो बालक-माता का मिलन हो जाता है।

(२) दशम भाव में बुध-गुरु हो, केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सूर्य तृतीय मंगल, ग्यारहवें भाव में पाप ग्रह हो तो बालक की छः ऊँगली होती हैं।

(३) १२वें स्थान में चन्द्रमा व मंगल हो तो बांया नेत्र और सूर्य राहु हो तो दांया नेत्र पीड़ित होता है।

(४) पंचम स्थान में शनि-राहु व मंगल हो तो बाईं कोख में लहसुन, मसा, तिल होता है। कोख, कुक्षि, पेडू को भी कहते हैं और बाहुमूल कांख को भी।

(५) तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष या सिंह का गुरु हो, १०वें स्थान में सूर्य, मंगल हो तो बालक गूंगा होता है।

(६) कृष्ण पक्ष में दिन का या शुक्ल पक्ष में रात का जन्म हो तो छठा या आठवां चन्द्रमा शुभ समझना चाहिये, कष्ट व अरिष्ट का निवारण करता है।

(७) ८वां चन्द्रमा, ७वां मंगल, ९वां राहु लग्न में शनि, तीसरा गुरु, पांचवां सूर्य, छठा शुक्र, चौथा बुध हो तो बालक की आयु बहुत कम होती है।

(८) लग्न में बुध-शुक्र न हो, केन्द्र में गुरु न हो, दशम में मंगल न हो तो उसका भाग्य अच्छा नहीं होता। दशम मंगल हो, केन्द्र त्रिकोण में बृहस्पति, बुध, शुक्र हो तो बालक भाग्यवान, दीर्घायु, गुणवान, धनवान, बुद्धिमान होता है।

(९) लग्न में शनि, छठा, चन्द्रमा, सप्तम मगंल पिता की आयु को कम करते हैं।

(१०) ६, १२वें स्थान में पाप ग्रह हों या चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो माता को कष्ट दायक होते हैं।

(११) १०वें स्थान में पाप ग्रह हो या सूर्य के साथ पाप ग्रह हो या शत्रु राशि का मंगल दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट कारक होता है।

(१२) लग्न में गुरु, दूसरे में शनि, सूर्य, भौम तथा बुध हों बालक के विवाह समय पिता को मारक होता है।

(१३) सातवां राहु, छठा-आठवां चन्द्रमा हो और चन्द्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक अल्पायु होता है।

(१४) शनि-सूर्य का परिवर्तन योग हो (अर्थात् सूर्य शनि की राशि में, शनि सूर्य की राशि में) अथवा लग्न में मंगल व अष्टम गुरु हो तो बालक की आयु १२ वर्ष की हो।

(१५) छठे स्थान में बुध हो, लग्नेश व अष्टमेष, पाप ग्रहों से युक्त हो या परिवर्तन योग या दृष्टि योग द्वारा एक दूसरे को देखते हों तो बालक की आयु ४ वर्ष।

(१६) मंगल की राशियों में गुरु हो और चन्द्रमा ६ या ८वें भाव में हो तो बालक की आयु ८ वर्ष की होती है।

(१७) दशम स्थान में राहु हो अष्टमेश होकर क्षीण चन्द्रमा राहु के साथ हो तो बालक व उसके माता-पिता तीनों को अरिष्ट करता है। चन्द्रमा राहु के साथ न हो तो बालक की आयु १६ वर्ष होती है।

(१८) तीसरे स्थान में सूर्य बड़े भाई को और शनि या मंगल छोटे भाई को कष्ट दायक होता है।

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग हैं, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु-मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान् वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है, यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आठ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म के समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो, अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हो, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह छठे, सातवें या बारहवें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशि पाप ग्रह से युक्त अष्टम भाव में हो तो एक मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धुम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक को दो मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २-३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र ही अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त होकर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हों तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न में राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा। जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता-पिता को अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए, यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि, मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या आठवें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकारी होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुण्डली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हो या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हों तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि (वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान् होकर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुच्छल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध [illegible] जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति रखने वाला, सब कार्यों में कुशल, धनी तथा अनेक लोगों का पालन-पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदय योग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्-भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

इसका उद्गम विज्ञान है-ग्रह एवं नक्षत्रों से जुड़ा खगोलशास्त्र। इसे साईन्स ऑफ हैवेन्ली बाडीज भी कहते हैं। वास्तव में यह ज्योतिष का गणित पक्ष है। पूरे विश्व में इसकी मान्यता है। भारत में इसके प्रमुख एवं प्रथम विद्वान **आचार्य आर्यभट्ट** थे। जिनके नाम से धर्मसन प्रकाशन, दिल्ली ने श्री आर्यभट्ट पंचांग आदि की रचना 25 वर्ष पूर्व की थी। और आज यह 27वें वर्ष में भी यह सफलता पूर्वक जारी है। सन् 476 ई. में प्राचीन भारतीय नगरी पाटलीपुत्र (पटना) में इनका जन्म हुआ था। गणित में शून्य के यह जन्मदाता थे। इनकी रचित कविता शैली में पुस्तिका **आर्यभटिया** में खगोल, ज्योतिष, अंकगणित, बीज गणित, त्रिकोणमिती आदि के 33 नियम हैं। अंतर्राष्ट्रीय खगोली एवं ज्योतिष संघ ने पिछले दिनों चांद के बड़े गड्ढे का नाम इन्हीं के नाम पर रखा है। 1975 में प्रक्षेपित प्रथम भारतीय उपकरण का नाम भी आर्यभट्ट था। सात वर्ष पूर्व नैनीताल की खगोलिय वेधशाला का नाम आर्यभट्ट प्रेक्षणात्मक विज्ञान एवं अनुसंधान हो गया है।

ऐसे महान विद्वानों (वराह मिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कर प्रथम एवं द्वितीय आदि) के अथक प्रयास से विकसित भारतीय ज्योतिष एवं पाश्चात्य ज्योतिष विद्या के आधार पर इसके दो पक्ष गणित एवं फलित माध्यम से ग्रहों एवं नक्षत्रों द्वारा द्वादश भाव की जन्म कुण्डलियों का निर्माण करके जातक का भविष्य उसकी महादशाओं, अंतर्दशाओं और सूक्ष्म अंतर्दशाओं द्वारा बताया जाता है। प्रस्तुत विद्या में शुभ-अशुभ ग्रहों, उनकी दृष्टियें, युतियें तथा योगों आदि के फलित से भविष्य ज्ञान की यह विद्या विकसित हुई। आज राहु काल, काल सर्प योग आदि का महत्व बढ़ गया है। बाद में रावण संहिता, भृगु संहिता, लाल किताब, काली किताब, दक्षिण का नाड़ी शास्त्र आदि ने भी इसमें सहयोग दिया।

2. हस्तरेखा शास्त्र (पामिस्ट्री) या सामुद्रिक शास्त्र-

इसमें जातक की हथेली, उंगलियों, अंगूठों आदि पर पड़ी रेखायें (प्रमुख हैं-जीवन रेखा, मस्तिष्क रेखा, हृदय रेखा, भाग्य रेखा एवं अन्य उर्वरक रेखायें), पर्वत, त्रिकोण, द्वीप, डमरू, त्रिशूल आदि के आधार पर एक कुशल हस्तरेखा विशेषज्ञ (जिसकी दृष्टि को एक्सरे आई कहा जाता है) जातक का भविष्य बताता है। भारतीय हस्तरेखा विज्ञान को सामुद्रिक शास्त्र का प्रमुख अंग कहा जाता है। पाश्चात्य पामिस्ट्री में वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक अनुसंधानों का बड़ा योगदान है। कीरो आदि विद्वानों ने इसे भारतीय सामुद्रिक शास्त्र से भी जोड़ा। कटे, मोटे अंगूठे वालों को अपराधी निर्धारित किया। इस प्रकार अंगूठे के द्वारा व्यक्ति का चरित्र गठित हुआ। हथेली के गुलाबी रंग की रेखाओं समेत श्रेष्ठ माना गया। पीले, धूमिल रंग उसके बाद माने गये। हांथों का कठोर और मुलायम होना भी जातक की विशेषता बताता है। तीसरा पामिस्ट्री का रूप पूर्वी मुस्लिम देशों में **इल्म-उल-काफ** के नाम से विकसित हुआ। पर यह तीनों ही भविष्य बताने में भारतीय ज्योतिष के नियमों को मानते हैं। क्योंकि यहां भी ग्रह स्थित हैं।

3. अंक ज्योतिष (न्यूमोलाजी)

इसमें नाम के शब्दों, जन्म तिथियों, माहों, सन्, वार आदि के अंकों के आधार पर भविष्य बताया जाता है। मूलांक और भायांक प्रमुख होते हैं। ग्रहों आदि के अंक निर्धारित हैं। सूर्य का एक, चन्द्र का दो, मंगल का नौ, बुध का पांच, गुरु का तीन, शुक्र का छः, शनि का आठ, राहु, केतु, हर्षल एवं वरुण चार व सात के अंतर्गत आते हैं। इनकी संख्या एक से नौ तक की है। यदि अधिक होती है तो उन्हें जोड़कर 1 से 9 के बीच कर लेते हैं। इनमें नौ का ही अंतर होता है। इन संख्या के द्वारा स्वभाव, रहन-सहन, खान-पान, व्यवहार, स्वास्थ्य, कार्य, जय-पराजय, शुभ-अशुभ का निर्धारण किया जाता है। कमोवेश ज्योतिष से जुड़ी विद्या है।

4. मुखाकृति ज्ञान

इसके द्वारा भी जातक के भविष्य की जानकारी दी जाती है। यह भी सामुद्रिक शास्त्र से जुड़ी रहस्यपूर्ण विद्या है। यह मानवीय अंग लक्षणों का वृहद एवं सम्पूर्ण प्रमुख ज्ञान है। वराह मिहिर ने इसके 13 तत्व कहे, बाद में एक तत्व और जुड़ गया। मानवीय चेहरों के आकार, बाह्य रूप से ज्योतिषिय आकारों में, जानवरों आदि से मिलते हुए, विभिन्न ग्रह प्रधान भविष्य का दर्पण स्वभाव अनुसार होते हैं।

5. लेखन व हस्ताक्षर

इसके द्वारा भी भविष्य का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। क्योंकि दो व्यक्तियों की हांथ की रेखायें समान नहीं होतीं। उसी प्रकार उसका लेखन एवं हस्ताक्षर भी समान नहीं होते। जातक के चारित्रिक गुण-दोष, उसकी प्रवृत्ति इससे पता चलती है। आजकल हस्तलेख जानकार का न्याय व्यवस्था में बड़ा महत्व है। इसमें अक्षरों की बनावट, उस पर रेखायें, बिन्दु, टूटना और लहरदार होना प्रमुख स्थितियां हैं। इनका सूक्ष्म अध्ययन करके व्यक्ति विशेष और उसके भाग्य का निर्णय किया जाता है।

6. टेरो कार्ड एवं अन्य कार्ड

इसके द्वारा भी भविष्य बताया जाता है। टेरो कार्ड में 78 कार्ड (22 प्रमुख और 56 सहायक) की संख्या एवं नामों के आधार पर भविष्य का निर्धारण जातक द्वारा कार्ड उठवाने के बाद होता है। सम्वत् 2063 के आर्यभट्ट पंचागम् में मेरे लिखे लेख से विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। ताश के 52 प्लस एक.जोकर पत्तों के अलग-अलग समूहों में पत्ते उठाने से भी भविष्य की जानकारी उसके नियमों से होती है।

7. पांसों द्वारा रमल विद्या

इसमें पांसे फेंककर उसके बिन्दुओं के योग के आधार पर 16 कोष्ठकों के निर्धारित फलों को देखकर भविष्य साबित, खारिज, दाखिल, मुकविल स्थितियों में भविष्य बताया जाता है। इसके भारतीय संस्करण में अपने इष्टदेव को याद करके अपने प्रश्न के उत्तर के लिये 108 बार एक मंत्र 'ऊँ नमो भगवती देवी' का जाप करते हुए पांसे फेकते हैं।

8. स्वप्न विचार

यह केवल यह स्वप्न देखो तो यह होना ही नहीं है वरन् इसका विस्तृत रूप है। कौन सा स्वप्न कब देखा, उसका क्या प्रभाव होगा आदि। कुछ स्वप्न जो याद रहते हैं उनके ही विश्लेषण द्वारा भविष्य जाना जाता है।

9. अन्य कुछ विद्याओं में रंगो द्वारा, विभिन्न संसाधनों द्वारा जैसे-दर्पण ताल, पैण्डलम आदि द्वारा, शरीर फलित देखकर, श्री रामचरित मानस के 225 कोष्ठकों में श्री राम शलाका द्वारा, श्री हनुमान ज्योतिष द्वारा, गौतमी केवली महाविद्या द्वारा, चीनी ज्योतिष द्वारा, पशु चिन्हों के आधार पर, पशु-पक्षियों द्वारा गाय, नन्दी, तोता, रीछ आदि के समक्ष प्रश्न बोलकर। पिछले वर्ष विश्व हाकी कप के जर्मनी में परिणाम एक एप्यरास मछली द्वारा सत्य हुए थे। इस प्रकार भविष्य जानने की विद्याएं अनेकों हैं, केवल जातक के विश्वास पर निर्भर है।

लेखक : **पं. लक्ष्मी शंकर शुक्ल 'लक्ष्मेष'**
लक्ष्मेष ज्योतिष केन्द्र
टाईप 101/बी., रेलवे बंगला,
भुसावल (महाराष्ट्र) -425201 मो : 09423935938

सर्व विध रक्षा हेतु 'श्री राम रक्षा यंत्र'

संसार में अनेकों चक्रवर्ती सम्राट हुए हैं-महाराज राम को छोड़कर किसी भी शासन में कृषि कला परिपूर्ण नहीं थी। रामराज्य में खेती खूब फली-फूली। न कभी अतिवृष्टि या सूखा पड़ा, न अधिक ताप से फसल जली। टिड्डी तथा चूहों का भी प्रकोप नहीं था। एक बार बीज बोने के बाद फिर बोने की आवश्यकता नहीं थी। जाबा में अब भी एक वर्ष बोकर दस वर्ष तक काटते हैं। जब सब नर-नारी, देव-पितर, पशु-पक्षी अनाज से तृप्त हो जाते, तो बचा अनाज खाद रूप में खेत में डाला जाता था। उनके राज्य में कृषि के लिए बाहरी साधन के रूप में जुताई, खाद, निकाई और सिंचाई का समुचित प्रबन्ध किया जाता था। नव सम्वत् पर नागरिक सामूहिक यज्ञ करते थे। जिससे भीतरी साधन सम्पन्न होते थे। गणेश, सूर्य, वायु, पृथ्वी, इन्द्र इनकी प्रमुख पूजा होती थी। वैदिक मंत्रों में भी मुख्यतया: इन्हीं की पूजा होती थी। गणेश-चूहा, टिड्डी, दीमक से रक्षा करते थे। सूर्य-किरणों द्वारा खेती का पोषण करते थे। वायु-अनुकूल समय पर बादलों को मानसून रूप में लाते थे। पृथ्वी-अपने गर्भ से उर्जा को देती थी। इन्द्र-समय पर जल की उचित वर्षा करते थे।

इन्हीं चक्रवर्ती सम्राट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का आज भी स्मरण व जप-यंत्र-मंत्र इतने महत्वपूर्ण हैं जितने अन्य किसी के नहीं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि उनके राज्य में किसी भी प्राणी को कोई भी मानसिक दुःख भी नहीं था-

दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज्य नाहीं काहुहि व्यापा॥

स्वयं 21 बार पृथ्वी से परशुराम ने दुष्ट, अन्यायी राजाओं को ढूंढ-ढूंढकर मात्र फरशा की सहायता से वध किया। उनका कहना था-राजा प्रजा का रक्षक है, प्रजा का सेवक है, प्रजा तनिक भी यदि दुःख पावे तो राजा को राज्य करने का अधिकार नहीं है। इसी सिद्धांत के विरोधी राजाओं को मार-मारकर पृथ्वी को भयहीन किया था। जब भगवान राम ने सीता स्वयंवर के समय धनुष भंग के समय, वाद-विवाद हुआ तो राम के उच्च आदर्श, प्रजापालक गुण देखकर ही उन्हें क्षमा किया। अतः आज भी सर्वविध रक्षा के लिए श्रीराम रक्षा यंत्र राज और राम रक्षा स्तोत्र का उपयोग किया जाता है।

श्री राम रक्षा यंत्र-श्री राम रक्षा यंत्र अगस्त्य संहिता में दिया हुआ है। इस यंत्र को धारण किया जा सकता है। ताम्रपत्र पर अंकित कर किसी पवित्र जगह रखा भी जा सकता है। अगस्त्य संहिता के अनुसार वज्र पंजर नामक श्री राम रक्षा यंत्र को धारण से सर्व सिद्धियां उपलब्ध होती हैं। पाप व आपत्तियां समूल नष्ट हो जाते हैं। शत्रु मित्रवत् व्यवहार करते हैं। क्रूर ग्रह भी प्रसन्न एवं शांत हो जाते हैं। राज्य अधिकारियों से अनुकूलता प्राप्त होती है। श्री राम रक्षा यंत्र के पूजन व धारण से कोई भी पदार्थ दुर्लभ नहीं रह जाता। अगस्त्य ऋषि के अनुसार स्वर्णपत्र पर अंकित यंत्र जीवन पर्यन्त, चांदी पत्र पर 20 वर्ष, भोजपत्र पर 12 वर्ष, ताम्र पत्र पर 6 वर्ष तक प्रभावी रहता है। उपासक अपनी शक्ति के अनुसार यंत्रराज को बनाकर या लिखकर प्राण प्रतिष्ठा कर धारण करें। राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करते हुए प्रतिदिन तुलसी मंजरी एवं तुलसी पत्र अर्पण करें। यह प्रयोग आयु, आरोग्य, पुत्र-पौत्र आदि को देने वाला है।

श्री राम रक्षा स्तोत्र-यह पुस्तिका गीता प्रेस से प्रकाशित है। मात्र 3 मिनट का पाठ है। सर्वविध रक्षा के लिए प्रतिदिन पाठ करना चाहिए। जो व्यक्ति वायुयान, जलयान, रेलयान या मार्गयान से निरन्तर जाते हों, उन्हें श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ कंठस्थ कर प्रवास में अवश्य पढ़ना चाहिए। या फिर छोटी सी पुस्तिका साथ में जेब में रख सकते हैं। इस स्तोत्र में पूर्ण पुरुषोत्तम सीताराम एवं उनकी समस्त शक्तियां, उनके मित्र और सेवक हनुमान आदि से अपने अंग-प्रत्यंग की रक्षा और सर्वविध सुख की कामना की गई है। इसको बुध कौशिक ऋषि ने स्वप्न में प्राप्त किया था, जो सर्व जन कल्याण के लिए ऋषि ने लिपिबद्ध किया। इसका पाठ करने से पूर्व हनुमान जी का भक्ति भाव से स्मरण या हनुमान चालीसा का पाठ करने से इसकी शीघ्र सिद्धि होती है।

श्री राम स्तोत्र को सिद्ध करने के लिए वर्ष में दो बार नवरात्र आते हैं। एक चैत्र मास में रामनवमी से पहले तथा दूसरा आश्विन मास में दशहरा से पूर्व। इन मितियों में प्रातःकाल नित्यकर्म से निवृत होकर, शुद्ध वस्त्र धारण कर, कुश के आसन पर, उत्तर या पूर्व की ओर मुखकर श्री राम दरबार का चित्र सामने रखकर तुलसी, चन्दन, पुष्पादि, अग्नि को स्थापित कर प्रतिदिन 11 पाठ का नौ दिन लगातार पाठ करें। पाठ के समय दीपक, धूप इत्यादि का भी प्रयोग प्रतिपदा से लेकर नवमी तक करें। जितनी आपकी श्रद्धा होगी उतनी शीघ्र ही सिद्धि आपको होगी। इसके बाद आपको प्रतिदिन केवल एक पाठ कण्ठाग्र से करना है। यही स्तोत्र के सिद्ध होने के लक्षण हैं।

श्री रामरक्षा स्तोत्र द्वारा रोग निवारण विधि

इस स्तोत्र की पाठ विधि ही रोग निवारण की क्षमता रखता है। किसी रोग के निवारणार्थ अभिमन्त्रित जल से रोगी का मार्जन करना होता है। कमल, गुलाब या रक्त कनेर या कोई सुगन्धित लाल पुष्प उसकी प्राकृत दशा में लेना चाहिए। प्राकृत दशा का अर्थ है-गीले वस्त्र में लपेटना, सूंघना, धोना या गंदे हाथों से छूते ही उनकी प्राकृत दशा समाप्त हो जाती है। सर्वप्रथम रोगी के पास जल से भरकर लोटा तांबा या पीतल का रख दें। फिर नवरात्र में सिद्धि की गई पुस्तक और यंत्र के सामने 11 या 21 पाठ पूर्ण कर पुष्प यंत्र पर रखकर चार पुष्प लोटे में इस प्रकार डालें ताकि पुष्प तैरते रहें। फिर हाथ में पुष्प लेकर लोटे के जल से स्पर्श कराकर भगवान श्री राम व उनकी शक्तियों का ध्यान करके रोगी के सिर से पांव तक पुष्प से हल्की सी छींटें दें। ऐसा 11 बार करके पुष्प को यंत्र के चरणों में रखकर लोटे वाले चारों पुष्प रोगी के सिरहाने रख दें। ज्यों-ज्यों रोग ठीक होता जायेगा, त्यों-त्यों पुष्प सूख जायेंगे। सूखे पुष्प गाड़ देना चाहिए तथा यंत्र वाला पुष्प जल में प्रवाहित कर दें। कठिन और दुःसाध्य रोग होने पर मार्जन कई बार किया जा सकता है। पुस्तिका न मिलने पर मंगाने को मुझे लिख सकते हैं।

लेखक : डॉ. कमल प्रकाश अग्रवाल
श्री धाम, 47-हुसैनी बाजार, चन्दौसी-202412
मो : 09927311629, 09412140444

स्वप्न से भविष्य जानिये

प्रायः निद्रा सुखदायिनी मानी गयी है। किन्तु व्यथित एवं निराश व्यक्तियों के लिए तो वह एक वरदान है, जहां जाग्रत अवस्था में द्वन्द्व एवं संघर्ष निद्रा के सुखद अंचल में नष्ट हो जाते हैं। दूसरे शब्दों में स्वप्न को मन का क्रीड़ानगर कहना उचित होगा। क्योंकि जाग्रत अवस्था में मनुष्य का मन प्रतिरोधकों द्वारा दबा पड़ा रहता है। और निद्रा उन प्रतिरोधकों को शिथिल कर देती है। जिसके परिणामस्वरूप मन सहज निद्रा लोक में विचरण करने लगता है। स्वप्न शारीरिक और मानसिक उत्तेजना के प्रतिफल होते हैं।

संस्कृत में स्वप्न शब्द का अर्थ है-अपने आप में रमण करना या निद्रावस्था में वस्तुदर्शन। अन्य मानसिक क्रियाओं के समान यह भी सामान्य चेष्टा या अनुभव है जिसकी अनुभूति प्रत्येक व्यक्ति को होती है। गीता में कहा है-जो अकर्मण्य है वह स्वप्न में है, किन्तु

कर्मशील सत्य में ही विचरण करता है। कोई मनुष्य बिना स्वप्नों के जीवित नहीं रह सकता यदि वह जीवित है, सक्रिय है तो यह निश्चित है कि वह किसी न किसी रूप में स्वप्न देखता है।

फ्रायड के मत से सारी वासनाओं में प्रमुख और मूलभूत काम वासना है। वह इतनी प्रबल और उग्र होती है कि उसका रंग जीवन पर चढ़े रहता है। वैसे गीता में भी इस बात का उल्लेख है-**कियमन्यत् काम हेतुकं** अर्थात् सारी सृष्टि वासना इच्छा से ही उत्पन्न हुई है। स्वप्न भी एक प्रकार की स्वैर कल्पना है जिसको दिवा स्वप्न की भांति व्यक्तिगत समस्याओं से ही शक्ति मिलती है। फ्रायड ने स्वप्नों को इच्छापूर्ति का साधन तथा नींद का रक्षक माना है।

जैविक प्रेरणाओं की संतुष्टि सोते हुए अहं (इगो) से की जाती है। कभी-कभी यह शंकाओं, अंतर्द्वन्द्वों अथवा समस्याओं के समाधान का निर्णय लेने की असमर्थता होती है। फ्रायड के अनुसार सोता हुआ अहं नींद बनाये रखना चाहता है। वह इस मांग को एक प्रकार का विघ्न मानता है तथा उससे छुटकारा पाने का प्रयास करता है। ऐसा वह उन परिस्थितियों में इस मांग में सन्निहित इच्छा की पूर्ति कर उससे पा लेता है। इच्छा पूर्ति द्वारा मांगों का प्रतिस्थापन स्वप्न कार्य की प्रमुख प्रक्रिया है। जब कुण्ठा से उत्पन्न शत्रुभाव शत्रुता पूर्ण में व्यक्त नहीं हो पाता, तो वह बहुछा स्वैर कार्यों में व्यक्त होता है।

महर्षि पतंजली के समाधिवाद की व्याख्या के अनुसार स्वप्न अर्द्ध निद्रावस्था है। जब तमोगुण की प्रधानता होती है। तब सारी वस्तुएं अस्थिर रूप से दिखाई देती हैं। और जागने पर उनकी स्पष्ट स्मृति नहीं रह पाती। स्वप्नावस्था में जब रजोगुण अधिक होता है उस समय जाग्रत दशा में देखे हुए पदार्थ अथवा घटनायें रूपांतरित होकर दृष्टिगोचर होती हैं। और उनकी स्मृति जागने पर भी रहती है। जो स्वप्न घटित हो जाते हैं, वे सात्विक कहलाते हैं। ऐसे स्वप्न उत्तम कोटि के माने जाते हैं। यह अवस्था प्राय: योगियों की होती है और कभी-कभी साधारण लोगों को भी सत्व के उदय होने पर ऐसे ही स्वप्न दिखाई देते हैं। स्वप्न का पूर्वाभास होने पर भविष्यवाणी की जा सकती है।

परामनोविज्ञान के अंतर्गत सूक्ष्म शरीर का अध्ययन किये बिना स्वप्न विज्ञान को पूर्णत: समझना जटिल है। मनोविज्ञान के अनुसार जब बाहर के कार्यों से स्थूल शरीर स्थूल जगत में कार्य करने में असमर्थ हो जाता है तो तमोगुण से दबा हुआ सूक्ष्म शरीर जाग्रत अवस्था की स्मृति के कल्पित विषयों में कार्य करना प्रारंभ करता है, वह स्वप्न कहलाता है। शरीर या आत्मा के दो भेद हैं-(1) स्थूल (2) सूक्ष्म। इसमें स्थूल आवरण मनुष्य की स्थूल देह ही है। इस स्थूल जगत को छोड़कर जब गहन दृष्टि से देखते हैं तब शरीर के अंदर पांच ज्ञानेन्द्रियां (नासिका, चक्षु, श्रोत्र, त्वचा, जीभ), पांच कर्मेन्द्रियां (हस्त, पाद, गुदा, उपस्थ, वाणी), ग्यारहवां मन (जिसके द्वारा यह सब शक्तियां काम करती हैं तथा जिससे संकल्प-विकल्प होते हैं), पांच तन्मात्राओं (स्पर्श, शब्द, रूप, रस, गन्ध) तथा इसके अतिरिक्त प्राण (चेतना) और अहंकार (अर्हता) पैदा करने वाली शक्ति, बुद्धि, चित्त सहित निर्णय करने वाली तथा भावी और संस्कारों को रखने वाली शक्ति, यह अठारह शक्तियों का समूह सूक्ष्म शरीर कहलाता है।

भारतीय मतानुसार स्वप्न का संबंध मन से है। मन को चार भागों में विभक्त किया गया है-1. मन वहिर्मन, 2. चित्त अंतर्मन, 3. बुद्धि निर्णायक मन, 4. अहंकार संचालक मन। जबकि पाश्चात्य जगत अंतर्मन और वहिर्मन यह दो विभाग मानकर मन का विश्लेषण करता है। साधारणतया मनुष्य की तीन अवस्थायें मानी जाती हैं- जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति। लेकिन स्वप्न मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं-1. जाग्रतावस्था स्वप्न व 2. निद्रावस्था स्वप्न।

पहले प्रकार के स्वप्न कवियों, दार्शनिकों एवं प्रेमी-प्रेमिकाओं के होते हैं। प्रेमी जाग्रत अवस्था में अपनी प्रेमिका के बारे में सोचता है और फिर कुछ क्षणों में वह उसके सामने साकार सी हो जाती है। तन्मयता के उन क्षणों में वह उसके एक-एक हाव-भाव, एक-एक चेष्टा देखता है। इसे दिवा स्वप्न भी कहते हैं। दूसरे प्रकार का स्वप्न है-निद्रावस्था स्वप्न। जब हम शरीर को शिथिल छोड़कर पूर्ण विश्राम की स्थिति में होते हैं, तब भी स्वप्न आते हैं। कभी तो वह स्वप्न हमारे भौतिक जगत के होते हैं, कभी वे अद्भूत और अनोखे होते हैं। इन स्वप्नों को तीन भागों में बांट सकते हैं। चित्त और अहंकार तो जागता रहे, किन्तु बुद्धि और मन सोता रहे, यह साधारण स्वप्न की अवस्था है। जिसमें अतृप्त वासनायें या इच्छायें किसी न किसी माध्यम से तृप्ति पाती हैं। विशेष स्वप्न में भी अवस्था तो यही रहती है किन्तु चित्त, मन के समान बुद्धि को प्रभावित करने लगता है। सामान्य स्वप्न में चित्त अहंकार को प्रभावित न करके अपने आप ही उधेड़बुन करता रहता है। इन स्वप्नों में मनुष्य विभिन्न प्रकार की कल्पना करता है। जैसे-पहाड़ पर चढ़ना, हवाई जहाज पर सैर, अंतरिक्ष में उड़ना, तारे तोड़ना, देवताओं के दर्शन करना आदि। यह स्वप्न देवताओं और पूज्यों की कृपा से दिखाई देते हैं। तीसरे भविष्य सूचक स्वप्न तब होते हैं, जब विशेष स्वप्न की अवस्था में बुद्धि भी जाग्रत रहती है। और केवल मन ही सोता है। इस प्रकार के स्वप्नों में घटनायें प्रतीकात्मक या स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। जिनका निकट भविष्य से संबंध हो। यहां एक बात स्मरणीय है कि बुद्धि और मन दोनों पृथक हैं। इन दोनों में अंतर बताने के लिए महाभारत में- व्यवसायात्मिका बुद्धि मनो व्याकरणात्मके (महाभारत शांति पर्व 251, 11) अर्थात् बुद्धि व्यवसात्मिका और मन व्याकरणात्मक है।

ब्रह्म मुहूर्त में देखे गये स्वप्न ही शुभ माने जाते हैं। ऐसा अनुमान है-ब्रह्म मुहूर्त में देखे गये स्वप्नों का छ: माह में ही फल मिल जाता है। यदि पहला स्वप्न खराब फिर अच्छा दिखाई दे तो पहले स्वप्न का फल न मिलकर बाद के स्वप्न का फल मिलता है। इसी कारण जब कभी शुभ स्वप्न दिखाई दे तो उठकर बैठ जाना चाहिए और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहना चाहिए। 11 अप्रैल 1865 की एक शाम व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति लिंकन और उनकी पत्नि को लिंकन की मृत्यु का पूर्वाभास स्वप्न द्वारा हो गया था।

विज्ञान कोई सपना नहीं है यथार्थ है लेकिन सपने से विज्ञान का संबंध है। यह बात सिलाई मशीन के आविष्कारक **एलियासहो** ने कर दिखाई। ऐलियासहो वर्षों तक सिलाई मशीन बनाने की कोशिश में लगा रहा पर सुई में धागा कहां डाला जाय, यह प्रश्न उसे विफल बना रहा था। एक दिन स्वप्न देखा कि जंगली जाति के सैनिक उसे पकड़कर अपने राजा के सामने ले गये हैं। 'हो' से राजा कह रहे हैं कि 24 घंटे में मशीन चालू नहीं हुई, तो उसे भाले से मार दिया जायेगा। तभी 'हो' ने देखा चारों ओर भालेदार सैनिकों से घिरा हुआ है। बीच में आग जल रही है। जिसकी रोशनी में भाले चमक रहे हैं। अचानक 'हो' का भय काफूर हो गया। उसने देखा कि भालों के अगले सिरों पर छेद हो रहे थे। 'हो' की आंख खुल गयी और समस्या का समाधान हो गया। उसने सुई के निचले सिरे में छेद कर सुई को मशीन में जोड़ा, तो मशीन चालू हो गयी।

जब एक ही स्वप्न बार-बार आये, तो इसका कारण यह होता है कि उसका उपचेतना उस दृश्य को तब तक दोहराता रहता है, जब तक कि बुद्धि उसके संकेतों को ग्रहण न कर लें। एक ही स्वप्न बार-बार आये, तो समझना चाहिए कि उसमें कुछ गूढ़ संकेत हैं। जिसका संबंध हमारी प्रमुख समस्या के साथ है या पूर्व जन्म की स्मृति सूक्ष्म शरीर में बनी हुई है। स्वप्न द्वारा पूर्व ज्ञान एवं स्वप्न द्वारा परिचित ज्ञान से किसी व्यक्ति के लिए स्वप्न के आदेश या भाव कुछ भी भेजा जा सकता है। यह इच्छा शक्ति (विल पावर) से संभव है। स्वप्न से वशीकरण और सम्मोहन भी संभव है। स्वप्न संबंधी रोगों में अनिद्रा, नींद में उठकर चलना प्रमुख है। कुछ उपचारक स्वप्नों का हाल सुनकर रोगी का इलाज करते हैं। इससे सिद्ध होता है कि स्वप्न रोगों के उपचार में प्राथमिक सहायता की तरह काम आ सकता है। मानसिक उपचार में तो स्वप्न का हाल मालूम करके ही उपचार होता है।

अंत में आचार्य रजनीश के शब्दों में अपने स्वप्नों का निरीक्षण करो और उनका विश्लेषण करो, क्योंकि कल तुम जो बनोगे और होओगे, उसकी भविष्यवाणी अवश्य ही उनमें छिपी होगी।

लेखक - वरूण चक्रपाणि
चक्रपाणि हर्बल रिसर्च फाउण्डेशन
श्रीधाम, 47-हुसैनी बाजार, चन्दौसी-202412 (उ.प्र.)
मो. [illegible]

पृष्ठ 27 का शेष

अथ सर्व देव प्रतिष्ठा मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै. टा.)
26 अप्रै.	वैशा.	शु.5	गुरु	मृग.	ल. अभिजित
28 ''	''	शु.7	शनि	पुन.	ल. अभिजित
30 मई	ज्येष्ठ	शु.9	बुध	उ.फा.	ल. कन्या
31 ''	''	शु.10	गुरु	हस्ते	ल. अभिजिते
21 जून	आषा.	शु.2	गुरु	पुन.	ल. अभिजिते
22 जून	''	शु.3	शुक्र	पुष्य	ल. अभिजिते
29 ''	''	शु.10	शुक्र	स्वा.	ल. अभिजिते
6 जुला.	श्राव.	कृ.3	शुक्र	धनि.	ल. अभिजिते
8 ''	''	कृ.5	रवि	शत.	ल. कन्या 11।32 तक
9 ''	''	कृ.6	सोम	उभा.	ल. कन्या 12।38 उप.
17 जन.	पौष	शु.6	गुरु	उभा.	ल. अभिजित
18 ''	''	शु.7	शुक्र	रेव.	ल. अभिजित
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन,वृष
27 ''	''	शु.15	रवि	पुष्य.	ल. अभिजिते
31 ''	माघ	कृ.4	गुरु	उफा.	ल. अभिजिते
1 फर.	''	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. अभिजित

अथ उपनयन (यज्ञोपवीत) मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै. टा.)
2 अप्रै.	चैत्र	शु.10	सोम	पुष्य	ल. मेष
4 ''	''	शु.12	बुध	पूफा.	ल. मेष, वृष
26 ''	वैशा.	शु.5	गुरु	मृग.	ल. अभिजिते
31 मई	ज्ये.	शु.10	गुरु	हस्त	ल. कर्क
21 जून	आषा.	शु.2	गुरु	पुन.	ल. अभिजित
22 ''	''	शु.3	शुक्र	पुष्य	ल. अभिजित
16 जन.	पौष	शु.5	बुध	पूभा.	ल. मेष
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन, मेष
28 ''	माघ	कृ.1	सोम	श्लेषा	ल. अभिजित
1 फर.	''	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. कुंभ

अथ द्विरागमन मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै. टा.)
16 अप्रै.	वैशा.	कृ.11	सोम	धनि.	ल. अभि. 12।30 तक
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग.	ल. मिथुन
19 नवं.	कार्ति.	शु.6	सोम	श्रव.	ल. मीन
23 ''	कार्ति.	शु.10	शुक्र	उभा.	ल. अभिजित
29 नवं.	मार्ग.	कृ.1	गुरु	रोहि.	ल. अभिजित
30 ''	''	कृ.2	शुक्र	मृग.	ल. अभिजित
3 दिसं.	''	कृ.5	सोम	पुष्य	ल. मीन
10 ''	''	कृ.12	सोम	स्वा.	ल. अभिजित

अथ मुण्डन संस्कार मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै. टा.)
16 अप्रै.	वैशा.	कृ.11	सोम	धनि.	ल. मिथुन
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग.	ल. अभि. 12।38 तक
31 मई	''	शु.10	गुरु	हस्ते	ल. अभिजित
15 जून	आषा.	कृ.11	शुक्र	अश्वि.	ल. अभि. 12।53 तक
1 फर.	माघ	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. मीन (चं. 7 पू.)

अथ अक्षरारंभ व विद्यारंभ मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै. टा.)
18 अप्रै.	वैशा.	कृ.12	बुध	पूभा.	ल. मिथुन (विद्यारंभ)
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग	ल. अभि.12।38तक (विद्या)
27 ''	''	शु.6	शुक्र	आर्द्रा	ल. अभिजित
31 मई	''	शु.10	गुरु	हस्त	ल. मिथुन, अभिजित
15 जून	''	कृ.11	शुक्र	अश्वि.	ल. अभि. 12।53 तक
17 जन.	पौष	शु.6	गुरु	उभा.	ल. अभि. (विद्यारंभ)
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन (विद्यारंभ)
1 फर.	माघ	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. अभिजित
7 ''	''	कृ.12	गुरु	मूल	ल. मीन (विद्यारंभ)

अथ विप्पणी (दुकान) करण मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै. टा.)
20 अप्रै.	वैशा.	कृ.13	गुरु	उभा.	ल. मेष
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग.	ल. मिथुन, अभि. 12।38 तक
22 जून	आषा.	शु.3	शुक्र	पुष्य	ल. सिंह, तुला
27 ''	''	शु.8	बुध	हस्त	ल. तुला
24 नवं.	कार्ति.	शु.11	शनि	रेव.	ल. अभिजिते
28 ''	''	शु.15	बुध	रोहि.	ल. कर्क
29 ''	मार्ग.	कृ.1	गुरु	रोहि.	ल. अभिजित
30 ''	''	कृ.2	शुक्र	मृग.	ल. अभिजित
3 दिसं.	''	कृ.5	सोम	पुष्य	ल. अभिजित
9 ''	''	कृ.11	रवि	चित्रा	ल. मकर, अभिजित
17 जन.	पौष	शु.6	गुरु	उभा.	ल. अभिजित
18 ''	''	शु.7	शुक्र	रेव.	ल. अभिजित
19 ''	''	शु.8	शनि	अश्वि.	ल. अभिजित
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन
27 ''	''	शु.15	रवि	पुष्य	ल. मीन
1 फर.	माघ	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. अभिजिते

(दृष्टिदोषश्चेत् क्षन्तव्यं सुधिभि:)

पंचकों में क्या करें और क्या न करें?

पंचक नक्षत्र-धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद तथा रेवती नक्षत्रों के योग में पंचक कुंभ+मीन राशि के चन्द्र संचरण में ज्योतिषीय गणना से इन पांचों नक्षत्रों का पंचक नाम से सम्बोधित किया गया है। इन दिनों में यानि पंचकों में क्या नहीं करें और क्या करें? का प्रश्न जन मानस में उत्तरोत्तर चर्चा में रहता है। तथा पंडित जी से पूछते हैं-अभी पंचक तो नहीं है। उनका हां-ना का जबाब सुनकर आगे क्या करना है, क्या नहीं करना है, स्वयं इससे अनभिज्ञता के साथ कार्य की क्रियान्वित में भ्रमित हो जाता है। अत: ज्योतिषीय नक्षत्रों की 27 की गणना में 1 से 22 नक्षत्र व बाद 23वें से 27 वें नक्षत्रों को पंचक की संज्ञा दी गयी है। साधारणत: पंचकों में मुख्य रूप से शवदाह, चारपाई बुनना, पलंग शय्या, चटाई, कुर्सी, तखत, व्यवसाय हेतु गद्दी तैयार करना या कराना, मकान की छत डालना, लैण्टर-खम्बे सेट करना, काष्ठ, इंधन, लोहे के सरिये संग्रह करना तथा दक्षिण दिशा में यात्रा, दक्षिण मुखे नये भवन की सीढ़ियों पर चढ़ना वर्जित है। मृत्यु, व्याधि, अन्यान्य व्यथा, रोगोपद्रव होने पर शांति विधान की आवश्यकता पड़ती है। इन कार्यों में पंचक नहीं होने चाहिए। तथा शुभ कार्य, वाहनादि लेन-देन, फर्म का संचालन, मूर्ति प्रतिष्ठा आदि सभी श्रेष्ठ मुहूर्त्तों में पंचक पांचो नक्षत्र शुभ माने गये हैं। सभी व्रतोत्सव, महोत्सव यथा रक्षा बंधन, भैय्या दूज, महालक्ष्मी पूजनादि में पंचकों पर विचार नहीं किया जाता है।

पृष्ठ 34 का शेष

24, 29 अशुभ हैं। मई-पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्वयं का तथा संतान का भाग्योदय योग बनता है। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क होने का योग तथा आर्थिक लाभ होगा। आहार एवं व्यवहार का ध्यान रखेंगे, तो माह अच्छा रहेगा। सत्संग जैसा कार्य का लाभ भी होगा। पुरस्कार प्राप्ति का योग भी। ता. 2, 8, 18, 26 अशुभदायक हैं। जून-माह में भाग्योदय जैसा दो अवसर प्राप्ति का योग। वाहन क्रय का भी शुभ योग है। भूमि-भवन एवं विदेशी सामग्री की प्राप्ति का भी अच्छा माह है। मशीनरी कार्य का नया धंधा भी बनता है। व्यापारिक यात्राओं में आपको लाभ होगा। राजकीय कार्यों में सफलता का योग। ता. 4, 13, 21, 27 अशुभदायक रहेंगी। जुलाई-माह में भौतिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्थानांतरण का लाभ मिलेगा। नया प्रोजेक्ट बनाने की योजना का लाभ मिलेगा। वार्षिक स्थिति में आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। न्यायालय संबंधी प्रकरण में विजय का योग। सम्मान प्राप्ति का योग। ता. 4, 14, 22, 29 अशुभ दायक हैं। अगस्त-माह में राजकीय उलझनों से बचें। कर्मों योगों में तरलता रहेगी। खेलकूद में भी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगिता परिणाम आपके हित में रहेगा। यात्रा लम्बी व आनंददायी होगी। सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भागदौड़ ज्यादा होगी। तीर्थाटनों में आपको आर्थिक लाभ जैसा योग बनेगा। ता. 2, 8, 14, 22, 27 अशुभदायक रहेंगी। सितंबर-पारिवारिक कार्यों का दायित्व ज्यादा बढ़ेगा। सरकारी पक्ष से व्यापारिक गतिशीलता की बाधाओं का निवारण होगा। भूमि-भवन के लेन-देन से विशेष लाभ होगा। मांगलिक कार्यों में भागदौड़ रहेगी। स्पष्टवादिता का परिणाम हितकर रहेगा। पशुओं से सावधान रहें। तबादला या व्यवसाय परिवर्तन योग है। ता. 1, 9, 13, 21, 28 अशुभ दायक होंगी। अक्टूबर-माह में आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी। मशीनों से लाभ बनेगा। सीमेन्ट उद्योग में प्रगति होगी। संतान के विवाह संबंधी चिन्ताएं रहेंगी। स्वास्थ्य के प्रति कुछ गड़बड़ी एवं सामाजिक परिवेश में दायित्व मिलेगा। जिससे परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। पैतृक जमीन से लाभ दायक योग बनेगा। चोरी या डकैती का योग। ता. 6, 18, 24, 31 अशुभ दायक हैं। नवंबर-माह में संतान संबंधी चिन्ताओं का निवारण होगा। व्यापारिक गतिविधि

तेज चलेगी। शुभ स्थानों की यात्रा से पारिवारिक विवाद का समाधान होगा। कृषि से अच्छी आय। चापलूसी कार्य प्रणाली अपनायेंगे तो वर्चस्व अच्छा बना रहेगा। रचनात्मक प्रवृति बढ़ेगी। ता. 5, 16, 27, 30 अशुभ दायक रहेंगी। दिसंबर-इस माह में सरकारी क्षेत्र में तबादलों की स्थिति बनेगी। प्रेम-रोमांश से बचें तो ठीक, अन्यथा न्यायालय प्रकरण से परेशानी बढ़ेगी। साझेदारी कार्यों में विवाद जैसी स्थिति बनेगी। भूमि-भवन का शुभदायक योग से परिवार में खुशी रहेगी। भ्रष्टचारियों के चंगुल से बचें तो ठीक रहेगा। अन्यथा आर्थिक हानि होगी। ता. 7, 20, 22, 29 अशुभदायक होंगी। जनवरी 2013 ई.-वर्ष में नये कार्य ज्यादा होंगे। माह में मेहनत से सितारा बुलन्द होगा। दूर या समीप की यात्रा होगी। कानूनी विवाद से राहत मिलेगी। यात्रा में स्वास्थ्य में अचानक गिरावट बनेगी। राष्ट्र स्तरीय सम्मेलनों में भाग लेंगे। सम्मान प्राप्ति तथा पर्यावरण जन्य कार्य में लगे रहें तो अच्छा लाभ एवं कीर्ति बढ़ेगी। ता. 3, 14, 22, 24, 30 अशुभदायक रहेंगी। फरवरी-माह में शुभ समाचार मिलते रहेंगे। यात्रा योग भी अचानक अच्छी होगी। नये कार्यों में मित्र वर्ग मदद करेंगे। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेंगे। नौकरियों का अच्छा योग। देश-विदेश भ्रमण का योग भी बनेगा। ता. 4, 11, 23, 25 अशुभदायक रहेंगी। मार्च-माह में बैंक बैलेंस अच्छा रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से संतान प्राप्ति का योग बनेगा। शुभाशुभ खबरें मिलेंगी। वाहन से सावधान रहें। हवाई यात्रा में दुर्घटना का योग बनेगा। शत्रु पक्ष का षडयंत्र बाधक रहेगा। चालू कार्यों में रुकावटें आयेंगी। ता. 6, 14, 24, 29 अशुभ दायक रहेंगी।

सिंह-मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

स्वामी-सूर्य **नग-माणिक**

मार्च 2012 ई.-इस माह में परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सामाजिक जीवन में आपका वर्चस्व

बढ़ेगा। नौकरी-पेशा योग बनेगा। भवन प्रवेश संबंधी कार्य बनेगा। वाहन, मोटर, मशीन क्रय एवं उद्योग जैसा योग बनता है। ता. 2, 7, 17, 24 अशुभ दायक हैं। अप्रैल-इस माह में परिवार में मांगलिक खर्चों का कार्य होगा। कार्य क्षेत्र में अभिवृद्धि होगी। आकस्मिक धन लाभ का योग बनेगा। भवन तथा नौकरी से आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। विरोधी पक्षों द्वारा अशुभ प्रयास भी विफल हो जायेंगे। अपहरण जैसी घटना घट सकती है। दूर-दराज में चौकस रहें तो शुभ रहेगा। ता. 6, 13, 23, 26 अशुभदायक हैं। मई-इस माह में व्यापारिक तथा औद्योगिक गतिशीलता बढ़ेगी। साझेदारी में भी लाभ दायक योग बनेगा। धार्मिक व यज्ञादि कार्यों में खर्चा होगा। सामाजिक कार्यों में काफी पहल से कार्य करना पड़ेगा। कोर्ट-कचहरी के विवाद में विजय योग। विदेश यात्रा का योग बनेगा। अच्छे पुरस्कार प्राप्ति योग। ता. 8, 13, 20, 22 अशुभ दायक रहेंगी। जून-रोजगार के अवसर में रुकावट आयेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ेगा। नौकरी-पेशा वालों की मानसिकता बिगड़ेगी। दिनचर्या में परिवर्तन का योग बनता है। अधिकारियों की अनदेखी से धोखा एवं कोर्ट-कचहरी योग भी विशेष रहेगा। माह में लम्बी यात्रा नहीं करें, तो शुभ रहेगा। ता. 3, 12, 14, 21, 23 अशुभ फलदायी होंगी। जुलाई-माह में अध्ययन के प्रति कुछ बाधाएं आयेंगी। माता-पिता का स्वास्थ्य भी बिगड़ेगा। जल तत्व से हानि योग। पानी में डूबने का योग बनता है। स्वयं को भी खांसी जैसे रोग से परेशानी। कुलदेवी एवं कुलदेवता की साधना से समय व्यतीत करें, तो शुभ रहेगा। नया कार्य इस माह में नहीं करें। ता. 1, 4, 13, 22, 24, 27 अशुभ दायक हैं। अगस्त-इस माह में सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के कारण मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। नौकरी पेशा में तरक्की होगी। रिश्तेदारों से लेन-देन में सावधानी रखें। विदेश यात्रा का योग। मांगलिक कार्यों का खर्चा ज्यादा होगा। तकनीकि शिक्षा का लाभ भी मिलेगा। स्त्री वर्ग का शुभ सहयोग बनेगा। ता. 7, 12, 22, 26 अशुभ दायक रहेंगी। सितंबर-कार्य योजना में अधिकारियों द्वारा विशेष सहयोग मिलेगा। नये कार्य के लिए पूर्व या दक्षिण दिशा की यात्रा करनी पड़ेगी। रिश्तों में कुछ टकराव के कारण मन में उदासीनता बनेगी। शेयर्स बाजार का कार्य में हानि का योग बनेगा। भवन-भूमि का लेन-देन तथा बैंकिंग कार्यों में वृद्धि होगी। ता. 2, 8,

14, 20, 24 अशुभदायक रहेंगी। अक्टूबर-इस माह में व्यापारिक गतिविधियों की स्थिति सुधरेगी। नये स्थान पर सम्पर्क सूत्र बढ़ेगा। फिजूल खर्ची पर लगाम कसे यानि नियंत्रण रखना होगा। किसी की जमानत देनी पड़ सकती है। मोटर, वाहन, कानून का इल्जाम भी लग सकता है। कुछ अशुभ सूचनाएं भी प्राप्त होने का योग बनता है। वाहन से सावधान। ता. 1, 6, 12, 23, 27 अशुभदायक हैं। नवंबर-इस माह में पारिवारिक यात्रा का योग बनता है। भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए धन खर्चा का योग बनेगा। घरेलू मामलों में आपकी बातों पर ध्यान दिया जाएगा। परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। नये कार्यों में मित्र वर्ग मदद करेंगे। राजनैतिक स्तर बढ़ेगा। सामाजिक सेवाओं का दायित्व बढ़ने का योग विशेष बनता है। कुत्तों से सावधान। ता. 3, 9, 17, 22, 28 अशुभ हैं। दिसंबर-माह में मानसिक परेशानियां बढ़ेंगी। स्वास्थ्य प्रतिकूल भी हो सकता है। चिकित्सालय का सहारा लेंगे, तो ठी रहेगा। महामृत्युंजय मंत्र का जप करना शुभ दायक रहेगा। वैवाहिक स्थिति में भी टकराव जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। हिंसक जानवरों से बचकर रहें। पारिवारिक रिश्तों में उदासीनता रहेगी। ता. 1, 8, 17, 24, 27 अशुभ हैं। जनवरी 2013 ई.-माह में राजकीय पक्ष के कार्य बाधाएं बनेंगी। भौतिक साधनों में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा वाले को तरक्की जैसा वातावरण बना रहेगा। दोस्तों के द्वारा विद्या पक्ष में तकनीकि बनाने में रुचि बढ़ेगी। विश्वासघात जैसा योग भी। सावधान! व्यापारिक यात्रा का योग। उत्तरा माह अच्छा। ता. 6, 9, 14, 20, 24, 27 अशुभदायक हैं। फरवरी-माह में धार्मिक या उत्सव में भागीदारी होगी। संतान सुख का सामान्य योग बनेगा। समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में सोच समझकर कार्य करें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें। कुछ बाहरी लोग भी बुराई कर रहे हैं। आपकी शरण में आने की सोचेंगे। ता. 4, 12, 18, 27 अशुभ हैं। मार्च-पारिवारिक कार्य बढ़ेंगे। उच्चाटन या अन्य बाधा योग बनेगा। अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी। धंधा में कुछ हानि या छापा पड़ सकता है। अनियमित दिनचर्या चलेगी। मार-पीट या बदनामी जैसा योग बनेगा। बैंकिंग कार्यों में विफलता चलेंगी। वाहन प्राप्ति का योग अचानक बनेगा। शत्रु पक्ष मजबूत होने का योग है। ता. 2, 9, 14, 21, 26 अशुभ हैं।

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या

कन्या राशि चक्र

7 श., 5 मं., 8 रा., 6, 4, 9, 3, 10, सू.चं.बु., 2 के., 11, 12, 1 गु.शु.

स्वामी-बुध **नग-पन्ना**

मार्च 2012 ई.-व्यापारिक कार्यों में भागदौड़ चलेगी। स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता भी रहेगी। कारोबार में प्रगति का योग अच्छा बनेगा। परिश्रम का उचित फल मिलेगा। विदेश यात्रा का योग दो बार बनेगा। जायदाद बंटवारा संबंधी विवाद का योग। शनि की ढैया से वाहन प्राप्ति का योग, लेकिन दुर्घटना योग। सावधान। ता. 1, 6, 16, 23 नेष्ट हैं। **अप्रैल**-माह में संताप पक्ष की उच्च शिक्षा का योग बनेगा। स्वयं का स्वास्थ्य गिर सकता है। चापलूसों से बचकर रहें, तो अच्छा रहेगा। त्रुटि कर्ता आपसे क्षमा याचना भी मांगेगा। अत: माह में विजय योग बनता है। कहीं पर अच्छे मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भूमि-भवन क्रय-विक्रय का योग बनता है। ता. 4, 10, 12, 27, 31 चिन्तादायक रहेंगी। **मई**-नौकरी पेशे वालों का तबादला योग बनता है। आवश्यक कार्यवश राजनेता भी मदद करेंगे, करायेंगे। पुरानी पारिवारिक घटनाओं की चर्चा को पुन: स्मरण करने से रंजिश संबंधी कार्य बन सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना साथी अच्छी मदद भी करेगा। ता. 3, 12, 16, 22 चिन्तादायक हैं। **जून**-इस माह में अपने नजदीकी सदस्यों की सहभागिता का अच्छा लाभ मिलेगा। पशुओं के क्रय-विक्रय या गायों की सेवा का रख रखाव से आर्थिक लाभ मिलेगा। जीवन साथी के प्रति अनुराग में वृद्धि होगी। सामाजिक सेवा कार्य का अच्छा योग बनेगा। विदेश यात्रा का गमन। मांगलिक कार्य का खर्चा बढ़ेगा। भागदौड़ चलेगी। ता. 4, 9, 12, 18, 21 अशुभ हैं। **जुलाई**-इस माह में वित्तीय स्थिति अच्छी रहेगी। पुरानी पारिवारिक जायदाद का क्रय अच्छा है। राजकीय सेवा का योग बनता है। अग्नि तथा जल तत्व से बचकर रहें, तो शुभ रहेगा। संदेहात्मक स्थिति से दूर रहकर कार्य करें। सम्मान प्राप्ति भी। ता. 7, 15, 23, 28 अशुभ योग। **अगस्त**-सामाजिक दायित्वों का प्रभाव बढ़ेगा। मान-प्रतिष्ठा तथा राजकीय सम्मान का योग बनता है। पारिवारिक कलह तथा पत्नि से मन-मुटाव बाधा योग बनेगा। आवश्यक कार्यवश आपको विदेश गमन या राजनेताओं से सम्पर्क सूत्र साधना पड़ेगा। निश्चय ही कोई लाभकारी योजना की प्राप्ति होगी। भवन भी बनेगा। ता. 8, 14, 22, 28 अशुभदायक हैं। **सितंबर**-यह चिन्ता दायक एवं कार्य में हानि दायक रहेगा। धन हानि या अग्नि से सम्पत्ति को हानि होगी। विद्युत करंट भी लग सकता है। घर में विवाद बढ़ेगा। आत्म हत्या तक की बात बनने का आसार है। क्षमा याचना से गृह क्लेश को शांत करें। महामृत्युंजय जप तथा सुण्दरकाण्ड अथवा हनुमान चालीसा के पाठ करें, तो शुभ रहेगा। ता. 9, 20, 24, 28 अशुभ हैं। **अक्टूबर**-इस माह में अनजान लोगों पर विश्वास करना आपको भारी परेशानी में डाल सकता है। स्त्री वर्ग का भविष्य इस माह में ज्यादा संकटदायी रहेगा। राजकीय सेवा योग। तबादला आदि कार्य। रोजगार प्राप्ति का योग। वाहन तथा भूमि खरीद का भी योग बनेगा। प्रसूता स्त्री के लिए सूर्य ग्रह की साधना शुभदायक रहेगी। ता. 3, 8, 19, 24, 29 अशुभ हैं। **नवंबर**-आपके प्रयासों का लाभ होगा। राजनीति में कदम रखें तो भी सफलता का योग बनता है। आय-व्यय में संतुलन बना रहेगा। सौंपा गया कार्य नहीं किया तो आगे हानि या अपमान होने का योग बनता है। युवा वर्ग के लिए माह प्रेरणादायी एवं रोजगार प्राप्ति के योग। नौकरी के चांस बनेंगे। देर रात्रि में अकेले घर से बाहर न घूमें। ता. 1, 9, 14, 19 अशुभ हैं। **दिसंबर**-इस माह में पुराने विवादों पर घरेलू कार्यों में सफलता मिलेगी। आपका पारिवारिक जीवन सामाजिक योग में शुभ दायक समाचार लायेगा। व्यापारिक अथवा धंधे की भागदौड़ में स्वास्थ्य खराब होगा। सरकारी कार्यालयों में दिया गया कार्य सम्पन्न होने का योग बनेगा। वाहन प्राप्ति एवं सम्मान प्राप्ति भी। ता. 3, 7, 14, 21, 24 अशुभ दायक हैं। **जनवरी 2013 ई.**-पुराने अदालती मामलों में फैसला आपके हितदायक रहेगा। रिश्तेदारों में अनबन विवाद बनेगा। पत्नि से बिगाड़। मंगल दोष का प्रभाव बनेगा। किसी अनजान शक्स से पारिवारिक कार्यों में धोखा से बचें। मान-सम्मान प्राप्ति का भी योग। वाहन एवं भूमि लेनदेन से लाभ होगा। साझेदारी कार्यों में भी लाभ होगा। ता. 4, 13, 17, 27 अशुभ हैं। **फरवरी**-इस माह में आपके दाम्पत्य जीवन का मुद्दा सामने आयेगा। घरेलू विवाद भी बनेगा। पारिवारिक कार्यों में दायित्व बढ़ेगा। घर में शुभदायक कार्य भी होंगे। अनावश्यक सूचना पर चिन्तन नहीं करें। कृषि कार्य की स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन क्रय-विक्रय धंधा भी करने का योग। ता. 5, 11, 19, 27 अशुभ दायक हैं। **मार्च**-इस माह में अपने आपको आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यों में तल्लीनता से जुटे रहेंगे। लाभ-खर्चा का अच्छा योग बनेगा। व्यापार में भी दोस्तों द्वारा नया ऑफर मिलता रहेगा। वित्तीय स्थिति अच्छी होगी। नौकरी का योग। व्यापार में काला धंधा जैसा आक्षेप लग सकता है। भागदौड़ रहेगी। ता. 3, 9, 16, 17, 28 अशुभ हैं।

तुला-रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

तुला

तुला राशि चक्र

8 रा., 6, 9, 7 श., 5 मं., 10, 4, 11, 1 गु.शु., 3, 12 सू.बु.चं., 2 के.

स्वामी-शुक्र **नग-हीरा**

मार्च 2012 ई.-इस माह में व्यापार में किये गये परिश्रम का प्रतिफल आशा से अधिक प्राप्त होने से मन में उत्साह का संचार होगा। राजकीय कार्य परियोजनाओं से अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी पुराने मित्र से भेंट होगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। राज सेवा योग भी। ता. 1, 12, 23, 28 अशुभ हैं। **अप्रैल**-इस माह में पारिवारिक तथा मांगलिक कार्यों में बढ़ोतरी होगी। मित्रों से सभी प्रकार की सुख-सुविधाओं का लाभ होगा। भूमि-भवन का योग अच्छा बनेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संतान के स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ जैसा योग है। मां कुल देवी की पूजा करें। ता. 2, 8, 16, 25 अशुभ हैं। **मई**-माह में अनावश्यक कार्यों में धनखर्चा होगा। आर्थिक परेशानी से जीवन में उदासी का योग बनेगा। चोर या ऊपर से गिरने की घटना का योग बनता है। नैत्र पीड़ा से कुछ परेशानी बढ़ेगी। सामाजिक दायित्वों की वृद्धि होगी। कोर्ट में विजय। ता. 3, 9, 17, 27 अशुभ हैं। **जून**-इस माह में राजनैतिक कार्यों से भ्रमण ज्यादा करना पड़ेगा। सामाजिक संस्थाओं से भी कार्य की प्रक्रिया से जुड़ेंगे। वाहन प्राप्ति तथा अन्य घरेलू सामग्री का लाभ मित्र मण्डली द्वारा मिलेगा। अनजाने शक्स का भरोसा मत करें अन्यथा आर्थिक हानि हो जायगी। पशुओं से सावधान। ता. 6, 14, 23, 28 अशुभदायक हैं। **जुलाई**-माह में आर्थिक परेशानी बनेगी। रोजगार प्राप्ति का शुभ योग तथा राज-काज में लाभ मय पदोन्नति का अवसर बनेगा। पिता का स्वास्थ्य कुछ नरम होगा। नये संबंध में कुछ भागदौड़ पर सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग अच्छा मिलेगा। विदेशी सामग्री क्रय में रुचि बढ़ेगी। संतान लाभ भी। ता. 7, 19, 23, 29 अशुभ दायक हैं। **अगस्त**-माह में यात्रा प्रवास शुभ दायक रहेगा। पुराना उलझा हुआ कार्य बनेगा। सम्मान प्राप्ति से उत्साह बर्द्धन होगा। कार्य की गति बढ़ायें तो वांछित लाभ की प्राप्ति होगी। माता का स्वास्थ्य गिरेगा। व्यापारिक कार्य स्थल में कुछ सुधार भी होगा। भवन निर्माण में रुकावट जैसा योग है। ता. 8, 19, 24, 30 अशुभ हैं। **सितंबर**-इस माह में पुराना उलझा हुआ कार्य सुलझेगा। कार्य में गति बढ़ेगी। स्त्री पक्ष से अच्छे परामर्श की प्राप्ति से आर्थिक लाभ मिलेगा। मांगलिक कार्यों का संबंध भी होगा। राजनीति क्षेत्र में भी वर्चस्व बढ़ेगा। अन्य संगठनों में भी आपके प्रभाव से कार्य में अन्य को लाभ होगा। वित्तीय स्थिति श्रेष्ठ रहेगी। आय भी अच्छी। ता. 9, 20, 23, 29 अशुभ हैं। **अक्टूबर**-माह में कार्यों की भागदौड़ में स्वास्थ्य गिर सकता है। परिश्रम फल भी कम मिलेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। विदेश यात्रा का योग भी लाभदायक बनेगा। राजकीय सेवाओं का भी लाभ मिलेगा। संतान को उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा। मांगलिक कार्यों का शुभ योग भी बनेगा। तीर्थाटन का भी अच्छा लाभ मिलेगा। ता. 10, 21, 24, 30 अशुभ दायक हैं। **नवंबर**-माह में नये व्यक्तियों से सम्पर्क बढ़ेगा। वाहन प्राप्ति, सम्मान जनक कार्यों से नागरिक अभिनंदन जैसा योग बनेगा। वस्त्राभूषण प्राप्ति तथा धार्मिक कृत्यों का भी लाभ मिलेगा। पुराना रुका हुआ कार्य बनेगा। व्यापारिक गतिशीलता से मानसिक चिन्ता का भी निवारण होगा। साझेदारी कार्यों में एकाएक अच्छा लाभ होगा। ता. 10, 15, 22, 27 अशुभ हैं। **दिसंबर**-नये कार्यों में अभी हाथ इस माह में नहीं डालें। रिश्तेदारों से भी मन-मुटाव तथा विवाद जनक वार्ता बन सकती है। चापलूस वर्ग आर्थिक हानि करायेंगे। स्त्री वर्ग के सहयोग से इस माह कार्य

करेंगे, तो शुभ रहेगा। रचनात्मक कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी। लेकिन आलस्य के कारण सफलता नहीं मिलेगी। ता. 4, 12, 18, 23 अशुभ हैं। **जनवरी 2013 ई.**-यह माह आपके लिए प्रगति एवं आर्थिक दृष्टि से श्रेष्ठ रहेगा। मित्र एवं परिवार जनों से मिलने का योग बनेगा। मानसिक परेशानी बढ़ेगी। मांगलिक कार्यों के प्रति खर्चा योग ज्यादा बनेगा। वाद-विवाद भी लेन-देन से होने का योग है। प्रतियोगियों को शुभ समाचार मिलेंगे। तथा रोजगार प्राप्ति का अवसर मिलेगा। ता. 6, 7, 15, 16, 23, 24 नेष्ट हैं। **फरवरी**-ग्रह गोचर से सामाजिक कार्यों में अच्छी स्थिति बनेगी। आमदनी की प्राप्ति के अवसर बनेंगे। नये कार्यों का समीकरण बनेगा। राजनैतिक दृष्टि से यह माह काफी उत्साह वर्द्धक एवं सम्मान जनक रहेगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी। वाद-विवाद से बचकर रहें तो वर्चस्व बढ़ेगा। मानसिकता में तनाव मुक्ति। ता. 1, 2, 13, 14, 20 अशुभ हैं। **मार्च**-इस माह में विद्यार्थी एवं मजदूर वर्ग खुश रहेंगे। सरकारी सेवार्थ कर्मी चिन्ता जनक बनेंगे। आयकर प्रकरण से काफी उदासीन बनेंगे। भूमि-भवन तथा प्रकाशन संबंधी कार्यों में अग्रसर होंगे। बोर्ड या विश्व विद्यालय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। वाहन से सावधान भी रहें। ता. 4, 8, 16, 21, 24 अशुभ रहेंगी।

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

वृश्चिक

वृश्चिक राशि चक्रं

9 | 7 श. | 10 | 8 रा. | 6 | 11 | 5 मं. | सू.बु.चं. 12 | 2 के. | 4 | 1 गु.शु. | 3

स्वामी-मंगल **नग-मूंगा**

मार्च 2012 ई.-व्यापार एवं व्यवसाय में उन्नति होगी। समय के साथ संचलन में आप अच्छा लाभ प्राप्त कर पायेंगे। धूर्त लोगों से सावधान रहें। उधार प्रदत्त राशि प्राप्ति का योग बनेगा। यात्रा में अच्छा सम्पर्क बढ़ेगा। सामाजिक कार्यों में आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। राजकीय कार्यों में सफलता तथा नौकरी प्राप्ति का योग बनेगा। ता. 1, 7, 13, 17, 22 अशुभ हैं। **अप्रैल**-यह माह परेशानियों से मुक्त रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता का योग बनेगा। शनि की साढ़ेसाती के योग से आर्थिक हानि ज्यादा होने का योग बनेगा। पत्नी को केतु रोगी भी करेगा। विवादजन्य मामलों से बचकर चलें। सुन्दरकाण्ड का सात पाठ करना शुभदायक रहेगा। राजसेवा योग शुभ। ता. 1, 7, 20, 24 अशुभ हैं। **मई**-इस माह में पत्नी के सहयोग या स्त्री पक्ष के सहयोग से भाग्योदय कारक कार्य बनेगा। रोजगार प्राप्ति, भूमि-भवन लेन-देन का योग। मित्र वर्ग से काफी लाभ दायक बाते मिलेंगी। वाहन दुर्घटना से बचें। पारिवारिक कार्यों में गति तेज होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय योग बनेगा। ता. 2, 8, 14, 23 अशुभ हैं। **जून**-आर्थिक दृष्टि से यह माह चिन्तादायक रहेगा। पारिवारिक विवाद का प्रभाव सामाजिक दृष्टि से अशुभ भी होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी का योग तथा परिश्रम अधिक एवं लाभ कम वाला योग बनेगा। कहीं पर विशेष धोखा भी होगा। अन्य स्थान की यात्रा का योग भी बनता है। ता. 3, 11, 21, 27 अशुभ हैं। **जुलाई**-पारिवारिक कार्यों की गति बढ़ेगी। सबका अच्छा सहयोग मिलेगा। शत्रु पक्ष का प्रभाव शुभ दायक बन जायेगा। रोगजगार प्राप्ति योग बनेगा। सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ेगी। समाज में कोई नया कार्य सेवा रूप में मिलेगा। राजकीय कार्यों में भी सफलता का संचार होगा। स्वास्थ्य कुछ नरम होगा। ता. 4, 13, 19, 22, 26 अशुभ उदायक हैं। **अगस्त**-नवीन कार्य की योजना में आपको बांछित सफलता मिलेगी। दम्पत्ति पक्ष से कुछ शुभदायक कार्य होगा। संतान प्राप्ति तथा संतान का भाग्योदय तथा परिवार में मांगलिक कार्य बनेंगे। व्यापारिक स्थिति में कुछ चिन्ता दायक योग बनेगा। माह के अंत में कोई शुभ सूचना प्राप्ति का योग बनता है। ता. 5, 14, 22, 26, 29 अशुभ दायक हैं। **सितंबर**-इस माह में उत्तम कार्य होंगे। शुभ मांगलिक सूचनाएं मिलेंगी। परदेश गमन में भी लाभ होगा। बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। धार्मिक कार्य गति बढ़ेगी। मित्र वर्ग भी आपको अच्छा सहयोग देगा। नये कारोबार में भागदौड़ भी चलेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। चौपाये जानवर क्रय-विक्रय से लाभ होगा। ता. 6, 15, 23, 28 अशुभ दायक हैं। **अक्टूबर**-इस माह में आपको अपने व्यक्ति भी पराये नजर आयेंगे। घरेलू कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। रोग कारक समय भी रहेगा। ऊपर की चोट का भय रहेगा। अकस्मात् विदेशी यात्रा में परेशानी भी बनेगी। राजनैतिक कुयोग जैसी प्रतीत होगी। पुत्रादि से भी फालतु विवाद बनेगा। माह अशुभ दायक रहेगा। सावधान। ता. 7, 17, 24, 28, 29 अशुभ हैं। **नवंबर**-व्यापारिक कार्य अच्छा होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। घरेलू झगड़ों से बचें। भोग विलास एवं अन्य पारिवारिक झगड़ों में राशि खर्च होगी। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। कुछ मानसिक स्थिति में विकृति का योग बनेगा। माह में परिवर्तन योग ज्यादा है। स्त्री वर्ग आपकी अच्छी मदद करेगी। वाहन योग भी। ता. 7, 18, 24, 30 अशुभ हैं। **दिसंबर**-इस माह में मानसिक उलझनें बढ़ेंगी। स्त्री वर्ग तथा संतान से भी बाधाएं आयेंगी। राजपक्ष में शुभ कार्य बनेगा। नेत्र पीड़ा का योग। पथरी व अन्य उदर रोग बाधा योग बनेगा। उपाय शिवोपासना महाकाल भैरव की पूजा करें। कुटुम्ब परिवार एवं अन्य परिजनों से कार्य का विशेष लाभ मिलेगा। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। ता. 8, 18, 24, 29 अशुभ दायक हैं। **जनवरी 2013 ई.**-इस माह में सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। अन्यत्र कुछ धार्मिक यात्राओं में जाना पड़ सकता है। राजकीय कार्यों में लाभ अच्छा होगा। भूमि-भवन के लेन-देनों में अपनी कार्य प्रणाली को बढ़ा सकते हैं। विदेशी यात्रा एवं आर्थिक लाभ का योग बनता है। नवीन व्यापार के उद्योग में उत्साह वर्धक कार्य बनेगा। स्त्री वर्ग से सौहार्द पूर्ण वार्ताओं के योग से कार्य सफलता बनेगी। ता. 4, 13, 19, 22, 30 अशुभ हैं। **फरवरी**-इस माह में शत्रु पक्ष में वृद्धि होगी। आपके सामने कुछ नये धंधे की योजना बनेगी। परिवार में कुछ परेशानियां भी आयेंगी। भागदौड़ में धन खर्चा, लेकिन मांगलिक कार्य होगा। मां भगवती की आराधना से संकट का निवारण हो सकता है। पत्नी की ओर से आपको सामाजिक दायित्व सौंपा जायेगा। ता. 5, 7, 19, 22, 24, 28 अशुभ हैं। **मार्च**-इस माह में सामाजिक मन-मुटाव बनेगा। स्थान परिवर्तन का योग। परिवर्तन दायक योग भी। धंधा में नवीनता का प्रस्ताव मित्रों की ओर से आयेगा। रचनात्मक पहलू में रुचि बढ़ेगी। सम्मान प्राप्ति जैसा योग बनेगा। पत्नि बीमार हो सकती है। शिवोपासना करें तो शुभ दायक रहेगा। ता. 3, 13, 18, 24, 27 अशुभ दायक हैं।

स्वामी-गुरु **नग-पुखराज**

मार्च 2012 ई.-इस माह में आपको अपना व्यावसायिक प्रतिवादों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। अन्यथा हानि का योग बनेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। संतान के विवाह संबंधी चिन्ताएं दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्य होगा। ता. 6, 13, 24, 27 अशुभ दायक हैं। **अप्रैल**-इस माह में धन लाभ अच्छा होगा। खर्च की मात्रा बढ़ेगी। माह के उत्तरार्द्ध में कुछ समय अच्छा आयेगा। राजनीति पार्टी में कुछ अच्छा योग। वर्चस्व बढ़ेगा। घरेलू कलह से चिन्ता बन सकती है। पुत्रादि प्राप्ति का योग बनता है। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान भी बढ़ेगा। वाहन प्राप्ति का योग। ता. 4, 12, 23, 28 अशुभ दायक हैं। **मई**-माह में स्वास्थ्य नरम रहेगा। व्यापारिक गतिशीलता बढ़ेगी। विदेशी कार्य की गति भी तेज होगी। आलस्य वश कुछ आर्थिक हानि होगी। स्वाध्याय बढ़ायें तो शुभ रहेगा। मांगलिक कार्य का खर्चा बढ़ेगा। तीर्थाटन का भी अच्छा योग बनता है। धन के क्षेत्र में मित्र वर्ग अच्छी मदद करेंगे। ता. 7, 15, 21, 29 अशुभ दायक हैं। **जून**-माह में चलते कार्यों में बाधाएं आयेंगी। भाग्योदय का शुभ क्षेत्र, राजकीय सेवा का शुभ योग एवं देश-देशांतर में भ्रमण का योग भी बनता है। प्रेमी प्रसंग से बचें तो ठीक अन्यथा रोमांश में मान-सम्मान में न्यूनता बनने का योग है। संगठनात्मक कार्यों में अपनी सेवाएं देंगे। ता. 9, 16, 24, 30 अशुभ दायक हैं। **जुलाई**-इस माह में वास्तु दोष का समाधान करायें, तो श्रेष्ठ रहेगा। व्यापार में उन्नति का योग। नया व्यवसाय जैसी स्थिति तथा सगाई संबंध योग बनता है। कार्य में अपनी भावनात्मक स्थिति से चेतना आयेगी। रुके हुए कार्य बनेंगे। विवाद जन्य कार्यों से परहेज रखें। आलस्य वश हानि भी संभव है। ता. 8, 19, 23.

27 अशुभ हैं। **अगस्त**-इस माह में धार्मिक आयोजन ज्यादा होंगे। पुराने कार्यों की गति बढ़ेगी। कृषक वर्ग, व्यवसायी वर्ग, विद्यार्थी वर्ग में प्रगति दायक कार्यों में व्यस्तता चलेगी। मुकाबलों में विजय। रचनात्मक गति का प्रभाव बढ़ेगा। मान-सम्मान के साथ वर्चस्व बढ़ेगा। ता. 10, 24, 29, 31 अशुभ रहेंगी। **सितंबर**-व्यापार एवं व्यवसायिक उन्नति होगी। समय के साथ सहयोग की भी स्थिति श्रेष्ठ बनेगी। विवादजन्य कार्यों में तथा कोर्ट संबंधी कार्यों में विजय योग बनता है। समय की गति से आपको काफी आर्थिक लाभ भी होगा। राजकीय कार्य व्यवस्था में भी सुधार तथा सफलता मिलेगी। ता. 4, 13, 19, 23, 25 अशुभ हैं। **अक्टूबर**-रचनात्मक एवं साहित्यिक गतिविधियों में शृंखलात्मक लाभ का योग बनता है। दाम्पत्य जीवन में कुछ अनबन का योग बनता है। सामाजिक दृष्टि से काफी कार्य भार भी बढ़ेगा। स्त्री पक्ष से विवाद का बवण्डर भी बन सकता है। नौकर वर्ग से सावधान भी रहें। मित्र मदद करेंगे। ता. 2, 13, 19, 25 अशुभ हैं। **नवंबर**-इस माह में आपका कार्य एवं व्यवहार अच्छा रहेगा। मांगलिक कार्यों का खर्चा बढ़ेगा। कुछ मर्यादा भंग जैसी घटना घटेगी। छोटे बच्चों के व्यवहार से बचाव योग भी। धार्मिक कार्यों में चिन्तन-मनन-मंथन चलता रहेगा। विदेश यात्रा या नौकरी का भी अच्छा योग बनता है। प्रतियोगिता में सफलता का योग। ता. 1, 6, 13, 18, 22 अशुभ हैं। **दिसंबर**-इस माह में साम्प्रदायिक गतिविधियों में कुछ हानि, स्वास्थ्य गड़बड़, संतान के लिए भी अशुभ दायक तथा कार्य की गति में रुकावट बनेगी। किसी अनजाने व्यक्ति से विवाद भी हो जाये तो नई बात नहीं। चोरी की घटना भी घटने का योग है। सामाजिक सेवा में आपका नया वर्चस्व एवं दायित्व का निर्वहन होने का भी योग है। ता. 2, 8, 18, 23, 29 अशुभ हैं। **जनवरी 2013 ई.**-इस माह में आपके ग्रह योग अच्छे हैं। आपके ही अपने मतभेद से कुछ अनहोनी घटनाएं घटेंगी। आलस्य के प्रभाव से कुछ कार्यों में रुकावट हो जाएगी। वाहन, भूमि-भवन के लेन-देनों में लाभ होगा। भाई बंधुओं से कुछ मतभेद भी चलेगा। व्यावसायिक गति में कुछ नया संशोधन से आर्थिक हानि भी बनने का योग है। सावधान! ता. 3, 14, 24, 28 अशुभ दायक हैं। **फरवरी**-बैंक बैलेंस की वृद्धि का योग। मांगलिक कार्यों में भी लाभ। तीर्थाटन में भी लाभ यानि यह माह आर्थिक दृष्टि से अच्छा रहेगा। वाहन क्रय में कुछ चिन्ता बन सकती है। मित्र वर्ग के धोखे से बचें। आपकी शत्रुता से कुछ बाधाएं एवं कार्य क्षमता में ठेस पहुंच सकती है। कार्य बढ़ेगा। ता. 4, 13, 19, 24 अशुभ हैं। **मार्च**-इस माह में पूजा-पाठ तथा परीक्षाओं की दृष्टि से मानसिकता में कुछ चिन्ता का भूत सवार रहेगा। विलासिता पूर्ण जीवन का योग भी बनेगा। तनावपूर्ण वातावरण से बचें। यश प्राप्ति के अच्छे अवसर मिलेंगे। यातायात संबंधी निर्णयों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। तकनीकि शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। ता. 4, 18, 23, 27 अशुभ दायक रहेंगी।

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

मकर

मकर राशि चक्रं

सू.चं.बु. 12 | 11 | 10 | 9 | 8 रा. | 1 गु. शु. | 7 श. | 2 के. | 4 | 6 | 3 | 5 मं.

स्वामी-शनि **नग-नीलम**

ता. 26 दिसं. शाम को बुधास्त का होना तूफानी मंदी की चाल देने वाला होगा। जो वस्तुएं ता. 25 तक विशेष तेज रही होंगी, उनमें मंदी का श्रीगणेश होगा। सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, तिल, तेल के भावों में तेजी का बिगुल बजेगा। एक से डेढ़ माह में मोटा लाभ होगा। **लक्ष्मी चांस**-ता. 8 जन. प्रात: 9 के लिए दुतर्फा गली लगायें। ता. 14 की शाम 15 के लिए दुतर्फा व ता. 26 की शाम 27 के लिए मंदी लगाना।

पौष-पौष मास में पांच शनिवार व पांच रविवारों का होना घटावढ़ी व मंदी के रियेक्शन के साथ तेजी का ट्रेन्ड बनाते हैं। बदी चतुर्दशी का क्षय एवं बुधास्त मंदी कारक है। ता. 28 दिसं. शाम पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में सूर्यदेव के प्रवेश से गुड़, खाण्ड, सरसों, सोयाबीन, तेल, हल्दी, गुग्गल, चांदी, कपूर, ऊन, सन, पाट के भावों में तेजी। बदी सप्तमी को धनु राशि में शुक्र के प्रवेश से रुई, कपास, बिनौला, खली, सूत, वस्त्र, गेहूं, जौ, चना, सोना, चांदी, तांबा आदि धातुओं के भावों में वृद्धि होगी। ता. 5 जन. से सफेद रंग की वस्तु, ग्वार, रुई, चांदी, कपूर, तिल, तेल, सोयाबीन, जिंक, लैड, क्रूड ऑयल, मेंथा, कॉपर, गैस के भावों में वृद्धि होगी। वायदा मार्केट में विशेष तेजी। **नोट**-जिस वायदा मार्केट में ता. 5 जन. को ता. 4 के बने नीचे भाव से टूटें, उसे बेचकर ता. 10 तक ही लाभ उठाना चाहिए। ता. 13 को मकर राशि में सूर्य के प्रभाव से गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तेल, रुई, पाट में मंदी। सोना, चांदी, शेयर्स में नरमी। **नोट**-जिस वायदा या हाजिर वस्तु में ता. 14 जन. को ता. 12 के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब उसी वस्तु में तेजी का चांस ता. 24 जन. तक सम्पन्न होगा। ता. 21 जन. से सुपीरियर चाल तेलों में होगी। ता. 25 जन. कुंभ राशि में मंगल के प्रवेश से अन्न, रुई, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना में घटबढ़ साथ तेजी। **लक्ष्मी चांस**-ता. 2 जन. प्रात: दुतर्फा गली, ता. 14 व 25 की प्रात: अगले दिन की दुतर्फा गली लगायें।

माघ-माघ माह पांच चन्द्रवारों से युक्त तथा प्रतिपदा चन्द्रवारी श्लेषा नक्षत्र युक्त होने से जोरदार मंदी की चाल ग्वार, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोंठ, मसूर, सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड में एक सप्ताह तक चलेगी। ता. 28 जन. दोपहर बाद मकर राशि में शुक्रदेव के प्रवेश से गुड़, खाण्ड, चीनी, घी व गेहूं, जौ, चना, मटर, चावल, मक्का के भावों में तेजी। रुई में घटबढ़ से तेजी। ता. 30 जन. प्रात: मार्गी गुरु के प्रभाव से ता. 30 जन. से तूफानी मंदी की चाल सोना, चांदी, रुई, जूट, पाट, हल्दी, मूंग, मोंठ, चना, गेहूं, चावल, तांबा, रस पदार्थ विशेष चलेंगे। **नोट**-जिस वस्तु के भाव ता. 29 जन. के बने ऊंचे भाव से ता. 30 को बढ़ जायेंगे, तब उसी में तेजी का चांस ता. 2 फर. तक सम्पन्न होगा।

ता. 3 फर. की प्रात: कुंभ राशि में बुधदेव के प्रवेश से रुई, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, सोयाबीन, सरसों में जोरदार गिरावट होगी। जो ता. 8 फर. तक तूफानी चाल देने वाला होगा। उपरोक्त वस्तुओं के वायदा बाजारों में अगर ता. 3 को ता. 2 के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब तेजी का चांस ता. 8 फर. के 12।10 बजे तक सम्पन्न होगा। ता. 11 फर. चन्द्रदर्शन से नरमी। ता. 12 फर. कुंभ संक्रांति 30 मुहूर्ती से तेल, सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, अलसी, राई के भावों में विशेष तेजी। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, पाट, जूट, बारदाना के भावों में मंदी। **नोट**-उपरोक्त वायदा वस्तुओं में ता. 13 फर. को 12 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, तब मंदी होगी। बाद में ता. 14 फर. को भी मंदी चले तब मंदी ता. 25 तक। लेकिन ऊंचे भाव क्रॉस होने पर तेजी। ता. 15 की शाम शुक्रास्त के प्रभाव से धान्यों में पहले तेजी आकर फिर मंदी। ता. 21 को प्रात: कुंभ राशि में शुक्रदेव के प्रवेश से सफेद रंग की वस्तुओं, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, ग्वार तथा रस पदार्थों में मंदी। ता. 23 फर. को बुध वक्री होकर, ता. 25 रात्रि में बुधास्त का होना वर्ष का सर्वश्रेष्ठ चांस सम्पन्न होगा। यहां पर ता. 23 से 25 फर. तक घटबढ़ होगी, बाद में बुधास्त का प्रभाव अगले माह दृष्टिगोचर होगा। **लक्ष्मी चांस**-3 फर. को 5 के लिए एवं ता. 8 फर. को 9 की दुतर्फा गली लगायें।

फाल्गुन-माह में पांच मंगलवार एवं पांच ही बुधवारों के योग से तेजी की प्रधानता व्यापारिक वस्तुओं में होगी। कृष्ण पक्ष में द्वादशी तिथि क्षय से नरमी की चाल प्र. पक्ष में रहेगी। और द्वितीय पक्ष में षष्ठी तिथि वृद्धि भी नरमी कारक है। ता. 26 फर. की शाम शतभिषा में शुक्र के प्रभाव से गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, रुई, कपास, घी, सरसों के भावों में तेजी होगी। क्रूड ऑयल, लोहा, तांबा, जिंक, लैड के भावों में मंदी। **नोट**-अगर ता. 27 फर. को 26 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, तब मंदी का चांस ता. 8 मार्च तक सम्पन्न होगा। मैंथा ऑयल में मंदी होगी।

ता. 10 मार्च रात्रि में बुधोदय का प्रभाव ता. 11 को घटबढ़ करेगा। ता. 12 को 11 के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूट जाए उसे बेचकर ता. 16 मार्च तक व्यापार करें। ता. 14 मार्च की शाम से पूर्व मीन संक्रांति का प्रभाव विशेष रूप से सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, चीनी, सोयाबीन, तिल, सरसों, अलसी के भावों में तेजी कारक होगी। अनाजों में कुछ तेजी आकर फिर मंदी। ता. 18 मार्च मीन राशि में शुक्र का प्रवेश धान्य, सरसों, तिल, सोयाबीन, तेल, गुड़, खाण्ड में नरमी करेगा। रुई, चांदी के भावों में वृद्धि। **नोट**-ता. 15 मार्च को 14 के बने नीचे भाव से जिस वायदा या हाजिर वस्तु के भाव टूट जाएं, तब उसी वस्तु में मंदी ता. 20 मार्च तक चलेगी। ता. 18 मार्च को ता. 17 के बने ऊंचे भाव से उपरोक्त वस्तुओं में से जिस वस्तु के ऊंचे बने भाव से मार्केट बढ़े, तब तेजी की धारणा बनाकर ता. 27 मार्च तक लाभ उठाया जा सकता है।

ता. 20 मार्च को होलाष्टक लगने से मार्केट का रुख घटबढ़ या मामूली उतार-चढ़ाव में रहेगा। ता. 26 मार्च को प्रात: रेवती में मंगल का प्रवेश चांदी के भावों में उछाला करेगा। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोंठ, ग्वार, ज्वार, बाजरा में मंदी बनेगी। मेंथा में घटबढ़ से मंदी। **लक्ष्मी चांस**-ता. 26 को 27 फर. की तेजी लगाना। ता. 8 मार्च को 9 की दुतर्फा गली दोपहर में लगाना। ता. 18 को प्रात: भी दुतर्फा गली लगाना।

चैत्र कृष्ण पक्ष-पक्ष में तिथि क्षय नरमी को बल देगा। माह का प्रथम दिन गुरुवार हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग से युक्त होने से सोना, चांदी, तांबा, ग्वार, चना, जीरा, कालीमिर्च, सरसों, सोयाबीन, तेल के हाजिर व वायदा वस्तुओं में तूफानी तेजी। जो एक सप्ताह तक चलेगी। **नोट**-अगर उपरोक्त किसी वस्तु में ता. 28 मार्च को या बाद में ता. 27 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, तब मंदी की चाल ता. 2 अप्रैल तक जानना। ता. 31 मार्च की प्रात: रेवती नक्षत्र में सूर्यदेव के प्रवेश से रुई, चावल, चांदी, सरसों, अलसी, लाख, गेहूं, जौ, चना में तेजी कारक होने से नीचे भाव मिलने पर स्टॉक करें। किन्तु उच्च स्तरीय भाव मिलें तब कतई स्टॉक न करें। यही चाल पक्ष के अंत तक चलेगी। चैत्र बदी अमावस्या को मीन राशि में बुध के प्रवेश से रुई के भावों में तेजी होगी। गेहूं, गुड़, खाण्ड में वर्ष की लास्ट मंदी चलेगी। सोना, चांदी में तेजी होकर मंदी का झुकाव आगे बनेगा। मैंथा ऑयल में जोरदार मंदी। **स्पेशल लक्ष्मी चांस**-ता. 30 मार्च को प्रात: 31 की दुतर्फा गली लगाना। ता. 3 अप्रैल को 4 के लिए तेजी लगाना। ता. 10 अप्रैल को 11 बजे ता. 11 के लिए मंदी लगाना।

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव सं. 2069 वि.

चैत्र-वि.सं. 2069 चैत्र मास का नवीन चन्द्रदर्शन दिनांक 24 मार्च सन् 2012 ई. शनिवार को हो रहा है। चन्द्रदर्शन मेष राशि अंतर्गत अश्विनी नक्षत्र में हो रहा है। अतः इसकी दक्षिणी शृंग (नोंक) ऊंची होगी, जो सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी को बल प्रदायक है। उदित समय इसका वर्ण रक्त होगा। अतः सोना, चांदी, सूत, सन, पाट, बारदाना, कपासिया के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। गुरुवासरी अमावस्या व पूर्णिमा अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से मंदी को बल। गेहूं, जौ, चना, मटर, बाजरा में मंदी। सींगदाना, बिनौला, तिल, तेल, मटर, सोयाबीन, सूर्यमुखी तेज। लोहा, शीशा, जस्ता, शेयर्स के भाव घटाबढ़ी से तेज।

वैशाख-वैशाख मास का नवीन चन्द्रदर्शन 22 अप्रैल सन् 2012 ई. सोमवार को हो रहा है। जो शशि उगै सोम शनि से तीस दिनों के अंदर अनाजों के भावों में तेजी का संकेत। चन्द्रदर्शन वृष राशि अंतर्गत है अतः इसका दक्षिण शृंग (नोंक) उच्च होगा। जो तेजी को बल प्रदायक है। चांदी, शीशा, जस्ता, रांगा, कलई के भावों में तेजी। सोना, सूत, कपास, शेयर्स, जूट, पाट, बारदाना, सूती वस्त्र, रंग, रोगन के भावों में अस्थिरता को बल मिलेगा। गुड़, चीनी, अफीम, शक्कर के भावों में तेजी। सरसों, तिल, अरण्डी, सोयाबीन के भावों में नर्मी-गर्मी की अधिकता रहेगी। धनियां, सौंठ, मिर्च, कपूर, दालवाना तेज। नमक, दूध, दही, रसीले फल के भावों में तेजी।

ज्येष्ठ-दिनांक 22 मई 2012 मंगलवार को ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन मिथुन राशि अंतर्गत मृगशिर नक्षत्र व 30 मुहूर्त्ती है। उदित समय इसके दोनों शृंग (नोंक) शूल के समान व उच्च होंगे जो कि प्रत्येक जिन्सों में तेजी। अन्न व वायदा व्यापार के भावों में तेजी। रुई गिरकर तेज। सोना, चांदी के भावों में घटाबढ़ी तो होगी लेकिन मान तेजी का ही रहेगा। घी, तिल, तेल, मूंगफली, अरण्डी, सोयाबीन तेज। रुई, कपासिया, सूत में 8 से 10 प्रतिशत, शेयर, पाट, बारदाना, जूट, पटसन में 50 से 80 प्रतिशत तक की तेजी। ज्वार, बाजरा, मक्का में स्थिरता को बल। रसायन पदार्थ, रसीले फल व पदार्थ, किराना तेज।

आषाढ़-दिनांक 21 जून 2012 को आषाढ़ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 45 मुहूर्त्ती पुनर्वसु नक्षत्र व कर्क राशि अंतर्गत हो रहा है। उदित समय वर्ण श्वेत व दोनों शृंग (नोंक) समान होंगे। अतः गेहूं, जौ, चना, सूत के भावों में तेजी। रुई, सूत, सूती व रेशमी वस्त्र, सरसों, घी, तिल, तेल के भावों में तेजी। सोना, चांदी, गुड़, शक्कर के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। यदि आज उदित समय चन्द्रमा पर मंडल हो तो ज्वार, बाजरा, मक्का के भावें में मंदी। उड़द, मूंग, मसूर, अरहर में घटाबढ़ी से तेजी। गैस, सोनमक्खी के भावों में भी तेजी।

श्रावण-ता. 21 जुलाई 2012 ई. शनिवार को मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन मघा नक्षत्र व सिंह राशि के अंतर्गत हो रहा है। उदय काल में इसका वर्ण श्वेत रंग का होगा। अतः सोना, चांदी, स्टील, पीतल के भावों में तेजी। रुई, सूत, पाट, पटसन, बारदाना, शेयर्स, जूट के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। गेहूं, जौ, चना, मटर के भावों में सुधार। उड़द, मूंग, मसूर घटाबढ़ी से गिरकर तेज। मक्का, ज्वार, पशुचारा के भावों में तेजी। सरसों, तिल, तेल, अलसी, सींगदाना, बिनौला, खोपरा के भाव भी आलस्य त्याग देंगे। गुड़, शक्कर, घी, चावल में स्थिरता। कालीमिर्च, उड़द, जीरा, कपूर, केसर तेज। जीवनोपयोगी वस्तुओं के भावों में भी तेजी बनेगी।

प्र0 भाद्रपद-दिनांक 19 अगस्त 2012 ई. रविवार को प्र.भाद्रपद मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन पूर्वाफाल्गुनी, 45 मुहूर्त्ती व कन्या राशि अंतर्गत हो रहा है। उदित समय पीत वर्ण व इसके दोनों शृंग (नोंक) समान होंगे। जो कि प्रत्येक व्यापारिक जिन्स में तेजी का झटका देगा। राई, सूत, सूती वस्त्र, पाट, बारदाना, हैशियन, शेयर्स बाजार में तेजी को बल प्राप्त होगा। चांदी घटाबढ़ी से तेजी लेगी। रंग, रोगन, गेरू, मज्जा, अरहर, सोना के भावों में तेजी। लकड़ी, पत्थर, कोयला तेज। अन्न के भाव तेजी लेकर गिर जायेंगे। अन्न उत्पादन उत्तम होगा। गुड़, चीनी, घी में तेजी। सरसों, सींगदाना, अरण्डी, लाहा, करण्डा में तेजी। आलू, प्याज, अदरख के भावों में तेजी।

द्वि0 भाद्रपद-दिनांक 17 सितंबर 2012 ई. सोमवार को द्वितीया (अधिक मास) का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन वृश्चिक राशि अंतर्गत व 15 मुहूर्त्ती है। अतः पारा, स्टील, पीतल में तेजी। शेयर्स बाजार में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व अच्छी मंदी के झटके आयेंगे। सूत, सन, पाट, बारदाना, वेजीटेबल, पशुचारा के भावों में तेजी। चांदी गिरकर सुधार ले। ऑवरेज में चलती लाईन में परिवर्तन।

आश्विन-दिनांक 17 अक्टूबर सन् 2012 ई. बुधवार को आश्विन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन विशाखा नक्षत्र व वृश्चिक राशि अंतर्गत व 45 मुहूर्त्ती है। उदित समय दोनों शृंग (नोंक) समान व वर्ण श्वेत से बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। रुई, सूत, पाट, बारदाना, जूट, पाट, हैशियन के भाव गिरकर तेज व सोना, चांदी, स्टील, तांबा घटाबढ़ी से तेज। ज्वार, बाजरा, मक्का, मौंठ, उड़द, चना, मघ, मसूर में तेजी को बल मिलेगा। धनियां, सौंठ, मिर्च, हींग, मेवा, गोला के भावों में तेजी।

कार्तिक-ता. 15 नवंबर 2012 ई. गुरुवार को मास का नवीन चन्द्रदर्शन ज्येष्ठा नक्षत्र अंतर्गत व 15 मुहूर्त्ती में हो रहा है। उदित समय उत्तरी शृंग (नोंक) ऊंची होगी जो घटाबढ़ी से समता को बल देगा। गुड़, शक्कर, घी, चीनी में मंदी। घी, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, अरण्डी, लाहा, अलसी व रेशम के भाव गिरकर तेजी लेंगे। सोना, चांदी गिरकर तेज होंगे। ज्वार, बाजरा, मक्का, मौंठ, उड़द के भावों में नर्मी। दालवाना में सुस्ती व अनाजों में भी स्थिरता को बल मिलेगा। आलू, प्याज व कंद-मूल के भावों में सुधार। धनियां, सौंफ, सौंठ, हल्दी के भाव गिरकर सुधार लेंगे। पशुचारा, कोयला, गैस, लकड़ी के भाव तेज।

मार्गशीर्ष-दिनांक 14 दिसंबर 2012 शुक्रवार को मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्त्ती व उदय काल में इसका वर्ण श्याम (काला) होगा व दोनों शृंग (नोंक) समान होंगे। जो कि प्रत्येक जिन्स में घटाबढ़ी। सोना, चांदी, स्टील, पीतल, जस्ता व धातुवाना, शेयर्स में घटाबढ़ी से तेजी। अलसी, अरण्डी, सींगदाना, सोयाबीन, मूंगफली, खोपरा के भाव में गिरकर सुधार। रुई, सूत, सन, पाट, शेयर्स, हैशियन के भावों में तेजी। गुड़, घी, चीनी, चावलों के भावों में तेजी।

पौष-ता. 13 जनवरी सन् 2013 रविवार को पौष मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्त्ती से सोना, चांदी, जस्ता, शेयर्स व तांबा के भावों में तेजी। किसी-किसी धातुवाना में चमक। गुड़, शक्कर, घी, चीनी, चावल में नर्मी। रुई, सूत, कपास के भावों में तेजी। ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मसूर, अरहर, गेहूं के भावों में तेजी। इलायची, गुग्गल, कस्तूरी, केशर, चाय, दालचीनी के भावों में तेजी। सरसों, तिल, सोयाबीन तेल के भाव गिरकर सुधार लेंगे।

माघ-12 फरवरी सन् 2013 ई. सोमवार को माघ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 15 मुहूर्त्ती है। घी, चावल, धान के भावों में तेजी। रुई में 10, 15, 25 की तेजी। कपास में 3 से 15 तक की तेजी। शेयर, पाट, बारदाना, जूट, हैशियन, कपासिया के भाव उठकर गिर जायेंगे। उड़द, चना, मसूर के गिरे भावों में सुधार। ऊन व ऊनी वस्त्रों के भाव मंदी का मान करेंगे। हल्दी, जीरा, मिर्च, नारियल, गोला, सोयाबीन के भावों में तेजी। पोस्त, अफीम में भी तेजी।

फाल्गुन-दिनांक 13 फरवरी सन् 2013 ई. को फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्त्ती है। उदित समय इसका वर्ण पीत होगा। अन्न के संग्रह को आयी तेजी में बेचकर लाभ लें, स्टॉक न रखें। शेयर्स, रुई, सूत, सन, ऊन, बारदाना में घटाबढ़ी से तेजी। गुड़, चीनी, खाण्ड, शक्कर के भावों में मंदी। ज्वार, बाजरा, ग्वार, अरहर, मूंग में घटाबढ़ी। सीसा, पीतल, स्टील, तांबा घटाबढ़ी से तेज। सोना स्थिर, चांदी तेज। जीरा, कालीमिर्च व गुग्गल, अदरक, दालचीनी के भावों में नर्मी। रक्त वर्ण की वस्तुओं में मासान्त तक तेजी।

लेखक-पं. अनिल कुमार व्यास

सन् 2012 में ग्रहों का शेयर्स मार्केट पर प्रभाव

जनवरी-ता. 4 धनु के शुक्र योग से शीत प्रकोप, केमीकल्स, रसायन, साफ्टवेयर, इलेक्ट्रिकल्स व इंजीनियरिंग, वित्तीय संस्थानों के शेयर्सों में तेजी। ता. 5 जनवरी तिथि वृद्धि भावों में मंदी। ता. 9 सोमवासरी पूर्णिमा घटाबढ़ी से मंदी का झटका। ता. 10 भावों में घटाबढ़ी से गिरकर सुधार। ता. 14 मकर संक्रांति शनिवासरी से आयरन, धातु, मेडीसन, रसायन, इजी0, विद्युत, काली जिन्सों के शेयर्सों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 18 जनवरी योगक्षय से भावों में एकतरफा तेजी का झटका। ता. 23 सोम माघी अमावस्या सभी चुनिन्दा शेयर्सों के भावों में मंदी। ता. 24 मंदी का दौर। ता. 28 पंचमी शनि. योग भाव गिरकर तेजी। ता. 30 घटाबढ़ी से तेजी। माह की ता.1, 3, 5, 8, 9, 13, 16, 19, 22, 24 को सामान्य तेजी।

फरवरी-ता. 1 भाव दोपहर बाद गिरकर सुधार लेंगे। ता. 3 मीन के शुक्र घटाबढ़ी से मंदी का झटका। ता. 7 भौमवासरी पूर्णिमा लगभग सभी शेयर्सों में सुधार। चुनिन्दा शेयर्सों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 8 शनि वक्री भारत के कई राज्यों में हिंसक घटनायें, अफवाहों के जोर से मंदी का योग। ता. 13 कुंभ संक्रांति सोमवासरी है, अतः दो दिन तक घटाबढ़ी से भावों में मंदी। ता. 17 तिथि क्षय घटाबढ़ी से सुधार। ता. 21 मंगलवासरी अमावस्या से तेजी। ता. 24 फरवरी तिथि वृद्धि भावों में मंदी। ता. 28 मेष के शुक्र योग से धातुवाना, आयल, स्टील, चुनिन्दा वित्तीय संस्थानों के शेयर्सों में तेजी।

मार्च-ता. 2 भावों में घटाबढ़ी तो होगी, लेकिन मान तेजी में रहेगा। ता. 8 गुरु वासरी पूर्णिमा भावों में मंदी को बल प्रदायक है। ता. 10 मार्च दो दिन के अंदर घटाबढ़ी से तेजी। ता. 14 मीन संक्रांति भावों में मंदी का योग। ता. 12 को बुध वक्री से सभी प्रमुख चुनिन्दा लाईनों में तेजी का झटका। ता. 17 मार्च मंदी का योग। ता. 22 गुरु वासरी अमावस्या मंदी कारक है। ता. 24 भावों में सायं तक एकतरफा तेजी। ता. 28 तिथि वृद्धि दो दिन तक बाजार सुस्त रहेंगे।

अप्रैल-ता. 2 कुंभ के बुध भावों में घटाबढ़ी से गिरकर सुधार। ता. 5 चतुर्दशी क्षय सतर्कता से काम करें। भावों में अच्छी तेजी का योग। ता. 8 योग क्षय से तेजी। ता. 13 दोपहर बाद गिरकर तेजी। ता. 15 राहु-केतु का नक्षत्र परिवर्तन से दो दिन तक विशेष घटाबढ़ी का योग। मेष संक्रांति भी तेजी कारक है। ता. 21 शनिश्चरी अमावस्या दो दिन तक तेजी का योग। ता. 24 चलती लाईन में परिवर्तन। ता. 26 गिरे भावों में सुधार। ता. 27 अप्रैल भावों में मंदी का योग।

मई-ता. 2 मई दो दिन के अंदर तेजी। ता. 5 मेष के बुध भावों में घटाबढ़ी से गिरकर सुधार। ता. 7 तिथि क्षय से तेजी का योग। ता. 10 मई बुध अस्त तीन दिन के अंदर घटाबढ़ी से तेजी। ता. 14 वृष संक्रांति भावों में आज मंदी का रुख रहेगा। ता. 15 शुक्र वक्री मंदी का योग। ता. 18 वृष के शुक्र योग भावों में एकतरफा तेजी का योग। ता. 19 मई भावों में दोपहर बाद गिरकर तेजी। ता. 21 मई तिथि वृद्धि दो दिन के अंदर अच्छी मंदी का योग। ता. 24 मई तेजी। ता. 30 मई गुरु उदय धातुवाना, शेयर्स, मेडीसन, रसायन, इंजी0, स्टील, चाय व वित्तीय संस्थानों से जुड़े शेयर्स तेज।

जून-ता. 1 जून तिथि क्षय दो दिन तक बाजार में तेजी। ता. 4 जून सोमवासरी पूर्णिमा भावों में स्थिरता को बल। ता. 5 बुध उदय प्राकृतिक प्रकोप भावों में विशेष घटाबढ़ी, अनिश्चितता का माहौल। ता. 8 जून भावों में तेजी। ता. 11 मंदी का झटका। ता. 14 जून मिथुन संक्रांति एक सप्ताह के अंदर मंदी। ता. 19 जून भौमवासरी अमा0 घटाबढ़ी से तेजी। ता. 22 जून कन्या के भौम धातुवाना, शेयर्स तेज। ता. 26 जून शनि मार्गी भावों में मंदी का योग। ता. 30 जून शनिवासरी एकादशी भावों में दो दिन तक तेजी का माहौल। विशेष रिपोर्ट मंगाकर लाभ लें।

जुलाई-ता. 1 चतुर्दशी क्षय सतर्कता से काम करें। भावों में तेजी व किसी-किसी शेयर्सों में विशेष तेजी। ता. 3 जुलाई तेजी। ता. 7 जुलाई भावों में सायं तक मंदी। ता. 13 चार दिनों के अंदर सभी चुनिन्दा शेयर्सों में मंदी का झटका। ता. 16 जुलाई सोम कर्क संक्रांति घटाबढ़ी से मंदी। ता. 19 जुलाई गुरुवासरी अमा0 मंदी को बल देगी। ता. 24 जुलाई तिथि क्षय गिरे भावों में सुधार। ता. 29 जुलाई भावों में घटाबढ़ी से तेजी। वायु प्रकोप।

अगस्त-ता. 1 अग. भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 4 तीन दिन के अंदर भावों में अच्छी तेजी का झटका। घटाबढ़ी विशेष होगी। सतर्कता से कार्य करें। ता. 11 भावों में तेजी। ता. 14 अग. तुला के मंगल भावों में गिरकर तेजी देंगे। ता. 16 अग. सिंह संक्रांति भावों में घटाबढ़ी देगी। ता. 17 तेजी। ता. 20 भावों में मंदी का झटका। ता. 25 तिथि क्षय दो दिन के अंदर घटाबढ़ी से तेजी। ता. 30 अग. बुधास्त अच्छी तेजी की लाईन। प्रथम पांच दिन तेजी, चार दिन मंदी। रुख देखकर कार्य करें।

सितंबर-ता. 1 कर्क के शुक्र से दैत्यगुरु यदा कर्के से प्राकृतिक प्रकोप, बाजार चाल में सर्पमुखी चाल से तेजी। ता. 8 अष्टमी तिथि वृद्धि से भावों में दो दिन के अंदर मंदी का झटका। ता. 16 कन्या संक्रांति भावों में एक सप्ताह के अंदर तेजी का झटका। ता. 19 योग क्षय तेजी को बल मिले। ता. 21 भावों में नर्मी रहेगी। ता. 28 भावों में दोपहर बाद सुधार, सायं तक तेजी का योग।

अक्टूबर-ता. 1 तुला के बुध तीन दिन के अंदर तेजी। ता. 5 शनि अस्त राजनैतिक अस्थिरता या प्राकृतिक प्रकोप से भाव गिर सकते हैं। ता. 10 चित्रा के सूर्य भावों में तेजी का योग। ता. 15 सोमवती अमा0 तीन दिन तक भावों में मंदी का योग। ता. 18 तीन दिन तक तेजी का योग। ता. 23 भावों में दोपहर बाद मंदी का झटका। ता. 28 भावों में घटाबढ़ी से तेजी, मासांत में मंदी।

नवंबर-ता. 1 भावों में घटाबढ़ी से मंदी का माहौल। ता. 8 शनि उदय लगभग सभी चुनिन्दा शेयर्सों के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 13 भौमवासरी दीपावली से शेयर्स बाजार में आकर्षता का माहौल घटाबढ़ी। विशेष सतर्कता से कार्य करें। ता. 15 नक्षत्र क्षय सायं तक गिरे भावों में सुधार। ता. 17 भाव गिरकर तेजी लेंगे। ता. 25 दो दिन के अंदर भावों में मंदी का झटका। ता. 30 भावों में घटाबढ़ी लेकिन कोई विशेष अंतर नहीं।

दिसंबर-ता. 2 भावों में नर्मी, ता. 8 सतर्कता से कार्य करें, घटाबढ़ी से तेजी। ता. 13 गुरुवासरी अमा0 मंदी का योग। ता. 15 दोपहर बाद एकतरफा तेजी की लाईन। शनिवासरी धनु संक्रांति तेजी का योग विशेष। ता. 21 सायं तक गिरे भावों में सुधार। ता. 25 तीन दिनों के अंदर मंदी का योग। ता. 28 शुक्रवासरी पूर्णिमा दो दिन के अंदर तेजी।

विशेष-ता. 8 फरवरी से शनि वक्री हो रहे हैं। अतः अच्छी व लम्बी तेजी का योग 50 दिनों तक। तेजी दिनांक 3, 9, 10, 21, 25 जनवरी, ता. 3, 8, 9, 15, 16, 17, 19, 28, 29 फर., 3, 10, 11, 16, 24, 25 मार्च, 3, 5, 7, 12, 13, 19, 20, 29, 30 अप्रैल, ता. 6, 7, 10, 11, 13, 14, 15, 24, 26, 29, 30 मई, 1, 2, 7, 8, 11, 18, 24, 25, 30 जून, 2, 5, 9, 16, 18, 24, 25, 28 जुलाई, 3, 4, 10, 15, 23, 25, 26, 28 अग., ता. 4, 6, 10, 15, 17, 19, 24, 29 सितं., 5, 6, 9, 13, 21, 25, 28 अक्टू., 3, 8, 13, 14, 21, 25, 30 नवं., 1, 7, 8, 9, 11, 14, 15, 20, 24, 28 दिसं.। शेयर्स बाजार की जानकारी पूर्णतया ग्राफ पर आधारित है। परन्तु शेयर्स बाजार में कुछ अन्य जैसे राजनैतिक परिवर्तन, अस्थिर, मौसम परिवर्तन, प्राकृतिक प्रकोप, धार्मिक उन्माद आदि बाजार को प्रभावित करते हैं। तथा स्वयं दलाल की ग्रह दशा, अंतर्दशा आदि से भी बाजार प्रभावित होता है। अतः स्वयं दशा का उपाय करें। तो लाभ प्राप्ति संभव है। व्यापार में लाभ के लिए वर्ष 2012 ई. का भविष्यफल 251 रु0, दिनांकानुसार तेजी-मंदी रिपोर्ट 551 रु0, वार्षिक 5100 रु0, डाक सेवा के लिए 50 रु0 पृथक लगते हैं व मिलने से पहले समय लें। समस्या समाधान हेतु पत्र व्यवहार जबावी करें। सेवा निःशुल्क।

निर्देशक-डा. वसंत लाल व्यास, लेखक-पं. अनिल कुमार व्यास
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया (मथुरा) उ. प्र.-281204
सम्पर्क सूत्र-, 05663-273353, 273492
मो. 09720686322, 09897157276

व्यापारिक जिन्सों की तेजी-मंदी लाईनों का ब्यौरा सन् २०१२ ई.

जनवरी 2012-ता. 3 जनवरी **धनिष्ठायां शुक्रे** से उड़द, ज्वार, बाजरा, मूंग, मौंठ, सोना, चांदी, रुई के भावों में तेजी। गेहूं, जौ, बाजरा, चना के भाव नर्मी में रहेंगे। ता. 4 पौष शुक्ला 11 कृतिका युक्त है। अत: लाल रंग की वस्तुओं के व्यापार में लाभ। ता. 9 जनवरी **कुंभ राशौ स्थिते शुक्रे** से हर वस्तु के भावों में मंदी का रुख दिखाई देगा। रुई, चांदी, गुड़, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा व सफेद जिन्सों में मंदी का झटका। ता. 12 जनवरी पू.षा. के बुध अनाज, सोना, चांदी के भावों में तेजी। ता. 14 मकर संक्रांति शनिवासरी 45 मुहूर्त्ती से गेहूं, जौ, चना, कपास में घटाबढ़ी से तेजी। शक्कर, गुड़, खल-बिनौला के भावों में तेजी। ता. 14 मकर संक्रांति शनिवासरी 45 सरसों, अलसी, मूंगफली में तेजी के बाद मंदी। मक्का, ज्वार, बाजरा, तेल, लालमिर्च, लाल चंदन, हल्दी, केशर, चावल, चना, सिंघारा में तेजी के बाद मंदी। रुई, सूत, सन, बिनौला, जस्ता, पीतल, तांबा के भावों में घटाबढ़ी। ऊन, रेशम तेज, सोना तेज, चांदी घटाबढ़ी से नर्मी। ता. 21 जन. उ.षा. के बुध से गेहूं, जौ, चना, उड़द के भावों में तेजी। सोना, चांदी, तांबा, पीतल के भावों में घटाबढ़ी। ता. 23 जनवरी **निशापतेश्च तनय: शनि क्षेत्रे यदा भवेत्** से रुई, सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना के भाव घटाबढ़ी से समता को बल देंगे व सोमवती अमावस्या भी सभी चुनिन्दा शेयर्स के भावों में घटाबढ़ी से मंदी का मान करा देगी। ता. 24 जनवरी चन्द्रदर्शन मंगलवासरी से अन्न व वायदा व्यापार में तेजी का रुख। रुई मंदी लेकर तेज। गुड़, सरसों, मूंगफली के भावों में तेजी। ता. 30 जनवरी **अष्टमी कृतिका** युक्त से फागुन में अनाजों के भावों में तेजी आयेगी। श्रवणे बुध योग से गुड़, अलसी, चावल, चना के भावों में तेजी।

विशेष-सोमवती तीनउ बुरी सावन, कार्तिक माह। गुण करती अवगुण करें, सुन लो सब साह॥ माघ बदी दोयज या तीज वृहस्पतिवार। उत्तम वर्षा शांति सुख, बाढ़ै मंगलाचार॥

फरवरी-ता. 2 फरवरी **मीन राशि गते शुक्रे** से चांदी गिरकर तेज। अनाज, सरसों, तेल, तिल, अलसी, गुड़, खाण्ड, बिनौला के भावों में मंदी। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। ता. 6 **धनि. के बुध** से एक सप्ताह के अंतर्गत चावल तेज। सोना, चांदी, रुई में घटाबढ़ी से मंदी का झटका। सोना, चांदी, शेयर्स, अनाजों के भावों में तेजी। ता. 8 फरवरी को शनि वक्री से शेयर्स बाजार धाराशायी। सोना, चांदी के भावों में तेजी। ता. 14 फरवरी कुंभ संक्रांति 15 मुहूर्त्ती से गेहूं, चना, जौ, चावल, मटर, उड़द, मूंग, लकड़ी, कोयला, सफेद वस्त्र, सूत, कपास के भावों में तेजी। घी, मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, लोबिया, मसूर, ऊन के भावों में मंदी। सोना, चांदी, जस्ता, रांगा, पीतल के भाव तेजी लेकर गिर जायेंगे। तिल, तेल, अलसी, इलायची, कालीमिर्च, लालमिर्च, जीरा के भावों में घटाबढ़ी। ता. 16 फरवरी **रेवती के शुक्र** योग से रुई, कपास, चांदी, चावल, चन्दन, कपूर व सुगन्धित द्रव्य पदार्थ, गुड़, खाण्ड, शक्कर के भावों में मंदी। ता. 21 फर. फाल्गुनी अमावस्या भौमवासरी से अल्पवृष्टि, दूध, दही, घी, चीनी, फल, रसीले पदार्थ के भावों में तेजी। सोना घटाबढ़ी से तेज। ता. 23 फरवरी चन्द्रदर्शन गुरुवासरी व 30 मुहूर्त्ती से दो दिन के अंदर घटाबढ़ी। रुई, सूत, सूती व ऊनी वस्त्र रेशमी वस्त्रों, सरसों, घी, तेलों के भावों में तेजी। सोना, चांदी, खाण्ड, गुड़ के भावों में मंदी। ता. 28 फरवरी मेषे आश्विने शुक्रे से **दैत्यगुरुर्यदा मेषे सर्वधान्य महर्घता से** ज्वार, बाजरा, चांदी व दालें, गुड़, खाण्ड, पाट, जूट, बारदाना के भावों में तेजी। व 10 दिन के अंदर तिल, तेल, अलसी, सरसों, घी, चावल, ज्वार, मिर्च, सूत के भावों में तेजी। रुई गिरकर तेज। ता. 29 फर. उ.भा. के बुध से चांदी के भावों में घटाबढ़ी। रुई, गुड़ व अनाजों के भावों में समता।

विशेष-षष्ठी फागुन बदी में, चित्रा करे सुभिक्ष। यदि स्वाती नक्षत्र तो, तीन मास दुर्भिक्ष॥ कृष्ण पक्ष में तिथि घटे, शुक्ल पक्ष बढ़ जाय। एक चीज तो क्या बढ़ै, सभी चीज बढ़ जाय॥

मार्च-मास में गुरु-शुक्र के मिलन से घी, किराने के भावों में तेजी। ता. 2 मार्च चांदी, सोना, धातुवाना, हीरा, माणिक, जवाहरात, चावल, जौ, उड़द, तिल, मूंग, तुअर, चना, लाख, ऊन, चमड़ा के भावों में घटाबढ़ी से मंदी का झटका। ता. 8 फाल्गुनी पूर्णिमा गुरुवासरी से अन्न व धान्यों के भावों में घटाबढ़ी। ता. 11 मार्च तिथि क्षय से आज जनरल लाईन में तेजी। सोना तेज। चांदी में घटाबढ़ी। शेयर्स बाजार में तेजी व भरणी के शुक्र से 12 दिनों के अंदर सोना, चांदी, अफीम, लालमिर्च, सरसों, तिल, तेल, घी, उड़द, नारियल के भावों में मंदी। मूंग, मौंठ, उड़द, तुअर के भावों में घटाबढ़ी। रुई के भावों में तेजी। ता. 14 मार्च मीन संक्रांति 15 मुहूर्त्ती व बुधवासरी से गेहूं, जौ, चना, मक्का, ज्वार, बाजरा, दूध, लालचंदन, रुई के भावों में समता को बल। गुड़, शक्कर, सोना, चांदी, जीरा, तम्बाकू तेजी लेकर गिर जायेंगे। कपास, मिर्च, हल्दी, नमक, खोपरा, छुआरा के भावों में घटाबढ़ी। लौंग, कालीमिर्च, नारियल, जावित्री, जायफल गिरकर तेजी लेंगे। सरसों, राई, घी में तेजी। लोहा, तांबा, पीतल, जस्ता, रंग के भावों में तेजी। (इस संक्रांति में गल्ला भरने में कोई फायदा नहीं, फौरन खरीद-फरोख्त में लाभ) ता. 19 मार्च भरणी 2 गुरु से सोना, चांदी, धातु, हीरा, मजीठ, जवाहरात, मूंग, तुअर, मौंठ, दांख, चना, लाख, ऊन, चमड़ा के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 21 मघा के मंगल से मूंग, मौंठ, उड़द, चना, सरसों, राई, गेहूं व अनाजों के भावों में तेजी का योग। रुई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, सरसों, आयरन, मेडीसन व रसायन, बैंकिंग, हेवी इंजीनियरिंग शेयर्सों के भावों में तेजी। किसी-किसी शेयर्स में तेजी का झटका।

विशेष-चैत सुदी पड़वा दिना, सोम, शुक्र, गुरुवार। बढ़ै धान्य धन सम्पदा, सुखी रहे संसार॥ पड़वा पांचै चतुर्दशी, शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करे, तेजी हो जब छीन॥

अप्रैल-ता. 2 अप्रैल कुंभ राशौ बुध से अलसी, रुई, चांदी के भाव घटाबढ़ी से तेज। घी, तेल, रसीले फल, डीजल, पैट्रोल, जीवन रक्षक उपयोगी वस्तुओं के भावों में तेजी। सोना घटाबढ़ी से तेज। शेयर्स बाजार में भी घटाबढ़ी। ता. 6 चतुर्दशी क्षय से तेजी व मीन राशि में बुध का प्रवेश योग से रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मंदी। सोना, चांदी घटाबढ़ी से तेज। बिनौला तेज। ता. 7 रोहिणी के शुक्र योग से 12 दिनों के अंतर्गत सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल व समस्त धातुवाना, रसायन, मेडीसन, इंजी. से जुड़े शेयर्सों के भावों में तेजी। अलसी, अरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, दांख, छुआरा, सुपारी, नारियल, ऊन के भावों में मंदी। अफीम के भावों में भी तेजी का झटका। ता. 13 मेष संक्रांति 15 मुहूर्ती शुक्रवासरी से रुई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, सभी प्रकार के फल, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी के भावों में तेजी। गेहूं, चावल, मूंग, अरहर, जौ, चना, मटर के भावों में मंदी का झटका। ता. 15 को राहु-केतु का नक्षत्र परिवर्तन, सूर्य के ताप में वृद्धि व भावों में तेजी को बल मिलेगा। ता. 19 वृष के मंगल मार्गी होने से मूंगा, मोती, हीरा, माणिक, घी, धातु, गेहूं, चना, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, गुड़, खाण्ड के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 21 वैशाखी अमावस्या शनिवासरी से धातुवाना, शेयर्स व सभी प्रकार की धातुओं में तेजी। ता. 22 चन्द्रदर्शन रविवासरी से ऑवरेज में मंदी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी। रुई में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 26 भरणी के सूर्य से रुई, अलसी में मंदी। सोना, चांदी, तांबा, पीतल के बर्तन, चादर, गेहूं, जौ, चना, चावल, मौंठ, अलसी, राई, सरसों, गुड़, घी, खाण्ड के भावों में तेजी।

विशेष-जेहि पखवारे तिथि बढ़ै, वाही में घट जाय। सभी वस्तु मंदी रहे, महंगाई हट जाय॥ बदी चौदश वैशाख में, गुरु अथवा भृगुवार। उत्तम उपजेगी फसल, मंदा चले बाजार॥

मई-मासारंभ में नमक, घी, किराना, तिल, तेल, रसीले फल व पदार्थों के भावों में तेजी। ता. 4 मेष राशि के बुध योग से मूंगा, मोती, हीरा, जवाहरात, सभी प्रकार की धातुएं, गेहूं, जौ, चना, तिल, तेल, सरसों के भावों में घटाबढ़ी से भाव नर्म रहेंगे। ता. 10 मई को बुधास्त से अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से अच्छी मंदी या तेजी की लाईन निकल सकती है 15 दिनों के अंदर घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, अरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मौंठ, चावल, सरसों, राई के भावों में तेजी। ता. 11 मई **मिथुने च यदा शुक्रे** से गेहूं, जौ, चना, चावल, चांदी में विशेष तेजी कारक है। रुई, पाट, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में नर्मी। गुड़ व घी में अच्छी घटाबढ़ी की लाईनें चलेंगी। ता. 14 वृष संक्रांति सोमवासरी से जौ, चना, गेहूं, मटर,बादाम, सुपारी, मूंग, चावल में तेजी। शेयर्स बाजार किसी अफवाह के कारण गिर सकता है। सोना, चांदी, कॉपर में तेजी। ता. 18 वृष के शुक्र योग से रुई, कपास में अच्छी मंदी। सोना, चांदी घटाबढ़ी से गिरकर तेज। अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से सुस्ती रहेगी। ता. 21 प्रतिपदा वृद्धि से शेयर्स, सोना, चांदी के भावों में मंदी चलेगी। ता. 26 रोहिण्यां बुधे से एक सप्ताह के अंदर कपास, रुई, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़ के भावों में तेजी। राई, तुअर, सन, ऊनी व रेशमी वस्त्रों के भावों में तेजी का झटका। ता. 30 मई को गुरु उदय से अनाजों के भावों में तेजी। रस, घी, किराना तेज।

विशेष-जेठ मास में सूर्य सह, पांच ग्रह एक संग। सावन सूखा जायेगा, मंत्री मंडल भंग॥ एक राशि यदा यांति, चत्वार: पंच खेचरा। प्लावयंति मही सर्वा, रुधिरेण जलेन वा॥

जून-ता. 3 जून रोहिणी के शुक्र से 12 दिनों के अंदर सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, सरसों, घी, तेल, खाण्ड, दाख, छुआरा, सुपारी, नारियल, ऊन के भावों में घटाबढ़ी से नर्मी का रुख रहेगा। ता. 4 ज्येष्ठ पूर्णिमा सोमवासरी है। **बुधो मिथुन राशिस्थो** से सरसों व तारामीरा में घटाबढ़ी। सोना, चांदी नर्म। चौपायों पशुओं के भावों में तेजी। ता. 5 को बुधोदय हो रहे हैं अत: एक महीने पश्चात अन्न के भावों में तेजी। ता. 7 जून को **मृगे सूर्ये** से रुई, सूत, सन, शेयर्स, कपूर व कस्तूरी, चंदन, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मौंठ, चना, अलसी व जलीय पदार्थ, नारियल के भावों में तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। ता. 14 को मिथुन संक्रांति गुरुवासरी 30 मुहूर्ती से आलू, प्याज, लहसुन, फल-फूल, पाट, शेयर्स, बारदाना, रुई, सरसों, सूत, तिल, तेल, गुड़, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना व सभी प्रकार के अनाज, सोना, चांदी में तेजी। सतर्कता से कार्य करें, तेजी की लम्बी लाईन भी निकल सकती है। ता. 21 जून को आर्द्रा में सूर्य का प्रवेश रुई, सूत, सन, खल, अलसी, अरण्ड, गेहूं, चना, चांदी में तेजी करायेगा। सोना के भावों में घटाबढ़ी व कर्क राशि के बुध से रुई में करीब 15 रुपये की मंदी व चांदी के भावों में घटाबढ़ी से 2 रुपये की तेजी। गुड़, दूध, तिल, तेल, मूंगफली, सरसों, सोना तेजी लेकर मंदी का मान करेंगे। ता. 28 को शुक्र मार्गी से गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी एक महीने पश्चात तेजी।

विशेष-पौष मास वैशाख या सावन या आषाढ़। भयकारी बुध का उदय, अस्त होय सुख बाढ़॥ जेहि पखवारे तिथि बढ़े, वाही में घट जाय। सभी वस्तुयें मंदी रहें, महंगाई हट जाय॥

जुलाई-ता. 3 पूर्णिमा मंगलवासरी व चतुर्दशी क्षय से सोना, चांदी, अनाजों व शेयर्स बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। ता. 5 पुनर्वसु के सूर्य से रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, अरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारू, तिल, ज्वार, मौंठ, बाजरा, चावल, उड़द, नमक, सब्जी, माजू, केशर, नील, सौंठ, गुग्गल व सुगन्धित पदार्थों के भावों में तेजी। ता. 11 हस्त के मंगल 21 दिनों के अंदर अनाज, घी, गुड़, खाण्ड, नमक के भावों में तेजी। ता. 16 कर्क संक्रांति सोमवासरी से रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, शक्कर, तिल, तेल, नारियल, सरसों, सोना, चांदी के भावों में तेजी। गेहूं, जौ, चना, उड़द, अरहर, मूंग, मौंठ के भावों में नर्मी। ता. 19 पुष्ये रवि से दो सप्ताह के अंदर तिल, तेल, सरसों, गुड़, मध, खाण्ड, चावल, ज्वार, बाजरा, सुपारी, गुग्गल, मोम, हल्दी, लाख, सन, ऊनी वस्त्र, सोना, चांदी, शेयर्स के भावों में तेजी। रुई घटाबढ़ी से तेजी लेकर गिर जायेगी। ता. 21 चन्द्रदर्शन शनिवासरी से अगले महीने में अन्न के भावों में तेजी का संकेत, रुई, वस्त्र, सूत, सन, चांदी, मूंगफली व अनाजों व शेयरों के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 26 बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। ता. 31 **मिथुने च यदा शुक्रे** से गेहूं, जौ, चना में तेजी। चावलों में अच्छी तेजी का झटका। रुई, पाट, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। गुड़, घी में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। रस, घी, किराना में तेजी।

विशेष-श्रावण बदी तीज में पंचक लगे जो आन। जल उपद्रव रुके नहीं, कष्ट होय महान॥ सावन शुक्ला पक्ष में, होय तिथि कोई नाश। छत्र भंग का योग है, आगे कार्तिक मास॥

अगस्त-ता. 1 को शनिदेव कन्या राशि त्यागकर तुला में प्रवेश करने से रुई, गुड़, सभी प्रकार के अनाजों में तेजी। शेयर्स बाजार में काफी घटाबढ़ी से अच्छी तेजी। रस, घी, किराना, तिल, तेल में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 3 चित्रा के मंगल दो सप्ताह के अंदर जौ, चना, गेहूं, सोना, चांदी व पीतल के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 8 बुध मार्गी व आर्द्रा के शुक्र से गेहूं व अन्य अनाजों के भावों में अकस्मात् मंदी का झटका। रसायन, मेडीसन से जुड़े शेयर्स, तेल, औषधियों के भावों में भी तेजी। ता. 13 **भूमिपुत्रोस्तुले जात:** से सभी प्रकार के अनाजों, अलसी, रुई, बिनौला, मूंगफली, मूंग, दलहन, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी। शेयर्स तेज। सोना तेज। चांदी में सुधार। ता. 16 **सिंहस्थे च दिवाकरे** सिंह संक्रांति से सभी प्रकार के धान्य, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, रसीले पदार्थ, फल, सोना के भावों में तेजी। वर्षा में कमी। ता. 19 चन्द्रदर्शन रविवासरी व 45 मुहूर्ती से ऑवरेज में मंदी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में घटाबढ़ी से तेजी। रुई के भावों में मंदी का झटका। ता. 22 पुनर्वसु के शुक्र से बिनौला तेज। सूत, रुई, कपास, मोती, कपूर, चांदी के भावों में मंदी का झटका। ता. 28 सिंह राशि में बुध के प्रवेश से चांदी, सोना, रुई, सूत, ऊनी वस्त्र, देवदारू, खट्टे पदार्थ, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर व रसीले पदार्थों में मंदी। अनाज के भावों में घटाबढ़ी तो होगी लेकिन भाव स्थिरता पर बल देंगे। ता. 31 अग. पू.फा. के सूर्य से दो सप्ताह के अंतर्गत जीरा, सोना, सूत, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, कपड़ा के भावों में तेजी।

विशेष-एक राशि पर होय जब, बुध शुक्र और सूर। वर्षा की कमती करे, तेजी होय भरपूर॥ अनुराधा सुदी सप्तमी आवै भादव मास। यदि उस दिन वर्षे नहीं, तो आगे छोड़ो आस॥

सितंबर-ता. 1 **दैत्यगुरु यदा कर्के** से सोना, चांदी, रुई, अलसी, अरण्ड, गुड़, खाण्ड, शक्कर के भावों में तेजी। चांदी, गेहूं, अरहर, मटर में घटाबढ़ी से मंदी। चाय के भावों में 1 महीने के अंतर्गत तेजी का झटका। ता. 5 **पुष्य के शुक्र** से रुई, सूत, सन, रेशम, ऊन व धान्य के भावों में तेजी। लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में नर्मी। ता. 13 सितं. **कन्या राशि गतेज्ञेहि** से 6 महीने तक सोना, शक्कर में तेजी के बाद मंदी। गेहूं, गुड़, चना, शक्कर, खाण्ड व हल्दी के भावों में तेजी। ता. 16 कन्या संक्रांति रविवासरी से गेहूं, जौ, चावल, चना, अनाजों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी के भावों में तेजी। घी, तिल, तेल के भावों में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व मंदी की लाईनें निकलेंगी। ता. 19 चन्द्रदर्शन से ऑवरेज में मंदी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी। रुई के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 22 पुनर्वसु के शुक्र से 10 दिन के अंदर धान्य व बिनौला के भावों में तेजी। सोना, चांदी, रुई, कपास के भावों में मंदी का झटका। ता. 28 वृश्चिक राशौ गते भौमे से धान्य के भावों में समता। सोना और देवदारू के भावों में तेजी। चांदी, सोना, सूत, रुई, ऊनी वस्त्र, देवदारू, खट्टे पदार्थों के भावों में तेजी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, रसीले फल व रस पदार्थों के भावों में मंदी। अनाज के भाव सम। ध्यान रहे मंगल+राहु की युति से सोना में विशेष तेजी।

विशेष-पड़वा पांचै चतुर्दशी, शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करे, तेजी हो जब छीन॥ शुक्ल पक्ष सावन कभी कोई तिथि का नाश। छत्र भंग का योग है, आगे कातिक मास॥

अक्टूबर-ता. 1 **यदा च तुलाराशिस्थौ निशाकर सुत** से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम के भावों में तेजी। अलसी, अरण्डी, चांदी, बिनौला, मूंगफली के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 5 को गुरु वक्री व ता. 6 को शनि वक्री होने से सोना, घी, तेल व पशुओं के भावों में तेजी। ता. 10 अक्टूबर चित्रा के सूर्य से दो सप्ताह के अंतर्गत सूत, सोना, चांदी, मोती, रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, चना, तिल, तेल, नारियल, सन, केशर, कपूर, लालमिर्च, लाल वस्त्रों व मसूर के भावों में तेजी। ता. 16 अक्टूबर तुला संक्रांति मंगलवासरी व 45 मुहूर्ती से गेहूं, जौ, चना, कुल्थी, नमक, मिर्च, हल्दी, नारियल, जायफल, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, लोहा, उड़द, मूंग, मौंठ, ज्वार, बाजरा के भाव घटाबढ़ी से समता को बल देंगे। अरहर, रुई, वस्त्र तेज। चौपाये पशु व कंगनी चावल के भावों में मंदी। ता. 22 **बुधोवृश्चिक राशिस्थौ** से घी, तेलों के भावों में तेजी। प्रजा में सुख, सौभाग्य की वृद्धि, अफीम व अनाजों के भावों में मंदी। ता. 27 **कन्या राशि गते शुक्रे** से तीन सप्ताह के अंतर्गत प्राकृतिक प्रकोप से फसल हानि, चावलों में विशेष तेजी। रुई, पाट, बारदाना, कालीमिर्च, सोना में मंदी। गुड़, खाण्ड में भी मंदी का झटका। ता. 31 हस्ते शुक्र से रुई, चांदी, चावल नर्म। अनाज यदि मंदा हो तो संग्रह से लाभ। सोना, चांदी, शेयर्स तेज। गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी योग। हरी घास, फूल, सब्जी के भावों में तेजी।

विशेष-सोमवती अमावस पड़े, कभी जो आश्विन मास। अन्न गुड़ खाण्ड तेल में, मंदी का है आभास॥ किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय। ग्राहक मांगे मूंग घी, विक्रेता नट जाय॥

नवम्बर-ता. 2 तिथि वृद्धि से आज जनरल लाईन में घटाबढ़ी से मंदी। सोना तेज, चांदी उठकर गिर जायेगी। ता. 5 विशाखा के सूर्य से दो सप्ताह के अंतर्गत जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, तिल, तेल, सरसों, अरण्ड व अफीम के भावों में तेजी। अलसी, चांदी घटाबढ़ी से तेज। ता. 8 को बुधास्त व शनि उदय से बाजार में तेजी का माहौल। गेहूं व रसीले पदार्थों के भावों में तेजी। सोना, चांदी नरम। लोहा, इस्पात, मेडीसन, रसायन, पेट्रोलियम व धातुवाना से जुड़े शेयर्स के भावों में तेजी। ता. 9 **धनराशि गते भौमे** से जड़ीय पदार्थ, लकड़ी, घी, कपास और पशुओं के भावों में तेजी। रुई घटाबढ़ी से तेज। सरसों, तिल, तेल के भावों में तेजी आयेगी। ता. 13 अमावस्या भौमवासरी से बाजार में तेजी का माहौल। ता. 15 वृश्चिक संक्रांति गुरुवासरी से गुड़, खाण्ड, शक्कर, लालमिर्च, गेरू, कलई, नारियल, जायफल, रुई, तिल, तेल, सरसों, सौंठ के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। सोना, चांदी, कॉपर गिरकर तेजी लेंगे। ता. 18 **तुला राशिगते बुधे** से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, शेयर्स, अफीम के भावों में तेजी। अलसी, सरसों, अरण्ड, मूंगफली के भावों में मंदी। ता. 22 बुधोदय से सन, तिल, साल के भावों में तेजी। व 10 दिन के अंदर गुड़, खाण्ड में तेजी। ता. 27 बुध मार्गी से घी, अलसी, शक्कर, रसायन व मेडीसन से जुड़े शेयर्स व अफीम के भावों में तेजी। ता. 30 जनरल लाईन घटाबढ़ी से तेज, सोना तेज, चांदी नरम।

...के दिन, स्वाती नखत विचार। गिरे

विशेष-कार्तिक मावस के दिना, स्वाती नखत विचार। कहीं भूकम्प से पर्वत या मीनार॥ कार्तिक लगत त्रयोदशी, जो आवे रविवार। तो जौ गेहूं में, तेजी चले व्यापार॥

दिसम्बर-ता. 2 ज्येष्ठा के सूर्य से दो सप्ताह के अंदर वस्त्र, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, अरण्ड, हींग, गुग्गल, पारा, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी। रुई घटाबढ़ी से गिरकर तेज। ता. 6 वृश्चिक के बुध यदा वृश्चिक राशिस्थौ बुध से रुई, सोना, चांदी, गुड़ के भावों में तेजी। एक स्प्ताह के अंतर्गत लगभग सभी चुनिन्दा शेयर्स, सोना, चांदी, किराना, दालवाना में तेजी। तिलों में तेजी का झटका। ता. 11 वृश्चिके च गते शुक्रे से प्रजा में सुख व आरोग्यता का संचार। सभी प्रकार के धान्यों के भावों में मंदी। रुई, शेयर्स, चांदी, अफीम गिरकर तेज। गुड़ के भावों में घटाबढ़ी। गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, बाजरा में तेजी। ता. 15 धनु संक्रांति 45 मुहूर्ती व शनिवासरी से गेहूं, जौ, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जस्ता, सभी धातुवाना व रसायन, मेडीसन से जुड़े शेयर्स के भावों में तेजी। घी तेजी लेकर गिरे। ता. 18 मकर के मंगल योग से रुई, सोना, चांदी, गुड़, तांबा, खाण्ड, घी, तेल, अलसी में तेजी। अनाजों के भावों में नरमी रहेगी। ता. 27 धनु मूल के बुध योग से तेजी का योग अधिक व पूर्वाषाढ़ के सूर्य से दो सप्ताह के अंदर तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गल, चमड़ा, कपूर, चांदी के भावों में तेजी। ता. 31 श्रवण के भौम योग से दो सप्ताह के अंदर गेहूं के भावों में विशेष तेजी। जौ, तिल, चना, अफीम, चांदी के भावों में तेजी। रुई में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व अच्छी मंदी की लाईन। विशेष हमारे यहां से रिपोर्ट मंगाकर लाभ लें।

विशेष-जेहि पखवारे तिथि बढ़ै, वाही में घट जाय। सभी वस्तु मंदी रहे, महंगाई हट जाय॥ मावस्या गुरुवार या गुरु दिन मास नक्षत्र। ज्योतिष का सिद्धांत है, वर्षा हो सर्वत्र॥

क्यों होते हैं विवाह असफल कुण्डली मिलाने के बाद

वर और वधू में आपसी विश्वास बना रहे, उनका वैवाहिक जीवन, सुखमय एवम् सफल रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर वर-वधू के गुण-दोष हम कुण्डली के माध्यम से मिलाते हैं। किन्तु कुण्डली मिलाने के बाद अथवा मेलापक के बाद भी क्यों होते हैं विवाह असफल! क्या आपने कभी सोचा है?

कभी-कभी यह लड़ाई-झगड़ा कोर्ट-कचहरी तक पहुंच जाता है। वर पक्ष, वधू पक्ष पर और वधू पक्ष वर पक्ष पर दोषारोपण करते हैं। ज्योतिष शास्त्र एक विज्ञान है। इस विज्ञान के माध्यम से हम पूर्व घटित होने वाली घटनाओं का पूर्वानुमान लगाते हैं। अथवा लगा सकते हैं। अत: काल की गणना करने का विज्ञान है-ज्योतिष शास्त्र।

कुण्डली मिलाना अथवा वर-वधू मेलापक, मांगलिक दोष तथा अन्य गुण दोष आदि इस शास्त्र के माध्यम से हम जान सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से ही दो अंजान लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली का मिलान कर हम उन्हें एक साथ जीने-मरने की आज्ञा अथवा सामाजिक मान्यता प्रदान करते हैं।

विवाह उपरांत वर-वधू के परिवार का विकास हो, परिवार फले-फूले, उन्नति करें। परिवार में योग्य संतान हो, ऐसी संतान जो राष्ट्र की उन्नति-प्रगति करे, साथ ही कुटुम्ब का नाम रोशन करें। सम्मान बढ़ायें। यही सब सोच-विचार कर हमारे विद्वान ऋषि-मुनियों ने कुण्डली मिलाने की परम्परा को विकसित किया था। किन्तु कुण्डली या गुण-दोष का मिलान हम कैसे करते हैं। यह कुशल ज्योतिषाचार्य, पंडित, पुजारी आदि पर निर्भर करता है। छ:-आठ महीने किसी से ज्योतिष और पंचांग देखने का ज्ञान प्राप्त कर अपनी दुकान चलाने वाले पंडित कुण्डलियों का मिलान अथवा गुण-दोष की बारीकियों को नहीं समझ सकते। अत: ऐसा अल्प ज्ञानी पंडितों के कारण ही विवाह असफल होते हैं। वर अथवा वधू के माता-पिता पूर्ण विश्वास के साथ पंडित जी अथवा आचार्य अथवा दैवज्ञ के पास कुण्डली मिलवाने आते हैं। उन्हें क्या मालूम, जो अपनी अच्छी खासी दुकान अथवा ऑफिस सजाकर बैठा है, वह अल्प ज्ञानी अथवा नादान है। अत: अधूरा या अल्प ज्ञान वर-वधू के जीवन में जहर घोल देता है। विवाह उपरांत कलह, दोषारोपण आदि का आरंभ हो जाता है।

कुण्डली विद्वान एवं योग्य पंडित अथवा आचार्य से मिलवायें

वर-वधू की कुण्डली अथवा गुण-दोष योग्य अनुभवी विद्वान, पंडित से ही मिलवानी चाहिये। बातें बनाने वाले, आपकी हां में हां मिलाने वाले, लालची, पाखंडी पंडित से कभी भी गुण-दोष न मिलवायें। विद्वान ऐसा होना चाहिए जो वर-वधू की जन्म कुण्डली का अपनी अनुभवी दृष्टि से एक्स-रे ले लें। क्योंकि जन्म कुण्डली हमारे जीवन का एक्स-रे है। भूत, भविष्य, वर्तमान सभी उसमें दिखाई देता है। मात्र गुण-दोष मिलने से विवाह सफल नहीं होता। लड़के-लड़की के स्वास्थ्य, स्वभाव, आचार-विचार, विद्या, संतान, कुटुम्ब, धन और आयु भावों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। गुण-दोष अथवा कुण्डली मिलाते समय वर-वधू की राशियों, लग्न और लग्नेश, सप्तम और सप्तमेष का भी मनन करना आवश्यक है। पंचांग में मात्र गुण मिलाये और कह दिया कर दो विवाह, गुण मिलते हैं-ही काफी नहीं होता वैवाहिक जीवन को सफल और सुखमय बनाने के लिये।

कुण्डली मिलाते समय ध्यान रखें

कुण्डली मिलाते समय ध्यान रखें कि विवाह दो परिवार, दो शरीरों का संबंध और मिलन है। अत: विवाहोपरांत वर-वधू का मानसिक स्तर, शैक्षिक योग्यता, आर्थिक पक्ष, पारिवारिक स्तर ठीक रहेगा अथवा नहीं। कुण्डली मिलाते समय मात्र गुण ही न देखें, दोष पर भी ध्यान दें। वर-वधू के नाम से मिलान न कर, कुण्डली से गुण-दोष मिलना ज्यादा अच्छा रहता है। क्योंकि जन्म कुण्डली से मंगली दोष, स्वास्थ्य, स्वभाव, आयु, पारिवारिक स्थिति आदि का ज्ञान हो जाता है। वर-वधू के माता-पिता को चाहिये कि सही जन्म कुण्डली ही मिलवायें। गलत बनाई गई अथवा ऐसी जन्म कुण्डली न मिलवायें, जो आवश्यकतानुसार बनवाई गई हो अथवा एक पक्ष की कुण्डली देखकर बनवाई गई है। यदि आप आवश्यकतानुसार बनवाई गई जन्म कुण्डली मिलवाते हैं अथवा गलत बनी हुई जन्म कुण्डली मिलवाते हैं, तो आप का लड़का या लड़की परेशान रहेगा। उसका वैवाहिक जीवन प्रभावित रहेगा।

मेलापक क्यों जरूरी है?

वर-वधू का चुनाव करते समय उनकी प्रवृति, मनोवृति, अभिरुचि, ग्रहों में समानता का मूल्यांकन उनकी जन्म कुण्डलियों को मिलाकर ही किया जा सकता है। मेलापक या कुण्डली मिलान में अष्टकूटों'-वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रह मैत्री, गण, भकूट व नाड़ी के आधार पर वर-वधू के स्वभाव व उनकी रुचि समानता व असमानता का पता चलता है।

यह सब जानने के लिए मेलापक अथवा कुण्डली मिलाना अति आवश्यक है। कुण्डली मिलान करने वाला पंडित अथवा ज्योतिषाचार्य निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिये। किसी एक पक्ष की ओर उसका झुकाव नहीं होना चाहिये। निष्ठा, विश्वास और धैर्यपूर्वक कुण्डली मिलान करना चाहिए। जिससे वर-वधू का वैवाहिक जीवन सफल, आनंददायक और प्रगतिशील हो। अत: सफल व सुखमय वैवाहिक जीवन के लिये कुण्डली मिलाकर विवाह करें, नाम से मिलाकर नहीं।

लेखक : डॉ. नीरज पाण्डेय 'दादा'
मां ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र
651, सैक्टर-10, आवास-विकास कॉलोनी
सिकन्दरा, आगरा-282007 (उ०प्र०) मो: 09897646528

व्यापार दिग्दर्शन (तेजी-मंदी) सन् 2012-13 ई.

मार्च-यह माह फाल्गुन सुदी 8 अष्टमी (होलाष्टक) गुरुवार से प्रारंभ होकर चैत्र सुदी अष्टमी शनिवार तक रहेगा। इस माह में वारों के योग से राजनैतिक स्थिति बिगड़ेगी। तथा अविश्वास जनक अशुभ घटनाओं का प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा। माह में चैत्र कृष्ण सप्तमी बुधवार को मीन संक्रांति बालावस्था (बैठी) मुहूर्त्ती 15 होना धान्य भाव और महंगे होंगे। ज्येष्ठा में संक्रांति का प्रवेश होना धान्य में तेजी करेगा।

बुधवार को जब कभी हो सूर्य संक्रांत।
रस पदार्थ गुड़ खाण्ड अरु तिलहन तेज नितांत॥

यानि रस वाले सभी पदार्थों में तेजी का रुख इस माह में चलेगा। ईख तथा कपूर एवं इत्र आदि के भावों में अस्थिरता रहेगी। इस माह में रस वाली चीजों का अभाव योग बनता है। अतः तेजी के योग 10 से 15 % तक बनेंगे। माह में ता. 1 से 7 तक मूंग, मोंठ, तिल, अरहर, सरसों, मूंगफली, बाजरा, पशु आहार, खाद्यान्न, तिलहन, दलहन के भावों में तेजी बनेगी। जो 7 से 10 % तक बनेगी। ता. 8 से 16 तक सभी जिन्सों के भावों में मंदी का झटका लगेगा। उड़द, चावल, मसूर, मटर, चना, हींग, हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च तथा गुड़, खाण्ड के भावों में मंदी का योग 2 से 7 % तक बनता है। ता. 17 से 23 तक घी, तेल, तिल, लाल रंग, पीले रंग की चीजों में एकतरफा भाव चलेगा। ता. 24 से 31 तक सब्जी, किराना सामग्री, पशु आहार, ज्वार, कपास, बिनौला, तारामीरा, रायड़ा, अरहर, पैट्रोल के भावों में तेजी बनेगी। माह में तेजी का योग 45%, एकतरफा 12%, मंदी 30% तथा समभाव 7% रहेंगे। राजकीय नियंत्रण से कुछ परिवर्तन का योग बनता है।

अप्रैल-यह माह चैत्र शुक्ला श्री रामनवमी वि. सं. 2069 रविवार से प्रारंभ होकर वैशाख शुक्ला सीता नवमी तक रहेगा। गुरु ग्रह का अस्त माह के अंत में तेजी का योग एकाएक बनेगा तथा घटेगा। माह में मेष संक्रांति वैशाख बदी 8 ता. 13 अप्रैल 2012 को ऊभी मु. 45 शुक्रवार सायं काल पूर्वाषाढ़ बाद उषा के प्रथम चरण में प्रवेश होने से

शुक्रवार के दिन कभी सूर्य संक्रमण होय।
हाथी घोड़ा ऊंट गुड़ में महंगा पन होय॥

यानि पृथ्वी में अन्न उत्पत्ति का योग अच्छा बनेगा। पशु, चौपाये महंगे होंगे। ता. 1 से 6 तक तिल, तेल, चना, गेहूं, अनाज, किराना, मशीनरी के भावों में स्थिरता समभाव रहेंगे। ता. 7 से 13 तक बाजार एकतरफा सभी वस्तुओं के लिए बनेगा। यानि जो भाव प्रातः खुलेगा, दिन भर वही भाव सभी जिन्सों में चलेगा। यह तेजी या मंदी 5 से 12% बनती है। ता. 14 से 20 तक लाल रंग की वस्तुओं में अच्छी तेजी बनेगी। सोना, चांदी, तांबा, विद्युत सामग्री के उपकरण, ग्वार, लोहा, तुअर, राई, रुई, शक्कर में तेजी बनेगी। यह तेजी 7% तक नजर आती है। ता. 21 से 25 अप्रैल तक खाण्ड, शक्कर, रसकस, बारदाना, जस्ता, मिट्टी, मूंगफली, गेहूं, तारामीरा, लालमिर्च, धनियां, जौ, बाजरा, ज्वार में अच्छी तेजी बनेगी। ता. 26 से 30 अप्रैल तक सभी वस्तुओं के भावों में घटबढ़ या उथल-पुथल तेजी या मंदी का भाव चलेगा। इस दौरान प्राकृतिक आपदा के योग से घटबढ़ भी बनती है। माह में 42% तेजी, 18% अस्थिरता, 4% मंदी का योग बनता है।

मई-यह माह वैशाख शुक्ला 10 मंगलवार से प्रारंभ होकर ज्येष्ठ शुक्ला 10 गुरुवार तक रहेगा। गुरु व बुध अस्त तथा ज्येष्ठ कृष्ण 9 सोमवार को भुवन भास्कर सूर्यदेव वृषभ में प्रवेश मध्याह्न में प्रौढ़ावस्था 15 मुहूर्त्ती संक्रांति के योग से सभी जिन्सों में तेजी का रुख चलेगा।

सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति।
मूंगा मोती धान्य सब सस्ता अरु सुख शांति॥

संक्रांति के योग से मोती, मूंगा, जेवरात तथा अन्न में मंदापन योग बनता है। लेकिन नक्षत्र शतभिषा के योग से तेजी का रुख बना रहेगा। माह में ता. 1 से 5 तक अरण्डी, नारियल, शक्कर, खाण्ड, कपूर, चावल, सोयाबीन, तारामीरा, वनस्पति घी, पामोलीन तथा तिल, मूंगफली आदि में तेजी 10% तक बनेगी। ता. 6 से 12 तक अनाज, खाद, बीज, जीरा, कॉपर, कपास, उड़द, ईलायची, शेयर्स, मूंग, मोंठ, मटर, पटसन, वनस्पति घी में तेजी बनेगी। ता. 13 से 16 तक अदरख, चावल, चंवला, लहसुन, तृण, पशु आहार में तेजी बनेगी। ता. 17 से 24 तक बाजरा, मसूर, मूंग, नमक, लालमिर्च, कालीमिर्च, कपास, रुई, बिनौला में तेजी 10 से 12% तक बनने का योग है। ता. 25 से 31 तक एकाएक मंदी का झटका सभी जिन्सों में 2 से 4% तक बनेगा। तेजी का योग 47%, मंदी 33%, समभाव 10%। इस प्रकार माह सामान्यतः तेजी के रुख में व्यतीत होगा।

जून-यह माह ज्येष्ठ सुदी 11 शुक्रवार क्षय तिथि 12 से प्रारंभ होकर आषाढ़ सुदी 11 शनिवार तक चलेगा। माह में शुक्रास्त पश्चिम में तथा गुरु उदय का योग बनेगा।

उदय-अस्त सप्ताह में अगर शुक्र हो जाय।
शांत-अशांत प्रजा रहे, दुःख नितांत अधिकाय॥

प्रजा सुख से हीन उपद्रव योग बनने का योग। आषाढ़ कृष्ण 10 गुरुवार भुवन भास्कर सूर्यदेव मिथुन राशि में प्रवेश सायंकाल अश्विनी नक्षत्र योग कुमारिका अवस्था 30 मुहूर्त्ती संक्रांति के प्रभाव से समभाव बनेंगे। धान्य के भावों में गिरावट का योग भी एकाएक बनेगा।

गुरुवारी संक्रांतियां जब-जब जग में आव।
सुखी प्रजा धन धान्य युक्त सभी वस्तु समभाव॥

इसके योग से माह में मंदी का या तेजी का योग न्यून। मात्र समभाव रूप से माह चलेगा। माह में धातु बाजार भी स्थिर जैसा चलेगा।

केतु शुक्र गुरु की युक्ति द्वादश भाव।
कलह वृद्धि परिवार में तेजी-मंदी का आव न ताव॥

यानि सुस्ती का योग चलेगा। ता. 1 से 4 तक घी, किराना सामग्री, रसकस में तेजी 10% तक योग। ता. 5 से 9 तक सभी जिन्स स्थिर भाव में चलेंगे। यानि न तेजी, न मंदी का सप्ताह चलेगा। ता. 10 से 17 तक **सोना, चांदी, पैट्रोल नहीं रहेगा इन पर कंट्रोल।** ईंधन सामग्री तेज होगी। ता. 18 से 22 तक कपास, तिल, तेल, जीरा, धनियां, गर्म मसाला, अरहर, सोना, चांदी, कॉपर, कपूर, औषधि बाजार में तेजी आयेगी। ता. 23 से 25 तक एकतरफा मंदी चलेगी। सावधान रहें! ता. 26 से 30 तक सभी जिन्सों में 5 से 12% तेजी का रुख चलेगा। तेजी 42%, मंदी 40%, समभाव 18% चलेगा। अतः सामान्य तेजी रहेगी।

जुलाई-यह माह आषाढ़ सुदी 12 रविवार अनुराधा नक्षत्र के योग से शुरू होकर श्रावण शुक्ला 13 मंगलवार तक चलेगा। माह में श+मं की युति से विश्व व्यापार में चिन्ताजनक घटनाएं घटेंगी। किसी का अपमान भी होगा। पांच गुरु तथा पांच बुधवार के योग से खाद्यान्नों के भाव सम बनते हैं। गेहूं, चना, चावल, चांदी, चीनी में तेजी का रुख मास पर्यन्त रहेगा। श्रावण कृष्ण 12 सोमवार को कर्क संक्रांति प्रातःकाल प्रौढ़ावस्था बैठी 30 मुहूर्त्ती मृगशिरा चन्द्र वृषभ योग में लगेगी यानि सूर्यदेव कर्क में प्रवेश करेंगे। अतः धान्य भाव सम रहेंगे।

मिथुन रवि महंगे बिकै मूल रू कन्द कपास।
तिलहन सारे धान्य में तेजी का आभास॥

तिलहन में विशेष तेजी 15 जुलाई तक बनती है।

सावन में दशमी बिना जो आवे संक्रांति।
बाढ़ै भाव धान्य धन सम्पदा वर्षा हो बहु भांति॥
सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति।
मूंगा मोती धान्य सम सस्ता अरु सुख शांति॥

यानि जेवरात बाजार, शेयर्स बाजार मंदा होगा। ता. 1 से 8 तक ग्वार गम, चांदी, इस्पात, कपास, बाजरा, ज्वार, मक्का में 2 से 8% तेजी बनेगी। ता. 9 से 10 तक बिनौला, चावल में समभाव। ता. 11 से 14 तक किशमिश, छुहारा, धनियां, अजवायन, कालीमिर्च, पटसन, बारदाना में तेजी का योग। ता. 15 से 20 तक सोना, चांदी, लोहा,

जस्ता, बारदाना में तेजी। ता. 21 से 25 तक दूध, पाऊडर, [illegible], लकड़ी, सीमेन्ट में 2 से 10% तेजी का योग बनेगा। ता. 26 से 31 तक काजू, पिस्ता, रबड़, सरसों, रसायन पदार्थ, औषधियों में तेजी तथा खाद्यान्नों में मंदी का दौर चलेगा। कपड़ा, सूत, रुई, सन, अरहर, मक्का, बाजरा, ज्वार, ग्वार में मंदी के झटके लगेंगे। माह में अस्थिरता ज्यादा रहेगी। तेजी 37%, मंदी 40%, समभाव योग 23% बनता है। यह माह स्टॉक कर्त्ताओं को लाभ देगा।

अगस्त-यह माह श्रावण शुक्ला 14 बुधवार उ.षा. नक्षत्र से प्रारंभ होकर प्रथम भाद्रपद शुक्ला पूर्णिमा शुक्रवार तक रहेगा। माह में बुधास्त अंत में बनता है। तथा पुरुषोत्तम मास 18 अगस्त 2012 से प्रारंभ हो रहा है। जो 16 सितं. तक रहेगा। सिंह संक्रांति का योग प्रथम भाद्रपद कृष्ण 14 गुरुवार पुष्य नक्षत्र चतुर्थ चरण योग में बंध्यावस्था मुहूर्त्ती 30 धन-धान्य भाव सम लेकिन पीली वस्तु को तेजी में चमकायेगी। अतः हल्दी, मसूर की दाल, चने की दाल, मक्का, सोना, पीली रंग की सभी वस्तुओं के लिए यह माह तेजी दायक रहेगा।

गुरुवारी हो संक्रांति काम सु रूप समाज।
सुखी प्रजा धन धान्य युक्त मंदी की आवाज॥

प्रजा सुखी, व्यापारी दुखी, चिन्ता करायेगा। मंदी-तेजी की मार में रुलायेगा।

मावस से अधिक नक्षत्र सस्ता करै अनाज।
हीन नक्षत्र मावस अधिक तो तेजी का राज॥

इस योग से अमावस्या नक्षत्र से ज्यादा है। अतः पूरा माह तेजी कारक रहेगा। माह में ता. 1 से 8 तक इस्पात, आमचूर, पामोलीन, पाट, बारदाना, ग्वार गम में तेजी का योग चलेगा। ता. 9 से 16 तक सोयाबीन, मूंगफली, कोयला, धनियां, अजवायन, चावल, चीनी, अखरोट, काजू, बादाम के भाव अस्थिर रहेंगे। ता. 17 से 22 तक सभी वस्तुओं में 5 से 10% तेजी बनती है। ता. 23 से 31 तक खाण्ड, रुई, सन, जीरा, चिरौंजी, कालीमिर्च, शेयर्स बाजार, सोना, चांदी, तांबा, सोयाबीन में तेजी 10% तक बनेगी। माह में 35% तेजी, 35% मंदी तथा 30% समभाव चलेंगे। सावधानी से सौदा करें।

सितंबर-यह माह द्वि.भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा शनिवार पूर्वाभा. से प्रारंभ होकर पूर्णिमा रविवार उभा. नक्षत्र तक रहेगा। इस माह में सूर्यदेव कन्या राशि में द्वि.भाद्रपद कृष्ण अमावस्या रविवार को उफा. नक्षत्र में ऊभी मु. 45 के योग से पूर्वस्याम शुक्रोदय के योग से राजनैतिक दृष्टिकोण से अशांति दायक बनेगी।

सूर्य चन्द्र संक्रांति को एक राशि पर नेष्ट।
मित्र ग्रह में होय तो हो जाते हैं श्रेष्ठ॥

चन्द्रमा का मित्र ग्रह बुध की राशि पर युक्ति शुभदायक है।

सूर्य संक्रमण सूर दिन राजाओं में रार।

[illegible]

राजाओं में राड़ दुःख संकट के योग। अनाज तथा रस पदार्थों में तेजी बनेगी। प्रजा दुःखी होगी। माह में ता. 1 से 4 तक जीरा, पाट, बारदाना, लाल चंदन, सुपारी तथा औषधि बाजार तेज रहेंगे। गेहूं, चना, मूंगफली, उड़द, चंवला, तिल तथा मूंग-मोंठ में स्थिति समभाव बनेगा। तथा स्टॉक करने का समय ठीक है। ता. 5 से 14 तक सभी जिन्सों का भाव मंदा चलेगा। 10% एकाएक मंदी आयेगी। कपास, बिनौला, शेयर्स, चिरौंजी, छुहारा, सोना, चांदी, कन्या राशि को शुभ योग। किशमिश में समभाव रहेंगे। ता. 15 से 22 तक किराना बाजार में अच्छी तेजी बनेगी। मूंगफली, चावल, लवण, ईलायची, बनस्पति घी, तरबूज, सब्जी, औषधियों में तेजी आयेगी। ता. 23 से 30 तक सभी जिन्सों का बाजार एकतरफा चलेगा। मंदी या तेजी जैसा खुलेगा, वैसा चलेगा। माह में व्यापारिक क्रियाशीलता भ्रामक रहेगी। तेजी 27%, मंदी 30%, भ्रामक 10%, समभाव 33% बनता है।

अक्टूबर-माह आश्विन बदी 1 प्रतिपदा सोमवार रेवती नक्षत्र से प्रारंभ होकर कार्तिक बदी 2 बुधवार कृतिका तक चलेगा। माह में शनि अस्त होगा। शारदीय नवरात्रा विजयोत्सव, विजयादशमी नक्षत्रानुसार

किसी राशि पर संक्रमण करै भौम दिन सूर।
तो महंगा होवै नमक रस घी तेल कपूर॥

मंगलवारी संक्रांति हो तो नमक, रस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, कपूर में तेजी आयेगी।

हरिन हाथी हेम की तुला राशि गत सूर।
सभी तरह के धान्य में तेजी हो भरपूर॥

तुला राशि के सूर्य के योग से सभी प्रकार के अनाज तेज होंगे। हाथियों का नाश होगा। सोना में तेजी आयेगी।

सोमवती अमावस पड़ै, कभी जौ आश्विन मास।
अन्न खाण्ड गुड़ तैल में मंदी का आभास॥

अमावस्या सोमवती के योग से मंदी का आभास होगा। ता. 1 से 8 तक कपास, रुई, बिनौला, खाण्ड, गुड़ में तेजी का योग। कपड़ा, तेल, तिल, पाट, बारदाना, अलसी में मंदी का योग रहेगा। ता. 9 से 13 तक सरसों, रायरा, तारामीरा, जीरा, अजवायन, गमग्वार, अखरोट, कालीमिर्च, लालमिर्च, लौंग, पंचमेवा, किशमिश, डिब्बा बंद तेल, हल्दी में तेजी बनेगी। ता. 14 से 18 तक सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, पशु आहार, कपास, काजू, बादाम, बाजरा में मंदी के योग बनेंगे। ता. 19 से 26 तक कोयला, चना, गेहूं, उड़द, सरसों, मूंगफली में तेजी का योग बनता है। शेयर्स बाजारों में तेजी आयेगी। ता. 27 से 31 तक तेजी का बाजार एकतरफा होगा। माह में तेजी 62%, मंदी 30%, समभाव 8% बनेंगे।

नवंबर-यह माह कार्तिक बदी 3 गुरुवार कृतिका नक्षत्र से प्रारंभ [illegible] बदी 2 शुक्रवार मृगशिरा तक रहेगा। माह में दीपोत्सव दीपावली पर्व 14 को तथा अमावस्या का क्षय होना अशुभ दायक योग बनता है। माह में सूर्य वृश्चिक राशि में कार्तिक सुदी 2 गुरुवार को मध्य रात्रि बाद प्रभात वेला में अनुराधा नक्षत्र योग में युवावस्था 15 मुहूर्त्ती संक्रांति के योग से महंगाई का हवाला बनता है। पांच बुध के योग से रस वाली वस्तुओं में तेजी बनेगी। पंचमी को आर्द्रा होने से घास, तृण के भाव तेज होंगे। अल्प वृष्टि तथा चौपायों को रोग पीड़ा होगी।

गुरुवारी संक्रांति पीत वस्त्र रंग वस्तु तेज।
धान्य भाव मंदा चले धातु बाजार भी तेज॥
मंगल राहु साथ में मंगल घर में वास।
अनावृष्टि का योग बने नहीं बरखा की आस॥

इससे तेजी का वर्चस्व बढ़ेगा।

वृश्चिक गत जब सूर्य हो अन्न वस्त्र सम भाव।
साथ द्रव्य मंदे मिले, तो खरीद कर लाव॥
छठे महिने लाभ हो, बेचो तब हो तेज।
तेज वस्तु लेना नहीं, रखना यह परहेज॥
मावस्या तुल चन्द्रमा, मंगल धनु विचार।
रोग से नासै प्रजा, बाढ़े व्यापार अपार॥

इन सब घटनाओं के द्वारा इस माह में ता. 1 से 8 तक कपूर, जस्ता, सोना, सरसों, सोयाबीन, कालीमिर्च, घी वनस्पति, बिनौला, खाण्ड, गुड़, ईख, मिश्री में तेजी बनेगी। ता. 9 से 14 तक सभी जिन्सों के भाव स्थिर बनते हैं। कपास, रुई, चांदी के भावों में मंदी भी होगी। ता. 15 से 22 तक चावल, साबूदाना, तुअर, चना, दालचीनी, हल्दी, लहसुन, अजवायन, सोयाबीन, क्रूड आयल, पीपरमेन्ट, जीरा, तिलहन, दलहन में तेजी 10% तक बनेगी। ता. 23 से 30 तक सभी वस्तुओं में अस्थिर भाव चलेंगे। अफीम, मूंग, मोंठ, गुड़, खाण्ड, चाय, केशर, मजीठ, मैंथी, इमली, लौहादि में घटबढ़ चलेगी। शेयर्स बाजार तेज रहेगा। यह तेजी-मंदी 8% के लगभग रहेगी। जीरा में कुछ विशेष परिवर्तन भी होंगे। माह में तेजी 42%, मंदी 30%, समभाव 28% रहेंगे।

दिसंबर-यह माह मंगशिर बदी 3 शनिवार आर्द्रा नक्षत्र में प्रारंभ होकर पौष बदी 3 सोमवार पुष्य नक्षत्र के योग तक रहेगा। माह में बुध, शुक्र, राहु, सूर्य वृश्चिक में, सूर्य से मंगल आगे, शनि-मंगल बीच चार ग्रह व्यापारिक दृष्टि से माह काफी चिन्ता जनक रहेगा। इस माह में मंगशिर सुदी 3 शनिवार को सूर्य धनु राशि में दिवा-सायं गोधूलि वेला में उषा. नक्षत्र धनु मकर राशि के योग एवं प्रौढ़ावस्था बैठी 45 मुहूर्त्ती धान्य भाव में तेजी का बोलबाला ज्यादा रहेगा। महंगाई की मार जनता पर विशेष पड़ेगी। त्राहि-त्राहि भी होने का योग बनेगा। इसमें मंदी का योग अनाज का बनता है।

शनिवारी संक्रांति हो तिलहन तेज अनाज।
होय युद्ध भय रोग से जग में अहित काज॥

तिलहन तेज तथा युद्धादि जैसा वातावरण या विवाद के घेरों में सरकारें चलेंगी। तथा उपद्रव, बलात्कार, बदनजर ज्यादा होंगे।

सूर्य बुध शुक्र राहु वृश्चिक क्षेत्र में आय।
राज विग्रह पैदा करे, जनता में घृणा छा जाय॥

तीज को आर्द्रा होने से धान्य के भावों में मंदी का योग बनता है। प्रदेशों में सुख योग। कृष्णा 11 को रविवार होने से कपास का भाव मंदा। अमावस्या को ज्येष्ठा नक्षत्र होने से दुर्भिक्ष का योग तथा गुरुवारी अमावस्या से वृष्टि हो सुभिक्ष बनता है। पूर्णिमा को मृगशिरा अभाव होने से महंगाई का योग ज्यादा है। ता. 1 से 8 तक रुई, कपास, बिनौला, चावल, कपूर, सरसों, मूंग, मोंठ, बाजरा के भाव स्थिर रहेंगे। ता. 9 से 14 तक गुड़, दूध, पाउडर, कालीमिर्च, चना, गेहूं, छुहारा, ईसबगोल, लोहा, वाहन, मशीनरी, बिल्डिंग मैटेरियल में तेजी। यह तेजी 10 से 12% तक बनती है। ता. 15 से 21 तक अफीम, क्रूड आयल, सिल्वर, साबूदाना, मेहंदी, लाल चंदन, ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, तिल तेल, खल आदि में भाव एकतरफा जोरदार तेजी के पक्ष में चलेगा। ता. 22 से 27 तक सभी जिन्सों में झटका से तेजी-मंदी यानि भाव अस्थिर रहेंगे। ता. 28 से 31 तक सोना, चांदी, तांबा, पीतल, कांसी, लोहा तथा जेनरातों के भावों में मंदी का जोरदार झटका लगेगा। माह में तेजी 43%, मंदी 27%, समभाव 30% प्रतीत होते हैं।

जनवरी 2013 ई.-यह माह पौष बदी 4 मंगलवार से प्रारंभ होकर माघ बदी 4 गुरुवार उफा. नक्षत्र तक रहेगा। माह में पांच सोमवार होना धान्य सस्ता का कारक बनता है। पौष बदी 14 का क्षय होना तथा शुक्रवारी अमावस्या के योग से व्यापारिक गतिविधियों में अस्थिरता बनती है। ता. 13 जनवरी को पौष सुदी 2 रविवार को मकर संक्रांति मध्य रात्रि बाद शुभ प्रभात वेला में प्रवेश होना, श्वेत कंचुकी प्रौढ़ावस्था 30 मुहूर्त्ती से धान्य भाव सम योग। रविवार को ही चन्द्रदर्शन योग है। दोनों योग रविवार को होना एकाएक परिवर्तन दायक योग बनेगा। शेयर्स बाजार में विशेष तेजी भी।

शुक्र क्षेत्र में चन्द्र सूर शनि उदय कभी होय।
राजाओं में युद्ध धान्य तेज योग होय॥
सूर्य देव भृगु नाथ का एक राशि पर साथ।
पकड़ा देती है फसल महंगाई को हाथ।

प्रत्येक वस्तु में तेजी बनेगी।

धनु राशिगत भानु में मंदा रहे अनाज।
तिलहन तेजी कपास में महंगाई का राज॥

धान्य मंदा। तिलहन, दलहन में तेजी। ता. 1 से 10 तक सरसों, तिल, रायड़ा, सोना, चांदी, लोहा, पीतल, सोया खल, कपास में अच्छी तेजी बनेगी। ता. 11 से 16 तक संक्रांति योग से भावों में उतार-चढ़ाव चलेगा। चांदी में विशेष तेजी। नया सौदा कर्त्ता घाटे में रहेगा। मूंग, मोंठ, ग्वार, चना, ज्वार में तेजी। ता. 17 से 22 तक सभी वस्तुओं का भाव एकतरफा चलेगा। ता. 23 से 25 तक सभी खाद्यान्न तेज होंगे। चंवला, जीरा, तिल, मूंगफली विशेष तेजी का लाभ देगी। ता. 26 से 31 तक तारामीरा, चना, जौ, बाजरा, ज्वार, ग्वार, तिलहन, गुड़, खाण्ड, चीनी, मिश्री, खोपरा, सीमेन्ट, लोहा, पत्थर में तेजी बनेगी। कालीमिर्च, उड़द, सरसों, राई, सोयाबीन, अरहर में भी अच्छा चढ़ाव बनेगा। जुलाई 2012 में स्टॉक कर्त्ता को लाभ इस सप्ताह मिलेगा। शेयर्स बाजार अस्थिर चलेगा।

सूर संक्रमण सूर दिन राजाओं में रार।
धान्य तथा रस तेज हो, दुःखी रहे संसार॥
क्रूर वार तेजी करे, मावस पूनम दोय।
सोम शुक्र गुरुवार शुभकारी मंदी होय॥

सम भाव योग बनता है।

फरवरी-यह माह माघ बदी 5, शुक्रवार से प्रारंभ होकर फाल्गुन बदी 3 गुरुवार तक रहेगा। चन्द्रदर्शन मु. 15 प्रतिपदा सोमवार को बुधोदय पश्चिम में, शुक्रास्त फाल्गुन सुदी 3 बुधवार को तथा कुंभ संक्रांति माघ सुदी 2 मंगलवार सायं प्रदोष वेला में प्रवेश भुवन भास्कर का संक्रमण होगा। युवावस्था मु. 30 धान्ये भाव सम के योग से तथा बदी अष्टमी का क्षय तथा रविवार को अमावस्या का होना तथा धनिष्ठा नक्षत्र के योग से दुर्भिक्ष का योग बनता है। तथा सभी वस्तुओं में तेजी का योग भी करता है। सोम प्रतिपदा सुभिक्ष व कुछ मंदी का प्रतीक बनेगी।

अष्टमी बदी यदा भवति, तदा वस्तुओं में वृद्धि भविष्यति।
पूर्णिमा सोम मघा युक्ति धान्य भावों में तेजी भविष्यति॥
किसी राशि पर संक्रमण करै भौम दिन सूर।
तो महंगा होवे नमक रस घी तेल कपूर॥

माह में ता. 1 से 7 तक चावल, धान, शेयर्स, पाट, बारदाना, चना, मसूर में तेजी बनेगी। ता. 8 से 14 तक कपड़ा में तेजी। सूत, सन, कपास, बिनौला, खल, तिल कुछ मंदे। सोना, चांदी में वृद्धि। ता. 15 से 23 तक सभी वस्तुओं का भाव एकतरफा चलेगा। मंदी या तेजी का घटक रहेगा। उदित समय चन्द्रमा का वर्ग पीठ युक्त होना स्टॉक संग्रह का संकेत भी करता है। ता. 24 से 28 तक रुई, सूत, सन, कपास, गुड़, खाण्ड, जीरा, तारामीरा, जूट, खल, तृण, गेहूं आदि के अस्थिर भाव उठा-पटक के चलेंगे। चांदी की स्थिति दयनीय रहेगी।

मार्च-यह माह फाल्गुन बदी 4 शुक्रवार से चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय से चैत्र बदी 5 पंचमी रविवार तक रहेगा। इस माह में कृष्णा 8 को बुधवार होना अल्प वर्षा का कारक बनता है। अमावस्या को रेवती का होना सुभिक्ष योग करता है। रेवती में शुक्र का होना भी शुभदायक है। पूर्वाभाद्रपद में बुध ग्रह का होना दुर्भिक्ष तथा शेयर्स बाजार को प्रभावित उठा-पटक में करेगा। अश्विनी में शुक्र ग्रह होने से ब्राह्मण जाति में विरोध बढ़ेगा। जौ, तिल, उड़द में तेजी विशेष रहेगी। फाल्गुन सुदी 3 को मीन संक्रांति भुवन भास्कर सूर्यदेव गुरुवार को सायं काल में प्रवेश करेंगे। प्रौढ़ावस्था मु. 30 धान्ये भाव सम। चन्द्रदर्शन बुध के योग से घटाबढ़ी चलेगी।

गुरुवारी संक्रांति जब जब जग में आव।
सुखी प्रजा धन धान्य युक्त सभी वस्तु समभाव॥
पांच मंगल होना उद्गल योग।
प्रजा राजा दुःखी सब लोग॥

पांच बुध रसवाली वस्तुओं में तेजी कारक रहेगा। बुधेरसक्षयो भूम्याम। सोमवती अमावस्या सुभिक्ष आरोग्य तथा वस्तुओं के भावों में मंदी का योग करती है। पीत वर्ण की वस्तुएं तेज रहेंगी। ता. 1 से 10 तक सभी वस्तुओं में 3 से 5% तक तेजी। ता. 11 से 17 तक एकतरफा भाव जो प्रातः खुलेगा, चलेगा। ता. 18 से 25 तक सोना, चांदी, शेयर्स के भाव आकाश छूयेंगे। ता. 26 से 31 मार्च तक अस्थिरता बनी रहेगी।

अप्रैल (ता. 1.4.2013 से 10.4.2013 चैत्र बदी अमावस्या 2069 तक)-नये वित्त वर्ष का शुभारंभ शुभ रहेगा। ता. 1 से 3 तक चांदी विशेष तेज। ता. 4 से 10 तक सोना, तांबा, पीतल, स्टील, खाद्यान्नों में तेजी। तिलहन, दलहनों में उतार-चढ़ाव चलेगा। शेयर्स भाव अनियंत्रित रहेंगे।

कपड़ा लकड़ी और ककड़ी में।
तेजी का रुख रहे सब कड़की॥
सर्वधान्य महंगे बिकै मीन राशि गत भानु।
तेजी तिलहन नमक में साधारण अनुयान॥

यानि सभी वस्तुओं में तेजी रहेगी।

व्यापार भविष्यफल प्रकाश सन् 2012 ई.

जनवरी 2012 ई.-यह मास पौष सुदी 8 रविवार से शुरू हो रहा है। मास में तेजी की प्रमुख ता. 6, 10, 17, 19, 23, 24, 25, 26, 28 एवं मंदी की प्रमुख ता. 3, 4, 12, 13, 16, 30 हैं। ता. 2 जनवरी सुदी 9 रेवती युक्त होने से अनाज स्टॉक नहीं करने की राय देती है। गुड़, चीनी, चांदी, सोना, रुई में अच्छी मंदी। ता. 3 जनवरी उफा. का भौम दालें, चावल, धातुएं, रुई, कालीमिर्च, गुड़, चीनी तेज करेगा। सुदी 13 शनिवारी घी तेज करेगी।

पौष सुदी तेरस दिना भौम शुक्र शनिवार।
वर्षे तो भरलो सभी गेहूं के भण्डार॥ (भविष्य भारती)।

सोमवारी पूनम एवं कुंभे शुक्र व्यापारिक वस्तुओं में मंदी के झटके लायेगा। अपोजिशन में मंगल होने से दो सप्ताह के अंदर हिन्दव्यापी घोर वर्षा की भी आशंका रहेगी। गुवार, जीरा, किराना, तिलहन, दलहन में अच्छा मंदा भी चल सकता है। माघ कृष्ण पक्ष-मास में पांच मंगलवार प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी समर्थक है। बदी पक्ष में जिन प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में अच्छा मंदा आवे तो खरीदना लाभदायक रहेगा। ता. 12 जन. माघ बदी 3 गुरुवारी मघा नक्षत्र युक्त होने से व्यापारिक वस्तुओं में मंदी का संचार तथा उत्तम वर्षाकारी है।

माघ बदी दोयज तथा तीन वृहस्पतिवार।
उत्तम वर्षा शांति सुख बढ़ै मंगलाचार॥ (भविष्य भारती)।

ता. 14 जनवरी बुधास्त पूर्व रुई, सोना, चांदी में काफी उतार-चढ़ाव करेगा। 45 मुहूर्ती शनिवार मकर संक्रांति भी काफी घटाबढ़ी कारक है। तेज वस्तुएं बेचें, मंदा खरीदें, लाभ होगा। ता. 15 जनवरी षष्ठी क्षय रुई, पाट, बारदाना आदि में काफी मंदी कारक है। यदि इससे पूर्व बाजार तेज चल रहे हों तो यहां जोरदार मंदी का झटका भी आ सकता है। अतः रुख देखें। ता. 23 जनवरी सोमवती मावस उषा. युक्त होने से आगे अचानक अनाज, गल्ला, मालों में भारी तेजी ला सकती है। माघी सोमवती मावस व्यापारियों के हक में नहीं होती। लाभ होते-होते प्रायः हानि हो जाती है। यथा-

सोमवती तीनउ बुरी सावन कातिक माघ।
गुण करती अवगुण करे सुन लो तुम यो साह॥ (भविष्य भारती)।

माघ सुदी पक्ष-सुदी एकम मंगलवारी शनि अंगारक योग युक्त होने से व्यापार की सभी प्रमुख वस्तुओं में जबरदस्त तेजी या मंदी व्यापारियों को हैरान व परेशान करेगा। पक्ष में तेज वस्तुएं बेचें। मंगल वक्री होगा। अपने वक्री काल में किराना मालों में अच्छी तेजी लायेगा।

जिस राशि पर भ्रमण भौम का जब हो उसमें निश्चय वक्र।
वक्री होने पर किरायानों में चलता तेजी का चक्र॥ (भविष्य भारती)।

ता. 30 जून सुदी 7 सोमवारी दुर्भिक्षकारी है। तिलहन, रुई, धातुएं आदि अन्य प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी को सपोर्ट करती है।

माघ सुदी सातै पड़ै शनि रवि चन्द्रवार।
विग्रह भय दुर्भिक्ष से दुख पावै संसार॥ (भविष्य भारती)।

ता. 31 जन. सुदी 8 मंगल लाल वर्ण में अधिक उतार-चढ़ाव तथा रुई, चना में अच्छी तेजी समर्थक है।

फरवरी-इस मास में तेजी की प्रमुख ता. 2, 8, 15, 16, 17, 28, 29 एवं मंदी की प्रमुख ता. 9, 12, 20, 22, 23, 24 हैं। ता. 1 को यदि रात्रि में चन्द्रमा कुण्डल घेरा में दिखाई दे तो उस क्षेत्र में आषाढ़ मास में भारी वर्षा होगी। तथा अनाज भी तेज रहेगा। ता. 3 फरवरी मीने शुक्र गुड़, तिलहन तेज। अनाज, रुई, कालीमिर्च, सोना, चांदी में मंदी कारक है। ता. 5 फरवरी उभा. का शुक्र चावल, मोती आदि सफेद वर्ण की वस्तुओं में मंदी कारक है। आलू, प्याज, शाक-सब्जियों में अचछी तेजी कारक है। ता. 7 फरवरी मंगलवारी पूनम चना, रुई, पीपरमेन्ट, अनाज, गेहूं, दालों में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। फागुन कृष्ण पक्ष-ता. 8 फरवरी बदी एकम बुधवारी से पक्ष में सभी खाद्य पदार्थ, घी, तेल, तिलहन, अनाज, दालें, किराना मसाला, शाक-सब्जियां, मूल पदार्थ आदि में तेजी लायेगी। सुबह शनि वक्री होगा। साथ में मंगल भी वक्री चल रहा है।

फागुन अथवा चैत्र में मंगल या शनि वक्र।
मंदी रह कर चले फिर तेजी का चक्र॥ (भविष्य भारती)

यह योग प्रथम बाजारों को मंदा करके फिर बाजारों में अच्छी तेजी का वातावरण बनाता है। सर्व अनाज, किराना, रुई, गुड़, तिलहन पदार्थ, सरसों, घी, तेल, खल, प्रमुख शेयर्स आदि पर विशेष प्रभाव होगा। अनाज का स्टॉक लाभदायक रहेगा। बदी 6 स्वाती युक्त है।

षष्ठी फागुन बदी में चित्रा करे सुभिक्ष।
यदि स्वाती नक्षत्र तो तीन मास दुर्भिक्ष॥ (भविष्य भारती),

के अनुसार दुर्भिक्षकारी है। प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में वैशाख तक तेजी चल सकती है। शनि से पंचम कुंभ संक्रांति भी दुर्भिक्षकारी एवं तेजी समर्थक है।

शनि राहु से तीसरे क्रूर ग्रह सुखकार।
पंचम हो तो जगत में दुख दुर्भिक्ष अपार॥ (भविष्य भारती),

के अनुसार यदि आज वर्षा हो तो मंदी में लाल वर्ण की वस्तु मात्र का स्टॉक करके 4 माह पश्चात बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. 17 फरवरी रेवती का शुक्र रुई, चांदी, चावल, कालीमिर्च, अनाज, धातुएं आदि में मंदा समर्थक है। बदी 14 सोमवारी महाशिवरात्री व्रत है। यदि आज पश्चिमी वायु चले तो तेजी चलेगी। स्थूल रूप से यहां पिछली चलती लाईनों में प्रायः परिवर्तन होकर कोई अच्छी चाल निकलेगी। रुख देखें। ता. 21 फरवरी मंगलवारी मावस अनाज स्टॉक की राय देती है।

मंगल शनि रवि अमावसी फागुन चैती जोय।
पशु बेचा अन्न संग्रहो अवश्य दुकाली होय॥ (भविष्य भारती)

फागुन शुक्ल पक्ष-पक्ष में तीन बुधवार घी तेज, दालों में मंदी का प्रभाव एवं सोना, चांदी, रुई, पाट, बारदाना, कालीमिर्च में प्रथम मंदी आकर अंत में तेजी। स्थूल रूप से जिन व्यापारिक वस्तुओं में फागुन मास में अच्छी मंदी चले तो उन वस्तुओं में प्रायः चैत्र मास में अच्छी तेजी चला करती है। ता. 28 फर. गुरु+शुक्र का योग अनावृष्टि या अतिवृष्टि से जनता को कष्ट तथा तेजी समर्थक है।

मार्च-मास में तेजी की प्रमुख ता. 5, 6, 13, 20, 27, 30, 31 और मंदी की प्रमुख ता. 2, 9, 12, 15, 19, 23, 26, 28 हैं। ता. 1 मार्च सुदी 8 रोहिणी युक्त है।

कुंभ मीन के अंतरे अष्टमी रोहिणी जोय।
भारी से भारी तेजी अन्न में होय॥ (भविष्य भारती)

के अनुसार यह योग प्रथम बाजारों को एकदम मंदा करके फिर धीरे-धीरे दो मास के अंदर भारी तेजी लाता है। ता. 3 मार्च सुदी 10 आर्द्रा नक्षत्र युक्त होने से दुर्भिक्षकारी है। पैदावार में कमी का संकेत देती है। चैत्र कृष्ण पक्ष-मास में 5 शुक्रवार प्रजा का नाश दुर्भिक्ष एवं दिन-प्रतिदिन बाजार तेज हो।

चैत्र मास में आ पड़े पांच शुक्र शनिवार।
प्रजा नाश दुर्भिक्ष दिन-दिन तेज बाजार॥ (भविष्य भारती)।

मास में गुरु+शुक्र एक राशि पर चल रहे हैं।

चैत महीने में रहै गुरु शुक्र इक मोन।
घी तेल कपास में मंदी की टोन॥
एक राशि पर चैत्र में गुरु भृगु करे निवास।
सूत तेल तिल संग्रहो लाभ दूसरे मास॥ (भविष्य भारती)

के अनुसार उपरोक्त वस्तुओं में मंदी रहे। स्टॉक करके आगे बेचने से लाभ होगा। ता. 12 मार्च वक्री बुध रुई, सोना, चांदी, गुड़, चीनी, घी, चावल में तेजी कारक। ता. 15 मार्च को बुध का अस्त उपरोक्त में मंदी कारक तो गल्ला माल, किराना मूल पदार्थ तेज करेगा। ता. 22 मार्च गुरुवारी मावस वर्षा कारी गुड़, चीनी में अच्छी तेजी के झटके तथा अन्य प्रमुख वस्तुओं में मंदी का वातावरण बना

सकती है। चैत्र सुदी पक्ष-संवत् का शुक्र राजा, मंत्री भी शुक्र है। यह संवत् लोंद का होने से गुड़, चीनी, दालें, तिलहन पदार्थ प्राय: तेज बिकेंगे।

अन्न उपज वर्षा अधिक बढ़ै वृक्ष फल-फूल।
गऊ दुधारी प्रजा सुख, भृगु राजा अनुकूल॥
चैत सुदी पड़वा दिना सोम शुक्र गुरुवार।
बढ़ै धान्य धन सम्पदा सुखी रहै संसार॥ (भविष्य भारती)।

के अनुसार संवत् में प्रजा में सुख-शांति तथा धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। ता. 24 मार्च कृतिका का शुक्र सप्ताह दस दिन के अंदर धातुएं, रुई, तिलहन, प्रमुख वस्तुओं में मंदी कारक। ता. 28 मार्च सुदी 5 की वृद्धि उपरोक्त वस्तुओं में मंदी समर्थक है। ता. 30 मार्च रात को पूर्व में बुध का उदय धातुएं, रुई, चीनी, अनाज, दालों में आगे तेजी लायेगा।

अप्रैल-इस मास में तेजी की प्रमुख ता. 3, 10, 17, 24, 28, 30 व मंदी की प्रमुख ता. 2, 5, 12, 13, 18, 19, 26 हैं। ता. 1 अप्रैल श्री रामनवमी है। तुलसी दास कृत रामायण का अखण्ड पाठ करने से धन-धान्य की वृद्धि तथा घर में सुख-शांति, व्यापार में वृद्धि होती है। ता. 4 अप्रैल बुध मार्गी-सभी प्रमुख वस्तुएं, तिलहन, गुड़, धातुएं आदि में प्रथम मंदी लाकर तेजी लायेगा। शुक्रवारी पूनम हस्त नक्षत्र युक्त होने से तिलहन, तेल, चना आदि अन्न और प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी ला सकता है। **वैशाख कृष्ण पक्ष**-मास में पांच शनिवार होने से प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में भारी उतार-चढ़ाव से अच्छी तेजी की संभावना रहेगी। ता. 7 रोहिणी शुक्र एक सप्ताह में चांदी, रुई में तेजी कारक तो सोना, तिलहन, घी, गुड़, तेल, नारियल, सुपारी में मंदी कारक है। ता. 9 बदी 3 विशाखा युक्त है। फसल पर खरीदी हुई वस्तुओं के संग्रह से आसोज मास तक बेचने में अच्छा लाभ होगा। ता. 13 अप्रैल मेषे संक्रांति 45 मुहूर्त्ती शनि दृष्ट गुरु के साथ राशि योग बनायेगा। संक्रांति महेन्द्र मण्डल में होने से सुख-सुभिक्ष, अनाजादि में मंदी कारक है। तथा एक मास के अंदर अग्निकांड की घटनाओं में काफी वृद्धि होगी।

नोमी रेवती रोहिणी मघा उत्तरा तीन।
शनि हो वैशाख में दुनिया दुखिया दीन॥ (भविष्य भारती)।

बदी 9 उषा. युक्त शनिवारी दुर्भिक्षकारी है। रात को मंगल मार्गी पिछली चलती लाईनों में परिवर्तन आयेगा। किराना सामान, रुई, सोना, चांदी में आगे भी मंदा आ सकता है। तथा प्रमुख शेयरों में एक मास करीब तेजी चल सकती है। ता. 20 अप्रैल बदी 14 शुक्रवारी है।

बदी चौदस वैशाख में गुरु अथवा भृगुवार।
उत्तम उपजेगी फसल मंदा चले बाजार॥ (भविष्य भारती)।

इस योग से बाजार में अच्छी मंदी संभव है। स्टॉक करना लाभदायक रहेगा। ता. 21 अप्रैल शनिवारी मावस को सूर्य गुरु चन्द्र योग है। यथा फल-

चन्द्र सूर्य गुरु तीन का एक ही राशि पर वास।
कपड़ा जौ अरु मूंग में लाभ सातवे मास॥ (भविष्य भारती)

तदानुसार स्टॉक करने से आगे अच्छा लाभ होगा। **वैशाख शुक्ल पक्ष**-ता. 22 अप्रैल सुदी एकम भरणी युक्त होने से पक्ष में गुड़, चीनी, पशु आहार में बाजार गिरेंगे। ता. 24 अप्रैल अक्षय 3 रोहिणी युक्त अनाज, मिर्च, किराना आदि में अच्छी तेजी समर्थक है। ता. 26 अप्रैल रेवती बुध एक सप्ताह में लाल वर्ण, तिलहन, दलहन, सोना, चांदी, धातुएं, गुड़ आदि रस पदार्थों में अच्छी मंदी के झटके लाता रहेगा। ता. 27 शुक्रवारी षष्ठी एक साल के अंदर रुई के आधे भाव कर देगी। तथा साथ-साथ पाट, बारदाना, वस्त्र, रेशम, कालीमिर्च पर भी प्रभाव हो सकता है। ता. 30 को शनि दृष्ट गुरु का अस्त होगा। एक मास के अंदर अनाचार की वृद्धि होगी। प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं, रुई, कालीमिर्च, तिलहन, अनाज, दलहन आदि में मंदी का रुख है। परन्तु शनि की दृष्टि से प्रभाव विपरीत भी हो सकता है।

मई-इस मास में तेजी की प्रमुख ता. 1, 11, 16, 18, 19, 22, 26, 28, 29, 31 एवं मंदी की प्रमुख ता. 3, 9, 14, 24 हैं। ता. 3 मई कृतिका का गुरु अनाज, रुई, कालीमिर्च, चावल, गुड़, खाण्ड, चीनी में एक सप्ताह घटाबढ़ी से एवरेज मंदी लायेगा। ता. 5 मई शनि दृष्ट मेषे बुध 10 दिन के अंदर चांदी, दालों, इन्दौर तेल, वायदा में काफी उतार-चढ़ाव होगा। रविवारी पूनम स्वाती युक्त होने से सोना, गुड़, चीनी में आगे दो तीन मासों के अंदर भारी तेजी ला सकती है। तथा ज्येष्ठ बदी पक्ष में गेहूं, चना, अनाजादि में अच्छी तेजी के झटके ला सकती है। **ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष**-मास में 5 सोमवार सुख-सुभिक्ष तथा प्रजा धन-धान्य से परिपूर्ण रहे। बदी पक्ष में प्रथम व्यापारिक वस्तुओं में तेजी आकर मंदी होगी। बदी 1 रविवारी का क्षय मंदी कारक। ता. 10 मई को यदि दक्षिण की वायु चले तो घी, तेल, तिलहन का स्टॉक करके आसोज में बेचने से उत्तम लाभ होगा। आज रात को बुधास्त पूर्व में होगा। रुई, सोना, चांदी, किराना में प्रथम कुछ दिन तेजी का वातावरण बनाकर मंदी लायेगा। पू.फा. मंगल तेजी समर्थक है। गुड़, तिलहन, लालमिर्च भी तेज होंगे। 11 मई मिथुने शुक्र अनाज, चावलों में अच्छी तेजी के झटके, तो रुई, घी में अच्छी मंदी ला सकता है। ता. 14 वृष सोमवार संक्रांति 15 मुहूर्त्ती अच्छी वर्षाकारी है। तिलहन, दलहन, गुड़ आदि रस पदार्थ, रुई में अच्छी तेजी को सपोर्ट करती है। यदि आज वर्षा हो तो अनाज, किराना की प्रमुख वस्तुएं जो कि मंदे स्तर पर हो स्टॉक करके चार माह पश्चात बेचें, अच्छा लाभ होगा। ता. 15 मई रात को शुक्र वक्री होगा। वक्रकाल में शाक-सब्जियों, फल-फूल, टमाटर आदि की उत्तम पैदावार से इनमें काफी मंदी चल सकती है। रुई, सोना, चांदी, प्रमुख शेयर्स में अच्छी तेजी। ता. 17 को वृष राशि में गुरु के प्रवेश से रुई, चांदी, घी, अनाज के भाव तेज, तो आगे सावन में प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी होगी। ता. 19 मई वक्री अवस्था में शनि का कन्या राशि में प्रवेश से रुई, गुवार, दालों, चावल, धनियां, राई आदि में तेजी का संचार होगा। अच्छी तेजी भी ला सकता है। 20 मई रविवारी मावस अनाज, सरसों, खल, तेल आदि का स्टॉक करने की राय देती है।

मावस्या तिथि माघ या जेठ पड़े रविवार।
घोर युद्ध जन हानि से माचै हाहाकार॥ (भविष्य भारती),

के अनुसार सभी खाद्य वस्तुएं, अनाज, तिलहन, दालों में जबर्दस्त तेजी ला सकती है। **ज्येष्ठ सुदी पक्ष**-ग्रह योगों के अनुसार यह पक्ष काफी उतार-चढ़ाव वाला है। सावधानी से काम करें। ता. 24 सुदी 3 गुरुवारी आर्द्रा युक्त है।

दुतिया तृतीया जेठ सुदी, आवै आर्द्रा रिक्ष।
वर्षे जो कर्षे नमी दर्से दुख दुर्भिक्ष॥ (भविष्य भारती)

अत: आज वर्षा होना नेष्ट फलकारी है। ता. 26 मई सुदी 5 शनिवारी रुई, पाट, बारदाना, रेशम में अच्छी मंदी का वातावरण बना सकती है। सुदी 8 मंगलवारी रुई, चना में अच्छी तेजी के झटके लायेगी।

जून-मास में तेजी की प्रमुख ता. 6, 8, 11, 12, 13, 19, 26 और मंदी की प्रमुख ता. 1, 2, 16, 22, 23, 27, 28, 29 हैं। ता. 1 को वक्री शुक्रास्त होगा। प्रथम अनाज तेज, पीछे एक मास सस्ता रहे। वर्षा कारक तथा सोना में तेजी कारक, तो रुई, चांदी में काफी उतार-चढ़ाव। शुक्रास्त के समय यदि वर्षा अच्छी हो तो सभी वस्तुओं में मंदी की चाल बन जायेगी। ता. 4 जून शनि दृष्ट मिथुन राशि में बुध के प्रवेश से प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में उतार-चढ़ाव अधिक रहेगा। **आषाढ़ कृष्ण पक्ष**-मास में पांच मंगलवार तथा मंगलवारी पूनम व मावस शनि अंगारक योग से युक्त है। व्यापार की प्रमुख वस्तुओं में जबरदस्त तेजी-मंदी से व्यापारी वर्ग परेशान रहेगा। रुई में अच्छी तेजी की संभावना। ता. 5 जून बदी 1 आषाढ़ में बुध का उदय प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में घोर तेजी की सूचना देता है। सोना, चांदी बेचकर अनाज, तिलहन, गुड़, चीनी, दालों का स्टॉक आगे उत्तम लाभ देगा। ता. 11 जून शुक्रोदय पूर्व तीन दिन के अंदर प्रमुख वस्तुओं में कोई तूफानी चाल। बदी 9 मंगलवारी प्रमुख वस्तुओं में तेजी का संचार करेगी। ता. 14 मिथुन संक्रांति गुरुवारी उत्तम वर्षा सूचक कार्तिक तथा रुई, पाट, बारदाना, कालीमिर्च, प्रमुख शेयरों में अच्छी तेजी परन्तु एक मास के अंदर सभी प्रमुख वस्तुओं में घटाबढ़ी से मंदी का प्रभाव रखती है। ता. 18 जून बदी 14 सोमवारी रोहिणी युक्त है।

साढ़ी चौदस हो कभी सोमवार समवेतू।
खेत न उपजे धान्य तृण गाय भैंस केहि हेतु॥
साढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग।
करफ्यू अरु कंट्रोल से दुख पावै सब लोग॥ (भविष्य भारती)।

अनाज, चारा की उत्पत्ति कम। आषाढ़ शुक्ल पक्ष-पक्ष में सभी व्यापारिक वस्तुओं मूल पदार्थ, सभी खाद्य पदार्थ, गल्ला माल, मसाले आदि में जनरल लाईन तेज रहने की आशा है। ता. 21 जून सुदी 2 एवं 9 दोनों गुरुवारी हैं।

दोयज नोमी साढ़ सुदी सोम गुरु भृगुवार।
उत्तम वर्षा अन्न का मंदा रहे बाजार॥ (भविष्य भारती)

के अनुसार अच्छी वर्षा तथा भारी तेजी कारक है। ता. 26 जून शनि मार्गी प्रमुख वस्तुओं में पिछली चलती लाईनें पलट देगा।

वक्र चाल चलते हुए शनि मार्गी हो जाय।
चालू रुख बाजार का एकदम पलटा खाय॥ (भविष्य भारती)।

ता. 28 शुक्र मार्गी से व्यापारिक वस्तुओं में उतार-चढ़ाव। 30 जून देवशयनी एकादशी शनिवारी सभी खाद्य वस्तुओं में एक मास के अंदर तेजी का विचित्र चमत्कार दिखा देगी। सावधानी से काम करें।

जुलाई-माह में तेजी की प्रमुख ता. 2, 4, 10, 14, 17, 20, 24, 25, 28, 31 व मंदी की ता. 5, 12, 23, 26, 27 हैं। ता. 3 मंगलवारी पूनम मूल युक्त है तथा सुदी 14 का क्षय प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी समर्थक है।

पडवा पाचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन।
बढ़ने पर मंदी करे तेजी हो जब छीन॥ (भविष्य भारती)।

श्रावण कृष्ण पक्ष-मास में 5 बुध+गुरुवार कभी-कभी बाजारों में भारी तेजी का वातावरण बना देते हैं। ता. 4 बदी 1 बुधवारी पक्ष में आलू, प्याज, साग, सब्जियां, घी, तेल, मसाले, खाद्य पदार्थों में तेजी को सपोर्ट करती है। ता. 11 जुलाई हस्ते भौम से गुड़, दालें, अनाज, कालीमिर्च, रुई, पाट, रेशम, तिलहन, सोना, चांदी में तीन सप्ताह के अंदर अच्छी तेजी लायेगा। सभी मंदी वस्तुएं खरीदो। 15 जुलाई को बुध वक्री रस पदार्थ, गुड़, धातुएं, प्रमुख शेयर्स में तेजी कारक है। मूल पदार्थ, प्याज, घी, गेहूं, चांदी में भारी तेजी/मंदी दिखायेगा। ता. 18 बदी 14 आर्द्रा युक्त है। चौदश आर्द्रा अन्न को संग्रह करो जरूर, आगे मंदी में अनाज का स्टॉक लाभदायक रहेगा। गुरुवारी मावस पुनर्वसु युक्त है। गुड़, चांदी में तेजी के झटके लायेगी। **श्रावण शुक्ल पक्ष**-ता. 21 जुलाई सुदी 2 का चन्द्रदर्शन अनाजों में तेजी कारक है। ता. 25 सुदी 6 का क्षय रुई, पाट, बारदाना, कालीमिर्च, प्रमुख शेयर्स आदि में एक मास जनरल लाईन तेज रहे। ता. 28 जुलाई सुदी 10 शनिवारी है, आगे सिंह की संक्रांति काल में उपज को श्रेष्ठ बनायेगी। ता. 31 जुलाई मिथुने शुक्र गेहूं, जौ, चना, चावलों में दो सप्ताह के अंदर अच्छी तेजी, तो रुई, घी, तिलहन पदार्थ, अरहर, गुवार में मंदी कारक परन्तु शनि की दृष्टि से इन वस्तुओं में तेजी भी चल सकती है। अत: रुख देखकर काम करें।

अगस्त-मास में तेजी की प्रमुख ता. 4, 6, 7, 8, 9, 16, 22, 23, 29 व मंदी की प्रमुख ता. 10, 20, 21, 27, 30 हैं। ता. 1 अगस्त तुला में शनि का प्रवेश तिलहन पदार्थों में तेजी की लम्बी लाईन। रुई, घी में मंदी समर्थक तो धान्य संग्रह से लाभ हो। **प्रथम भाद्रपद कृष्ण पक्ष**-ता. 3 अगस्त बदी 1 चित्रा मंगल तिलहन, दलहन, धातुएं, गुवार, गेहूं, चना, चावल में तेजी कारक है। ता. 8 अगस्त मार्गी बुध घटाबढ़ी कारक भी है तो आर्द्रा शुक्र 10 दिन में वर्षा कारक तथा गेहूं आदि अनाजों, रुई, कालीमिर्च, गुड़, दालों में अचानक मंदी का वातावरण बना सकता है। ता. 14 तुला में मंगल का प्रवेश सभी प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी का संचार करेगा। **शुक्र क्षेत्र में भौम हो महंगाई दो मास। प्रथम भाद्रपद शुक्ल पक्ष**-सुदी एकम शनिवारी आगे प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। ता. 23 सुदी 6 गुरुवारी स्वाती युक्त पृथ्वी को उपज से परिपूर्ण करेगी। तथा दशमी रविवारी योग से पक्ष में रुई, गुड़, रस पदार्थ, घी आदि में तेजी लायेगी। ता. 28 अगस्त सिंहे बुध लाल वर्ण की वस्तुएं, धातुएं तेज तो प्रमुख शेयरों के भावों में गिरावट लायेगा। ता. 31 शुक्रवारी पूनम अरहर, चांदी आदि में अच्छी गिरावट लायेगी।

भादव शुक्ला पूर्णिमा बादल बिजली गाज।
बादल में चन्दा उदय बेचो शीघ्र अनाज॥ (भविष्य भारती)।

सितंबर-द्वितीय भाद्रपद कृष्ण पक्ष-इस संवत् में दो भाद्रपद हैं। यथा-

दो आश्विन दो भादव दो आषाढ़ के माह।
सोना, चांदी बेचकर नाज वे साहो साह॥ (भविष्य भारती)।

अर्थात् अनाज, चावल आदि का व्यापार उत्तम लाभ देगा। वैसे तो लोंद के संवत् में गुड़, चीनी, मीठा, दालें, अनाज, तिलहन, किराना प्राय: तेज बिकते हैं। मास में 5 शनि+रविवार हैं। मावस को कन्या संक्रांति रविवारी भी खर्पर योग युक्त है। ग्रह योगानुसार स्थूल रूप से यह मास अच्छी तेजी का प्रतीत होता है। ता. 4 सितं. बदी 4 अंगारक की चतुर्थी सभी प्रमुख वस्तुओं, लाल वर्ण में अच्छी तेजी कारक है। पुष्ये शुक्र 10 दिन के अंदर सरकार द्वारा छापामारी, व्यापारियों पर संकट से प्रमुख बाजारों में मंदी का जोश भर जायेगा। ता. 11 उ.फा. बुध एक सप्ताह के अंदर रुई, कालीमिर्च, सोना, तिलहन में मंदी कारक तो चांदी में अच्छी मंदी के झटके, तो दालों, अनाजों में उतार-चढ़ाव रहेगा। ता. 13 सितं. कन्या बुध से सोना, चना, गुड़, हल्दी, अनाज, रुई, चांदी में घटाबढ़ी से गुरु की दृष्टि होने से गिरावट आ सकती है। ता. 16 सितं. रविवारी मावस- **घी महंगा रविवार हो भादव मावस मेल।** कन्या संक्रांति खर्पर योग से प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी कारक है। श्लेषा शुक्र तिलहन में अच्छी मंदी कारक परन्तु संक्रांति तेजी समर्थक होने से घटबढ़ चलेगी। चना, अनाजों में आगे अच्छी तेजी संभव होगी। **द्वितीय भाद्रपद शुक्ल पक्ष**-ता. 17 सितं. प्रतिपदा का क्षय एवं चन्द्रदर्शन तेजी कारक है। हस्त में चन्द्रदर्शन होने से अनाज सस्ता हो तो स्टॉक करके तीसरे माह बेचने से लाभ होगा। ता. 18 सुदी 3 को चित्रा सुदी 4 को स्वाती एवं सुदी 5 की विशाखा में वर्षा होने पर बाजारों में मंदी चलेगी। यदि [illegible] हो तो घोर तेजी चलेगी। ता. 21 सितं. सुदी 6 शुक्रवारी एक मास में रुई, पाट, बारदाना, कालीमिर्च, प्रमुख शेयरों में धीरे-धीरे गिरावट लायेगी। ता. 28 सितं. सिंहे शुक्र से लाल वर्ण, घी, गुड़, रसादि पदार्थों में तीन सप्ताह के अंदर अच्छी तेजी कारक है। वृश्चिक राशि में मंगल का प्रवेश होकर राहु के साथ राशि योग बनाएगा।

मंगल राहु साथ में इक नखत इक रास।
अनावृष्टि दुर्भिक्ष दुख हो खेती का नाश॥ (भविष्य भारती)।

फसलों को नुकसान तथा दुर्भिक्षकारी है। लालवर्ण आदि अन्य प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी को सपोर्ट करता है। ता. 30 रविवारी पूनम रुई, कालीमिर्च, प्रमुख शेयरों में अच्छी तेजी के झटके 5 दिन के अंतर्गत लायेगी।

अक्टूबर-आश्विन कृष्ण पक्ष-मास में अनाजादि मंदे स्तर की वस्तुएं खरीदने से आगे लाभ होगा। ता. 1 अक्टू. बदी 1 तुला राशि में बुध का प्रवेश होकर शनि के साथ मिटिंग करेगा। प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी के बिल पास होंगे। ता. 4 मंगल राहु दृष्ट गुरु वक्री होगा। यदि बादल वर्षा करें तो सभी वस्तुओं में अच्छी मंदी एवं वर्षा न हो तो रुई, घी, तेल, तिलहन तेज। हल्दी में भारी उतार-चढ़ाव। सर्व अनाज संग्रह करने से आगे भारी लाभ की आशा। ता. 5 शनि अस्त से रेशम, कालीमिर्च, रुई, सरसों तेज। दालें, तिलहन, धातुएं, अनाज, गुड़, खाण्ड, किराना में मंदी कारक। परन्तु स्वाती का बुध प्रथम एक सप्ताह अच्छी मंदी लाकर फिर तेजी ला सकता है। ता. 7 बुध का उदय धातुएं, तिलहन, गुड़, दालें, अनाज, मक्का में अच्छा मंदा तो रुई तेज करेगा।

आश्विन में बुध का उदय महंगी करे कपास।
तथा आश्विन में बुध का उदय होवे सुखद सुकाल।

अर्थात् सुभिक्षकारी है। प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में मंदी का संचार या मंदी का दौर भी चल सकता है। ता. 10 अक्टू. स्वाती शनि से सर्व अनाज मंदे। रुई, तिलहन में तेजी। ता. 13 शनिवारी त्रयोदशी को सूर्य अपने नक्षत्रों पर चलने से तेजी का रुख रहे। यथा-

आश्विन तेरस शनि दिना सुर नखत पर सूर।
अन्न हीन भूमि रहे मंदी समझो दूर॥

ता. 15 अक्टू. सोमवती मावस मंदी कारक भी है।

सोमवती मावस पड़े कभी जू आश्विन मास।
अन्न खाण्ड गुड़ तेल में मंदी का आभास॥ (भविष्य भारती)।

आश्विन शुक्ल पक्ष-ता. 16 अक्टू. सुदी 1 मंगलवारी शनि अंगारक योग युक्त है। इससे समय काफी खराब रहेगा। तुला राशि में सूर्य का प्रवेश करके शनि-बुध के साथ मिटिंग करेगा। अनाजों तथा प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी के बिल पास होंगे।

शनि बुध सूरज साथ जब इक राशि इक सेज।
जौ गेहूं चावल चना ज्वार बाजरा तेज॥ (भविष्य भारती)।

ता. 19 अक्टू. सुदी 5 शुक्रवारी, सुदी 4 का क्षय होगा।

किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय।
ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाय॥ (भविष्य भारती)।

स्थूल रूप से पक्ष में दालें, अनाज, तिलहन तथा अन्य प्रमुख वस्तुओं में तेजी चलने की आशा है। ता. 23 सुदी 9 मंगलवारी है।

नवमी मंगलवार जो शुक्ला आश्विन मास।
मूंग मोठ चना उड़द संग्रह करो कपास॥ (भविष्य भारती)।

उपरोक्त वस्तुएं स्टॉक करने की राय देता है। कन्या शुक्र एक मास अंदर प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकसान, शाल की लकड़ी में विशेष तेजी आयेगी। प्रमुख शेयरों, अनाजों, खल तेजी में रहे। रुई, धातुएं, गुड़, चीनी में भारी उतार-चढ़ाव रहेगा। ता. 29 अक्टू. सोमवती पूनम सुख-सुभिक्षकारी, व्यापारिक वस्तुओं में प्रथम मंदी के झटके आकर तेजी होगी।

आश्विन पूनम को अगर बादल बिजली गाज।
नफा मिलेगा चैत्र में संग्रह करो अनाज॥ (भविष्य भारती)।

कार्तिक कृष्ण पक्ष- इस मास में 5 मंगलवार तथा 5 बुधवार हैं। मास में सरसों, तिलहन पदार्थ, दालें, अनाज, पशु आहार, रस पदार्थ, घी, गुड़ आदि में अधिकतर तेजी का वातावरण रहने की आशा है। मास में कहीं भूकम्प आदि प्राकृतिक कारणों से जन-धन की हानि, महाग्निकांड, फसलों को नुकसान आदि होने का योग है। ता. 31 हस्ते शुक्र 13 दिन के अंदर जो वस्तुएं मंदी हो खरीदें एवं तेज हो तो बेचें, लाभ होगा।

नवम्बर-ता. 4 नवं. बदी 5 आर्द्रा युक्त से पशुओं के चारे में अच्छी तेजी का योग। ता. 7 नवं. बुध वक्री होगा। अतः सोना, चांदी, रुई, अनाज, रस पदार्थ, घी, गुड़, चीनी आदि में अच्छी तेजी का झटका आकर आगे मंदी आयेगी। ता. 8 बुधास्त पश्चिम तथा शनि का उदय पूर्व में होने से सभी प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तीन दिन काफी उतार-चढ़ाव रहेगा। ता. 9 धनु मंगल मूल पदार्थ, तिलहन, चांदी, बिनोला, कालीमिर्च, लौंग, गुड़, हल्दी, सौंठ, अदरख, लहसुन आदि में तेजी लायेगा। ता. 13 नवं. शुभ दीपावली मंगलवारी स्वाती युक्त है। **मंगलवारी पड़े दीवाली हंसे किसान रोवे व्यापारी।** अतः स्टॉकिस्टों को नुकसान। चना आदि में यहां दीवाली तक ऊंचे भाव, तो आगे फागुन तक भयंकर मंदी। दीवाली से फिलहाल दो-तीन सप्ताह बाजार तेज रहने की आशा है। **कार्तिक सुदी पक्ष-**सुदी एकम बुधवारी से पक्ष में आलू आदि मूल पदार्थ, तिलहन एवं प्रमुख वस्तुओं में बाजार तेज चलने की आशा है।

पड़वा आठै पूर्णिमा जो बुधवारी आव।
सभी वस्तु व्यापार की महंगे भाव बिकाय॥ (भविष्य भारती)।

अतः पक्ष में बाजार तेज रहेगा। सोना, चांदी एक सप्ताह तेज रहकर बाद में मंदी की लम्बी लाईन भी चल सकती है। ता. 15 नवं. वृश्चिक संक्रांति गुरुवारी-**गुरु च शुक्रो तिल तेल सुत्र कपास वस्त्रादि महर्घता स्यात।** अर्थात् तिल, तेल, तिलहन, रुई, कपास, लाल वर्ण आदि तेज हो। ता. 18 सुदी 5 रविवारी एक मास के अंदर तिलहन, दाल, अनाज, गुड़, रुई, कालीमिर्च में भारी तेजी। तो अनुराधा सूर्य धातुएं मंदी करेगा। ता. 22 बुध का उदय तेजी समर्थक है। यथा- **शुक्ल पक्ष में उदय हो तो तिल जौ नाश विचार।** ता. 27 नवं. बुध मार्गी से प्रमुख वस्तुओं में मंदा अथवा चलती लाईन पलट देगा। बुधवारी पूनम कृतिका युक्त होने से शीत कालीन उपज को श्रेष्ठ बनायेगी। **मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-**मास में दोनों पक्षों की एकादशी रविवारी होने से रुई, कपास का स्टॉक लाभदायक। मावस के आसपास पांच ग्रहों का योग मास में मंदी में अनाज स्टॉक करना लाभदायक रहेगा।

दिसंबर-बदी 3 आर्द्रा युक्त होने से अनाजों में मंदी कारक है।

मंगशिर लागत तीज को पुनर्वसु आय।
राजा प्रजा सुखी रहे मंदा धान्य बिकाय॥ (भविष्य भारती)।

ता. 3 दिसं. विशाखा शुक्र एक सप्ताह के अंदर किसी नामी सटोरियों पर घोर संकट, छापेमारी हो। रुई, चांदी, चावल, सोना, सरसों आदि में मंदी समर्थक है। ता. 11 दिसं. वृश्चिक शुक्र दो सप्ताह के अंदर प्रमुख वस्तुओं में प्रथम मंदी लाकर तेजी लायेगा। रुई, कपास में भारी उतार-चढ़ाव होगा। ता. 13 गुरुवारी मावस वर्षा कारक है।

सूरज बादल में उगे मावस मंगशिर मास।
अन्न उपज कमती रहे महंगा चारा घास॥ (भविष्य भारती)।

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-पक्ष में तिथि क्षय होकर तिथि वृद्धि हुई है। सर्व प्रमुख वस्तुओं, रुई, सोना, चांदी आदि में प्रथम मंदी आकर पक्ष के अंत में अच्छी तेजी की आशा है। ता. 14 दिसं. प्रतिपदा शुक्रवारी एवं चन्द्रदर्शन तीन सप्ताह के अंदर रुई, कपास, कालीमिर्च, प्रमुख शेयरों में अचानक भारी तेजी का वातावरण बन सकता है। ता. 15 धनु संक्रांति शनिवारी तिलहन, तेलों, खल, बिनौला, चना, गुवार, गुड़, खाण्ड आदि में आगे भारी तेजी ला सकती है। इस संक्रांति काल में यदि इत्र, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थों को खरीदकर आगे बेचने से उत्तम लाभ की आशा रहेगी। ता. 18 दिसं. मकरे मंगल सावणी फसल का माल मंदा करेगा। तथा रुई, पाट, कालीमिर्च में अचानक मंदी का वातावरण बनाकर अच्छी तेजी के झटके लायेगा। लालमिर्च, तिलहन भी तेज होंगे। ता. 23 दिसं. तुला राशि में राहु का प्रवेश होकर शनि के साथ राशि योग बनायेगा। सभी प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं, अनाजादि में भारी तेजी कारक है।

शनि राहु भेला रहे राशि कोई होय।
अन्न तो महंगा होयगा निश्चय लियो जोय॥
तुला राशि गत राहु हो क्रूर ग्रहों के साथ।
तो अकाल के कारणे उपज लगे नहीं हाथ॥ (भविष्य भारती)।

दोनों का राशि योग महा दुर्भिक्षकारी है। ता. 27 दिसं. बुधास्त पूर्व सोना, चांदी, रुई में अच्छी तेजी कारक है। तथा अन्य प्रमुख वस्तुओं में भी घटाबढ़ी से तेजी का संचार होगा। ता. 31 दिसं. श्रवणे मंगल अनाजादि प्रमुख वस्तुओं में तेजी समर्थक है।

श्रवण नखत पर कोई ग्रह हो क्रूर।
अन्न भाव महंगा रहे गेहूं तेज जरूर॥ (भविष्य भारती)।

इस मास की तेजी की प्रमुख ता. 1, 3, 4, 11, 16, 19, 24, 28, 29, 31 तथा मंदी की प्रमुख ता. 6, 8, 17, 20, 26 दिसं. हैं।

आवश्यक सूचना

यह लेख ग्रहों की विभिन्न स्थिति, राशि परिवर्तन, दृष्टि संबंध, वक्री-मार्गी, उदयास्त, नक्षत्र परिवर्तन, केन्द्र, त्रिकोण, वार, तिथि योग आदि अन्य महत्वपूर्ण योगों को आधार बना कर लिखा गया है। होना या न होना ईश्वर के अधीन है। अतः लाभ-हानि में लेखक अथवा प्रकाशक की किसी भी स्टेज पर कोई जिम्मेदारी कभी नहीं होगी। एक ही समय में एक योग तेजी का तथा एक योग मंदी का हो तो संदेह में न पड़ें। बाजार का रुख देखते हुए काम करें।

हमारे लेखों से लाभान्वित होने पर अनेक व्यापारियों ने हमें पत्र लिखे हैं। हम उनके आभारी हैं। यह लेख सूक्ष्म रूप में लिखा गया है। पूर्ण विवरण सिलसिले वार जानने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित पुस्तक **भविष्य फल प्रकाश** सन् 2012 ई. मंगाकर लाभ उठायें। पुस्तक में गुवार, गेहूं, चना, जौ, मक्का, मूंग, मौंठ, मटर, अरहर, उड़द आदि दालें, गुड़, चीनी, घी, तेल, सरसों, मूंगफली, अरण्डी, खोपरा आदि तिलहन पदार्थों, रुई, सूत, बारदाना, पाट, जूट, सोना, चांदी धातुएं, लाख, चपड़ा, नमक, आलू, प्याज, लहसुन, हल्दी, जीरा, धनियां, कालीमिर्च, लालमिर्च, इलायची, अजवायन आदि किराना सामान, शेयर्स आदि की दैनिक लाईनें, माल खरीदने बेचने की लाभकारी तारीखें। स्टॉक करने के उचित मौके, मासिक विश्लेषण और लाभकारी चांस भी लिखे गये हैं। मंगाकर लाभ उठायें। मूल्य एक प्रति 250/-, डाक खर्च 25/-, टोटल 275/-रु0 का मनीआर्डर भेजकर मंगा लें। कार्यालय द्वारा उपरोक्त सभी प्रमुख वस्तुओं के स्पेशल चांस विशेष तौर पर अलग-अलग बनाये जाते हैं। एक वस्तु का एक वर्ष का चार्ज 2500/-रु0 तथा 6 मास का 1500/-रु0 है। सोना-चांदी एवं इन्दौर तेल, वायदा की दैनिक रिपोर्ट टाईम सहित बनाई जाती है। एक वर्ष का चार्ज 7500/-रु0 तथा तीन मास का चार्ज 2000/-रु0 तथा मासिक चार्ज 750/-रु0 है। शेयर्स मार्केट की दैनिक टाईम सहित रिपोर्ट बनाई जाती है। एक वर्ष का चार्ज 6000/-रु0, तीन मास का चार्ज 1800/-रु0, तथा मासिक चार्ज 600/-रु0 है। मंगाकर लाभ उठायें। परीक्षा प्रार्थनीय हैं। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। हमारा पता है:-

लेखक-राम अवतार गुप्ता "व्यापार भूषण"
राव उमराव सिंह मार्केट, आर्य समाज रोड
पो0 व जिला-रेवाड़ी 123401 (हरियाणा)
मो.-094161 10996, फोन-01274-223947
Web : www.commodityastro.in

भारतीय मानसून, प्राकृतिक वातावरण व आकाशीय लक्षण

जनवरी-वर्ष के प्रारंभ में शुक्र श्रवण नक्षत्र में, बुध ज्येष्ठा में, सूर्य पूर्वाषाढ़ा में एक साथ विचरण करेंगे। जिससे जन-जीवन कष्ट अनुभव करेंगे। ता. 11 को सूर्य नक्षत्र परिवर्तन कर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में विचरण करेंगे। ता. 14 को सूर्य उत्तराषाढ़ा नक्षत्र मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ता. 18 को बुध पूर्व में अस्त होने से शीत लहर का प्रकोप जारी रहेगा। जिससे आलू, लहसुन, प्याज, अदरख अन्य खड़ी फसलों को ठंड से हानि। ता. 9, 10, 11, 12, 15 को कहीं-कहीं व्यापक वर्षा हो सकती है। ता. 21, 23, 25, 28, 29 को बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा दिल्ली, पंजाब के कुछ भागों में छिटपुट वर्षा हो सकती है।

फरवरी-मासारंभ में ता. 1 को बुध श्रवण में, ता. 3 को सूर्य, ता. 7 को शनि वक्री होगा। ता. 10 को सूर्य धनिष्ठा में तथा ता. 19 को शतभिषा नक्षत्र में विचरण करने से ओला, पाला, शीत लहर का प्रकोप क्रमशः जारी रहेगा। वायु वेग अधिक। ता. 2, 4, 7, 8, 10, 11, 13 को मौसम परिवर्तित होने से साधारण वर्षा कुछ प्रांतों में संभव है। शनि वक्री होने से प्राकृतिक प्रकोप से जन-जीवन को हानि तथा पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात जारी रहेगा। ता. 15, 16, 18, 21, 22, 26, 27 को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, बंगाल तथा दक्षिणी भारत में वर्षा से कृषि को लाभ पहुंच सकता है।

मार्च-ता. 4 को सूर्य पूर्वा भाद्रपद में, ता. 17 को उत्तरा भाद्रपद में तथा 31 को रेवती में विचरण करने से मौसम में व्यतिक्रम जारी रहेगा। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के कुछ भू-भागों में व्यापक वर्षा से कृषि जिन्सों की हानि हो सकती है। गर्मी और सर्दी का मिला-जुला मौसम होने से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ेगा। ता. 8, 9, 10, 13, 15 को मौसम परिवर्तित रहेगा। मीन की सूर्य संक्रांति महेन्द्र मण्डल में पड़ रही है। अतः ता. 14 के बाद मौसम सुहाना होगा। दिन के तापमान में धीरे-धीरे गर्मी का एहसास होगा। परन्तु रात्रि में अभी भी ठंड जारी रहेगी। कुछ प्रांतों में 23, 24, 28 को बूंदा-बांदी हो सकती है।

अप्रैल-मासारंभ में सूर्य रेवती नक्षत्र में विचरण करते हुए ता. 13 को अश्विनी नक्षत्र में तथा ता. 27 को भरणी नक्षत्र में विचरण करेंगे। ता. 6 को बुध मार्गी होगा। फलतः मौसम में गर्मी बढ़नी शुरू हो जायेगी। दक्षिणी एवं पूर्वी दक्षिणी भारत में कहीं-कहीं वर्षा से किसानों को राहत मिलेगी। गर्मी का प्रकोप बढ़ता जायेगा। तेज धूप, लू से जन-जीवन परेशान रहेगा। ता. 13 को सूर्य संक्रांति मेष राशि में होने से पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से भारी वर्षा, आंधी, तूफान से जन-धन की हानि हो सकती है। ता. 14, 17, 18, 21, 23, 25, 27, 29 को मौसम में परिवर्तन दीखेगा।

मई-मासारंभ में सूर्य भरणी नक्षत्र में विचरण करते हुए, ता. 10 को कृतिका में, ता. 24 को रोहणी नक्षत्र में विचरण करेंगे। ता. 2 को शुक्र वक्री होगा, फलतः गर्मी, लू का प्रकोप तेजी से बढ़ता रहेगा। रसकस पदार्थ तथा सफेद जिन्सों के उत्पादन में वृद्धि। मृत्यु दर का ग्राफ आश्चर्य जनक तरीकों से ऊपर उठना चाहिए। विषैले सर्प, जीव-जन्तुओं की वृद्धि होने से आमजनों में भय का संचार। ता. 2, 9, 10, 11 को मौसम में गर्मी, वायु वेग बढ़ेगा। ता. 14 को वृष की सूर्य संक्रांति चन्द्र मण्डल में पड़ने से किसी प्रांतों में छिटपुट वर्षा या बदली दिखेगी। ता. 14, 15, 20, 21, 23, 26, 29, 31 को मौसम परिवर्तित रहेगा। मौसम की अनुकूलता से कृषक वर्ग खुश रहेंगे।

जून-मासारंभ में सूर्य रोहिणी नक्षत्र में, ता. 7 को मृगशिरा में, ता. 21 को आर्द्रा में विचरण करेंगे। ता. 3 को शुक्र अस्त होंगे, ता. 7 को बुध उदय होगा, ता. 12 को शुक्र उदय से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तीव्र शीत लहर से जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। दक्षिण भारत में मानसून में गतिरोध, परन्तु उत्तर भारत के प्रांतों में ता. 12 के बाद छिटपुट वर्षा। ता. 4, 6, 8, 9, 12 को साधारण से भारी वर्षा संभावित है। कुछ प्रांतों में तेज हवा, लू के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त। आकाश में बादल होते हुए भी वर्षा का अभाव रहेगा। ता. 14 को मिथुन संक्रांति अग्नि मण्डल में पड़ने से किसान मौसम के रुख से अचानक नाखुश हो सकते हैं। ता. 6, 18, 19, 21, 22, 24, 25, 27, 30 को मौसम परिवर्तित रहेगा। कुछ प्रांतों में अतिवृष्टि और अनावृष्टि से किसान चिन्तित हो सकते हैं।

जुलाई-सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में विचरण कर रहे हैं। ता. 5 को पुनर्वसु में, ता. 19 को पुष्य नक्षत्र में विचरण करेंगे। ता. 12 को बुध वक्री होगा जिससे मानसून की स्थिति अच्छी रहेगी। लगभग सभी प्रांतों में व्यापक वर्षा संभावित है। कुछ प्रांतों में अतिवृष्टि से जन-धन की हानि। बुध वक्री होने के बाद वर्षा में अचानक गतिरोध, ता. 16 को कर्क की सूर्य संक्रांति वायुमण्डल में पड़ने से वर्षा के क्रम को और बाधित कर सकती है। ता. 1, 5, 6, 7, 8, 11 को अनेक स्थानों में व्यापक वर्षा संभावित है। परन्तु ता. 12 के बाद कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि से कृषि जिन्सों के उत्पादन पर भी कुप्रभाव पड़ेगा। गर्मी के प्रकोप से जन-जीवन, पशु-पक्षी के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ सकता है।

अगस्त-मासारंभ में ता. 2 को सूर्य अश्लेषा में विचरण करते हुए ता. 16 को मघा में, ता. 30 को पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में विचरण करेंगे। ता. 2 को शनि तुला में, ता. 6 को बुध पूर्व में उदय होगा। ता. 8 को बुध मार्गी होगा। फलतः मासारंभ में वर्षा का क्रम अव्यवस्थित रहेगा। कहीं-कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि से किसान चिन्तित रहेंगे। वायु प्रकोप के कारण मेघों का संचरण अनियंत्रित रहेगा। ता. 1, 2, 3, 5, 9 को अनेक स्थानों पर व्यापक वर्षा, ता. 8 को मंगल मार्गी होने से वर्षा में गतिरोध, ता. 16 को सिंह सूर्य संक्रांति अग्निमण्डल में पड़ने से मानसून की सक्रियता को कमजोरी की ओर संकेत कर रही है। ता. 20, 21, 24, 26, 30 को मौसम परिवर्तित। माह में ग्रहों की आपसी तालमेल नहीं होने से प्राकृतिक उत्पात समुद्रतटीय प्रदेशों में जन-धन की हानि हो सकती है।

सितम्बर-मासारंभ में सूर्य पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में विचरण कर रहे हैं। ता. 13 को उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र तथा ता. 26 को हस्त नक्षत्र में विचरण करेंगे। ता. 1 को शुक्र जलीय राशि कर्क में विचरण करने से मासारंभ में लगभग सभी प्रांतों में व्यापक वर्षा से जन-जीवन राहत महसूस करेंगे। परन्तु रोग-व्याधि से जन-जीवन कष्ट भय रहेगा। ता. 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 12 को सभी भू-भागों में व्यापक वर्षा संभावित है। ता. 12 के बाद धीरे-धीरे वर्षा का क्रम कमजोर पड़ने लगेगा। मेघ के संचरण जारी रहते हुए भी वर्षा नहीं होगी। ता. 16 को सूर्य कन्या की संक्रांति में प्रवेश करने से वरुण मण्डल अशांत रहेगा। ता. 13 से 25 तक वर्षा में गतिरोध बना रहेगा। ता. 26 को अचानक वायुवेग के साथ जोर-शोर से भाग्यशाली प्रदेशों में वर्षा होने से कृषक वर्ग प्रसन्न रहेंगे। दिन की अपेक्षा रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दीखेगी। ता. 26, 27, 28, 29, 30 को सामान्य से भारी वर्षा का क्रम जारी रहेगा।

अक्टूबर-मासारंभ में सूर्य हस्त नक्षत्र में विचरण करते हुए ता. 10 को चित्रा में, ता. 23 को स्वाती में विचरण करेंगे। ता. 21 को बुध तुला में, ता. 5 को गुरु वक्री होंगे। इस वर्ष लौटते मानसून से सामान्य से भारी वर्षा की संभावना। पूर्व-दक्षिण समुद्रतटीय क्षेत्रों में तूफान, वर्षा, वायुवेग का उपद्रव संभावित है। उत्तर भारत में वर्षा का क्रम ता. 7 के बाद लगभग समाप्ति की ओर रहना चाहिए। धीरे-धीरे आसमान साफ होता जाएगा। ता. 1, 2, 3, 4, 5, 6 को मौसम में परिवर्तन दीखेगा। जिससे दलहन, तेलहन के उत्पादन के लिए मौसम सुहाना रहेगा। गमग्वार तथा हल्दी का उत्पादन कुछ प्रभावित हो सकता है। ता. 16 को तुला की सूर्य संक्रांति चन्द्रमण्डल में पड़ रही है। जो शुभ है। मौसम का मिजाज ठीक रहेगा। उत्तर भारत में सर्द हवाओं का जोर बनने से ठंड का प्रभाव रात्रि में जारी रहेगा। ता. 17, 19, 21, 24, 29 को मौसम में परिवर्तन दीखेगा।

नवम्बर-मासारंभ में सूर्य स्वाती नक्षत्र में, ता. 6 को विशाखा में, ता. 19 को अनुराधा में विचरण करेंगे। ता. 5 को बुध वक्री होने से मास के प्रारंभ में पर्वतीय क्षेत्रों में अचानक तापमान में भारी गिरावट से ठंड बढ़ जायेगी। उत्तर भारत के सभी भू-भागों में गुलाबी ठंड बढ़ने से मैदानी भू-भागों में वर्षा हो सकती है। कृषि उत्पादन की दृष्टि से मौसम अनुकूल रहेगा। ता. 1, 2, 4, 6, 7, 9, 11 को मौसम परिवर्तित रहेगा। ता. 15 को सूर्य वृश्चिक संक्रांति अग्निमण्डल में पड़ रही है, जो अशुभ है। मौसम के मिजाज की बेरुखी से सामान्य जन प्रभावित होंगे। रोगों का प्रकोप बढ़ेगा। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय जगत में प्राकृतिक उत्पात से व्यापक जन-धन की हानि हो सकती है। ईश्वर सबकी रक्षा करें। ता. 16, 18, 19, 25, 29 को उत्तर भारत में मौसम में अप्रत्याशित बदलाव रहेगा।

दिसम्बर-मासारंभ में सूर्य अनुराधा में विचरण करते हुए, ता. 2 को ज्येष्ठा में, ता. 15 को मूल नक्षत्र में तथा ता. 28 को पू.षा. नक्षत्र में विचरण से तापमान में आश्चर्य जनक तरीकों से ग्राफ नीचे आना चाहिए। इससे पशु-पक्षी तथा जन-जीवन काफी कष्ट अनुभव करेंगे। मृत्यु दर का ग्राफ काफी ऊपर उठेगा। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान तथा तराई वाले क्षेत्रों में व्यापक ठंड जारी रहेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात, भू-स्खलन आदि से व्यापक जन-धन की हानि। ता. 1, 2, 5, 7, 9, 13 को अनेक भू-भागों में ओला, पाला, बादल वृष्टि से ठंड दर का ग्राफ नीचे आ सकता है। ता. 15 को सूर्य धनु की संक्रांति वरुण मण्डल में पड़ने से शीत कालीन वर्षा में वृद्धि है। आलू, प्याज, लहसुन, अदरख, तेलहन, दलहन की फसलों, किराना जिन्सों के उत्पादन प्रभावित होने की आशंका।

लेखक : पं. टुनटुन शास्त्री

व्यापार भविष्य दर्शन एवं कमोडिटी ट्रेडिंग विवरण

जनवरी-मासारंभ में सोना, कॉपर, जिंक, लैड, धनियां, अजवायन, लालमिर्च, कालीमिर्च में सामान्य सुधार की संभावना बनी रह सकती है। ता. 4 को बुध धनु राशि में प्रवेश करने से ता. 8 तक रुई, कपास, कॉटन, बारदाना, सिल्वर, चावल, चीनी में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 9 को शुक्र कुंभ में प्रवेश से ता. 13 तक रुई, कपास, सिल्वर, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा तथा श्वेत वस्तुओं में व्यापक मंदी। ता. 14 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश से घृत, डिब्बा बंद तेल, अलसी, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास में घटाबढ़ी अधिक चलकर स्थिरता बनती हैं। गेहूं आदि अनाज, बारदाना में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। जबकि कालीमिर्च, लालमिर्च, जीरा, धनियां, अजवायन, हल्दी में कुछ तेजी बन सकती है। धातुओं में स्थिरता नहीं बन पायेगी। अतः सावधानी अपेक्षित है। ता. 18 को बुध पूर्व में अस्त होने से एक सप्ताह के अंदर अनाज, घृत में व्यापक मंदी, जबकि रुई, कपास, सोना, कॉपर तथा किराना जिन्सों में मांग निकलने से तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 23 को मंगल वक्री होने से सोना, चांदी, कॉपर, इस्पात, जिंक, लैड, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा तथा कुछ तेल-तेलवाना में व्यापक तेजी। काजू, अखरोट, बादाम, नारियल, सुपारी, चिरौंजी, पाट, पटसन में घटाबढ़ी रहेगी। ता. 24 को बुध मकर में प्रवेश करने से सोना, चांदी, कॉपर, रुई, कपास, कॉटन तथा किराना जिन्सों में तेजी, सभी प्रकार के अनाजों में घटाबढ़ी से सुधार हो सकता है। मासांत तक तिल, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, धनियां, आमचूर, सूखा मेवा, सिंघाड़ा, निकिल, विरोजा आदि में सुधार होता रहेगा। कमोडिटी बाजार में ता. 14 के बाद धातुओं में तथा किराना जिन्सों में दैनिक कारोबार के अंतर्गत तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है।

फरवरी-मासारंभ में धातुओं, डिब्बा बंद तेल, चावल, चीनी, चाय, कॉफी, मूंग, मोंठ, तुअर, हल्दी, जीरा, धनियां, ग्वार में सामान्य सुधार की संभावना है। ता. 3 को शुक्र मीन राशि में प्रवेश करने से धान, चावल, गेहूं, चना, उड़द, तुअर तथा अन्य अनाजों में, तेल-तेलवाना में व्यापक मंदी की धारणा लम्बी लाईन में बन सकती है। ता. 7 को शनि वक्री होने से यह योग बनने से सभी जिन्स धातुओं में के रुखों में अचानक परिवर्तन होकर मंदी की धारणा गंभीर बन सकती है। ता. 10 को बुध कुंभ में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना, रुई, सिल्वर में व्यापक घटाबढ़ी चलकर अंत में कुछ सुधार हो सकता है। रस, गुड़, खाण्ड में तेजी तथा किराना जिन्सों में अचानक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। सोना, कॉपर में भी अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 13 को सूर्य कुंभ राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेगा। इसी राशि में शुक्र भी विचरण कर रहा है। जिससे घृत, वनस्पति घी, डिब्बा बंद तेल, लवण में सामान्य सुधार। रुई, पाट, पटसन, गेहूं, चना, तुअर, गुड़, खाण्ड में कुछ मंदी। गमग्वार, सोना, चांदी तथा किराना जिन्सों में समभाव बना रहेगा। ता. 19 को बुध पश्चिम में अस्त होने से रुई में तेजी। सिल्वर, पाट, पटसन, बारदाना में तेजी तथा सोना, कॉपर में अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 27 को बुध मीन राशि में प्रवेश करने से रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, जीरा, हल्दी, धनियां, ग्वार, लालमिर्च में कुछ मंदी। सोना, चांदी में घटबढ़ चलकर सुधार होकर फिर मंदी की लम्बी लाईन बन सकती है। अतः सावधानी अपेक्षित है। ता. 29 को शुक्र मेष राशि में प्रवेश करने से चावल में तेजी। पाट, बारदाना, गुड़, शक्कर, सिल्वर में घटाबढ़ी चलकर सुधार हो सकता है। घृत, तेल, सोयाबीन, सरसों, अरण्डी में तेजी की धारणा बन सकती है। अचानक वायु वेग चालू हो जाने से ठंड में वृद्धि एवं वर्षा भी हो सकती है। जिससे खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है।

मार्च-मासारंभ में सूर्य कुंभ में, बुध मीन में, गुरु मेष में, मंगल सिंह में, शनि तुला में विचरण करेंगे। मासारंभ में गेहूं, जौ, चना आदि अन्न, घृत, वनस्पति घी, सोना, चांदी, कॉपर में तेजी। जबकि गुड़, खाण्ड, पाट, बारदाना में घटबढ़। तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तेलवाना में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 12 को बुध वक्री होने से गुड़, शक्कर, चावल, घृत में घटबढ़ चलकर मंदी। रुई, कपास, वस्त्र में मंदी। ता. 14 को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करने से रुई, कपास, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, समस्त तेल-तेलवाना में तेजी। तथा अनाजों में घटाबढ़ी चलकर मंदी की धारणा बन सकती है। किराना जिन्सों में अस्थिरता बनी रहेगी। इसी तारीख को बुध के अस्त से सिल्वर में तेजी, पाट, पटसन तथा रुई में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 27 तक इसका प्रभाव रहेगा। हालांकि कुछ किराना जिन्सों में भयंकर तेजी भी बन सकती है। अतः बाजार की दशा-दिशा देखकर काम करें। ता. 28 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश करेगा, जिससे रुई में व्यापक मंदी, चावल, सोना, चांदी में घटाबढ़ी चलकर तेजी की धरणा बन सकती है। किराना जिन्सों में अस्थिरता बनी रहेगी। ता. 29 को बुध पूर्व में उदय होने से एक माह के अंदर घृत में तेजी। रुई में घटाबढ़ी चलकर मंदी तथा सोना में मंदी की धारणा बन सकती है। कमोडिटी बाजार में सोना, कॉपर, सिल्वर, कालीमिर्च, जीरा, कुछ तेल-तेलवाना में रुख देखकर तेजी का सौदा किया जा सकता है। जबकि अन्य जिन्सों में अस्थिरता बनी रह सकती है। बाजार पकड़ में नहीं आयेगा।

अप्रैल-मासारंभ में शुक्र-केतु वृष में विचरण करेंगे। जिससे रुई, कपास, कॉटन, बारदाना में व्यापक मंदी। हल्दी, जीरा, कालीमिर्च, लालमिर्च, ग्वार, उड़द, तूअर, चना, मूंग, मोंठ, सोयाबीन, सरसों, मेंथोल आदि में घटबढ़ चलकर ता. 5 तक कुछ सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 6 को बुध मार्गी 7:38 पर होने से सोना, सुपारी, सरसों, सोंठ, चमड़ा में तेजी। जबकि किराना जिन्सों में अस्थिरता। ता. 13 को सूर्य मेष राशि में प्रवेश करने से रुई, कपास, कॉटन, नारियल, सुपारी, बादाम, काजू, अखरोट, सूखा मेवा, गुड़, खाण्ड, चीनी, तिल, तेल-तेलवाना, सोना-चांदी आदि धातुओं, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, चावल, गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग में कुछ घटबढ़ चलकर सुधार होता रहेगा। परन्तु धातुओं में तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। वायदा बाजार में धातुओं में तेजी का सौदा सुरक्षित प्रतीत हो रहा है। इसी तारीख को मंगल मार्गी होने से तेल-तेलवाना, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, गेहूं आदि अनाजों में 30 दिन के अंदर अच्छी तेजी बन सकती है। मासान्त तक लालमिर्च, धनियां, जीरा, हल्दी, लवण, इलायची, गमग्वार, चिरौंजी, किशमिश, पोस्ता, अखरोट तथा धातुओं में प्रायः तेजी की धारणा बनी रह सकती है। ऐसे तो किराना की प्रमुख जिन्सों में सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है।

मई-मासारंभ में सूर्य-गुरु मेष में तथा केतु-शुक्र वृष राशि में विचरण करेंगे। ता. 2 को शुक्र वक्री होने से रुई, कपास, सिल्वर, गुड़, खाण्ड में तेजी। ता. 3 को गुरु पश्चिम में अस्त होने से बाजार में अस्थिरता बनकर सभी जिन्स धातुओं में धारणा अग्रसर बन सकती है। ता. 5 को बुध मेष राशि में प्रवेश से सोना, चांदी आदि धातुएं, हीरा, जवाहरात, गेहूं, जौ, चना में तेजी। रसकस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, तेल, तेलवाना, तिल, घृत, रुई, कपास में मंदी। परन्तु हल्दी, जीरा, कालीमिर्च, लवण, इलायची, लालमिर्च, ग्वार में ता. 13 तक घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 14 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश करने से जनता में सुख-शांति की भावना जागृत होती है। धान का उत्पादन अच्छा होता है। फिर भी अनाजों में साधारण तेजी बनी रह सकती है। रुई, कपास, कॉटन, सोना में अच्छी तेजी बन सकती है। किराना जिन्सों में प्रायः तेजी बनती रहेगी। यह धारणा लम्बी चल सकती है। ता. 16 को बुध पूर्व में अस्त होने से एक माह के अंदर घृत में मंदी। रुई में घटाबढ़ी। सोना में तेजी बन सकती है। ता. 18 को शनि कन्या में प्रवेश करने से धातुओं के राजा सोना, सिल्वर, हीरा, जवाहरात में मंदी। रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, नमक तथा अनाजों में तेजी। किराना जिन्सों एवं तेल, तेलवाना में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 21 को बुध वृष राशि में प्रवेश करने से सभी जिन्स, धातुओं में घटाबढ़ी होगी। पृथ्वी पर रक्तपात तथा युद्ध की आशंका बनी रह सकती है। तिल, तेल, तेलवाना, रुई, कपास, कॉटन, गेहूं, जौ, चना, मटर आदि अनाजों में तेजी की संभावना। जबकि कीमती धातुओं में अस्थिरता से आम जन परेशान रहेंगे। किराना जिन्सों तथा गमग्वार में कुछ स्थिरता बन सकती है। ता. 29 को गुरु पूर्व में उदय होने से सभी धातुओं तथा किराना जिन्सों दलहन, हल्दी, जीरा, ग्वार आदि में मंदी की धारणा बन सकती है।

राशि के अंतर्गत चतुर्थ ग्रहीय योग बन रहा
जून-मासारंभ में वृष राशि के अंतर्गत चतुर्थ ग्रहीय योग बन रहा है। अतः सावधानी से है। जो सभी जिन्स धातुओं के लिए मंदी कारक है। अतः सावधानी से काम करें। ता. 3 को शुक्र पश्चिम में अस्त होने से सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, इस्पात, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, कॉटन, घी, तेल, बिनौला आदि में मंदी की धारणा बन सकती है। परन्तु रुई में तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। ता. 4 को बुध मिथुन राशि में पर प्रवेश करने से सोना, चांदी, रुई, कपास में मंदी। सरसों, सोयाबीन में घटबढ़। वायु का प्रकोप अधिक चल सकता है। वर्षा भी व्यापक हो सकती है। जिससे किराना जिन्सों में निर्यात मांग की संभावना से तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 7 को बुध पश्चिम में प्रवेश होने से अनावृष्टि से किसान चिन्तित रहेंगे। किराना जिन्स तथा अनाजों में अच्छी तेजी बन सकती है। धातुओं में खामोशी बनी रह सकती है। ता. 12 को शुक्र पूर्व में उदय होने से रुई में तेजी। सिल्वर में घटाबढ़ी चलकर मंदी। अनाजों में मंदी जबकि धातुओं में व्यापक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे रुई, कपास, पाट, पटसन, बारदाना, कॉटन, तेल, तेलवाना, इस्पात, गुड़, खाण्ड, चीनी, घृत, उड़द, मूंग, मोंठ, चावल, गेहूं, चना, अरहर, मटर आदि में तेजी। जीरा, धनियां, आमचूर, इमली, लालमिर्च, कालीमिर्च, ग्वार, मैन्थोल, सोना, चांदी में घटबढ़ चलकर सुधार होता रहेगा। ता. 21 को बुध कर्क राशि में प्रवेश करने से रसकस पदार्थ, धान, गुड़, खाण्ड, दूध, दही, तेल, तेलवाना, सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च में तेजी किन्तु यह तेजी अस्थिर होती है। चांदी में घटबढ़। रुई, कपास, हल्दी, जीरा, धनियां, ग्वार में कुछ मंदी हो सकती है। इसी तारीख को मंगल कन्या में प्रवेश से सभी धातुओं में अच्छी तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। किराना तथा गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च में अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 24 को शनि मार्गी होने से 6 दिन में रुई, कपास में मंदी चलकर फिर सुधार हो सकता है। दो मास के अंदर तिल, समस्त तेल, तेलवाना, गमग्वार, मिर्च आदि में अच्छी तेजी बनती है। ता. 26 को शुक्र भी मार्गी होने से 4 दिन पीछे रुई में मंदी और 5 दिन बाद सिल्वर, सोना में भयंकर तेजी।

जुलाई-मासारंभ में सूर्य-चन्द्रमा मिथुन राशि में तथा केतु-मंगल वृष राशि में विचरण करेंगे। जिससे मासारंभ में रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, मखाना, सिंघाड़ा, नारियल, खोपड़ा, सुपारी आदि में घटाबढ़ी चलकर धारणा मंदी की ओर जा सकती है। एक सप्ताह के बाद सिल्वर, सोना, हीरा, जवाहरात आदि में तेजी बन सकती है। जबकि चावल, गुड़, खाण्ड, घृत, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोंठ आदि में संग्रह करना भविष्य में लाभकारी हो सकता है। हल्दी, जीरा, धनियां, अजवायन, आमचूर, इमली, ग्वार, कालीमिर्च, लालमिर्च में घटबढ़ चलकर कुछ सुधार होता रहेगा। परन्तु स्थिरता नहीं बन पायेगी। अतः बाजार की धारणा देखकर काम करना चाहिए। अन्यथा एक बार गलत सौदा हो जाने पर इससे निकलना बड़ा मुश्किल हो सकता है। यह धारणा ता. 11 तक चलनी चाहिए। ता. 12 को बुध वक्री होने से समस्त व्यापारिक वस्तुओं पर प्रायः मंदी का संचार होता है। व्यापारिक जिन्स धातुओं में पहले मंदी चल रही हो तो तेजी की धारणा और तेजी चल रही हो तो मंदी की धारणा समझना। ता. 16 को सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करने से धान के उत्पादन को लेकर संशय की स्थिति होने से कहीं तेजी, कहीं मंदी की धारणा बन सकती है। सिल्वर में अच्छी तेजी बन सकती है। नारियल, तिल तेल, लालमिर्च, मजीठ में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 19 को बुध पश्चिम में अस्त होने से रुई में व्यापक मंदी। पाट, हैशियन, कपास, चीनी, काजू, अखरोट में भी मंदी की धारणा बन सकती है। ग्वार में व्यापक मंदी की लाईन बन सकती है। प्रायः सभी जिन्स धातुओं में अस्थिरता के कारण बाजार की धारणा आम निवेशक पहचान नहीं सकेंगे। हालांकि किराने की कुछ जिन्सों में निर्यात मांग या अफवाह के कारण बाजार में कुछ तेजी बन सकती है। ता. 31 को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश करने से गेहूं, जौ, चना, चावल, ग्वार, बाजरा, तुअर, उड़द में तेजी। ग्वार, रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, अरण्डी, तिल, अन्य तेल, तेलवाना में मंदी की धारणा बन सकती है। गुड़, घृत, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, धनियां, मैन्थोल, हल्दी, लवण, इलायची, तेजपात, लहसुन, प्याज, अदरख, मेंथी, आलू में घटाबढ़ी चलकर धारणा अग्रसर तेजी की ओर जा सकती है।

अगस्त-मासारंभ में सूर्य कर्क राशि में विचरण करेंगे। मासारंभ में बाजार में धातुओं में अस्थिरता बनी रहेगी। ता. 2 को शनि अपनी ऊंच राशि तुला में मिनट पर प्रवेश करेगा। जिससे सभी अनाज, गुड़, खाण्ड, हल्दी जीरा, धनियां, कालीमिर्च, गमग्वार आदि में तेजी। कहीं अधिक वर्षा, कहीं अनावृष्टि से कृषि को हानि हो सकती है। धातुओं में अस्थिरता बनी रहेगी। बाजार पकड़ में नहीं आ पायेगा। ता. 6 को बुध पूर्व में उदय होने से एक माह के अंदर अनाज, घृत में तेजी। रुई में घटाबढ़ी चलकर मंदी। सोना तथा अन्य धातुओं में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 8 को बुध मार्गी होने से सिल्वर, चावल, चीनी, कपूर, रुई, कपास, कॉटन, मखाना, नारियल, सिंघाड़ा में मंदी की धारणा बन सकती है। पशुचारा, जलावन, कोयला, लकड़ी में तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को मंगल तुला में प्रवेश करेगा जिससे रुई, कपास, कॉटन, उड़द, मूंग, मोंठ, समस्त अनाज, रसकस पदार्थ, सोना, चांदी, कॉपर, इस्पात, जिंक, लैड, जूट, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, डिब्बा बंद तेल, किराने की सभी जिन्सों तथा गमग्वार में अच्छी तेजी बन सकती है। इस राशि में मंगल-शनि की युति विशेषकर धातुओं में अच्छी तेजी कारक है। कमोडिटी ट्रेडिंग में दैनिक कारोबार के अंतर्गत सोना, सिल्वर, कॉपर, इस्पात, जिंक, लैड, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा के वर्तमान स्तर में तेजी का सौदा सुरक्षित प्रतीत हो रहा है। फिर भी बाजार की दशा-दिशा देखकर स्वयं विवेक से अथवा संबंधित जानकार अर्थशास्त्रीयों से परामर्श अवश्य ले लेना चाहिए। ता. 16 को सूर्य सिंह राशि में प्रवेश करने से गन्ना, गुड़, खाण्ड, चीनी, रुई, गमग्वार, लालमिर्च, इमली, सरसों, तिल, डिब्बा बंद तेल, हीरा, जवाहरात में तेजी। अनाजों में कुछ मंदी, जबकि सोना, चांदी, कॉपर आदि में अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 28 को बुध पूर्व में अस्त होने से अनाज, घृत में मंदी। रुई में घटाबढ़ी चलकर सुधार। सोना में घटाबढ़ी चलकर तेजी की धारणा। ता. 29 को बुध सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे सोना, चांदी आदि धातुएं, रुई, कपास, कॉटन, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, हल्दी में तेजी। चावल में खामोशी। गुड़, खाण्ड तथा सूखा मेवा में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है।

सितंबर-मासारंभ में शुक्र कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे समस्त रसकस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, घृत, तेल, तेलवाना आदि में तेजी। रुई, कपास, सिल्वर में घटाबढ़ी की धारणा चल सकती है। ता. 13 को बुध कन्या में प्रवेश करेंगे। सोना, चांदी आदि धातुएं, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गेहूं, जौ, चना, जीरा, कालीमिर्च, लालमिर्च, ग्वार में तेजी। रुई में मंदी। तथा वायुवेग तेज चाल में चल सकती है। ता. 16 को सूर्य कन्या में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेगा। जिससे रुई, कपास, कॉटन, नारियल, सुपारी, मेवा, मजीठ, लाल जिन्स, अरण्ड, समस्त तेल, तेलवाना, सोना, चांदी, इस्पात आदि धातुओं में अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। बुध पश्चिम में उदय होगा। जिससे रुई में तेजी। सिल्वर में मंदी। पाट, हैशियन, सोना में घटबढ़ चलकर तेजी बन सकती है। ता. 28 को शुक्र सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। उसी दिन मंगल वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे धातुओं के राजा सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, मजीठ, लालमिर्च, कालीमिर्च, रसकस पदार्थ, जीरा, धनियां, इमली, ग्वार आदि में अच्छी तेजी। कमोडिटी से धातुओं में तथा ग्वार, किराना जिन्सों में तेजी का सौदा किया जा सकता है।

अक्टूबर-ता. 1 को बुध तुला में प्रवेश कर शनि के साथ युति करेगा। जिससे गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, धनियां, अजवायन, आमचूर, इमली, मैन्थोल, गुड़, खाण्ड, सोना, कॉपर, रुई, कपास में तेजी। सिल्वर, समस्त तेल, तेलवाना, डिब्बा बंद तेल, हल्दी, चावल आदि अनाजों में तथा दलहनों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 5 को गुरु वक्री होने से जिन्स धातुओं में अचानक परिवर्तन हो सकता है। ता. 8 को शनि 18:04 पर अस्त होने से चावल में तेजी। कालीमिर्च, उड़द, गमग्वार, लालमिर्च, इस्पात, सोना में कुछ तेजी बन सकती है। प्राकृतिक उत्पात या आयात-निर्यात संबंधी मामलों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। जो तेजी की जगह मंदी और मंदी की जगह तेजी लम्बी लाईन में बन सकती है। ता. 16 को सूर्य अपनी नीच राशि तुला में प्रवेश कर सूर्य बुध-शनि से प्रतियुति करेगा। जिससे गेहूं, जौ, चना, मसूर आदि अनाज के भावों में तेजी। रुई, सिल्वर, कपास, पाट, पटसन, बारदाना, काजू, अखरोट, बादाम में कुछ मंदी। सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा आदि में अच्छी तेजी बन सकती है। अतः कमोडिटी में इनके सौदे तेजी सूचक प्रतीत हो रहे हैं। ता. 23 को बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से समस्त अनाजों, घृत, तेल, तेलवाना, तिल तथा किराने की कुछ जिन्सों में मंदी की धारणा बन सकती है। सोना, चांदी में समभाव चलकर सुधार होता रहेगा। हालांकि सिल्वर में कम सुधार होगा। सोना, कॉपर में विशेष सुधार होगा। परन्तु शुक्र कन्या में प्रवेश करेगा। जिससे अनाजों में तेजी। तथा समस्त तेल, तेलवाना में तेजी की लंबी लाईन बन सकती है। अत. बाजार की दशा-दिशा देखकर काम करें।

नवम्बर-मासारंभ में सूर्य-शनि तुला में तथा राहु-बुध-मंगल वृश्चिक में विचरण करने से सोना, कॉपर, समस्त तेल, तेलवाना तथा किराना जिन्सों में प्राय: तेजी की धारणा चलनी चाहिए। ता. 5 को बुध वक्री होगा। जिससे गुड़, शक्कर में तेजी। तेल, तेलवाना में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 9 को मंगल धनु में प्रवेश करने से रसकस पदार्थ, रुई, कपास, पाट, पटसन आदि धातु, समस्त तेल, तेलवाना, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, घृत, जीरा, हल्दी में तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 11 को बुध अस्त तथा शनि उदय से चावल, रसकस पदार्थ में तेजी। किराना जिन्सों में खामोशी बन सकती है। ता. 15 को सूर्य वृश्चिक में प्रवेश करेगा। जिससे सोना, चांदी, कॉपर, रुई, कपास, तेल, तेलवाना, लालमिर्च में कुछ तेजी। परन्तु 3 दिन बाद लालवर्ण की जिन्सों में अचानक मंदी भी बन सकती है। ता. 17 को शुक्र तुला में प्रवेश से गुड़, खाण्ड, सोना, कॉपर, रुई, किराना जिन्सों, गमग्वार, सुपारी, नारियल में तेजी। सिल्वर तथा तेल, तेलवाना में मंदी। ता. 23 को बुध पूर्व में उदय होने से एक माह के अंदर घृत, अनाज, रुई में घटाबढ़ी चलकर कुछ सुधार। धातुओं में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 27 को बुध मार्गी होने से घृत, गुड़, खाण्ड, तेल, तेलवाना, औषधि तथा किराना जिन्सों में मासान्त तक तेजी बन सकती है।

दिसम्बर-मासारंभ में किराना जिन्सों में तेजी बनी रह सकती है। धातुओं में अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 6 को बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से समस्त अनाजों, तेल, तेलवाना, घृत में मंदी तथा धातुओं में अस्थिरता बनी रहेगी। ता. 11 को शुक्र वृश्चिक में प्रवेश कर बुध-सूर्य के साथ युति करेगा। जिससे गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, चना में मंदी। तेल, तेलवाना में तेजी बन सकती है। ता. 15 को सूर्य धनु राशि में प्रवेश करने से सोना, चांदी, रुई, तिल, तेल, कपास में तेजी बन सकती है। ता. 18 को मंगल मकर राशि में प्रवेश करने से सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, कालीमिर्च, लालमिर्च, जीरा आदि में तेजी बन सकती है। सोना में विशेष तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। वायदा बाजार में गमग्वार, लालमिर्च, सोना, कॉपर, कालीमिर्च में तेजी का सौदा सुरक्षित प्रतीत हो रहा है। अत: बाजार रुख देखते हुए स्वयं विवेक से काम करें। किसी प्रकार की हानि-लाभ की जिम्मेदारी लेखक व प्रकाशक की नहीं होगी।

यदि आप विस्तार से जिन्स धातुओं की सम्पूर्ण जानकारी चाहते हैं, तो वार्षिक मेम्बर बनकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किसी प्रकार के सेम्पल या ट्रायल की जानकारी नहीं दी जाती है।

लेखक: पं. टुनटुन शास्त्री

ग्रहीय मंत्री परिषद वर्ष फल व राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय हालात

ग्रह मंत्री परिषद में इस वर्ष राजा और मंत्री दैत्य राज्य शुक्र ग्रह को प्राप्त हुआ है। **शुक्रस्य राज्ये बहुसस्य सकला स्व तीव्र वेगा: सरितोऽम्बु राशीभि: फलन्ति वृक्षा: बहुगो प्रसूति: वसुन्धरा पार्थिव सौस्य संयुक्त** अर्थात् अन्न तथा घास, पशुचारा की उत्पत्ति अच्छी होती है। वर्षारंभ में अनाजों में मंदी की धारणा बनी रहती है। परन्तु अंत में अनाजों में तेजी की धारणा बन जाया करती है। फलों में फल-फूल अधिक लगने से इनके मूल्यों में प्राय: मंदी की धारणा बन जाया करती है। कारोबारी, कुशल व्यापारी तथा कृषक गण स्मरण रखें कि धान्य के उत्पादन किसी न किसी कारण से प्रभावित होने से चावल के मूल्यों में आश्चर्य जनक तरीकों से ग्राफ ऊपर उठना चाहिए। अत: चावल का संग्रह भविष्य में अच्छा लाभकारी हो सकता है। शुक्र राजा होने से वर्षा अच्छी होती है। धान का उत्पादन अच्छा होते हुए भी कीड़े-मकोड़े प्राकृतिक कारणों से प्रभावित होते हैं। जन-जीवन में भाईचारा नहीं बन पाता तथा रक्तपात, अनाचार, बलात्कार, चोरी, डकैती आदि घटनाओं में अचानक वृद्धि होती है। मौसम सुहाना होने से वायु युद्ध भी प्राकृतिक वातावरण में गतिरोध बना रह सकता है। मंगल कृत कार्यक्रम होते हैं। धर्म, अध्यात्म तथा धार्मिक अनुष्ठानों में गतिरोध बना करेगा। प्राकृतिक उत्पात से जन-जीवन त्रस्त रहेगा। मंत्री पद भी दैत्य राज शुक्र को ही सुशोभित है। **भृगुसुते ननु मंत्रीपद गते शलभ मूस करानन। माहिषै भवति धान्य समर्घ तमथाम्यम् जन पदे सुजलं सरितोऽधिकम्॥** अर्थात् जिस वर्ष में मंत्री पद शुक्र राजा को प्राप्त होता है, उस वर्ष में कीड़े मकोड़े, चूहा, सर्प, जंगली जानवरों का भय उत्पात से जन-जीवन बाधित होते हैं। समयानुकूल वर्षा होने से नारियल, सुपारी, अखरोट, छुहारा, किशमिश, चिरौंजी, मखाना, काजू, बादाम आदि का उत्पादन अच्छा होता है। व्यापक वर्षा से कहीं हानि, कहीं लाभ की संभावना बनती है। जिससे अनाजों में मंदी का संचार होता है। दूध, घृत आदि का अधिक उत्पादन से इनके मूल्यों में मंदी का संचार होता है। रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना के उत्पादन कुछ कम हो सकते हैं। इस वर्ष धान्येष सूर्य पुत्र शनि को प्राप्त होने से वर्षा का अभाव रहता है। अन्नों का उत्पादन कम होता है। शासन में निरर्थक व्ययशीलता से जनता में आक्रोश बढ़ेगा। रोग, महामारी से जन-जीवन त्रस्त रहेगा। कालीमिर्च, जीरा, उड़द, तिल, कपास के उत्पादन में गतिरोध उत्पन्न होता है। शासन-प्रशासन में अशांति, राजनेताओं के हत्या, चरित्र हनन तथा लोकसभा-विधानसभा में खुलम-खुल्ला एक-दूसरे पर वाक्युद्ध जारी रहता है। जिससे मर्यादा तथा राजनेताओं का चरित्र हनन जारी रहता है। आतंकवाद, अत्याचार, बलात्कार, नरसंहार जैसी घटनाओं का ग्राफ ऊपर उठने से कई प्रांतीय सरकारों का पतन भी संभावित है। धनियां, अजवायन, सौंफ, लालमिर्च, लवण, इलायची, लहसुन, अदरख, प्याज, जायफल, दालचीनी, चावल, चीनी, गुड़ आदि के मूल्यों में अचानक बेतहासा तेजी की संभावना बन सकती है। नीरसेश और धनेश का पद सूर्य को प्राप्त होने से कॉपर, लाल चंदन, मजीठ, हीरा, जवाहरात, ग्वार, इमली, आमचूर, सोना आदि के मूल्यों में तेजी बन सकती है। किराने की प्रमुख जिन्सों में अधिक तेजी। घोड़ा, हाथी, दूधारू पशुओं के क्रय-विक्रय में अच्छे लाभ प्राप्ति का अवसर प्राप्त होता है। सस्येश चन्द्रमा होने से वर्षा समयानुकूल उत्तम होती है। अन्नों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है। रसेश मंगल होने से वर्षा में गतिरोध बना रहता है। रसकस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, चीनी, चाय, कॉफी, गमग्वार, लालमिर्च, अफीम, आमचूर, इमली में प्राय: तेजी की धारणा बन जाया करती है। अत्याचार, अनाचार में वृद्धि। राजनेताओं की हत्या का ग्राफ ऊपर उठता है। प्राकृतिक कारणों से जन-धन की हानि। मेघेश, फलेश, दुर्गेश का पद इस वर्ष देव गुरु वृहस्पति को प्राप्त हुआ है। जिससे शासन में लोकप्रियता, न्यायप्रियता की अधिकता से जन-जीवन में विश्वास की भावना मुखर होती है। जनता के हित में कई प्रकार के नये कानून पारित होते हैं। जन-जीवन मधुरता, स्नेह की भावना मुखर होती है। धर्म, अध्यात्म में लोगों की भावना जागृत होती है। मंगलकृत कार्य अधिक होते हैं। वर्षा समयानुकूल अच्छी होने से फसल अच्छी होती है। सर्वत्र सुभिक्ष की स्थिति बनी रहती है। लकड़ी, जलावन, कोयला, गैस, तेल, फूल-फल, मेवा आदि के मूल्यों में कुछ गिरावट की संभावना बन सकती है। सोना, कॉपर, सिल्वर, हल्दी आदि के मूल्यों में अस्थिरता के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में व्यापक घटाबढ़ी। बाजार की धारणा आम लोगों में भय का संचार करेगी। जिससे, आम लोग इसकी दशा-दिशा पहचान नहीं सकेंगे। अत: सावधानी अपेक्षित है। इस ग्रह मण्डल की विधान सभा में छ: स्थान सौम्य ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। चार स्थान उग्र ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। अत: वर्षफल में उठापटक जारी रहेगी।

चैत्र-वर्ष लग्न होने से पूर्व में स्थिरता बनकर पुन: अत्याचार, अनाचार, घोटाले, चरित्र हनन तथा राजसभा, विधानसभा, लोकसभा की परम्परा को राजनेताओं द्वारा निर्वस्त्र का असफल प्रयास जारी रहेगा। कठोर कानून पारित होने से उग्रवाद पर कुछ हद तक नियंत्रण संभावित है। कठोर कानून से आम जनों में भय का संचार होगा। दूध, पाउडर, घी, वनस्पति के मूल्यों में तेजी बनी रहेगी। तीन मास के अंदर अचानक लालमिर्च, मजीठ, गमग्वार, इमली के मूल्यों में मंदी। कुछ राज्यों में जन प्रदर्शन से अशांति हो सकती है। चावल आदि अनाजों में अच्छी तेजी बन सकती है।

वैशाख-तुला का शनि होने से कालीमिर्च, जीरा, धनियां, अजवायन, आमचूर, ग्वार, जीरा, इलायची, उड़द, तिल आदि में तेजी

की धारणा बनती बिगड़ती रहेगी। सोना, चांदी, कॉपर, इस्पात, जिंक, लैड, निकिल, बिशोजा, अन्य रस रसायन, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, तुअर आदि अनाजों तथा रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन के मूल्यों में घटबढ़ चलकर सुधार होता रहेगा। शृंगार की वस्तुएं तथा सुगन्धित सामग्री महंगी होंगी। इलेक्ट्रानिक वस्तुओं के मूल्यों में बेतहासा तेजी। मकान मैटेरियल के मूल्यों में विशेष तेजी। वैद्य, हकीम, नौका चालक, मछुआरा आदि को कष्ट। जल में उत्पन्न होने वाले फल-फूल महंगे होंगे। ईख, दूध, रसकस पदार्थ, तेल, तेलवाना में अस्थिरता बनी रहेगी। जबकि किराना जिन्सों में अनुपलब्धता, आयात-निर्यात, उत्पादन-खपत आदि नीतियों के कारण प्राय: तेजी बनी रह सकती है। क्रूड आयल, पामोलिन, शेयर्स बाजार की हालात अस्थिर तथा अशांत बनी रह सकती है। तेज गर्मी व लू से जन-जीवन बाधित होगा। तथा मृत्यु दर का ग्राफ आश्चर्य जनक तरीकों से ऊपर उठ सकता है। जो आम जनों में भय का संचार उत्पन्न करेगा। प्राकृतिक उत्पात भी संभावित है।

ज्येष्ठ-डिब्बा बंद तेल, वनस्पति घी, समस्त तेल, तेलवाना, हल्दी, जीरा के मूल्यों में तेजी। वृष राशि में गुरु के विचरण से नंदशाल नामक मेघ वर्षा करता है। जिससे रसकस पदार्थ, चाय, कॉफी में मंदी का संचार हो सकता है। हाथीयों तथा जंगली जानवरों को पीड़ा हो सकती है। गेहूं, चावल, चना, मूंग, उड़द, तिल, हल्दी, जीरा, धनियां, अजवायन, कालीमिर्च, तेजपात, सौंफ, लवण, इलायची, दलचीनी आदि में प्राय: तेजी। गमग्वार, लालमिर्च, सोना, कॉपर, सिल्वर तथा रस रसायन में अस्थिरता बनी रहेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अशांति तथा भारतीय प्रांतों में अशांति से पद परिवर्तन, सत्ता परिवर्तन तथा किसी राष्ट्र का शासन भंग हो सकता है। वर्षा में गतिरोध बना रह सकता है। हीरा, जवाहरात में तेजी। ज्येष्ठ में गुरु उदय से अनावृष्टि तथा कृतिका नक्षत्र में गुरु उदय होने से अनावृष्टि तथा कृतिका नक्षत्र में गुरु उदय से वाहन तथा अग्नि से संबंधित जीविका चलाने वाले लोहार, सोनार में व्याधियां उत्पन्न होती रहेंगी।

आषाढ़-सभी पीत वर्ण की जिन्स धातुओं के भाव में बेतहासा तेजी हो सकती है। चावल, गेहूं, चना, गमग्वार, जीरा में मंदी का संचार। आषाढ़ में बुध का उदय होने से कहीं भी प्राकृतिक आपदा से बाधित होंगे। आर्द्रा नक्षत्र में बुध होने से व्यापक वर्षा हो सकती है। गेहूं, तिल, उड़द में मंदी का संचार। ग्रहपात तथा पवन के प्रवाह से जन-जीवन बाधित होगा। हाथी, घोड़ों के मूल्यों में वृद्धि। पुनर्वसु में बुध होने से वृद्ध व बालकों में रोग का संचार। रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, मखाना, सिंघारा आदि में मंदी का संचार। रोहिणी नक्षत्र में गुरु विचरण से वर्षा तथा अन्य उत्पादन मध्यम होती है। सर्प से जनता में भय। विश्व के विकाशशील राष्ट्रों में अशांति तथा गृह युद्ध स्थितियों से शेयर्स बाजार तथा मूल्यवान धातुओं में अस्थिरता बनी रह सकती है। ओपेक राष्ट्रों में अशांति से कच्चे तेलों के मूल्यों में बेतहासा तेजी बनी रह सकती है।

श्रावण-अश्लेषा में बुध के प्रवेश से कहीं अनावृष्टि, कहीं अतिवृष्टि से जन-जीवन चिन्तित रहेंगे। धान का उत्पादन संतोषप्रद हो सकता है। घृत, गुड़, खाण्ड, लवण, रस, रसायन, नमक, सोना, चांदी, कॉपर, कालीमिर्च, जीरा, हल्दी, जायफल, इलायची महंगे हो सकते हैं। कहीं-कहीं प्राकृतिक उत्पात हो सकते हैं।

प्रथम भाद्रपद- चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, तुअर, उड़द में तेजी। आर्द्रा नक्षत्र में शुक्र प्रवेश से किसी-किसी प्रांतों में उपद्रव तथा अतिवृष्टि से जन-धन की हानि हो सकती है। अश्लेषा में बुध के प्रवेश से अतिवृष्टि से महाप्रलय जैसी स्थितियां बन सकती हैं। कुल मिलाकर अनाजों के उत्पादन संतोषप्रद हो सकते हैं। पशुचारा, जलावन, कोयला, लकड़ी, मकान मैटेरियल, सीमेन्ट, इस्पात आदि के मूल्यों में बेतहासा वृद्धि हो सकती है। मास के उत्तरार्द्ध के बाद सिंह राशि में बुध अचानक वर्षा में गतिरोध बन सकता है।

द्वितीय भाद्रपद-पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में बुध प्रवेश से सीमा पार तनाव जैसी स्थितियां बन सकती हैं। सीमाओं पर गोलीबारी हो सकती है। एक बार फिर खाद्य पदार्थ के वैश्विक स्तर पर लगातार कीमतों से विकाशशील राष्ट्रों में खाद्य आयात दोहराया जा सकता है। हाल में तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक अनाज में स्टॉक के तेजी से निकलने के कारण आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। गहरी चिन्ता का विषय विकास शील राष्ट्रों में तेजी से आर्थिक विकास ऊंची औद्योगिक अर्थ व्यवस्था सुदृढ़ होने का संकेत मिल रहा है। उत्तरी अमेरिका और मध्य पूर्व के कई राष्ट्रों में बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए बड़ी मात्रा में अनाजों की खरीदारी की जाने लगी है। तेल की कीमतों में बेतहासा वृद्धि तथा ढुलाई की लागत बढ़ जाने से इसका असर आम उत्पादक जिन्स धातुओं पर भी प्रलक्षित होने लगा है। जो चिन्ता का विषय बना हुआ है। इससे विकास शील देशों की अनाज के आयात की क्षमता पर दूरगामी असर देखने को मिल सकते हैं। भारत के बाजारों में किराना जिन्सों में बेतहासा मूल्य वृद्धि से आम जन-जीवन परेशान रहेगा। डिब्बा बंद तेलों तथा मेवा में भी अच्छी तेजी बनेगी।

आश्विन-वृष राशि के गुरु वक्री चाल में चलने से चतुष्पद, तेल, तेलहन, बर्तन, सोना, चांदी आदि के मूल्यों में प्राय: तेजी बनी रह सकती है। जबकि चावल, रसकस पदार्थ, किराना जिन्सों में मंदी की धारणा बनेगी। तुला राशिगत बुध का उदय से प्राकृतिक उत्पात, कुछ राष्ट्रों में गृह युद्ध जैसी स्थितियां, भारतीय प्रांतों में कहीं-कहीं अतिवृष्टि एवं धातुओं में अच्छी तेजी बन सकती है। विशेष तौर पर लहसुन, प्याज, आलू, अदरख, धनियां, अजवायन, आमचूर, ग्वार, काजू, अखरोट, बादाम, किशमिश, छुहारा, चिरौंजी, कॉफी, चाय, सोना, चांदी में तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। शेयर्स बाजार तथा क्रूड आयल में अस्थिरता।

कार्तिक-सोना, चांदी, कॉपर, निकिल के भावों में तेजी। चावल, गेहूं, चना, तुअर, उड़द, मूंग, मोठ, कालीमिर्च, जीरा, हल्दी, गमग्वार, आमचूर में भी तेजी। तुला का शनि उदय से प्राकृतिक उत्पात विशेष होगी। कमोडिटी बाजार तथा शेयर्स बाजार में विशेष तौर पर उड़द, कालीमिर्च, तिल, इस्पात, ऑटो मोबाइल, सीमेन्ट आदि के मूल्यों में तेजी। जबकि पाट, पटसन, रुई, कपास, बारदाना, सिंघारा, काजू, अखरोट, मखाना के मूल्यों में मंदी।

मार्गशीर्ष-डिब्बा बंद तेल, रसकस पदार्थ, लवण, इलायची, दालचीनी, लहसुन, प्याज, अदरख, आलु, उड़द, घी, गुड़, खाण्ड तथा पशुओं के मूल्यों में तेजी बन सकती है। खाद्य पदार्थों के विदेशी निर्यात से प्राय: तेजी बनी रह सकती है। विशेष तौर पर मसालों के मूल्यों में बेतहासा तेजी बन सकती है। इस पर नजर रखकर काम करें।

पौष-खरीफ फसल संतोषप्रद नहीं होगी। वृद्ध, बालकों में रोग पीड़ा से कष्ट होगा। जल में उत्पन्न होने वाले फल-फूल महंगे होंगे। जल में निवास करने वाले जीव जन्तु पीड़ित होंगे। चावल, चीनी, कपूर, काजू, मखाना, गुड़, खाण्ड में मंदी। दलहन, तेलहन के मूल्यों में तेजी। सोना, सिल्वर, क्रूड आयल, पामोलिन, सीमेन्ट, इस्पात तथा कॉपर के मूल्यों में तेजी।

माघ-दुधारू पशुओं में रोग-बीमारी हो सकती है। शतभिषा में मंगल के प्रवेश से शीत प्रकोप से खड़ी फसलों की हानि। प्राकृतिक उत्पात होने से जन-जीवन पीड़ित होंगे। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आयात-निर्यात से संबंधित गलत अफवाह से क्रूड आयल तथा सोना के मूल्यों में स्थिरता बनी रह सकती है। कुछ राष्ट्र नायकों के पद, सम्मान पर अचानक काले बादल छा जायेंगे। ओपेक राष्ट्रों में तनाव जैसी स्थितियां। जिससे कच्चे तेल के मूल्यों में व्यापक उठापटक होने की संभावना है।

फाल्गुन-इस मास में तेल, तेलवाना, गेहूं, चावल, ज्वार, बाजरा, तुअर, उड़द, मूंग, मोठ, लहसुन, प्याज, अदरख, सुपारी, नारियल, काजू, अखरोट, बादाम, चिरौंजी, लवण, दालचीनी, गमग्वार, कालीमिर्च, जीरा आदि में घटबढ़ चलकर धारणा मंदी की ओर जा सकती है। केसर, आमचूर, सिंघाड़ा, मखाना, किशमिश, छुहारा आदि में कुछ सुधार। सोना, चांदी, कॉपर, अन्य धातुओं तथा रस रसायन में प्राय: तेजी की धारणा बनी रह सकती है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मुस्लिम राष्ट्रों में विशेष तौर पर अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तालीबान में अमेरिकी कार्यवाही से अंतर्राष्ट्रीय हालात अचानक बिगड़ सकते हैं। जिससे आयात-निर्यात संबंधी मामलों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। भारत-पाक सीमा पर काले बादल छाये रहेंगे। पाक के अंदर उग्रवादी संगठनों द्वारा तवाही का मंजर गृह युद्ध जैसी स्थितियां भयावह रूप धारण कर सकती हैं। जो पूरे विश्व के लिए चिन्ता का विषय होगा।

चैत्र-दालवाना, तेलवाना तथा किराना जिन्सों में प्राय: मंदी की धारणा बनती है। चावल, गुड़, चीनी, चाय, कॉफी, गमग्वार, किशमिश, छुहारा, हल्दी, क्रूड आयल, पामोलिन, मैन्थोल, सुपारी, नारियल, सोना, चांदी में तेजी। अंतर्राष्ट्रीय हालात अभी भी अशांत रहेंगे।

लेखक : पंडित दुनदुन शास्त्री (विभिन्न राष्ट्रीय पंचांगकर्ता)
ग्राम-करौन्दी, पोस्ट-सरौंव (नटवार)
रोहतास (बिहार)-802218
मो.-09431486216, 09801873719

प्रमुख जिन्स धातुओं में तेजी-मंदी विवरण

सोना, कॉपर के प्रमुख चांसों का विवरण

जनवरी-मासारंभ में सोना, कॉपर में घटबढ़ जारी रहेगी। स्थिरता नहीं बन पायेगी। आम निवेशक इसकी दशा-दिशा पहचान नहीं सकेंगे। जिससे सौदा अक्सर गलत हो सकता है। ता. 4 को बुध धनु राशि में प्रवेश करने से ता. 8 तक बाजार में खामोशी बनी रह सकती है। ता. 9 को शुक्र कुंभ राशि में प्रवेश करने से ता. 13 तक बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। अत: बाजार की दिशा खामोशी सूचक प्रतीत हो रही है। ता. 14 को सूर्य मकर में प्रवेश करने से ता. 17 तक अस्थिरता चलकर कुछ सुधार हो सकता है। ता. 18 को बुध अस्त होने से सोना, कॉपर में घटाबढ़ी चलकर कुछ सुधार हो सकता है। ता. 23 को मंगल वक्री होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार या देशवारी अचानक मांग निकलने से धातुओं में अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 24 को बुध मकर में प्रवेश से दोनों धातुओं में तेजी की संभावना प्रबल प्रतीत हो रही है। कुल मिलाकर कमोडिटी बाजार में ता. 14 के बाद तेजी का सौदा सर्वथा उचित प्रतीत हो रहा है। **फरवरी**-मासारंभ में तेजी, ता. 3 से 6 तक घटबढ़, ता. 7 से 9 तक सोना, कॉपर में व्यापक मंदी की लम्बी लाईन, ता. 10 से 12 तक मंदी कायम, ता. 13 से 18 तक मंदी की धारणा, ता. 19 से 26 तक खामोशी बनी रह सकती है। अत: 3 से 26 तक मंदी का सौदा किया जाना उचित प्रतीत हो रहा है। ऐसे तो इस बाजार में कब धारणा बदल जाए, यह तो आंकलन भविष्य के गर्भ में छुपा रहता है। अत: दशा-दिशा देखकर स्वयं विवेक से काम लेना चाहिए। ता. 27 को सोना, कॉपर में घटबढ़ चलकर कुछ सुधार होना शुरू हो जाएगा और यह तेजी ता. 29 के बाद और बढ़ सकती है। अत: ता. 27 से 29 तक तेजी का सौदा विशेष लाभकारी हो सकता है। **मार्च**-मासारंभ में सोना, कॉपर में तेजी, ता. 11 तक जोखिम लेकर तेजी का सौदा किया जा सकता है। ता. 12 से सोना, कॉपर में रुख परिवर्तन हो सकता है। फिर भी ता. 14 से 27 तक अस्थिरता अर्थात घटाबढ़ी चलकर कुछ सुधार होता रहेगा। ता. 28 से 31 तक घटाबढ़ी चलकर बाजार में अस्थिरता बनी रहेगी। अत: सौदा तेजी-मंदी के हिसाब से कुछ मजबूती की ओर रहेगा। परन्तु भारी जोखिम लेकर काम न करें। **अप्रैल**-मासारंभ में अस्थिरता, ता. 6 से 12 तक तेजी की संभावना, ता. 13 से मासांत तक घटबढ़ चलकर अच्छी तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। अत: तेजी का सौदा लेकर चलना लाभप्रद हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी तेजी बन सकती है। **मई**-मासारंभ में गुरु मेष राशि में स्तम्भी बनकर चल रहा है। मासारंभ से 13 तक गुरु के साथ युति करेगा, ता. 14 से राशि परिवर्तन कर वृष राशि में विचरण करेंगे। मासारंभ में सोना, कॉपर में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 3 से 13 तक व्यापक घटाबढ़ी चलकर धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता. 14 से 17 तक अचानक अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 18 से 28 तक सोना, कॉपर में प्राय: मंदी की धारणा बन सकती है। फिर भी सावधानी अपेक्षित है। क्योंकि तीन ग्रहों की प्रतियुति तेजी-मंदी दोनों में सहायक हो सकती है। ता. 29 से 31 तक गुरु उदय होने से मंदी का क्रम जारी रह सकता है। **जून**-मासारंभ में शुक्र-बुध-सूर्य-केतु वृष राशि के अंतर्गत पंचग्रही योग बना रहे हैं। जो बाजार में तूफानी तेजी-मंदी की धारणा बनाते बिगाड़ते रहते हैं। ऐसे तो इस बाजार में अस्थिरता भी बनी रह सकती है। अत: 2 से 11 तक व्यापक मंदी की धारणा बन सकती है। बाजार पकड़ में नहीं आयेगा। ता.12 से धीरे-धीरे तेजी बननी शुरू हो जाएगी। यह तेजी 20 तक चलनी चाहिए। ता. 21 से 23 तक व्यापक तेजी बन सकती है। ता. 24 से मासांत तक रुखों में परिवर्तन तो होगा, रुक-रुककर तेजी बनती रहेगी। **जुलाई**-मासारंभ से ता. 11 तक सोना, कॉपर में तेजी। ता. 12 से 15 तक व्यापक घटाबढ़ी, ता. 16 से 30 तक अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 31 को व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। कुल मिलाकर इस माह में विशेष जोखिम लेकर काम न करें। **अगस्त**-मासारंभ में बुध-सूर्य की युति जलीय राशि कर्क में हो रहा है। जबकि मंगल-शनि की युति कन्या राशि में हो रही है। मासारंभ में तेजी चल सकती है। ता. 2 से 7 तक मंदी की संभावना, ता. 8 से 13 तक रुखों में परिवर्तन, ता. 14 से 27 तक घटाबढ़ी चलकर अच्छा सुधार हो सकता है। ता. 28 से 31 तक भयंकर तेजी बन सकती है। **सितम्बर**-मासारंभ में बुध-सूर्य की युति सिंह राशि में होने से धारणा तेजी की ओर अग्रसर रहनी चाहिए। ता. 12 से 13 तक घटाबढ़ी चलकर बाजार कुछ मंदी की ओर, ता. 26 तक हालांकि मंदी विशेष नहीं होगी। ता. 27 से मासांत तक तेजी की धारणा गंभीर भी हो सकती है। फिर भी सावधानी से काम करें। इस बाजार में कब क्या हो जाए यह संभावनाएं प्रकृति के गर्भ में छुपी रहती हैं। अंतर्राष्ट्रीय हालात, कच्चे तेलों में उठापटक तथा विश्व आर्थिक हालातों के कारण बाजार में कभी भी परिवर्तन हो सकता है। **अक्टूबर**-मासारंभ में सूर्य कन्या में, शनि-बुध तुला में तथा मंगल-राहु वृश्चिक में भ्रमणशील है। अत: मासारंभ में बाजार के हालात तेजी सूचक प्रतीत हो रहे हैं। ता. 1 से 7 तक अच्छी तेजी, ता. 8 से 15 तक अचानक मंदी, ता. 16 से मासांत तक अच्छी तेजी बन सकती है। हालांकि ता. 23 से 31 तक थोड़ी खामोशी सी बनी रह सकती है। फिर भी तेजी का पलड़ा भारी महसूस हो रहा है। दैनिक कारोबार में ता. 1 से 7 तक तेजी, ता. 8 से 15 तक मंदी, ता. 16 से 23 तक गंभीर तेजी, ता. 24 से 31 तक घटाबढ़ी। **नवम्बर**-मासारंभ में शनि-सूर्य तुला में तथा राहु-बुध-मंगल वृश्चिक में भ्रमणशील होने से ता. 4 तक गंभीर तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 5 से 8 तक कुछ मंदी, ता. 9 से 14 तक सामान्य सुधार, ता. 15 से 22 तक अच्छी तेजी, ता. 23 से 26 तक घटाबढ़ी चलकर धारणा मंदी की ओर, ता. 27 से 30 तक कुछ सुधार संभावित है। **दिसंबर**-मासारंभ में ता. 5 तक सुधार, ता. 6 से 14 तक खामोशी, ता. 15 से मासांत तक धीरे-धीरे तेजी बनते हुए गंभीर तेजी की धारणा बन सकती है। दैनिक कारोबार में मासांत तक तेजी का सौदा सर्वथा उचित प्रतीत हो रहा है।

सिल्वर, जिंक, लैड, इस्पात तेजी-मंदी विवरण

जनवरी-मासारंभ में सामान्य सुधार, ता. 4 से 8 तक अचानक मंदी की धारणा, ता. 9 से 13 तक व्यापक मंदी, ता. 14 से 22 तक अस्थिरता, ता. 23 से मासांत तक धीरे-धीरे अच्छी तेजी। **फरवरी**-मासारंभ में तेजी बनी रह सकती है। ता. 6 से 7 तक रुखों में परिवर्तन से घटाबढ़ी चलकर बाजार में अस्थिरता ता. 16 तक बनी रह सकती है। ता.19 के बाद अचानक मंदी की धारणा ता. 26 तक चल सकती है। ता. 27 से मासांत तक घटाबढ़ी चलकर सामान्य से भारी तेजी। **मार्च**-मासारंभ में सूर्य शत्रु राशि कुंभ में तथा गुरु शुक्र मेष राशि में विचरण करेंगे। फलत: मासारंभ में ता. 11 तक सिल्वर, जिंक, लैड में अच्छी तेजी। इस्पात में घटाबढ़ी चल सकती है। ता. 12 से 27 तक व्यापक घटाबढ़ी, ता. 16 के बाद धीरे-धीरे स्थिरता बनी रह सकती है। ता. 28 से 31 तक घटाबढ़ी चलकर कुछ सुधार हो सकता है। **अप्रैल**-मासारंभ में बाजार में बिकवाली दबाव से बाजार में मासारंभ में खामोशी बनी रहेगी ता. 5 तक। ता. 6 से 12 तक घटाबढ़ी चलकर कुछ सुधार, ता. 13 से बाजार में अचानक अंतर्राष्ट्रीय हालात तथा विदेशी निवेशकों के समर्थन से बाजार में सभी धातुओं में आश्चर्य जनक सुधार हो सकता है। अत: तेजी का सौदा सुरक्षित प्रतीत हो रहा है। **मई**-मासारंभ में तेजी, ता. 2 से 13 तक मंदी, ता. 14 से 17 तक धीरे-धीरे तेजी, ता. 18 से पुन: मंदी की धारणा ता. 28 तक चलेगी। हालांकि बीच-बीच में एकाध बार जोरदार तेजी की धारणा बन सकती हैं। ता. 29 को गुरु उदय से अचानक तेजी की धारणा मासांत तक चलेगी। **जून**-मासारंभ में धातुओं में तेजी, ता. 3 से 6 तक मंदी, ता. 7 से 13 तक घटाबढ़ी, ता. 14 से 20 तक तेजी, ता. 21 से मासांत तक तेजी की लंबी लाईन बन सकती है। अत: बाजार रुख देखते हुए तेजी का सौदा उचित प्रतीत हो रहा है। **जुलाई**-मासारंभ में घटाबढ़ी, ता. 12 से 15 तक बाजार के रुखों में परिवर्तन, ता. 16 से 30 तक तेजी की लम्बी लाईन, ता. 31 को शुक्र खामोशी बन सकती है। **अगस्त**-मासारंभ में बुध-सूर्य कर्क राशि में विचरण करेंगे। जिससे मासारंभ में सभी धातुओं में अस्थिरता बनी रह सकती है ता. 7 तक। ता. 8 से धीरे-धीरे सुधार होकर ता. 15 तक तेजी की धारणा अस्थिर होकर चलेगी। ता. 16 से धीरे-धीरे तेजी बनकर मासांत तक अच्छी तेजी बन सकती है। **सितंबर**-ता. 1 को शुक्र कर्क राशि में तथा बुध-सूर्य सिंह राशि में विचरण करने से मासारंभ में सभी धातुओं में तेजी बनी रह सकती है ता. 12 तक। ता. 13 से 26 तक अचानक मंदी, ता. 27 से मासांत तक व्यापक घटाबढ़ी। दैनिक कारोबार

में अस्थिरता बनी रह सकती है। अक्टूबर-मासारंभ में ता. 1 से 4 तक व्यापक मंदी, ता. 5 से 15 तक अस्थिरता बनकर दैनिक कारोबार में बाजार की धारणा मंदी की ओर, ता. 16 से 22 तक व्यापक मंदी, ता. 23 से 31 तक बाजार में धीरे-धीरे तेजी की धारणा बनने लगेगी। **नवम्बर**-मासारंभ में ता. 8 तक तेजी, ता. 9 से 14 तक सब कुछ सामान्य रहा तो अच्छी तेजी, ता. 15 से 22 तक व्यापक घटाबढ़ी अस्थिरता बनी रह सकती है। दैनिक कारोबार में बाजार की धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 23 से मासांत तक घटबढ़ चलकर कुछ स्थिरता बन सकती है। **दिसंबर**-मासारंभ में ता. 5 तक तेजी, ता. 6 से 25 तक भयंकर तेजी की अवधारणा, ता. 26 से मासांत तक अचानक मंदी बन सकती है।

गम्ग्वार, लालमिर्च, मेंथी, कालीमिर्च, उड़द

जनवरी-मासारंभ में गुरु मेष राशि में तथा मंगल सिंह राशि में विचरण करेंगे। जिससे कालीमिर्च, लालमिर्च में तेजी, मेंथी, इमली, ग्वार में घटबढ़ ता. 8 तक। ता. 9 से 13 तक सभी जिन्सों में अच्छी तेजी, ता. 14 से 23 तक समभाव, ता. 24 से मासांत तक सभी जिन्सों में अचानक मांग निकलने से तेजी। **फरवरी**-मासारंभ से ता. 2 तक घटबढ़, ता. 3 से 6 तक खामोशी, ता. 7 से 18 तक तिल, ग्वार, मेंथी, कालीमिर्च, उड़द में सामान्य तेजी, ता. 19 से 26 तक व्यापक घटाबढ़ी चलकर धारणा मंदी की ओर, ता. 27 से मासांत तक घटाबढ़ी चलकर बाजार में एक बार जोरदार तेजी। **मार्च**-मासारंभ में सूर्य कुंभ में तथा गुरु-शुक्र की युति से ता. 11 तक सभी जिन्सों में अच्छी मंदी । ता. 12 से रुखों में परिवर्तन हो सकता है। ता. 14 से 27 तक बाजार में अस्थिरता, ता. 28 से धीरे-धीरे तेजी की धारणा बनने लगेगी और मासांत तक सुधार की धारणा। ता. 28 को शुक्र के राशि परिवर्तन से स्थिरता बन पायेगी। **अप्रैल**-मासारंभ में सभी जिन्सों में घटाबढ़ी परन्तु बाजार में धारणा तेजी की ओर रहेगी। ता. 6 से 11 तक अच्छा सुधार, ता. 13 को सूर्य-गुरु की युति से मासांत तक सभी जिन्सों में तेजी। उड़द, तिल तथा ग्वार में अपेक्षाकृत उतनी तेजी नहीं बन पाएगी। अन्य जिन्सों में सुधार होता रहेगा। **मई**-मासारंभ में सूर्य-गुरु की युति से सभी जिन्सों में तेजी बनती रहेगी ता. 13 तक। ता. 14 को सूर्य राशि परिवर्तन कर गुरु-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। जिससे ता. 17 तक भयंकर तेजी। ता. 18 को शनि कन्या राशि में प्रवेश करने से बाजार के रुखों में अचानक परिवर्तन, ता. 26 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 27 से सभी जिन्सों में अच्छी तेजी। **जून**-मासारंभ में शुक्र-बुध-सूर्य-गुरु-केतु पंचग्रही योग वृष राशि के अंतर्गत बन रहा है। जिससे सभी जिन्सों में अफवाहों पर आधारित रुक-रुककर तेजी ता.11 तक बननी चाहिए। ता. 12 से सभी जिन्सों में अच्छी तेजी, ता. 14 से 20 तक अचानक आवक के दबाव में धारणा मंदी की ओर, ता. 21 से मासांत तक के बीच शनि शुक्र मार्गी होने से लालमिर्च, कालीमिर्च, ग्वार में अच्छी तेजी बन सकती है। अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। **जुलाई**-मासारंभ में शुक्र-गुरु की युति से बाजार में मंदी, परन्तु ग्वार, लालमिर्च, जीरा में तेजी। ता. 12 से मासांत तक रुखों में परिवर्तन होगा, फिर भी खामोशी बनी रहेगी। **अगस्त**-मासारंभ में शुक्र के राशि परिवर्तन से शनि अपनी उच्च राशि में विचरण करने से सभी जिन्सों में ता. 13 तक अच्छी तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को मंगल तुला में प्रवेश करने से ग्वार, लालमिर्च छोड़कर सभी जिन्सों में मासांत तक अच्छी तेजी बन सकती है। **सितंबर**-मासारंभ में शुक्र कर्क राशि में विचरण करने से सभी जिन्सों में खामोशी बनी रहेगी। ता. 18 से 26 तक घटबढ़ चलकर सुधार, ता. 27 से 30 तक तेजी। **अक्टूबर**-मासारंभ में ता. 7 तक मंदी, ता. 8 को शनि अस्त होने से ता. 22 तक अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 23 से मासांत तक घटबढ़ जारी रहेगी। **नवम्बर**-मासारंभ में ता. 4 तक तेजी, ता. 5 से रुखों में परिवर्तन, ता. 9 से 22 तक अस्थिरता, ता. 23 से मासांत तक अच्छी तेजी। **दिसंबर**-मासारंभ में तेजी ता. 5 तक बनी रहेगी। ता. 6 से 14 तक खामोशी, ता. 15 से 31 तक अफवाहों पर आधारित अच्छी तेजी बन सकती है।

समस्त तेल, तेलवाना में तेजी-मंदी विचार

जनवरी-मासारंभ में बुध धनु राशि में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना में ता. 8 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 9 से 22 तक सोयाबीन, सरसों, तिल आदि में अच्छी तेजी। ता. 22 से मासांत तक सभी तेल, तेलवाना में तेजी बन सकती है। **फरवरी**-मासारंभ में ता. 2 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 3 से 12 तक डिब्बा बंद तेलों में तेजी। ता. 13 से 26 तक अच्छी तेजी, ता. 27 से मासान्त तक व्यापक मंदी। **मार्च**-ता. 11 तक मंदी की धारणा, ता. 12 से रुखों में परिवर्तन फिर भी धारणा मंदी की ओर, ता. 28 से 31 तक व्यापक मंदी। **अप्रैल**-ता. 5 तक मंदी, ता. 6 से 12 तक व्यापक मंदी, ता. 13 से बाजार में धीरे-धीरे सुधार, मासांत तक भड़कती तेजी बन सकती है। **मई**-मासारंभ में शुक्र वक्री होने से तेलों में मंदी ता. 13 तक रहेगी, ता. 14 से धीरे-धीरे तेजी बनकर, ता. 18 तक अच्छी तेजी। ता. 19 से मासांत तक घटबढ़ जारी रहेगी। हालांकि डिब्बा बंद तेलों में तेजी की धारणा रुक-रुककर बनती रहेगी। **जून**-मासारंभ में मंदी ता. 3 तक, ता. 4 से 11 तक घटबढ़, ता. 12 से 20 तक सामान्य सुधार, ता. 21 से मासांत तक अच्छी तेजी। **जुलाई**-मासारंभ में तेजी बनी रहेगी, ता. 12 से रुखों में परिवर्तन, ता. 16 से 30 तक अच्छी तेजी, ता. 31 को मंदी बन सकती है। **अगस्त**-मासारंभ में मंदी की धारणा ता. 7 तक चलनी चाहिए। ता. 8 से 13 तक रुखों में परिवर्तन, ता. 14 से मासांत तक अच्छी तेजी बन सकती है। **सितंबर**-मासारंभ में शुक्र जलीय राशि कर्क में प्रवेश करने से ता. 27 तक रुक-रुककर तेजी बनती रहेगी। ता. 28 से मासांत तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। **अक्टूबर**-मासारंभ में मंदी की धारणा ता. 4 तक चलनी चाहिए। ता. 5 से 7 तक मंदी, ता. 8 से मासांत तक भड़कती तेजी बनती रहेगी। हालांकि माह की तेजी अफवाहों पर आधारित होगी। **नवम्बर**-मासारंभ में कुछ तेजी, ता. 5 को बुध वक्री होने से ता. 8 तक रुखों में परिवर्तन होगा। ता. 9 से 10 तक तेजी, ता. 11 से अचानक मंदी की धारणा ता. 26 तक चलेगी। ता. 27 से रुखों में परिवर्तन होगा। **दिसंबर**-प्राय: घटबढ़ जारी रहेगी। स्थिरता नहीं बन पायेगी। अफवाहों पर आधारित तेजी-मंदी पकड़ में नहीं आयेगी। अत: सावधानी अपेक्षित नहीं होगी।

रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, जीरा, धनियां, अजवायन, हल्दी, मैन्थोल आदि में मंदी-तेजी विचार

जनवरी-मासारंभ में जीरा, धनियां, अजवायन, रुई, कपास में तेजी। ता. 4 से रुई, कपास, कॉटन में मंदी। अन्य जिन्सों में ता. 8 तक तेजी। ता. 9 से रुई, कपास, मैन्थोल में घटबढ़ अस्थिरता व अन्य जिन्सों में कुछ सुधार ता. 22 तक चल सकता है। ता. 23 को मंगल वक्री होने से सभी जिन्सों में सुधार। **फरवरी**-मासारंभ में रुई, कपास, कॉटन में तेजी, अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी ता. 6 तक। ता. 7 शनि वक्री होने से ता. 12 तक सभी जिन्सों में खामोशी, ता. 13 से 26 तक व्यापक मंदी की धारणा, जबकि धनियां, अजवायन, जीरा में कुछ सुधार, हल्दी में घटबढ़ जारी रहेगी। **मार्च**-मासारंभ में मंदी की धारणा ता. 11 तक चलेगी। ता. 12 को बुध वक्री होने से रुखों में परिवर्तन, ता. 14 से 27 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ चलकर सुधार। ता. 28 से मासांत तक पुन: मंदी की धारणा। **अप्रैल**-मासारंभ में सभी जिन्सों में खामोशी ता. 5 तक बनी रह सकती है। ता. 6 से 12 तक व्यापक घटाबढ़ी, ता. 13 से सभी जिन्सों में सुधार की संभावना। **मई**-मासारंभ में तेजी बनी रहेगी ता. 4 तक। ता. 5 से 13 तक अचानक मंदी, किराना जिन्सों में विशेष घटबढ़ होगी। ता. 14 से 20 तक रुई, कपास, कॉटन में अच्छी तेजी, जबकि किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 21 से मासांत तक सभी जिन्सों में अस्थिरता। **जून**-मासारंभ में सभी जिन्सों में मंदी की धारणा ता. 13 तक। ता. 14 से सभी जिन्सों में धीरे-धीरे अच्छी तेजी। **जुलाई**-मासारंभ में रुई, कपास में व्यापक घटाबढ़ी जबकि जीरा, धनियां, अजवायन, हल्दी, मैन्थोल में अच्छी तेजी ता. 11 तक। ता. 12 से रुखों में परिवर्तन, ता. 16 से मासांत तक सभी जिन्सों में अच्छी तेजी। **अगस्त**-मासारंभ में शनि तुला राशि में विचरण करने से सभी जिन्सों में प्राय: तेजी की धारणा। **सितंबर**-मासारंभ में सभी जिन्सों में व्यापक घटाबढ़ी ता. 12 तक चलेगी। ता. 13 से 27 तक रुई, कपास में मंदी। किराना जिन्सों में तेजी। ता. 28 से 30 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। बाजार में स्थिरता नहीं बन पायेगी। **अक्टूबर**-मासारंभ में रुई, कपास, कॉटन में तेजी, अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी ता. 7 तक। ता. 8 से मासांत तक सभी जिन्सों में अच्छी तेजी। **नवम्बर**-माह में ता. 14 तक तेजी बनी रहेगी। ता. 15 से 30 तक सभी जिन्सों में घटाबढ़ी चलकर अच्छा सुधार होता रहेगा। **दिसम्बर**-मासारंभ में हल्दी, जीरा, धनियां, अजवायन, मेन्थौल में तेजी ता. 10 तक चल सकती है। ता. 11 से 26 तक सभी जिन्सों में मंदी, ता. 27 से 31 तक रुई, कपास में व्यापक मंदी, अन्य जिन्सों में कुछ सुधार होता रहेगा।

यदि आप चाहें तो दैनिक कारोबार या हाजिर बाजार की प्रत्येक जिन्स धातुओं की सम्पूर्ण गतिविधियों की तेजी-मंदी की जानकारी हमारे कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं। अचूक चांसों की जानकारी मो0: 09431486216 तथा 09801873719 पर दी जाती है। लिखित रूप में रिपोर्ट, दैनिक गतिविधियों की जानकारी भी भेजी जाती है।

लेखक : पंडित दुनदुन शास्त्री

शेयर बाजार तेजी-मंदी सम्पूर्ण गतिविधियां सन् २०१२ ई.

जनवरी-यह मास रविवार उत्तराभाद्रपद नक्षत्र मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 4 को बुध धनु राशि में प्रवेश 7।12 पर होगा। धनु राशि में बुध-सूर्य की युति होगी, ता. 9 को शुक्र कुंभ राशि में 13 घंटा 39 मिनट पर प्रवेश करेगा, ता. 14 को सूर्य मकर राशि में 24 घंटा 59 मिनट पर प्रवेश करेगा। ता. 18 बुध पूर्व में अस्त 15 घं. 12 मि. पर होगा। ता. 23 को मंगल वक्री 30 घं. 23 मि. पर होगा। ता. 24 को बुध मकर राशि में 6घं.55मि. पर प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेगा। फलत. मासारंभ में बाजार की हालत मंदी सूचक प्रतीत हो रही है। ता. 2 को बाजार खुलते ही भारी बिकवाली बन सकती है। ता. 3 से 4 तक नई पुरानी अर्थ व्यवस्था के शेयरों में अस्थिरता बनी रहेगी। बाजार पकड़ में नहीं आएगा। ता. 5 से 6 तक सब कुछ सामान्य रहा तो सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, बैंक, विद्युत, पावर तथा धातुओं के शेयरों में समर्थन मिलने से सुधार हो सकता है। आगामी सप्ताह भी बाजार की धारणा तेजी में रहेगी। फिर भी बाजार की दशा-दिशा देखकर ही काम करें। ता. 9 से 10 तक बैंक, ऑटोमोबाइल, सिमेन्ट, इस्पात, सॉफ्टवेयर, रियेल इस्टेट, गैस, विद्युत, कंपनियों के शेयरों में अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 11 को अचानक बिकवाली से बाजार के सूचकांक में गिरावट बन सकती है। ता. 12 से 13 तक विभिन्न सेक्टरों के ब्लूचिफ कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से खरीददारी होने से अच्छा सुधार हो सकता है। आगामी सप्ताह घटबढ़ अधिक चलेगी। इस सप्ताह बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा के शेयरों में बिकवाली या दबाव बना रह सकता है। ता. 16 से 17 तक इस्पात, पावर, विद्युत तथा धातुओं के शेयरों में समर्थन से सुधार, ता. 18 को बिकवाली की आशंका, ता. 19 से 20 तक घटबढ़ चलकर सामान्य सुधार की संभावना। आगामी सप्ताह बाजार की धारणा मंदी सूचक प्रतीत हो रही है। ता. 23 को सामान्य सुधार, ता. 24 से 26 तक अंतर्राष्ट्रीय हालात व अन्य कारणों से बाजार में भारी बिकवाली बनने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक गिरावट बन सकती है। अतः तेजी की जगह मंदी का सौदा करना उचित प्रतीत हो रहा है। ता. 27 को सामान्य सुधार, फिर भी अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 30 से 31 तक कोई अनहोनी घटना या गलत अफवाह के कारण साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा तथा बैंकों के शेयरों में बिकवाली की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है।

फरवरी- यह मास बुधवार कृतिका नक्षत्र वृष राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 3 को शुक्र मीन राशि में, ता. 7 को शनि 11 घं. 30 मि. पर वक्री होगा। ता. 10 को बुध कुंभ राशि में 24 घं. 11 मि. पर प्रवेश करेगा। ता. 13 को सूर्य कुंभ राशि में 13 घं. 58 मि. पर प्रवेश कर बुध के साथ युति करेगा। ता. 19 को बुध 22 घं. 5 मि. पर पश्चिम में उदय होगा। ता. 27 को बुध मीन राशि में 16 घं. 4 मि. पर प्रवेश करेगा। ता. 29 को शुक्र कुंभ राशि को छोड़कर मेष राशि में 7 घं. 23 मि. पर प्रवेश करेगा। फलतः बाजार में घटबढ़ चलकर सुधार होता रहेगा। परन्तु मुनाफा वसूली जारी रहने से बाजार में कभी भारी बिकवाली से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ता. 1 से 3 तक सब कुछ सामान्य रहा तो बैंक, रीयेल इस्टेट, सुगर, पावर, विद्युत, इस्पात तथा धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। आगामी सप्ताह सब कुछ सामान्य रहा तो बाजार की दशा तेजी के समर्थन में सहायक प्रतीत हो रहा है। ता. 6 से 7 तक विद्युत, सिमेन्ट, पावर, इस्पात, ऑटो मोबाइल कंपनियों के शेयरों में समर्थन से अच्छा सुधार हो सकता है। ता. 8 को अचानक बिकवाली से बाजार में स्थिरता नहीं बन पायेगी। ता. 9 से 10 तक विभिन्न ब्लूचिफ कंपनियों के शेयरों में विदेशी निवेशकों तथा संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार होना चाहिए। आगामी सप्ताह घटबढ़ अधिक चलेगी। फिर भी स्थिरता तेजी की ओर ही रहनी चाहिए। ता. 13 को सामान्य सुधार, ता. 14 को अचानक बिकवाली की आशंका, ता. 15 से 17 तक इस्पात, ऑटो मोबाइल, सिमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, पेट्रो रसायन तथा धातुओं के शेयरों में सामान्य समर्थन से सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। आगामी सप्ताह बाजार में भारी बिकवाली की आशंका प्रतीत हो रही है। अतः सावधानी अपेक्षित है। ऐसे तो इस बाजार में कब, क्या हो जाए? यह तो संभावनाएं भविष्य के गर्भ में छुपी रहती हैं। अंतर्राष्ट्रीय हालात, विदेशी निवेशकों की खामोशी, बाजार की दशा-दिशा कभी भी बदल सकती है। इसका सदैव स्मरण रखकर ही काम करना चाहिए। अन्यथा कभी भी फलाफल में अंतर हो जाता है। ता. 20 से 22 तक भारी बिकवाली के कारण बाजार आंधी की आम के तरह गिर सकता है। अतः तेजी की अपेक्षा मंदी का सौदा किया जाना उचित होता है। ता. 23 से 24 तक घटबढ़ चलकर सामान्य सुधार हो सकता है। ता. 27 से 28 तक व्यापक घटाबढ़ी चलकर अस्थिरता, ता. 29 को सामान्य सुधार, ता. 22 से 28 तक बाजारीय कारणों से बाजार की हालात नकारात्मक प्रतीत हो रही है। बाजार में अनुकूलता या प्रतिकूलता बाजारी अफवाहों पर आधारित होगी।

मार्च-यह माह गुरुवार रोहिणी नक्षत्र वृष राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में ता. 12 को बुध 13 घं. 23 मि. पर वक्री होगा, ता. 14 को सूर्य मीन राशि में 10 घं. 51 मि. पर प्रवेश करेगा, इसी तारीख को बुध पश्चिम में 13 घं. 59 मि. पर अस्त होगा। ता. 28 को 14 घं. 22 मि. पर शुक्र वृष राशि में प्रवेश कर केतु के साथ युति करेगा। ता. 30को 13 घं. 59 मि. पर बुध पूर्व में उदय होगा। ग्रहों की स्थिति के अनुसार मास के प्रारंभ में जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, शेयर बाजार मंदी के हर झटके को झेलकर आगे तेज होता जाएगा। इस माह में बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, धातुओं के शेयर अग्रसर मजबूती की ओर रहना चाहिए। ता. 1 से 2 तक विभिन्न सेक्टरों के ब्लूचिफ कंपनियों के शेयरों में लिवाली से गंभीर तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 5 से 9 तक सब कुछ सामान्य रहा तो बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, इस्पात, धातु तथा विद्युत कंपनियों के शेयरों में समर्थन प्राप्त होने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्य जनक सुधार हो सकता है। परन्तु एकाध दिन गंभीर मंदी की धारणा से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। अतः बाजार की दशा-दिशा देखकर काम करना बुद्धिमानी होगा। ऐसे बाजार की धारणा तेजी सूचक है। आगामी सप्ताह बाजार में घटबढ़ अधिक चल सकती है। घटबढ़ चलकर भी धारणा किसी न किसी कारण से तेजी की ओर ही रहना चाहिए। ता. 12 से 16 तक इस्पात, पावर, विद्युत, गैस, रीयेल इस्टेट, ऑटो मोबाइल, सिमेन्ट, टेक्सटाइल्स तथा सुगर कंपनियों के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। जबकि इस सप्ताह साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों तथा बैंकों के शेयरों में कुछ दबाव बनता रहेगा। आगामी सप्ताह बाजार में भारी बिकवाली की आशंका प्रतीत हो रही है। ता. 19 से 21 तक बाजार कोई गलत अफवाह या अंतर्राष्ट्रीय हालात के कारण भारी बिकवाली से आंधी के आम की तरह गिर सकता है। ता. 22 से 23 तक इस्पात, विद्युत, रीयेल इस्टेट, ऑटो मोबाईल तथा धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन मिल सकता है। परन्तु इसमें भी संदेह है। अतः दशा-दिशा देखकर काम करें। आगामी सप्ताह सब कुछ सामान्य रहा तो स्थिरता बन सकती है। ता. 26 को बिकवाली, ता. 27 से 30 तक नई पुरानी अर्थ व्यवस्थाओं तथा मिडकैफ, स्मॉल कैफ श्रेणी के शेयरों में अचानक समर्थन से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्य जनक तरीकों से ग्राफ ऊपर उठना चाहिए। फिर भी सावधानी से काम करें।

अप्रैल-यह मास रविवार पुनर्वसु नक्षत्र कर्क राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 6 को 7।33 पर बुध मार्गी होगा, ता. 13 को सूर्य मेष में 18।8 पर प्रवेश करेगा। तथा गुरु के साथ युति करेगा। इसी तारीख को 11।31 पर मंगल मार्गी होगा। ग्रहीय आकलन के अनुसार मासारंभ में ग्रह चाल तेजी में सहायक प्रतीत हो रहा है। विशेष तौर पर मासारंभ में साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां, फार्मा, बैंक तथा धातुओं के शेयरों में विशेष कारोबार होने की संभावना अधिक है। ता. 2 से 6 तक सब कुछ सामान्य रहा तो उपरोक्त सेक्टरों में विदेशी निवेशकों तथा संस्थागत निवेशकों के समर्थन से बाजार अच्छी तेजी की ओर जा सकता है। आगामी सप्ताह के प्रारंभ में चन्द्रोदय होने से बाजार में व्यापक घटाबढ़ी तथा कुछ अस्थिरता गलत अफवाहों के कारण बनी रह सकती है। इस सप्ताह एकाध दिन गंभीर मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 9 से 13 तक घटबढ़ चलकर कुछ सुधार परन्तु मुनाफा

19 फरवरी 2013: प्राय: ही 48 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 43 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 09 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

अपोलो टायर्स, बालकृष्ण इण्डस्ट्रीज, जे के इण्डस्ट्रीज, एम आर एफ. टिन प्लेट इण्डस्ट्रीज, हिन्दुस्तान जिंक, गोडफे फिलिप्स, आई टी सी. एच डी एफ सी बैंक, जी एम डी सी, सेसा गोआ. गैमन इण्डिया, आई सी आई सी आई बैंक में तेजी रहेगी. इण्डियन होटल्स, ओरियेन्टल होटल्स, भारती शिपयार्ड, एस्सार शिपिंग, जी ई शिपिंग, मर्केटर लाईन्स, शिपिंग कार्पोरेशन, वरुण शिपिंग में गिरावट आयेगी.

26 फरवरी 2013: लगभग 25 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 50 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 25 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

वीडियोकोन, ए बी बी, भारत बिजली, बी एच ई एल, काम्पटन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया, भारत इलैक्ट्रोनिक्स, आप्टो सर्किट, सीमेन्स, सोलेक्ट्रोन सैन्टम इलैक्ट्रोनिक्स, अस्तरा माइको में तेजी बनेगी. टाटा स्टील, उत्तम स्टील, ए सी सी सीमेंट, एल एम डब्ल्यू, एल जी बालाकृष्णण, भारत अर्थ मूवर्स, आल्सटम प्रोजेक्टस, इन्जीनियर्स इण्डिया, लार्सन एण्ड टूब्रो,, सी सी आई प्रोडक्टस, टाटा काफी में गिरावट आयेगी.

05 मार्च 2013: बियरिश मार्केट में 42 प्रतिशत शेयर तेजी की और जायेंगे. 50 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 08 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत गिरकर बंद होगा.

गवर्नमेन्ट सिक्योरिटीज, काम्पटन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया में तेजी बनेगी. गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट, हिन्दुस्तान लीवर, मेरिको, निरमा, प्रोक्टर एण्ड गैम्बल, वैलस्पन इण्डिया, बजाज हिन्दुस्तान, बलरामपुर चीनी में गिरावट आयेगी. अधिकतर सैक्टर गिरावट का रुख पकड ेगे.

12 मार्च 2013: 25 प्रतिशत अस्त तथा 17 प्रतिशत वक्री ग्रहों से सभी व्यापारिक गतिविधियों में परिवर्तन होगा. शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहेगा. 33 प्रतिशत शेयर तेजी की और जायेंगे. 58 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 09 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा लगभग फ्लैट बंद होगा.

एम्को, हैवेल्स इण्डिया, भारत इलैक्ट्रोनिक्स, आप्टो सर्किट, सीमेन्स में तेजी बनेगी. केडिला हैल्थ केयर, सिप्ला, डाबर फार्मा, डिस्मैन फार्मा, डिव्सि लैबोरेट्रीज, डा रैड्डीज लैब्स, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा. मारुती उद्योग, टाटा मोटर्स, टी वी एस मोटर्स, एडलैब फिल्मस में गिरावट आयेगी.

19 मार्च 2013: 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 42 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 08 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा लगभग फ्लैट बंद होगा.

गवर्नमेन्ट सिक्योरिटीज, ए बी बी, भारत बिजली, बी एच ई एल, काम्पटन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया में तेजी बनेगी. एलैम्बिक, अरबिन्दो फार्मा, केडिला हैल्थ केयर, सिप्ला, डाबर फार्मा, डिस्मैन फार्मा में गिरावट आयेगी.

26 मार्च 2013: 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 34 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 16 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा लगभग फ्लैट बंद होगा.

वैलस्पन इण्डिया, बजाज हिन्दुस्तान, बलरामपुर चीनी, धामपुर शुगर, मवाना शुगर, रेणुका शुगर के शेयरों के प्रदर्शन में सुधार होगा. बजाज आटो, हीरो मोटर्स कार्प, एच एम टी, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, मारुती उद्योग, एडलैब फिल्मस, बालाजी टेली फिल्मस, के सेरा सेरा प्रोडक्शन्स, जी टेलीफिल्मस. भारत एल्यूमीनियम, हिण्डाल्को, मद्रास एल्यूमिनियम में गिरावट आयेगी.

शेयर बाजार का उपरोक्त संभावित रुख ग्रह गोचर पर आधारित हैं तथा बिना किसी पूर्वाग्रह के दिया जा रहा है. बाजार स्थानीय परिस्थितियों के अतिरिक्त वैश्विक एवं स्थानिक राजनैतिक वातावरण, केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की नीतियों आदि पर निर्भर करता है. बाजार में काम करने व्यापार करने से पूर्व बाजार का आकलन कर लेना हितावह है. ज्योतिषीय आधार पर किये गये व्यापार से होने वाले लाभ अथवा हानि के लिये लेखक किसी भी रुप में जिम्मेदार नही होगें. बाजार की वार्षिक, अर्धवार्षिक रिर्पोट के लिये लेखक से उनके स्थायी आवास सी- 82 वल्लभ नगर, उमा नगर सोसायटी के सामने, नोविनो तरसाली रोड, वडोदरा (गुजरात), पिन - 390009 मो 095 7433 7962 पर अथवा pmummy@gmail.com सम्पर्क किया जा सकता है.

प्रवीन कुमार जैन

व्यापारिक भविष्य फल संवत् 2069 सन् 2012-13

गत अनेक वर्षो से ज्योतिष जगत के सर्वश्रेष्ठ पंचाग-आर्यभट्ट में प्रकाशित हमारा कमोडिटी बाजार का ग्रह गोचर आधारित आकलन सर्वथा सत्य होकर पूर्वाचार्यो के सिद्धातों की सत्यता एवं सफलता को प्रतिष्ठित कर रहा है. वास्तव में हमारा प्रयास तो मात्र ज्योतिष की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना भर रहा है. पूर्वाचार्यों के अध्ययन, मनन एवं विश्लेषण तक पहुँचना तो दूर हम उसको छूने भर की कल्पना भी नहीं कर सकते. इस वर्ष पुनः इन्हीं पृष्ठों के माध्यम से हम कमोडिटी बाजार की ई. वर्ष 2012-13 की संभावित गतिविधियों का आकलन प्रस्तुत कर रहे हैं. ज्योतिष जगत की अन्य विधाओं के साथ वैदिक ज्योतिष का तालमेल हमने नहीं किया है अतः प्रस्तुत आकलन पूर्णतया वैदिक ज्योतिष पर आधारित है.

चैत्र मास की गुरुवारी अमावस्या तथा शुक्रवारी पूर्णिमा-दोनों ही सौम्य वारों की होने से चैत्र मास में प्रायः ही सभी वस्तुओं में गिरावट रहेगी. व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य मंदे का रुख रहेगा. रसकस में तेजी बनेगी. अमावस्या का घट्यात्मक मान तथा पूर्णिमा घट्यात्मक मान रुई में गिरावट का योग बना रहा है. चैत्र मास में मेष राशि से गुरु तथा शुक्र का गोचर रुई, सूत, कपास तथा तैल का स्टाक दूसरे महीने से लाभकारी रहेगा.

चैत्र शुक्ल पक्ष : 23 मार्चः प्रतिपदा के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चाँदी में तेजी का योग बना रहा है. चैत्र शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी प्रतिपदा धन धान्यों की वृद्धि में सहायक होने से सामान्य जन के लिये हितकारी सिद्ध होगी.

चैत सुदी पड़वा दिना सोम शुक्र गुरुवार । बढ़ै धान्य धन सम्पदा सुखी रहै संसार ।।

24 मार्च : शनिवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में तेजी का योग बना रही है. 25 मार्च : शुक्र कृतिका में सरसों, उड़द के उत्पादन में कमी आयेगी परन्तु अन्य धान्यों का उत्पादन सामान्य रहेगा. सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, वस्त्र, हींग, तिल, तैल, सरसों में मंदा रहेगा. 26 मार्च : वक्री बुध पू.भाद्रपद में अन्न की उपलब्धता में वृद्धि होगी. सोना, चांदी, लोहा, तांबा तथा धान्यों के मूल्यों में तेजी आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. आरोग्यता एवं कुशलता की हानि होगी. 27 मार्च : मंगलवारी पंचमी से रुई एवं चांदी में तेजी का योग बन रहा है. 28 मार्च : पंचमी तिथि वृद्धि शुक्र वृष में बुधोदय वक्रावस्था में मीन राशि पू.भाद्रपद नक्षत्र रुई में मंदा करेगा. धान्यों में तेजी बनेगी. सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा. 29 मार्च : गुरुवारी षष्ठी से दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी. 31 मार्च : सूर्य रेवती में-रुई, चावल, चांदी, नमक, सरसों, अलसी, लाख, गेहूँ, जौ चना आदि में तेजी.

अप्रैल मासः मास का प्रारम्भ चैत्र शुक्ल पक्ष की रविवारी नवमी से वैशाख शुक्ल पक्ष की सोमवारी नवमी तक है. 01 अप्रैल : चैत्र शुक्ल पक्ष की रविवारी नवमी से धान्यों के भावों में तेजी का योग बन रहा है. 02 अप्रैल : वक्री बुध कुंभ में 16:02 परः अन्न के भावो में घटबढ़ चलेगी. रसकस में तेजी आकर मंदा होगा. 04 अप्रैल : बुध मार्गी कुंभ राशि पू. भाद्रपद में - सोना, सुपारी, सरसों, सोंठ, लाख तथा चमड़ा में तेजी बनेगी. 06 अप्रैल : बुध मीन में: शुक्रवारी पूर्णिमा रुई में घटबढ़ तथा चांदी में तेजी बनायेगी. घी, गुड़, खांड, तैल, मूंगफली अरण्डा, बिनोला तथा रुई में मंदा आयेगा.

बैशाख मास : बैशाख मास का शुभारम्भ शनिवारी प्रतिपदा से हुआ है. कृष्ण पक्ष में षष्ठी का क्षय होकर त्रयोदशी की वृद्धि हुई है. एक ही पक्ष में तिथि का क्षय होकर तिथि की वृद्धि हो जाना पक्ष के शुभत्व को प्रभावित कर रहा है. मास के पांच शनिवार तथा पांच ही रविवार अशुभफलकारक हैं. सभी वस्तुओं में तेजी रहेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा घट्यात्मक मान रुई में रुई, तैल, गुड़, खाड़ में तेजी का योग बना रहा है.

बैशाख कृष्ण पक्ष : 08 अप्रैल : शुक्र रोहिणी में: बैशाख कृष्ण रविवारी द्वितीया चांदी, रुई में साधारण तेजी बनायेगी. नारियल, द्राक्ष, सुपारी, सोना, चांदी में गिरावट आयेगी. 11 अप्रैल : वैशाख कृष्ण षष्ठी का क्षय रुई में तेजी बनायेगा. 13 अप्रैल : सूर्य अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में बुध उ . भाद्रपद में : अन्नों में तेजी लायेगा. सभी वस्तुऐं मंहगी होंगी. सोना, चांदी, अलसी, अनाज, लोहा, तांबा, सूत, कपड़ा, सुपारी, नारियल, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्डा, ईख, तिल, तेल, तिलहन, कपास, बारदाना, फलों आदि सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी. गुड़, खांड, चांदी, रुई में घटबढ़ चलेगी तथा रुई, कपास में पहले मंदा आकर बाद में तेजी आयेगी. धान्य एवं चावलों के मूल्यों में समता रहेगी. शुक्रवारी संक्रांति से गुड़ तथा कार, स्कूटरों, मोटर साईकिलों आदि वाहनों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी होगी. घोड़ा, ऊँट तथा हाथियों के भावों में भी तेजी आयेगी. मेष के सूर्य से छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी रहेगी.

शुक्रवार के दिन कभी सूर्य संक्रमण होय ।हाथी, घोड़ा, ऊँट गुड़ में मंहगापन होय ।। मेष राशि में सूर्य का जब होता है वास ।खांड़ तेज तिल तेज हो रुई, सूत, कपास ।। चंद्र सूर गुरु तीन का एक राशि पर वास ।कपड़ा जौ अरु मूंग में लाभ सातवें मास ।।

14 अप्रैल : मंगल मार्गी सिंह राशि में : रुई में मंदा होगा. 15 अप्रैल : वैशाख कृष्ण रविवारी दशमी धान्यो एवं घी में तेजी तथा रुई में गिरावट का योग बना रही है. 19 अप्रैल : वैशाख कृष्ण गुरुवारी त्रयोदशी की वृद्धि रुई में गिरावट लायेगी. 20 अप्रैल : रात्रि 21:31 से 23 अप्रैल प्रातः 10:25 तक की अवधि में सूर्य चन्द्रमा एवं गुरु ग्रहों के मेष से गोचर में कपड़ा, जौं एवं मूंग का संग्रह सातवें मास में लाभदायक रहेगा. ध्यान रहे कि योग के समय चन्द्रमा के अस्त होने से योग का फल पूर्णरूपेण घटित नहीं होगा तथा फल में किंचित न्यूनता रहेगी. बैशाख कृष्ण शुक्रवारी चतुर्दशी उत्तम कृषि उत्पादन के कारण खाद्य पदार्थो की मंहगाई दर में कमी का संकेत दे रही है. भविष्य भारती के मत से :

वदि चौदस वैशाख में गुरु अथवा भृगुवार । उत्तम उपजेगी फसल मन्दा चलै बाजार ।।

21 अप्रैल : बैशाख शुक्ल पक्ष में रुई में गिरावट रहेगी. बैशाख कृष्ण अमावस्या का अश्विनी नक्षत्र मध्यम शुभ फलों का संकेत कर रहा है. शनिवारी अमावस्या अन्न की उपलब्धता में अत्याधिक कमी करेगी तथा भावों में घटाबढ़ी रहेगी. गेहूँ, जौ, चना, मूंग आदि का स्टाक आगे चलकर तेजी आने के कारण लाभप्रद रहेगा.

बैशाख शुक्ल पक्ष : 23 अप्रैल : सोमवारी द्वितीया से रुई एवं चांदी में गिरावट आयेगी. 24 अप्रैल मंगलवारी तृतीया से रुई एवं चांदी में तेजी रहेगी. 25 अप्रैल : शुक्र मृगशिरा में : गुड़, खांड, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यों में तेजी आयेगी परन्तु गेहूँ, जौ, चना में मंदा रहेगा. 26 अप्रैल : बुध रेवती में: चांदी, गुड़, खांड, घी, तैल, सरसों, तिल तथा तिलहनों में मंदा आयेगा. लाल मिर्च, गेहूँ, मजीठ, लाल चन्दन, गेरू, कुंकम, केसर में तेजी बनेगी. गुरुवारी बैशाख शुक्ल पंचमी से अन्न उपलब्धता संतोष जनक रहेगी. 27 अप्रैल : सूर्य भरणी में - सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि धातुओं, चावल, गेहूँ, जौ, चना, मोंठ, अलसी, सरसों, राई, गुड़, खांड, घी में तेजी आयेगी. रुई में मंदा रहेगा. शुक्रवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी.

मई मास : मास का प्रारम्भ वैशाख शुक्ल पक्ष की मंगलवारी दशमी से ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की गुरुवारी दशमी तक है. 03 मई :

धान्य तथा रुई में मंदा चलेगा. सोना, चांदी, गुड़, खांड़ में घटाबढ़ी चलेगी. 05 मई : बुध मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में: चांदी, घी, तैल, तिल, तिलहन, सूत, अलसी, ईख, गुड़, खांड, शक्कर, सरसों तथा रसकसों के मूल्यों में गिरावट बनायेगा. गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग आदि कृषि उत्पादों में तेजी आयेगी. सोना के भावों में समता रहेगी. 06 मई : रविवारी पूर्णिमा गेहूँ, गुड़, चांदी में तेजी तथा अलसी में मंदा बनायेगा.

ज्येष्ठ मास : ज्येष्ठ मास का शुभारम्भ रविवारी क्षय प्रतिपदा से हुआ है. शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा की वृद्धि होकर चतुर्दशी की हानि होने से शुक्ल पक्ष का शुभत्व प्रभावित हो रहा है. मास पांच सोमवार युक्त है. कृषि उत्पादन प्रचुर होगा. धान्यों की वृद्धि होगी. फलस्वरूप व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य तेजी मंदी का मिश्रित प्रभाव रहेगा परन्तु शुक्ल पक्ष की सोमवारी सप्तमी तथा शनिवारी त्रयोदशी के संयोग से सभी प्रकार के अन्न एवं अन्न पदार्थों में बाजार के सेन्टीमेन्टस तेजी के रहेंगे. अमावस्या तथा पूर्णिमा के घट्यात्मक मान से रुई, तैल, गुड़, खांड में तेजी का योग बना है. शकुन शास्त्र के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया के आर्द्रा नक्षत्र में यदि वर्षा हुई तो खाद्यान्नों की कमी से महंगाई बढ़ेगी. परन्तु 26 मई में वृष के सूर्य में वर्षा हुई तो खाद्यान्नों की कमी नहीं होगी. इसी प्रकार यदि 06 अथवा 07 जून में वर्षा हुई तो खाद्यान्नों की कमी नहीं होगी.

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : 10 मई : मंगल पू फा में : गुड़, खांड, नमक, सरसों लाही, अलसी, मूंगफली, घी तथा तैल के मूल्यों में तेजी बनेगी. 11 मई : सूर्य कृतिका में: अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा. सोना, चांदी, अलसी, गेहूँ, जौ, चना, मूंग, मोंठ, सरसों में तेजी आयेगी. 14 मई : सूर्य वृष में: शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा. सोमवारी संक्रांति अनाजों, मूंगा, मोती के भावों में गिरावट का योग. अनाजों, दूध, दही, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के भावों में तेजी रहेगी.

सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति । मूंगा, मोती, धान्य सब सस्ता अरु सुख शांति ।। वृष राशि के रवि करै सुख सम्पदा सुकाल । दूध, दही, घी में रहै महंगाई की चाल ।।

15 मई : बुधास्त मेष राशि भरणी नक्षत्र में, शुक्र वक्री: रुई, चांदी, शक्कर, घी, तैल एवं धान्यों में तेजी आयेगी. अन्न उत्पादन अनुकूल रहेगा. ज्येष्ठ कृष्ण मंगलवारी दशमी धान्यों गुड़, खांड आदि रसकसों में तेजी बनायेगी. 16 मई से 25 जून तक कन्या में वक्री शनि अन्न पदार्थों में गिरावट देकर फिर तेजी बनायेगा. कीमती रत्नों, धातुओं- सोना, चांदी में, हाथी, घोड़े, बैलों, भैंसों, मजीठ, केशर तथा सभी प्रकार के रसकस में तेजी बनेगी. धान संग्रह लाभदायक रहेगा. रुई, कपास, गुड़, खांड, नमक तथा अन्नों में मंदा आयेगा. 17 मई : गुरु वृष में: चांदी, घी, तैल, रसकस, दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों में तेजी बनेगी. खाद्यान्नों एवं अन्य भूसा वाले धान्यों का उत्पादन संतोषजनक रहेगा. अनाज आदि में साधारण तेजी रहेगी. 20 मई : बुध कृतिका में: धान्यों में तेजी. चांदी, घी में गिरावट आयेगी. रुई में घटबढ़ चलेगी.

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष : 21 मई : बुध वृष में: प्रतिपदा के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से अधिक होकर रुई, चांदी, गेहूँ, अलसी, शक्कर, सूत तथा वस्त्रों में गिरावट का योग बना रहा है. 22 मई : प्रात: बुध गुरु की युति वर्षा में कमी का योग बना रही है. 23 मई : बुधवारी द्वितीया से रुई एवं चांदी में मंदा बनायेगी. 25 मई : सूर्य रोहिणी में: गेहूँ, जौ, चना, गुड़, खांड, घी, ज्वार, बाजरा, सरसों, तेल, तिल, अरण्डा, अलसी, सूत, सन, के भावों में तेजी आयेगी. रुई में साधारण तेजी बनेगी. चांदी में गिरावट आयेगी. 26 मई : बुध रोहिणी में: तिल, सूत, कपास, सोना, चांदी, तैल, सरसों, चावल, गुड़, खांड में तेजी आयेगी. सन, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों में गिरावट आयेगी. रुई में तेजी आकर मंदा होगा. 27 मई : ज्येष्ठ शुक्ल रविवारी षष्ठी रुई, कपास, सूत, चावल, घी तथा धान्यों में तेजी का योग बना रही है. 28 मई : गुरोदय वृष राशि कृतिका नक्षत्र में : सभी प्रकार के अन्नों का उत्पादन संतोष जनक रह कर सुभिक्ष बनेगा. कीमती रत्नों एवं पत्थरों में तेजी आयेगी अन्य व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट चलेगी.

जून मास : मास का प्रारम्भ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी एकादशी से आषाढ़ शुक्ल पक्ष की शनिवारी एकादशी तक है.

01 जून : वक्री शुक्रास्त, बुध मृगशिरा में: गेहूँ, तिल, सरसों, उड़द मंदे होंगे. ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी एकादशी तथा व्यतिपात का संयोग चांदी में गिरावट देगा. रुई में घटबढ़ बनेगी. हैवी टैक्सेशन तथा पैनल्टी से धन हानि होगी. धान्यों का उत्पादन उत्तम रहेगा. धान्यों में पहले मंदा आकर एक मास के बाद तेजी बनेगी. छ: मास के बाद सोना चांदी के मूल्यों में गिरावट बनेगी. 03 जून : वक्री शुक्र रोहिणी में: शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से अधिक होकर घी, सूत, चांदी में गिरावट का योग बना रहा है. नारियल, द्राक्ष, सुपारी, सोना, चांदी में तेजी आयेगी. 04 जून : बुध मिथुन में, सांय वृश्चिक राशि ज्येष्ठा नक्षत्र में चन्द्र ग्रहण होगा. वृश्चिक राशि का चन्द्रग्रहण सभी जातियों के लिये दुखद होगा. धान्यों का नाश होगा. सोमवारी चन्द्र ग्रहण से अन्न, घी, तैल में तेजी आयेगी. इन वस्तुओं का स्टाक आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होगा. गुड़ एवं खांड के स्टाक से पांचवे मास में लाभ रहेगा. चना, मूंग, मोठ के मूल्यों में गिरावट आयेगी.

आषाढ़ मास : आषाढ़ मास के पांच मंगलवार शुभफलदायक सिद्ध होंगे. कृष्ण पक्ष में तृतीया का क्षय होकर नवमी की वृद्धि हुई है. शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी का क्षय हुआ है. एक ही पक्ष में तिथि का क्षय होकर तिथि की वृद्धि हो जाना कृष्ण पक्ष के शुभत्व को प्रभावित कर रहा है. कृषि उत्पादों में मंदा रहेगा. लाल वस्तुओं एवं धान्यों के मूल्यो में तेजी आयेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में रुई, खांड़ में गिरावट का योग बना रहा है.

आषाढ़ कृष्ण पक्ष : 06 जून : राहु वृश्चिक में: आषाढ़ कृष्ण बुधवारी द्वितीया चांदी तथा रुई में गिरावट का योग बना रही है. 07 जून : सूर्य मृगशिरा में: सोना, चांदी, धान्य, रुई, रेशम, सूत, सन, कपास, कपूर, कस्तूरी, उड़द, मूंग, मोंठ, बाजरा, अलसी में तेजी आयेगी. 08 जून : बुध आर्द्रा में, बुधोदय मिथुन राशि आर्द्रा नक्षत्र में - सांयकालीन बुधोदय पीड़ा एवं भयकारक सिद्ध होगा. गेहूँ , जौ, चना, तिल, तैल, उड़द, मूंग, मोठ के भावों में गिरावट आयेगी. 09 जून : आषाढ़ मास की कृष्ण शनिवारी षष्ठी आगे कार्तिक मास में गेहूँ के मूल्यों में अप्रत्याशित तेजी बनायेगी. भविष्य भारती के मत से अनुसार : षष्ठी आषाढ़ै बदी जौ शनिवारी आव । गेहूँ संग्रह कीजिये कातिक दुगुना भाव ।।

11 जून : वक्री शुक्रोदय वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में: वक्रावस्था में उदित शुक्र से धान्यों में तेजी बनेगी. घी तथा अन्नों में घटबढ़ चलेगी. सोना, चांदी, कपास, रुई तथा सूत में तेजी बनेगी. 14 जून : सूर्य मिथुन में, मंगल उ. फा. में : मगंलवारी संक्राति पापकारी है. आषाढ़ कृष्ण गुरुवारी दशमी तथा मंगलवारी संक्राति से सभी प्रकार के अनाजों, नमक, घी, तिल, तैल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई आदि तिलहनों, कपूर, गुड़, खांड, शक्कर तथा अन्य रसकस, आलू, अरवी, अदरक, सोंठ, हल्दी, प्याज, कपास, जूट, भारी माल वाहकों के मूल्यों में तथा सवारी गाड़ियों मूल्यों में तेजी आयेगी. रुई में घटबढ़ चलेगी.

मिथुने रवि महंगे बिकै मूल रु कन्द कपास । तिलहन सारे धान्य में तेजी का आभास ।। किसी राशि पर संक्रमण करे भौम दिना सूर । तो महंगा होवे नमक रस घी तैल कपूर ।।

15 जून : बुध पुनर्वसु में: रुई, सूत, कपास, सन, चांदी के भावों में गिरावट आयेगी. 18 जून : केतु कृतिका में, आषाढ़ कृष्ण पक्ष की सोमवारी चतुर्दशी से अनाज, चारा घास का उत्पादन कम होगा.

साढ़ी चौदस हो कभी, सोमवार समवेतु । खेत न उपजै धान्य तृण, गाय भैंस केहि हेतु ।। साढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग । कर्फ्यू और कंट्रोल से दुख पावै सब लोग ।।

19 जून : आषाढ़ कृष्ण पक्ष की मंगलवारी अमावस्या गेहूँ, जौ, चना में साधारण तेजी आयेगी.

आषाढ़ शुक्ल पक्ष : 20 जून : बुधवारी शुक्ल प्रतिपदा तथा प्रतिपदा के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से अधिक होकर रुई, चांदी तथा घी में गिरावट

का योग बना रहा है. 21 जून : बुध कर्क में, सूर्य आर्द्रा में: गुरुवारी द्वितीया से चावल, चांदी तथा रुई में घटाबढ़ी चलेगी. सूत, कपास, अलसी, सरसों, अरण्डा, गुड़ खांड, मोती, धान्य, गेहूँ, जौ, चना, कपूर में तेजी आयेगी. सोने में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी. कपड़ा में गिरावट रहेगी. 22 जून : मंगल कन्या में: चन्दन, रेशम एवं रेशमी वस्त्र, अलसी, लाल रंग की वस्तुओं एवं सभी लाल रंग के वस्त्रों, ऊनी वस्त्रों, जूट, सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में तेजी बनेगी. 24 जून : बुध पुष्य में : आषाढ़ शुक्ल रविवारी पंचमी के प्रवेश के समय के लग्न पर दो क्रूर ग्रहों मंगल एवं वक्री शनि की पूर्ण सप्तम दृष्टि तथा पंचमी का शनिवार में प्रवेश सोना, चांदी, मोती, मूंगा तथा बहुमूल्यों पत्थरों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद गिरावट रहेगी. 25 जून : शनि मार्गी: बाजार की चलती लाईन में परिवर्तन होगा. आषाढ़ शुक्ल सोमवारी षष्ठी से चांदी, सौंठ, पीपल, सरसों, गेहूँ, जौ, चना, गुड़ तथा अलसी में तेजी बनेगी. 27 जून : शुक्र मार्गी वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में : आषाढ़ शुक्ल पक्ष की बुधवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. शक्कर, चावल, घी में एक मास के बाद तेजी बनेगी. 30 जून :रोहिणी नक्षत्र में गुरु का प्रवेश सोना, चांदी, गुड़, खांड में मंदा होगा. रुई में घटाबढ़ी चलेगी.

जुलाई मास : मास का प्रारम्भ आषाढ़ शुक्ल द्वादशी से श्रावण शुक्ल की मंगलवारी त्रयोदशी तक है. 01 जुलाई : शुक्ल त्रयोदशी का क्षय से रुई एवं चांदी में तेजी का योग बन रहा है. 02 जुलाई : शुक्ल 14 का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से अधिक होकर घी, सूत, चांदी में गिरावट का योग बना रहा है. धान्यादि के भावों में तेजी. 03 जुलाई : मंगलवारी पूर्णिमा का मान रुई, चांदी में तेजी बनायेगा, अन्य वस्तुओं में गिरावट. पूर्णिमा में मास नक्षत्र का न होना अन्न में तेजी का संकेत है.

श्रावण मास: श्रावण मास का शुभारम्भ बुधवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास में पांच बुधवार एवं पांच गुरुवार से धान्यों की तेजी घटेगी तथापि पांच बुधवार आने वाले तीन मासो में मंहगाई का योग बना रहे हैं.

शुक्ल पक्ष सावन कभी कोई तिथि का नास । छत्र भंग का योग है आगे कातिक मास ।। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाये । सभी वस्तुऐं तेज हो सस्तापन हट जाये ।।

अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में रुई, तैल, गुड़, खांड में तेजी का योग बना रहा है. इस मास में धान्यों का भाव सम रहेगा. रसकस की हानि होगी. तीन बुधवार युक्त कृष्ण पक्ष घी में तेजी का संकेत है.

श्रावण कृष्ण पक्ष : 04 जुलाई : बुधवारी कृष्ण प्रतिपदा का मान दिन के नक्षत्र के मान से अधिक होकर चांदी, रुई में मंदा होगा. 05 जुलाई : सूर्य पुन. में: चांदी, सोना, कपास, बिनौला, तिल, ज्वार, मोंठ, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खांड, चावल, नमक, अरण्डा, नील, सज्जी, मजीठ, माजूफल, केसर, कुसंभा तथा सुगन्धित पदार्थों में तेजी आयेगी. 08 जुलाई : बुध आश्लेषा में गुड़, खांड, तिल, तैल, सरसों, मूंग, उड़द, मूंगफली में तेजी आयेगी. 11 जुलाई : मंगल हस्त में : घी, गुड़, खांड, नमक तथा सभी प्रकार के अन्नों में तेजी आयेगी. धान्यों के उत्पादन में कमी रहेगी. 15 जुलाई : बुध वक्री कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र में: गुड़, खाण्ड, घी, तैल, तिलहनों में तेजी बनेगी. सभी प्रकार की व्यापारिक वस्तुओं तथा खाद्यान्नों के भावों में गिरावट आयेगी. वक्री बुध से धन हानि रहेगी. 16 जुलाई : सूर्य कर्क में: सोमवारी संक्राति से अनाजों, मूंगा, मोती, जौ, गेहूँ, चना, चावल, गुड़, शक्कर, खांड, में घटबढ़ आयेगी. बाजरा, ज्वार, सरसों, तिल तैल घी, नमक में तेजी बनेगी. सोना, चांदी, लोहा, पीतल आदि धातुओं में मंदा रहेगा. धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी.

सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति। मूंगा, मोती, धान्य सब सस्ता अरु सुख शांति।।

17 जुलाई : श्रावण कृष्ण मंगलवारी त्रयोदशी की वृद्धि से रुई में मंदे का योग बन रहा है. 18 जुलाई : श्रावण कृष्ण चतुर्दशी के आर्द्रा नक्षत्र में अन्न का संग्रह आगे विक्रय करने पर लाभ देगा. 19 जुलाई : सूर्य पुष्य में : 08 घटी 01 पल की अमावस्या श्रावण शुक्ल पक्ष में रुई में तेजी के बाद गुरुवारी अमावस्या से रुई, चांदी, घी में साधारण गिरावट आयेगी. तिल, तैल, सरसों, मद्य, गुड़, खांड, ज्वार, बाजरा, सुपारी, गुग्गल, नारियल, सौंठ, सोना, चांदी में तेजी आयेगी.

सावन मावस उत्तरा रेवति पुनरु धनिष्ठ । एक मास दुर्भिक्ष से जग में रहै अनिष्ट ।।

श्रावण शुक्ल पक्ष : 20 जुलाई : प्रतिपदा नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 21 जुलाई : वक्री बुधास्त कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र में - शनिवारी द्वितीया से रुई एवं चांदी में तेजी बनेगी. श्रावण शुक्ल पक्ष में अस्त बुध शुभफलकारक है. 22 जुलाई : वक्री बुध पुष्य में - सोना, चांदी, मोती, मूंगा तथा बहुमूल्य पत्थरों के मूल्यों में तेजी आयेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी. 23 जुलाई : शुक्र मृगशिरा में : गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यों में तेजी आयेगी परन्तु गेहूँ, जौ, चना में मंदा रहेगा. 24 जुलाई : मंगलवारी पंचमी रुई एवं चांदी में तेजी का योग बना रही है. 26 जुलाई : श्रावण शुक्ल पक्ष की गुरुवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. 28 जुलाई : श्रावण शुक्ल पक्ष की शनिवारी दशमी से रुई के मूल्यों में तेजी बनेगी. 31 जुलाई : शुक्र मिथुन में : जौ, गेहूँ, चना, चावल में तेजी. अरहर, ग्वार, रुई, कपास, सूत, पटसन, बारदाना, अरण्डी, तैल, सरसों में गिरावट रहेगी. गुड़, खाण्ड, घी में घटाबढ़ी चलेगी.

अगस्त मास : मास का प्रारम्भ श्रावण शुक्ल पक्ष की रविवारी द्वादशी से प्रथम भाद्रपद शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी पूर्णिमा तक है. 01 अगस्त : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से अधिक होकर घी, सूत, चांदी में गिरावट का योग बना रहा है. 02 अगस्त : सूर्य आश्लेषा में, चन्द्रमा धनिष्ठा में : कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र का सूर्य, पूर्णिमा में धनिष्ठा नक्षत्र का प्रवेश तथा गुरुवारी पूर्णिमा का मान- इन सभी का योग सोना, चांदी, रुई, बिनोला, गेहूँ, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, तेल, सरसों, तिल, चना, उड़द में तेजी बनायेगा.

प्रथम भाद्रपद मास : वर्ष में भाद्रपद मास अधिक मास है. प्र. भाद्रपद मास का शुभारम्भ शुक्रवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास के पांच शुक्रवार शुभफलकारक हैं. कृष्ण पक्ष में द्वितीया की हानि व पंचमी की वृद्धि हुई है. शुक्ल पक्ष में अष्टमी का क्षय हुआ है.

प्रथम भाद्रपद कृष्ण पक्ष : 03 अगस्त : मंगल चित्रा में : गेहूँ , जौ, चना, चावल, चांदी, सोना, पीतल, तांबा में तेजी बनेगी. 04 अगस्त : शनि तुला में : सभी प्रकार के अन्नो में तेजी, रुई, अनाज, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी. 08 अगस्त : बुध मार्गी पुष्य नक्षत्र कर्क राशि में, शुक्र आर्द्रा में : चांदी, कपड़ा चावल, में गिरावट आयेगी. अन्नों में अचानक मंदा आयेगा. 12 अगस्त : प्र. भाद्रपद कृष्ण रविवारी दशमी धान्यों एवं घी में तेजी तथा रुई में गिरावट का योग बना रही है. 14 अगस्त : मंगल तुला में : सभी प्रकार के धान्यों में विशेष रूप से उड़द, मूंग, सूत, कपास, रुई, जूट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, मूंगफली, गेहूँ आदि अन्नों में तथा सभी प्रकार की धातुओं में तेजी बनेगी. शुक्र के क्षेत्र का मंगल दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. 15 अगस्त : मंगल-शनि की कन्या राशि मृं युति से - धन धान्य की हानि होगी. 16 अगस्त : सूर्य सिंह राशि मघा नक्षत्र में : गुरुवारी संक्राति से सभी व्यापारिक वस्तुओं के भावों में समता बनाये रखने का प्रयास होगा. ज्वार, बाजरा, अरण्डा, द्राक्ष, मिर्च, चांदी, रुई, कपास, सरसों, सुगन्धित पदार्थ, ईख, शक्कर, खांड, गुड़, हल्दी, तिल, तैल, तिलहन, सोना, तांबा, पीतल, आदि धातुऐं तथा लाल रंग के पदार्थों में तेजी बनेगी. घी में मंदा होगा.

गुरुवारी संक्रांतियां जब जब जग में आव । सुखी प्रजा धन धान्य युत सभी वस्तु समभाव ।। ईख शर्करा मिष्ट रस गुड़ हल्दी तिल तैल । सोना तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेल ।।

17 अगस्त : भाद्रपद कृष्ण अमावस्या में आश्लेषा नक्षत्र का मान अमावस्या के मान से कम होकर खाद्य एवं अन्न पदार्थों

में तेजी का योग बना रहा है. शुक्रवारी अमावस्या में खाद्य पदार्थों की महंगाई, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी.

प्रथम भाद्रपद शुक्ल पक्ष : 18 अगस्त : प्रतिपदा नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 19 अगस्त : रविवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. 20 अगस्त : सोमवारी तृतीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. 21 अगस्त : बुध। आश्लेषा में : गुड़, खाण्ड, तिल, तैल, सरसों, मूंग, उड़द, मूंगफली में तेजी आयेगी. 22 अगस्त : शुक्र पुन. में : अन्नों की अनुपलब्धता से इनमें तेजी आयेगी. सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में मंदा रहेगा. 23 अगस्त : गुरुवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओ में तेजी बनायेगी. 24 अगस्त : मंगल स्वाति में : गेहूँ, तिल, रुई में तेजी आयेगी. चांदी में घटाबढ़ी चलेगी तथा सोना में साधारण मंदा रहेगा. 25 अगस्त : शनिवारी नवमी धान्यों के भावों में तेजी बनायेगी. 26 अगस्त : बुधास्त कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र में : रविवारी दशमी रुई के भावों में तेजी बनायेगी. 29 अगस्त : बुध सिंह राशि मघा नक्षत्र में : रुई, पटसन, शेयर्स में मंदा आकर तेजी बनेगी. धान्यों की हानि होने के उपरान्त भावों में समता बनी रहेगी. गेहूँ, जौ, चना, रुई, सूत, कपास, इमली, आंवला आदि खट्टे पदार्थों, तथा औषधीय वनस्पति, सोना में तेजी आयेगी. 30 अगस्त : सूर्य पू. फा. में : सोने में अच्छी तेजी बनेगी. चांदी, रुई, सूत, चावल, गेहूँ, गुड़, खाण्ड, तिल तैल, सरसों, ज्वार, घी, ऊनी वस्त्रों में तेजी आयेगी.

द्वितीय भाद्रपद एवं सितम्बर मास : द्वि.भाद्रपद मास का शुभारम्भ शनिवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास के पांच शनिवार एवं पांच रविवार दोनों ही अशुभफलकारक हैं. प्रत्येक व्यापारिक वस्तु में तेजी बनेगी. महंगाई में अत्याधिक वृद्धि से जनजीवन त्रस्त होगा.

कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाये। सभी वस्तुएं तेज हों सस्तापन हट जाये।।

अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में गिरावट का योग बना रहा है. सितम्बर मास का प्रारम्भ द्वितीय भाद्रपद कृष्ण पक्ष की शनिवारी प्रतिपदा से द्वितीय भाद्रपद शुक्ल पक्ष की रविवारी पूर्णिमा तक रहेगा.

द्वितीय भाद्रपद कृष्ण पक्ष : 01 सितं. : शुक्र कर्क में : कर्क का शुक्र तेजी का योग बना रहा है. गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तैल तथा अन्य सभी रसकस में तेजी बनेगी. चांदी तथा सभी धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी. रुई में गिरावट आकर तेजी बनेगी. गेहूँ, जौ, चना, अरहर, मटर में मंदा रहेगा. 02 सितं. : द्वितीय भाद्रपद कृष्ण रविवारी द्वितीया चांदी, रुई में साधारण तेजी बनायेगी. 04 सितं.: शुक्र पुष्य में : खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी आयेगी. गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपूर, पारा, हींग, लाख, चमड़ा में मंदा रहेगा. रुई, कपास, सूत, सन, रेशम, ऊन तथा धान्यों में तेजी बनेगी. 05 सितं. : बुध पूर्वा फाल्गुनी में : सभी प्रकार के अन्न एवं अन्न पदार्थों, गुड़, खाण्ड के भावों में गिरावट आयेगी. 08 सितं. : कृष्ण पक्ष की रोहिणी युक्त शनिवारी अष्टमी से तीन मास पश्चात् जौ, गेहूँ, बाजरा, मटर, गुवार आदि सभी प्रकार के अनाजों, हल्दी, सोंठ, जीरा, आदि किराने की वस्तुओं, कस्तूरी, हींग, गुड़, तिल, तैल तथा शीशा, पारा आदि धातुओं में तेजी बनायेगी. 11 सितं. : चन्द्रमा कर्क में द्वि. भाद्रपद कृष्ण मंगलवारी दशमी के योग से गुड़, खांड आदि रसकसों में तेजी बनेगी. धान्यों में घटबढ़ चलेगी. 12 सितं. : बुध उ.फा. में : उड़द, मोठ, अरहर, मसूर एवं मूंग का उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होगा. चांदी में गिरावट रहेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद गिरावट आयेगी. 13 सितं. : सूर्य उ.फा. में, बुध कन्या में : सोना, चांदी, लोहा, तिल, तेल, सरसों, घी, चावल, उड़द, नारियल, सुपारी, मूंज, बांस, नील में तेजी आयेगी. अगले छः मास तक सोना, चन्दन, सुपारी, नारियल, शहद एवं उत्तम क्वालिटी की शक्कर में तेजी चलेगी. 14 सितं. : मंगल विशाखा में : रुई, कपास, वस्त्र तथा गेहूँ में तेजी बनेगी. 16 सितं. : शुक्र आश्लेषा में, सूर्य कन्या में : बुध की कन्या राशि का सूर्य भूषा, धान्य, ज्वार, बाजार, मकई, ग्वार की पैदावार में वृद्धि का योग बना रहा है. रविवारी भाद्रपद कृष्ण अमावस्या से नारियल, मंजिष्ठा आदि लाल वस्तु में तेजी आयेगी. घी, तेल, तिल, सरसों रुई, कपास, पशु आहारों, भूसा में घटबढ़ चलेगी. चावल, मोठ, चना तथा धान्यों, सुपारी, मेवा, अरण्डा, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल तथा शेयर्स में गिरावट आयेगी.

द्वितीय भाद्रपद शुक्ल पक्ष : 17 सितं. : द्वि. भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सोमवारी द्वितीया उत्तम कृषि उत्पादन एवं पशुधन वृद्धि का योग बना रही है. रुई एवं चांदी में मंदा रहेगा. 18 सितं. : मंगलवारी तृतीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. 19 सितं.: बुध। हस्त में अन्न के भावों में गिरावट आयेगी. 21 सितं.: शुक्रवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी. 23 सितं. : शुक्ल पक्ष की रविवारी अष्टमी का मूल नक्षत्र दूध, दही, गाय, बैल, सन, सूत, कपड़ा, बिनोला, सोना, चांदी, सफेद वस्त्र, घी, गुड़, शक्कर में तेजी देगा. अब से पांचवे मास में अन्न, सैंधा नमक, सन, सूत, रुई, कपास में तेजी आयेगी. 26 सितं. : सूर्य हस्त में : गेहूँ, जौ, चना, गुड़, खांड़, सूत, जूट, कपास, हल्दी, हींग, धनिया, घास, लकड़ी, नमक, रुई में तेजी आयेगी. 27 सितं.: बुध चित्रा में रुई, चांदी में घटबढ़ चलेगी. धान्यों में तेजी बनेगी. 28 सितं. : शुक्र सिंह राशि मघा नक्षत्र में, मंगल वृश्चिक में : वृश्चिक का मंगल छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा. सभी प्रकार के धान्य, पशु, रुई, सोना, चांदी, तांबा, गेहूँ, जौ, चना, मजीठ, लाल चन्दन, लाल मिर्च तथा लाल रंग के अन्य सभी पदार्थ मंहगे होंगे. 29 सितं. : बुधोदय कन्या राशि चित्रा नक्षत्र में -धान्यों का उत्पादन उत्तम रहेगा. शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 30 सितं. : रविवारी पूर्णिमा का मान रुई में घटबढ़, अलसी में मंदा तथा गेहूँ, गुड़, चांदी में तेजी बनायेगा.

आश्विन एवं अक्तूबर मास : आश्विन मास का शुभारम्भ सोमवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास पांच सोमवार युक्त है. शुक्ल पक्ष में चतुर्थी की हानि हुई है. व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट का रुख बनेगा परन्तु मूंग, घी में तेजी बनेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई, तैल, गुड़, खाण्ड में तेजी का योग बना रहा है. अक्तूबर मास का प्रारम्भ आश्विन कृष्ण पक्ष की सोमवारी प्रतिपदा से कार्तिक कृष्ण पक्ष की बुधवारी द्वितीया तक रहेगा.

आश्विन कृष्ण पक्ष : 01 अक्तू. : बुध तुला में : घी, शक्कर, अलसी तथा यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियों में तेजी बनेगी. 03 अक्तू. : मंगल अनुराधा में : गेहूँ, लाल मिर्च, लाल चन्दन तथा लाल रंग की सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी. 04 अक्तू. : गुरु वक्री पर वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में घी, दूध एवं दुग्ध पदार्थों के भावों में गिरावट आयेगी. मंगल एवं राहु की वृश्चिक राशि में युति से आगे छठे मास में घी तथा वस्त्रों में तेजी का योग बना रही है अतः इस समय इन दोनो वस्तुओ का स्टाक आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होगा. सभी प्रकार के अन्न का संग्रह आठ मास तक तेजी बने रहने के कारण लाभदायक होगा. श्रावण भादो, आश्विन एवं कार्तिक मास के बाद अत्याधिक तेजी बनेगी. दुधारू पशुओं के मूल्यों में विशेष तेजी आयेगी. 06 अक्तू. : बुध। स्वाति में - रुई में मंदा रहेगा. 08 अक्तू.: शनि अस्त तुला राशि चित्रा नक्षत्र में : धान्यों के भावों में तेजी बनेगी. 09 अक्तू. : शुक्र पू.फा. में गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा मंदा रहेगा. 10 अक्तू.: सूर्य चित्रा में : गेहूँ, चना, कपास, रुई, सोना, चांदी, गुड़, खांड, अरहर, लाख चपड़ा, केसर कपूर में तेजी आयेगी. 12 अक्तू.: शनि स्वाति में : कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा. धान्यो के मूल्यो में गिरावट बनेगी. 14 अक्तू. : आश्विन कृष्ण रविवारी चतुर्दशी से गेहूँ, जौ, चना तथा रुई में तेजी बनेगी. 15 अक्तू. : बुध विशाखा में - आश्विन कृष्ण पक्ष की सोमवारी अमावस्या सभी प्रकार के अन्नों, गुड़, खाण्ड, तैल, तिलहन, रुई, चांदी, घी में गिरावट का योग बना रही है.

आश्विन शुक्ल पक्ष : 16 अक्तू. : मंगलवारी प्रतिपदा तथा चित्रा नक्षत्र के योग से रुई तथा चांदी में घटाबढ़ी चलेगी. 17 अक्तू. : सूर्य तुला में : सूर्य की बुधवारी तुला संक्रांति से गेहूँ, जौ, चना, आदि के भाव में समता रहेगी. चांदी, चावल, रुई, सन,

जूट, पटसन, कोयला, लकड़ी, तिल, तैल, सरसों में गिरावट आयेगी. सोना, कपूर, इलायची, लाल मिर्च, हल्दी, लौंग, कस्तूरी में घटाबढ़ी चलेगी. शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. अन्न का उत्पादन उत्तम तथा संतोष जनक रहेगा फिर भी सभी प्रकार के अन्न पदार्थों में तेजी बनेगी. बुधवारी द्वितीया भी रुई एवं चांदी में मंदा बनायेगी. 18 अक्तू. : चतुर्थी के क्षय से घी, मूंग, उड़द में तेजी बनेगी. 20 अक्तू. : शनिवारी षष्ठी गेहूँ, गुड़, अलसी, सरसों, रुई, सूत, कपास तथा चांदी में तेजी बनायेगी. 21 अक्तू. : शुक्र उ.फा. में : धान्य एवं रुई में तेजी आयेगी. सोना, चांदी में घटबढ़ चलेगी. 22 अक्तू. : मंगल ज्येष्ठा में : आश्विन शुक्ल पक्ष की सोमवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. चांदी में गिरावट तथा रुई में घटाबढ़ी रहेगी. 23 अक्तू. : बुध वृश्चिक में, शुक्र कन्या में, सूर्य स्वाति में : आश्विन शुक्ल पक्ष की मंगलवारी नवमी से कपास एवं उड़द का इस मास में किया संग्रह चैत्र मास में लाभदायक रहेगा. मंगलवारी नवमी मूंग, मोठ, उड़द, चौला आदि सभी प्रकार के दलहनों, अन्नों तथा कपास में आगे आने वाले महीनों में तेजी का योग बना रही है. धान्यों, सोना, रुई, सूत, कपड़ा, गुड़, शक्कर, खाण्ड, ऊनी वस्त्रों, सुपारी, मिर्च, राई, हींग, सरसों, अलसी, घी, तैल, अरण्डा, बिनोला आदि तिलहनों, उत्तम क्वालिटी के चावलों-बासमती आदि में तेजी बनेगी. धान्यों के मूल्यों में गिरावट बनेगी. चांदी में घटबढ़ चलेगी. 26 अक्तू. : बुध अनुराधा में : सोना, चांदी, रुई, सूत, सन के भावों में गिरावट रहेगी. धान्यों के भावों में समता रहेगी. 28 अक्तू. : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 29 अक्तू. : सोमवारी पूर्णिमा का मान रुई, चांदी में तेजी बनायेगा.

कार्तिक मास : कार्तिक मास का शुभारम्भ मंगलवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास पांच मंगलवार एवं पांच बुधवार युक्त है. कार्तिक मास के पांच मंगलवार शुभफलदायक सिद्ध होंगे. धान्यों के भाव प्रायः स्थिर रहेंगे. रसकस की हानि होगी. कृष्ण पक्ष में द्वितीया की वृद्धि होकर अमावस्या का क्षय हुआ है. क्षय अमावस्या का घट्यात्मक मान तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई, तैल, गुड़, खाण्ड में तेजी का योग बना रहा है. शुक्ल पक्ष के तीन बुधवार घी तथा अन्य सभी वस्तुओं में तेजी का योग बना रहे हैं.

कार्तिक कृष्ण पक्ष : 31 अक्तू. : कार्तिक कृष्ण बुधवारी द्वितीया चांदी, रुई में मंदा बनायेगी. नवम्बर मास: मास का प्रारम्भ कार्तिक कृष्ण पक्ष की गुरुवारी द्वितीया से मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की शुक्रवारी द्वितीया तक रहेगा. 01 नवम्बर : शुक्र हस्त में : चांदी, रुई, चावल में मंदा रहेगा. सोना में साधारण तेजी बनेगी. गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी रहेगी. 06 नवम्बर : सूर्य विशाखा में - चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, कपास, गेहूँ, जौ, चना, सरसों, तिल में तेजी बनेगी. 07 नवम्बर : बुध वक्री वृश्चिक राशि अनुराधा नक्षत्र में : गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी. अलसी, सरसों, तैल, तिलहनों तथा खाद्यान्नों के भावों में गिरावट आयेगी. 09 नवम्बर : मंगल धनु राशि मूल नक्षत्र में - अदरक, हल्दी, प्याज, आलू, सभी प्रकार के अन्नों, सोना, चांदी, घी, रुई, कपास, सूत एवं दुधारू पशुओं के मूल्यों में, सरसों, बिनोला आदि तिलहनों में तेजी आयेगी. गेहूँ, जौ, चना, चावल, चांदी, सोना, रुई में तेजी बनेगी. 11 नवम्बर : तुला राशि स्वाति नक्षत्र में - धान्यों, गेहूँ आदि में, रसकस में तथा घी में तेजी बनेगी. 12 नवम्बर : शुक्र चित्रा में, वक्री बुधास्त वृश्चिक राशि अनुराधा नक्षत्र में : सोना, चांदी तथा समस्त धान्यों के मूल्यों में समता रहेगी. सभी प्रकार की धातुओं में तेजी आयेगी. 13 नवम्बर : रिक्ता तिथि की क्रूर वार - मंगलवार की अमावस्या व्यापारिक वस्तुओं में तेजी करेगी. रुई तथा घी में तेजी रहेगी.

कार्तिक शुक्ल पक्ष : 14 नवम्बर : बुधवारी शुक्ल प्रतिपदा रुई, चांदी तथा घी में मंदा बनायेगी. परन्तु प्रतिपदा में दिन के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है अतः रुई तथा चांदी में घटाबढ़ी चलेगी. शुक्ल पक्ष की बुधवारी प्रतिपदा सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संकेत दे रही है. 15 नवम्बर : गुरुवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में मंदा बनायेगी. 16 नवम्बर : सूर्य वृश्चिक में, वक्री बुध विशाखा में : शुक्रवारी वृश्चिक संक्रांति छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगी. चांदी, तांबा में साधारण तेजी होगी. ऊन एवं ऊनी वस्त्रों में तेजी के रुख के बाद भी भावों में समता रहेगी. तिल, तैल, रुई, कपास, सूत, वस्त्र, गुड़ तथा कार, स्कूटरों, मोटर साईकिलों आदि वाहनों, घोड़ों, ऊँटों तथा हाथियों आदि पशुओं में तेजी आयेगी. लाल रंग के पदार्थों में गिरावट रहेगी. 17 नवम्बर : शुक्र तुला में - सोना, गुड़, खांड में साधारण तेजी आयेगी. रुई में तेजी आकर मंदा बनेगा. धान्यों के मूल्यों में गिरावट रहेगी. 19 नवम्बर : वक्री बुध तुला में, सूर्य अनुराधा में : कार्तिक शुक्ल सोमवारी षष्ठी से सरसों, गेहूँ, जौ, चना, गुड़, अलसी में तेजी बनेगी. सोना, चांदी में घटाबढ़ी चलेगी. 21 नवम्बर : कार्तिक शुक्ल पक्ष की बुधवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. 22 नवम्बर : शुक्र स्वाति में : गुड़, खाण्ड, शक्कर, पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में तेजी बनेगी. अन्य सभी अन्नों में घटाबढ़ी चलेगी. 23 नवम्बर : बुधोदय वक्रावस्था में तुला राशि विशाखा नक्षत्र में : कार्तिक शुक्ल पक्ष में उदित बुध जौं, तिल, गेहूँ में तेजी आयेगी. 27 नवम्बर : मंगल पू.षा. में, बुध मार्गी तुला राशि विशाखा नक्षत्र में : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर शक्कर, सूत, धान, तिल, उड़द, चावल, उड़द, मूंगफली, घी, अलसी चांदी, सोना तथा आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधियों में तेजी का योग बना रहा है. दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों में कमी आयेगी. अन्न का उत्पादन संतोष जनक रहेगा. 28 नवम्बर : चन्द्रमा रोहिणी में, वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में चन्द्र ग्रहण होगा. वृष राशि का ग्रहण, दुग्ध उत्पादकों एवं व्यापारियों, के लिये कष्टकारी रहेगा. इस समय चन्द्रमा का स्वाति नक्षत्र में स्थित शुक्र से वेध होने के कारण सूत तथा कपास के स्टाक से विशेष लाभ नहीं होगा. अन्नों का स्टाक पांचवे मास में लाभकारी रहेगा. बुधवारी चन्द्रग्रहण सुपारी, लाल वस्त्रों के स्टाक से आगे चलकर लाभ देगा. पूर्णिमा तथा नक्षत्र के मान से मास के फलों का प्रभाव मात्र 25 प्रतिशत ही होगा. रुई में गिरावट रहेगी. अलसी, सरसों, चांदी में तेजी बनेगी.

मार्गशीर्ष मास : मार्गशीर्ष मास का शुभारम्भ गुरुवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास पांच गुरुवार एवं पांच शुक्रवार युक्त है. धान्यों के मूल्यों में कमी होगी. रसकस में घटबढ़ चलेगी.

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : 29 नवम्बर : कृष्ण प्रतिपदा का मान दिन के नक्षत्र के मान से अधिक होकर सामान्य वर्षा तथा सामान्य जन के शुभ समय का संकेत दे रहा है.

दिसम्बर मास : मास का प्रारम्भ मार्गशीष कृष्ण पक्ष की शनिवारी तृतीया से पौष कृष्ण पक्ष की सोमवारी तृतीया तक रहेगा. 01 दिसं.: मार्गशीर्ष कृष्ण तृतीया का आर्द्रा नक्षत्र अन्न एवं अन्न पदार्थों में गिरावट का संकेत कर रहा है. 02 दिसं.: सूर्य ज्येष्ठा में : सोना, चांदी, गेहूँ, जौ, चना, चावल, सरसों, गुड़, खांड, शक्कर, अलसी, पारा, हींग, अरण्डा, गूगल में तेजी आयेगी. 03 दिसं. : शुक्र विशाखा में : पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में घटबढ़ रहेगी. रुई में अच्छी गिरावट आयेगी. 05 दिसं.: मार्गशीर्ष कृष्ण बुधवारी षष्ठी का मान रुई में गिरावट का योग बना रहा है. 06 दिसं. : बुध वृश्चिक में : घी, तैल, अरण्डा, बिनोला आदि तिलहनों में तेजी आयेगी. धान्यों के मूल्यों में गिरावट बनेगी. 08 दिसं. : मार्गशीर्ष कृष्ण शनिवारी दशमी का क्षय घी एवं रुई में तेजी करेगा. 09 दिसं. : बुध अनुराधा में : आज मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की रविवारी एकादशी में किया सूत, रुई, कपास स्टाक बैशाख मास में लाभ देगा. सुभिक्ष से धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में मंदा रहेगा. 11 दिसं. : शुक्र वृश्चिक में : गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा में गिरावट रहेगी. रुई, अलसी, चांदी में तेजी बनेगी. गुड़ में घटाबढ़ी चलेगी. वृश्चिक का शुक्र छः मास तक घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा तथा 'मंगल घर में शुक्र हो अन्न तेज तब जान के अनुसार' अन्न पदार्थों में तेजी रहेगी. गुरुवारी अमावस्या से रुई, चांदी, घी में साधारण गिरावट आयेगी.

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : 14 दिसं. : शुक्र अनुराधा में, मंगल उ.षा. में : शुक्रवारी प्रतिपदा के चन्द्रदर्शन से रुई में अच्छी तेजी बनेगी. धान, तिल, घी, तैल, उड़द में तेजी बनेगी. गुड़, खाण्ड, शक्कर, चावल, नमक तथा क्षारीय पदार्थों में गिरावट आयेगी. दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों में कमी आयेगी. अन्न का उत्पादन संतोष जनक रहेगा. 15 दिसं.: सूर्य धनु राशि मूल नक्षत्र में, शनिवारी तृतीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. सोना, कपास, सूत, अलसी, तिल, तैल में तेजी आयेगी.शनिवारी संक्राति सभी प्रकार के धान्यों में तेजी बनायेगी. मार्गशीर्ष मास की धनु संक्राति 'मंगशिर में संक्राति धनु आवै तो दुर्भिक्ष' के अनुसार अन्न पदार्थों की उपलब्धता में कमी करेगी. धनु का सूर्य सभी प्रकार के अन्नों में मंदा बनायेगा. कपास, सूत, तैल, घी में तेजी बनेगी. तैल, सरसों, अलसी, रुई, पाट एवं बारदाना में तेजी बनेगी. 18 दिसं. : मंगल मकर में, बुध ज्येष्ठा में : मंगल गुरु का त्रिकोण योग सुभिक्ष का योग बना रहा है. सभी प्रकार के धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. तैल, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खाण्ड, धान, ईख तथा घी में तेजी बनेगी. मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की मंगलवारी षष्ठी सरसों, गेहूँ, चना, गुड़, अलसी में तेजी बनायेगी. 20 दिसं. : मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की गुरुवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. 22 दिसं. : मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की शनिवारी दशमी रुई के भावों में तेजी बनायेगी. 23 दिसं. : राहु तुला में : शुक्र के क्षेत्र का राहु दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. सभी प्रकार के खाद्यान्नों में तेजी बनेगी. 24 दिसं. : बुधास्त वृश्चिक राशि ज्येष्ठा नक्षत्र में, शुक्र ज्येष्ठा में : सोना, चांदी, तिल, चावल, तैल, सरसों में मंदा रहेगा. धान्यों में साधारण तेजी बनेगी. सभी प्रकार की धातुओं में तेजी आयेगी. 25 दिसं. : मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में द्वादशी की वृद्धि रुई में तेजी का योग बना रही है. 27 दिसं. : बुध धनु राशि मूल नक्षत्र में : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी, ईख तथा चावल में तेजी का योग बना रहा है. सोना, चांदी तथा धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. 28 दिसं. : सूर्य पू.षा. में : तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, हल्दी गुग्गल, चांदी, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन में तेजी बनेगी.

पौष मास : मास का प्रारम्भ शनिवार प्रतिपदा से हुआ है. कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी का क्षय होकर शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी की वृद्धि हुई है. मास में पांच शनिवार एवं पांच ही रविवार हैं. इस वर्ष ऐसी ही स्थिति द्वितीय भाद्रपद मास में बन चुकी है. शनि एवं रवि दोनों ही वार अशुभफलकारक हैं. व्यापारिक वस्तुओं में तेज घटाबढ़ी चलेगी. रसकस के मूल्यों में गिरावट रहेगी. व्यापारिक वस्तुओं के मूल्यों में कमी आयेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में रुई, तैल, गुड़, खाण्ड में तेजी का योग.

पौष कृष्ण पक्ष : 30 दिसं. : पौष कृष्ण रविवारी द्वितीया चांदी, रुई में साधारण तेजी बनायेगी. 31 दिसं.: मंगल श्रवण में-धान्यों की उपलब्धि में कमी से सभी प्रकार के अन्नों में विशेषकर गेहूँ में तेजी आयेगी. चांदी, सोना में साधारण तेजी बनेगी. रुई में घटबढ़ चलेगी.

जनवरी मास 2013: मास का प्रारम्भ पौष कृष्ण पक्ष की मंगलवारी चतुर्थी से माघ कृष्ण पक्ष की बुधवारी तृतीया तक रहेगा. 04 जनवरी : शुक्र मूल नक्षत्र में: धान्यों में तेजी बनेगी. सोना में घटाबढ़ी चलेगी. रुई पहले तेज होकर बाद में मंदे में जायेगी. 05 जनवरी : बुध पूर्वाषाढ़ में : गेहूँ, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, ग्वार, सोना, चांदी में मंदा आयेगा. गुड़, शक्कर, खांड, सरसों, अलसी, बिनोला, रुई, कपास में तेजी आयेगी. 10 जनवरी : पौष कृष्ण गुरुवारी चर्तुदशी का क्षय रुई में तेजी का योग बना रहा है. 11 जनवरी : सूर्य उ.षा. में : पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या का पूर्वाषाढ़ नक्षत्र धान्यों में तेजी बनायेगा. गेहूँ, उड़द, मूंग, जूट, सूत, कपास, चावल, बांस, सरसों, तिल, तेल, गुड़, शक्कर, खांड, चीनी, हल्दी, घी, चना आदि में तेजी आयेगी. चांदी में साधारण तेजी बनेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा.

पौष शुक्ल पक्ष : 13 जनवरी : बुध उ.षा. में : रविवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. अन्न उत्पादन श्रेष्ठ रहने से धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. 14 जनवरी : सूर्य मकर में : सवत् 2069 की कर्क एवं मकर संक्रांतियां दोनों ही सोमवारी हैं. सोमवारी मकर संक्रांति से अनाजों, मूंगा, मोती के भावों में गिरावट का योग. सभी प्रकार के धान्यों में मंदा बनेगा. सोमवारी तृतीया से रुई, चांदी, घी तथा तेल में तेजी बनेगी. 15 जनवरी : शुक्र पूर्वाषाढ़ में, बुध मकर में : शनि के क्षेत्र का बुध सोना, चांदी आदि धातुओं तथा अन्न के भावों में समता बनाये रखने में मदद करेगा. शुभ तथा अशुभ दोनों प्रकार के फल प्राप्त होंगे. रुई, गुड़, खांड, घी, तैल, उड़द, मूंग, मोठ, तिल, तैल, सरसों, नमक में मंदा रहेगा. 17 जनवरी : मंगल धनिष्ठा में : गुरुवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी. चांदी, सोना, पीतल, तांबा, जस्ता, लोहा धान्य, गेहूँ, गुड़, शक्कर में घटबढ़ रहेगी. 20 जनवरी: पौष शुक्ल पक्ष की रविवारी नवमी धान्यों के भावों में तेजी बनायेगी. 21 जनवरी : बुध श्रवण में : गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूँ में तेजी आयेगी. 24 जनवरी : सूर्य श्रवण में : उड़द, मूंग, जूट, रुई, सूत, कपास, चावल, बांस, सरसों, गुड़, खांड, चीनी, जौ, गेहूँ, सन, सोना, चांदी में तेजी आयेगी. 25 जनवरी : पौष शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी की वृद्धि हुई है. धान्यों तथा रुई में तेजी बनेगी. मंगल कुंभ में, शुक्र उ.षा. में : अनाज में तेजी आयेगी. रुई, सोना, चांदी, गुड़, खांड, शक्कर चांदी में घटबढ़ चलेगी. 26 जनवरी : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी में तेजी का योग करेगा. 27 जनवरी : रविवारी पूर्णिमा का मान रुई में घटबढ़, अलसी में मंदा तथा गेहूँ, गुड़, चांदी में तेजी बनायेगा.

माघ मास : माघ मास का शुभारम्भ 28 जनवरी से हुआ है. कृष्ण पक्ष में अष्टमी की हानि हुई है. मास का पांच सोमवार युक्त होना शुभफलकारक है. व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य मंदे का रुख बनेगा. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में गिरावट का योग. भविष्य भारती के अनुसार :

शुक्र पंचमी शनि को षष्ठी तथा सप्तमी को रविवार । माघ: बदी में क्रमश: हो तो पृथ्वी पर हो युद्ध अपार ।।

माघ कृष्ण पक्ष : 28 जनवरी: शुक्र मकर में : कृष्ण प्रतिपदा का मान दिन के नक्षत्र के मान से कम होकर गुड़, खाण्ड, घी तथा सभी प्रकार के खाद्यान्नों में तेजी बनेगी. रुई तथा चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी. 29 जनवरी : बुध धनिष्ठा में: सोना, चांदी, धान्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. चावल में तेजी बनेगी. 30 जनवरी : गुरु मार्गी वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में : व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट आयेगी.

फरवरी मास : मास का प्रारम्भ माघ कृष्ण पक्ष की गुरुवारी चतुर्थी से फाल्गुन कृष्ण पक्ष की गुरुवारी तृतीया तक रहेगा. 02 फरवरी : बुध कुंभ में : अन्न एवं अन्य वस्तुओं के मूल्यों में अधिक घटबढ़ न होने से समानता रहेगी. सोना, सुपारी, सरसों, सोंठ, लाख तथा चमड़े में तेजी बनेगी. 03 फरवरी : मंगल शतभिषा में : चांदी, सोना, रुई में पहले मंदा आकर फिर तेजी बनेगी. 05 फरवरी : शुक्र श्रवण नक्षत्र में : सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, उड़द, मूंग, मोठ में मंदा रहेगा. तिल, तैल, सरसों, कपास में तेजी बनेगी. रुई में साधारण मंदा आकर बाद में तेजी बनेगी. 06 फरवरी : सूर्य धनिष्ठा में, बुध शतभिषा में: माघ कृष्ण मंगलवारी दशमी धान्यों, गुड़, खांड आदि रसकसों, सोना, चांदी, रुई, चावल, जौ, गेहूँ, अलसी, तिलहन, सूत, सन, जूट में तेजी देगी. खाद्यान्नों की अनुपलब्धता से कुछ स्थानों पर तेजी तथा अन्य स्थानों पर भावों में समता रहेगी. 10 फरवरी : दिन के नक्षत्र का मान रविवारी अमावस्या के मान से अधिक होकर मंदी का योग बना रहा है. रुई, चांदी, घी में गिरावट आयेगी.

माघ शुक्ल पक्ष : 11 फरवरी : माघ मास की शुक्ल पक्षीय सोमवारी प्रतिपदा से 'सुख, सुभिक्ष सुदी मास में एकम् गुरु भृगु सोम' के अनुसार अनाजों का उत्पादन अनुकूल रहेगा. सोमवारी प्रतिपदा में चन्द्रदर्शन से रुई में मंदा आयेगा. 12 फरवरी : कुंभ संक्राति : मंगलवारी द्वितीया तथा कुंभ संक्राति रुई, चांदी, नमक, घी, तैल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई, कपूर तथा रसकस के भावों में तेजी बनायेगी. अन्न में मंदा चलेगा. अगले दो मास तक

ज्वार, मसूर तथा अन्य धान्यों की हानि का योग बन रहा है. 14 फरवरी : बुध पूर्वा भाद्रपद में : अन्न पदार्थों की उपलब्धता में कमी आयेगी. सोना, चांदी, लोहा, तांबा तथा धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. 16 फरवरी : शुक्र धनिष्ठा नक्षत्र में, शुक्रास्त मकर राशि धनिष्ठा नक्षत्र में : गेहूँ में घटबढ़ चलेगी. गुड़, अलसी, सरसों, रुई, सूत, कपास सोना, चांदी, चावल, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर, ज्वार में तेजी बनेगी. 18 फरवरी : माघ शुक्ल पक्ष की सोमवारी अष्टमी का कृतिका नक्षत्र अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. आगे फाल्गुन मास में जौं, गेहूँ की फसलों को कीटों से हानि तथा श्रावण मास में वर्षा के अभाव से कृषि उत्पादन में कमी के कारण तेजी का योग बन रहा है. 19 फरवरी : सूर्य शतभिषा : माघ शुक्ल पक्ष की मंगलवारी नवमी धान्यों, सरसों, चना, तिल, तेल, नील, हींग, जायफल, द्राक्ष, छुआरा, सोंठ, रुई, सूत, कपास, जूट, कपड़ा, सोना, चांदी, गेहूँ, खांड, गुड़, हल्दी आदि में तेजी बनायेगी. 20 फरवरी : मंगल पू.भाद्रपद में : तिल, कपास, रुई, वस्त्र तथा सुपारी, चांदी, सोना, सरसों, लाही, अलसी, मूंगफली, तिल, नारियल में तेजी बनेगी. 21 फरवरी : शुक्र कुंभ में : चांदी, रुई, गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, ज्वार, बाजार आदि अन्नों तथा सभी प्रकार की सफेद वस्तुओं एवं रसकस में गिरावट बनेगी. महंगाई बढ़ेगी. 23 फरवरी : बुध वक्री कुंभ राशि पू. भाद्रपद में: गुड़, खाण्ड, घी, तैल, तिलहनों में तेजी बनेगी. खाद्यान्नों के भावों में गिरावट आयेगी. रसकस में तेजी आकर मंदा आयेगा. 25 फरवरी : सोमवारी पूर्णिमा का मान रुई, चांदी में तेजी बनायेगा.

